act ऐक्ट I *n*. **1** deed काम, कर्म, कृत्य; **2** action क्रिया^{F}; **3** judgement निर्णय; **4** (of a play, oft. cap.) अंक; **5** (of legislative, oft. cap.) अधिनियम; **6** performance (as in circus) प्रदर्शन; **7** कार्यविवरण, कार्यवाही^{F}; **8** चरित; **9** (derog.) insincere behaviour कदाचार. ~**curtain** यवनिका^{F}; ~**of God** दैवी संकट; ~**of grace** अनुग्रह; ~**of riddance** निष्कृति^{F}; **in the** ~ **of doing** करते हुए; II *v*. **1** *v.t.* (esp. on stage) (का) अभिनय करना, स्वाँग भरना; **2** *v.i.* be staged मंचित/अभिनीत होना; **3** *v.i.* perform करना, कार्य करना; **4** *v.i.* behave व्यवहार/आचरण करना; **5** *v.i.* (on, upon) take effect असर करना; अनुपालन करना, के अनुसार चलना/करना. ~**as** का काम देना; ~**out** कार्यान्वित करना; ~**up to** के अनुरूप आचरण करना; ~**able** *a*. अभिनेय; ~**ing** (i) n^{u}. अभिनय, मंचन; ~**clothes** मंचवेश; (ii) *a*. (no c.s.) कार्यकारी, स्थानापन्न; (iii) *adv*. कार्य करते हुए.

actinic अक् टि' निक *a*. विकिरणशील. **actinism** अक् टिनिइज़्म' - *n*. प्रकाश रसायनक्रियाशीलता^{F}, विकिरणशीलता^{F}; **actino-meter** ऐक्टिनो' मिटर *n*. विकिरणतामापी, प्रकाश रसोक्रियामापी.

action ऐक्' शन n^{c}.**1** deed कर्म, कार्य; **2** (usu. sing.) the way it works क्रिया^{F}, क्रियाविधि^{F}; **3** fight सैनिक कार्रवाई^{F}, भिड़ंत; **4** effect असर, प्रभाव; **5** (of a story) क्रियातंत्र, क्रिया-व्यापार; **6** (of an actor) अंगविक्षेप, अभिनय; **7** movement using power कार्रवाई^{F}; lawsuit वाद, कार्रवाई^{F}. **put into** ~ कार्यान्वित करना; **take** ~ कार्रवाई^{F} करना; **out of** ~ बेकार; ~**painting** अमूर्त चित्र; ~**song** अभिनय गीत; ~**stations** (सेना) कार्रवाई^{F} के लिए तैयार हो जाओ; ~ **word** क्रियावाचक शब्द; ~ **able** *a*. अभियोज्य, वाद योग्य.

active ऐक्' टिव *a*. **1** constantly in action सक्रिय, क्रियाशील; **2** energetic उद्यमी, कर्मठ; **3** busy कार्यरत, व्यस्त; **4** (gram., of verb) कर्तृवाचक. ~**language** प्रयोज्य भाषा; ~**service** रणसेवा^{F}; ~**voice** कर्तृवाच्य; **activate** ऐक्' टिवेट *v.t.* **a** bring into action सक्रिय करना, क्रियाशील बनाना; **b** (chem.) उत्तेजित करना, उत्प्रेरित करना. **activated** *a*.सक्रियित, उत्तेजित; **activation** ऐक्' टिवे' शन n^{u}. सक्रियण, उत्तेजन; **activator** *n*. सक्रियक, सक्रियकारक, उत्प्रेरक, उत्तेजक; **activism** ऐक्' टिविज़्म *n*. सक्रियतावाद; **activist** ऐक्टिविस्ट' n^{c}. सक्रियतावादी, सक्रिय प्रतिभागी; **activity** ऐक् टि' विटि *n*. **a** (condition) सक्रियता^{F}; **b** (pl.) क्रियाकलाप, गतिविधि^{F}; **c** (oft. pl.) कार्य; **d** alertness फुरती^{F}.

actor ऐक्' टर n^{c}. **1** doer कर्ता; **2** (on stage) अभिनेता, ऐक्टर. **actress** ऐक्' ट्रिस n^{c}. अभिनेत्री^{F}.

actual ऐक् चुअल *a*. (no. c.s.) **1** existing in fact वास्तविक, यथार्थ, असली; **2** existing at present वर्तमान; **3** (pl.) वास्तविक आँकड़े. ~**money** चालू मुद्रा; ~**ity** ऐक्चु ऐ' लिटि **1** n^{u}. वास्तविकता^{F}; वर्तमानता^{F}; **2** n^{c}. (usu. pl.) fact तथ्य, यथार्थ वस्तु. ~**ization** ऐक्' चुअलाईज़े' शन n^{u}. प्रत्यक्षीकरण, कार्यान्वयन; **actualize** ऐक्' चुअलाइज़ *v*. कार्यान्वित करना; प्रत्यक्ष करना; ~**ly** *adv*. वस्तुतः, वास्तव में, सचमुच.

actuary ऐक्' चुअरि n^{c}. बीमांकक, जीवनांकक. **acturial** ऐक् चुअ' रिअल *a*. बीमांकिक, जीवनांकिक.

actuate ऐक् चुएट *v.t.* प्रवृत्त करना, चालू करना, प्रेरित करना. **actuation** ऐक् चुए' शन n^{u}. प्रवृत्तकरण, प्रेरण, प्रवर्तन.

actus purus (L.) विशुद्ध कर्म.

acuate ऐ' क्यु एट *a*. **1** sharp तीक्ष्ण, तेज़; **2** (bot.) नुकीला, निशिताग्र. **acuity** अक्यू' इटि n^{u}. तीक्ष्णता^{F}, नुकीलापन, कुशाग्रता^{F}.

aculeate अ क्यू' लिइट *a*. **1** (bot.) कँटीला, शूली; **2** (zool.) डंकदार. **aculeus** *n*. शूल; काँटा, डंक.

acumen ऐ' क्युमन n^{u}. कुशाग्र बुद्धि^{F}, विदग्धता^{F}, कुशाग्रता^{F}.

acupuncture ऐ' क्यु पंक्चर n^{u}. सुईदाब चिकित्सा.

acute अ क्यूट' *a*. **1** severe, strong तेज़, ज़ोर

का, प्रचंड; **2** pointed नुकीला, निशिताग्र, पैना; **3** sharp (of person) कुशाग्रबुद्धि, तेज़; **4** (of intelligence) कुशाग्र, तीक्ष्ण, तेज़; **5** (of sound) तेज़, तीव्र, कर्कश; **6** (of disease) संवेगी, अतिपाती; **7** (of angle) न्यून. ~**angled** *a.* न्यूनकोण; ~**ness** *n.* प्रचंडता^{F}, निशिताग्रता^{F}, पैनापन; तीक्ष्णता^{F}.

acyclic अ साइक' लिक *a.* अचक्रीय.

ad ऐड *n.* (infml.) विज्ञापन.

ad- अड, ऐड *pref.* की तरफ़ *as* adhere.

adactylous ए डैक्' टिलस *a.* अंगुलिहीन.

adage ऐ' डिज *n.* कहावत^F, लोकोक्ति^{F}.

adagio अॅ डा' जो *adv.* धीरे-धीरे.

Adam ऐ' डम *n.* (cap.) आदम. ~**'s apple** *n.* कंठ (मणि), टेंटुआ.

adamant ऐ डॅमन्ट I *n.* वज्र; II *a.* (in) also. ~**ine** ऐडॅ मैन्' टाइन. **a** (chem.) हीरकसम; **b** hard कठोर; **c** unyielding अटल, सुदृढ़. **adamancy** ऐ' डॅमन्सि n^u. **a** adamantness कठोरता^{F}; **b** unyieldingness अटलता^{F}, सुदृढ़ता^{F}. ~**ly** *adv.* कठोरता से, अटलता से, सुदृढ़तापूर्वक.

adapt अॅ डैप्ट' *v.t.* (to, for) **1** make suitable अनुकूल करना; **2** change रूपान्तरित करना. ~**able** अॅ डैप्' टॅबल *a.* अनुकूलनीय, अनुकूलनशील; ~**ability** अडैप्टॅ बि' लिटि n^u. अनुकूलनशीलता^{F}; ~**ed** अ डैप्' टिड *a.* **a** अनुकूल; **b** (lit.) रूपान्तरित. ~**ation** ऐडप् टे' शन n^u. **a** making suitable अनुकूलन; **b** (lit.) रूपान्तरण; **c** (music) अनुयोजन. ~**er,** ~**or** अ डैप्' टर *n.* **a** अनुकूलक; **b** (machine) अनुकूलित; **c** (elect.) उपायोजक. ~**ive** अ डैप्' टिव़ *a.* अनुकूली.

ADC *abbr.* aide-de-camp. परिसहायक.

add ऐड *v.* **1** *v.t.* join जोड़ना, मिलाना; **2** increase बढ़ाना; **3** state further आगे कहना; **4** (math.) योग करना. ~**fuel to the fire** दुखी व्यक्ति को और दुखी करना; ~**insult to injury** जले पर नमक छिड़कना; ~**to** *v.t.* बढ़ाना, वृद्धि करना; ~**up** *v.* **a** *v.i.* make sense अर्थ निकलना; **b** *v.t.i.* totalize जोड़ना, योग करना. ~**up to** *v.* **a** mean अर्थ होना, तात्पर्य होना; **b** (amount) योग होना. ~**end** ऐ डेॅन्ड' *a.* योज्य; ~**endum** अ डे़ॅन्' डम *n.* परिशिष्ट; ~**ing machine** *n.* जोड़-यन्त्र; ~**ition** अ डि' शन n^u. **a** (math.) योग, जोड़; **b** joining जोड़ाई^F, संयोजन; **c** increase वृद्धि^{F}, परिवर्धन; **d** (comm.) परिशिष्ट. **in** ~**ition to** के अतिरिक्त; ~**itional** अडि' शॅनल *a.* (no c.s.) अतिरिक्त; ~**itional Act** *n.* अपर अधिनियम; ~**itional charge** *n.* अतिरिक्त प्रभार; ~**itions and alterations** *n.* परिवर्धन और सुधार; ~**itive** ऐ' डिटिव *a.* **a** of the addition योगात्मक; **b** showing addition योगज; **c** to be added संयोज्य. ~**itive clause** *n.* योगज उपवाक्य.

adder ऐ' डर *n.* विषैला साँप.

addict अ डिक्ट' I *v.t.* (to, usu. pass.) (की) लत^F पड़ना, व्यसन डालना; II *n.* व्यसनी, लतिया. ~**ed** अडिक्' टिड *a.* आदी, आसक्त; ~**ion** अॅ डिक्' शन n^{uc}. **a** habit व्यसन, लत^F; **b** (state) आसक्ति^{F}. ~**ive** अॅडिक्' टिव़ *a.* (of drugs) व्यसनकारी.

addition देखें add.

addle ऐ' डल I *v.t.i.* **1** (of an egg) बिगाड़ना; सड़ाना; **2** confuse भ्रमित करना; II *a.* **a** rotten सड़ा; **b** empty ख़ाली; **c** confused गड्ड-मड्ड. ~**brained** *a.* मूर्ख.

address ए ड्रेॅस' I *v.* **1** *v.t.* write पता लिखना; **2** direct (a speech) संबोधित करना; **3** (to) put oneself to work में लगाना, काम करना शुरू करना; **4** deliver a speech भाषण देना; II *n.* **1** n^c. speech भाषण, अभिभाषण; **2** n^u. manner शैली^{F}, रंग-ढंग; **3** (commun.) पता, सरनामा; **4** skill कौशल, चतुराई^F; **5** (soc.) अभिनन्दन पत्र, मानपत्र, ~**to** के नाम; ~**of welcome** अभिनन्दन पत्र, ~**ee** ऐड्रॅसी' *n.* पानेवाला, प्रेषिती; ~**ograph** ए ड्रेॅ' सोग्राफ़ *n.* पतालेखी.

adduce अॅ ड्यूस' *v.t.* (for) उल्लेख करना, उद्धृत करना.

adduct अ डक्ट' *v.* अभिवर्तन करना. **adducent** अ ड्यू' सन्ट *a.* अभिवर्तक; ~**ion** अ डक्' शन n^u. अभिवर्तन; ~**or** अ डक्' टर *n.* अभिवर्तनी.

-ade -एड *suffix* (प्रत्यय) -पेय, *as* lemonade.

adeism ए डी' इज़म *n.* अदेववाद.

adelphic polyandry अडेॅल्' फ़िक् पॉलिऐन्' ड्रि *n.* भ्रातृक बहुपति विवाह. **adelphogamy** *n.* **a** marriage पांचाली विवाह; **b** custom पांचाली विवाह प्रथा^{F}.

ademption अ डेॅम्प्' शन *n.* विखंडन.

adenectomy ऐडॅ नेॅक्' टमि *n.* ग्रन्थि-कर्तन.

adenoids ऐ' डिनॉइड्ज़ *n.* गले की गिलटी^{F}. **adenoidal** ऐडि नॉइ' डल *a.* ग्रन्थिल, ग्रंथिसम्बन्धी; **adenoidally** ऐडि नाइ' डॅलि *adv.* ग्रंथिलतापूर्वक; **adenosis** *n.* ग्रंथिलता^{F}.

adept ऐ' डेॅप्ट I *a.* (at, in) दक्ष, निपुण; II *n.* विशेषज्ञ. ~**ly** *adv.* दक्षतापूर्वक, निपुणता^{F} से.

adequate ऐ'डिक्विट *a.* sufficient पर्याप्त. **~consideration** *n.* पर्याप्त प्रतिफल; **~wage** *n.* पर्याप्त मज़दूरी^{F}; **adequacy** ऐ'डिक्वसि n^{u}. (esp. for) **a** sufficiently पर्याप्तता^{F}; **b** suitability उपयुक्तता^{F}. **~ly** *adv.* पर्याप्तता से, उपयुक्त ढंग से.

adhere अड् हिअर' *v.i.* **1** stick चिपकना, जुड़ जाना; **2** remain faithful करते रहना, पालन करना; **3** support समर्थन करना; **4** का सदस्य बनना. **~to** *v.t.* (often fml.) समर्थन करना, वफादार रहना, **~nce** अड् हिअ' रन्स n^{u}. (esp. to) **a** attachment लगाव; **b** tenacity चिपकाव; **c** allegiance निष्ठा^{F}. **~nt** अड् हिअ' रन्ट (i) *n.* अनुयायी; (ii) a. **a** (bot.) आसंजित; **b** sticking चिपका हुआ; **c** accompanying अनुषंगी. **adhesion** अड् ही' यन *n.* **a** adhering चिपकाव; **b** devotion निष्ठा^{F}, भक्ति; **c** (phys.) आसंजन; **d** (bot.) अभिलाग; **e** (med.) संसक्ति, बन्ध. **adhesive** अड् ही' सिव (i) *n.* चिपकाने वाला पदार्थ; (ii) **a** sticky चिपचिपा; **b** clinging आसंजक. **adhesive tape** *n.* चेपदार फ़ीता.

adhibit ऐड् हि' बिट *v.* प्रयोग में लाना.

ad hoc ऐड हॉक *a.* (L.) तदर्थ.

adieu अ ड्यू' (pl.-s or -x) *interj.* विदाई^{F} **make one's~** विदाई लेना.

ad infinitum ऐडइन्फ़ि नाइ' टम *adv.* (L.) अनन्त तक.

ad interim ऐड इन टॅरिम *adv.* (L.) अन्तःकालीन, अस्थायी.

adipocere ऐडिपो सिअैर' *n.* शवसिक्थ.

adipose ऐ' डिपोस I *n.* चर्बी^{F}, वसा^{F}; II *a.* वसामय. **adiposity** ऐडि पॉ' सिटि *n.* वसामयता^{F}.

adit ऐ' डिट *n.* **1** entrance (in mines). प्रवेश (खान में).

adj *abbr.* adjective विशेषण.

adjacent ॲड जे' सन्ट *a.* (to) **1** very close आसन्न, सन्निकट; **2** (of angle) संलग्न. **adjacency** अड् जे' सन्सि *n.* निकटता^{F}, समीपता^{F}.

adjective ऐड्' जिक्टिव *n.* विशेषण. **adjectival** ऐड्जिक् टाइ' वल, *a.* विशेषणात्मक; **adjectivally** ऐड्जिक् टाइ' वलि *adv.* विशेषण के रूप में.

adjoin अड्' जॉइन *v.t.i.* **1** be next to से लगा हुआ होना; **2** join से जोड़ देना. **~ing** ॲड् जॉइ-' निङ्ग *a.* आसन्न, निकटस्थ.

adjourn ॲड जर्न *v.* **1** *v.i.t.* (for, till, until) postpone स्थगित करना; **2** defer टाल देना, आगे बढ़ाना; **3** *v.i.* (oft. humour) आराम करने दूसरे स्थान पर चला जाना. **~sine die** अनिश्चित काल के लिए स्थगन; **~ed** *a.* स्थगित; **~ment** -मॅन्ट n^{u}. postponement स्थगन; **~ment motion** *n.* कार्यस्थगन प्रस्ताव.

adjudge ॲड जॅज *v.* **1** *v.t.* (to be) decide निर्णय देना, न्याय निर्णय देना; **2** *v.t.* (to) (law) इनाम देना.

adjudicate ॲड जू' डिकेट *v.* (on, about, for) निर्णय देना, फ़ैसला सुनाना; **adjudicating body** *n.* अधिनिर्णायक निकाय; **adjudication** अडजूडि के' शन n^{u}. **a** (law) अधिनिर्णय, न्याय निर्णय; **b** decree निर्णयादेश; **c** act of deciding अधिनिर्णयन. **adjudication machinery** *n.* अधिनिर्णयन कार्य प्रणाली^{F}; **adjudicator** ॲड जू' डिकेटर *n.* अधिनिर्णायक.

adjunct ऐ' ड जङ्क्ट I *n.* **1** adverbial word विशेषक; **2** (lings.) उद्देश्य-अनुबन्ध; **3** (log.) अतात्विक गुण; **4** associate सहायक; **5** (thing) जोड़; II *a.* (chem.) अनुबंध, अनुलग्न. **~programme** *n.* अनुलग्न कार्यक्रम; **~ion** ऐड जङ्क्' शन *n.* **a** (math.) सहबंधन; **b** (pol. sc.) सहयोजन. **~ive** ऐड् जङ्क्' टिव् *a* **a** (math.) योजक; **b** subordinate सहायक, गौण.

adjure ॲड जुअर' *v.t* अनुरोध करना, अनुनय करना. **adjuration** ऐडजुॲ रे' शन n^{u}. **a** appeal अभ्यर्थन, अनुनय^{F}; (phil.) भयात् प्रवर्तन.

adjust ॲड जस्ट' *v.* **1** *v.i.t.* (to) change बदलना, ठीक करना; **2** *v.t.* set right ठीक करना, बैठाना; **3** put in place समायोजन करना, समंजित करना; **4** harmonize समन्वय करना, के अनुकूल बनाना. **~able** ॲ' ड जस्टॅबल *a.* समंजनीय, समायोज्य; **~able list** समायोज्य सूची; **~ed** ॲ' ड जस्' टिड *a.* समायोजित; **~ed compensation** *n.* समायोजित क्षतिपूर्ति^{F}; **~er** अड जस्' टर *n.* सामंजक, समायोजक; **~ing entry** *n.* समायोजक प्रविष्टि^{F}, समायोजक-इंदराज; **~ment** n^{uc}. **a** arrangement समाधान; **b** putting right समंजन, समायोजन. **~ment bond** *n.* समायोजन बंधपत्र; **~ment model** *n.* समायोजन प्रतिरूप.

adjutage ऐ' ड जुटिज *n.* टोंटी.

adjutant ऐ' ड जुटन्ट *n.* army officer सहयोगी, सहायक; **~bird** चमरघेंघ.

adjuvant ऐ' ड जुवन्ट I *a.* सहायक; II *n.* **1** subordinate सहायक; **2** drug सहौषध.

ad lib ऐड् लिब' *adv.* (L.) यथेच्छ, इच्छानुसार. **ad libitum** ऐड् लि' बिटम *adv.* यथेच्छ. **ad-lib** ऐड्' लिब (i) *a.* (lit.) जोड़-तोड़; (ii) *v.i.t.* बिना तैयारी^{F} के ही करना.

admeasure ऐड् में ' यर *v.* आबन्टन करना, अनुभाजन

करना. ~**ment** n^u. **a** partition अनुभाजन; **b** measuring अधिमापन; **c** size परिमाप, आकार.

adminicle ऐड् मि' निकल *n*. **1** (thing) सहायक वस्तु^{F}, सहायता; **2** (law) परिपोषी प्रमाण.

administer ॲड् मि' निस्टर *v*. **1** manage प्रबन्ध करना, व्यवस्था^{F} करना; **2** administrate प्रशासन करना; **3** *v.t.* (to) देना, दिलाना; **4** to put into operation लागू करना. ~**to** *v*. सेवा करना; ~**an oath** शपथ दिलाना; ~**ing authority** *n*. प्रशासी प्राधिकारी; ~**ing power** *n*. प्रशासी शक्ति^{F}; **administration** ॲड्मिनिस् ट्रे' शन *n*. **a** n^u. (the) direction प्रशासन; **b** government शासन; **c** management प्रबन्ध; **d** use उपयोग; **e** (admn.) शपथन; **f** n^c. (the) (esp. Am.) राष्ट्रीय सरकार^F. **administration of justice** *n*. न्यायकरण; **administrative** अड मि' निस्ट्रेटिव *a*. (no. c.s.) **a** प्रशासनिक, प्रशासी. **administrative action** *n*. प्रशासनिक कार्रवाई^F; **administrative regulations** *n*. प्रशासनिक विनिमय; **b** managing प्रबन्धकीय. **administratively** अड् मि' निस्ट्रटिव़लि *adv*. प्रशासनिकता^{F} से, प्रबन्धकीयता^{F} से; **administrator** अड् मि' निस्ट्रेटर *n*. प्रशासक, प्रबन्धक.

admirable देखें admire.

admiral ऐड्' मॅरल n^c. नौसेनापति, नौसेनाध्यक्ष. **admiralty** ऐड' मॅरल्टि n^u. (the, Br.) नौ-अधिकरण, नौसेना-विभाग.

admire ॲड माइअर'. *v.t.* **1** (for) praise प्रशंसा^{F} करना; **2** look at with pleasure पर श्रद्धा रखना, का समादर करना. **admirable** ऐड्' मॅरबल *a*. प्रशंसनीय, उत्कृष्ट; **admirably** ऐड्' मॅरबलि *adv*.; **admiration** ऐड्मॅ रे' शन *n*. **a** high regard प्रशंसा^{F}, श्लाघा^{F}; **b** (person) प्रशंसित व्यक्ति; **c** esteem श्रद्धा. **admirer** ॲड माइ' रॅर *n*. **a** suitor प्रशंसक; **b** lover प्रेमी, अनुरागी.

admit अड् मिट' *v*. **1** *v.t.i.* (in, into, to) let in अन्दर आने देना; **2** *v.t.* have space for के लिए स्थान रखना; **3** confess स्वीकार करना; **4** allow आज्ञा^{F} देना; **5** give access to भर्ती^{F} करना. ~**of** *v.t.* (no pass.) अनुमति^{F} देना; **admissible** अड् मि' सबल *a*. ग्राह्य, स्वीकार्य; **admissibility** अडमिसॅ बि' लिटि n^u. ग्राह्यता^{F}; **admission** अड मि' शन **a** admittance प्रवेश; **b** enrolment भरती; **c** acknowledgement स्वीकरण, स्वीकृति^{F}, पावती^{F}. **admissive** अड् मि' सिव़ *n*. स्वीकर्ता; ~**table** अड् मि' टैबल **a** प्रवेश्य; **admittance** अड् मि' टॅन्सै n^u. **a** entrance प्रवेश; **b** permission प्रवेशाज्ञा^{F}

admitted अड् मि' टिड *a*. स्वीकृत; **admittedly** अड् मि' टिडलि *adv*. सर्वसम्मति^{F} से.

admix अड् मिक्स' *v*. मिलाना. ~**ture** अड् मिक्स' चर *n*. अधिमिश्रण, मिश्रण.

admonish अड् मॉ' निश *v.t.* (against, for) **1** scold डाँटना, भर्त्सना^{F} करना; **2** exhort समझाना; **3** caution चेतावनी^{F} देना. ~**ing** अड मॉ' निशिङ्ग *a*. भर्त्सनात्मक; ~**ingly** अंड मॉ' निशिङ्गलि *adv*. भर्त्सनात्मक ढंग से; **admonition** ऐड्मॅ नि' शन n^u. **a** scolding भर्त्सना^{F}; **b** caution चेतावनी^{F} **admonitory** अड् मॉ' निटरि *a*. भर्त्सनात्मक.

ad-mass ऐड' मैस n^u. सामूहिक विज्ञापन.

ad nauseam ऐड नॉ' जिअम् *adv*. घृणास्पद होने तक.

adobe अ डो' बि n^u. कच्ची ईंट^F का मकान.

adolescent ऐड् लॅ' सन्ट I *n*. किशोर; II *a*. किशोर कालीन. ~**labour** *n*. किशोर श्रमिक; **adolescence** एड लॅ' सन्स n^u. (sing.) कैशोर्य, यौवन, किशोरावस्था^{F}.

adopt अॅ डॉप्ट' *v.t.* **1** affiliate गोद लेना; **2** accept स्वीकार करना; **3** choose चुनना, अंगीकार करना. ~**able** *a*. अंगीकार्य; ~**ed** अॅ' डॉप्टिड *a*. स्वीकृत; ~**ed minutes** *n*. स्वीकृत कार्यवृत्त; ~**ee** अॅ डॉप्टी *n*. दत्तक; ~**er** अॅ डॉप्' टर *n*. दत्तकग्राही; **adoption** अ डॉप्' शन n^u. **a** affiliation दत्तक-ग्रहण; **law of** ~**ion** *n*. दत्तक विधान; **b** approval अंगीकरण, स्वीकरण. ~**ive** अ डॉप्' टिव़ *a*. (no c.s.) adopted दत्तक; ~**ive father** *n*. दत्तक पिता; ~**ive son** *n*. दत्तक पुत्र; **c** (of language) अंगीकारी.

adore अॅ डॉर' *v.t.* **1** worship पूजा करना; **2** like बहुत पसन्द करना. **adorable** अ डॉ' रॅब्ल *a*. **a** (religion) आराध्य; **b** attractive आकर्षक. **adoration** ऐडॅ रे' शन n^u. **a** worship आराधना^{F}, पूजा^{F}; **b** deep love गहरा प्रेम^F. ~**r** अ डॉ' रर *n*. **a** worshipper आराधक; **b** admirer भक्त, प्रशंसक.

adorn अ डार्न' *v.t.* (with) **a** decorate सजाना, सँवारना; **b** add attractiveness to की शोभा^{F} बढ़ाना. ~**ment** अ डार्न' मन्ट *n*. **a** (lit.) अलंकरण; **b** (ornament) आभूषण, अलंकार.

adrenal ऐड्री' नल *n*. (zool.) अधिवृक्क. **adrenaline** अ ड्रे ˘' नलिन n^u. ऐड्रिनल ग्रन्थि रस.

adrift अ ड्रिफ़्ट' *a*. (इधर-उधर) बहता हुआ.

adroit अ ड्रॉइट' *a*. (at, in) दक्ष, चतुर. ~**ly** *adv*. दक्षता^{F} से; ~**ness** n^u. दक्षता^{F}, चतुरता^{F}.

adulate ऐ' जुलेट *v.t.* (oft. pass.) चापलूसी^{F} करना. **adulation** ऐजु ले' शनं n^u. चापलूसी^{F}

खुशामद^F; **adulator** ऐ' जुलेटर *n*. चापलूस, चाटुकार; **adulatory** ऐजुले' टरि *a*. चाटुकीय.

adult ऐ' डॅल्ट *a*. बालिग; वयस्क. ~**crime** *n*. वयस्क अपराध; ~**hood** -हुड *n*. वयस्कता^{F}, प्रौढ़ता^{F}.

adulterate अ डॅल्' टॅरेट I *v.t.* (with) मिलावट^F करना, दूषित करना; II *a*. **1** व्यभिचारी; **2** जारण; **3** mixed अपमिश्रित. **adulteration** अडल्ट रे-' शन n^{uc}. अपमिश्रण, मिलावट^F; **adulterator** अ डल्' टॅरेटर *n*. अपमिश्रक; **adulterer** अ डल्-' टॅरर *n*. परस्त्रीगामी, जार; **adultress** अ डल्' ट्रिस *n*. परपुरुषगामिनी^{F}, जारिणी^{F}; **adultery** अ डॅल' टॅरि *n*. जार कर्म, परस्त्रीगमन; **adulterous** अ डल्' टॅरस *a*. व्यभिचारी.

adv. *abbr*. adverb. देखें adverb.

ad valorem ऐड् वॅ लॉ' रॅम *adv*. यथामूल्य, मूल्यानुसार. ~**duty** *n*. यथामूल्य कर. ~**tax** *n*. यथामूल्य कर.

advance अड् वान्स' I *v*. **1** *v.i.* (on, upon, against) come forward आगे बढ़ना; **2** *v.t.i.* (to) improve सुधारना, सुधरना; **3** *v.i.* develop विकसित होना, उन्नति^{F} करना; **4** *v.i.t.* increase बढ़ाना; **5** (com.) अग्रिम देना; II n^c. **1** (usu. sing.) movement अग्रगति^{F}; **2** development प्रगति^{F}, उन्नति^{F}; **3** (of money) अग्रिम धन; **4** (leader) आगे चलनेवाला; **5** n^c. (rare) rise (विशेषतया कीमतों में) वृद्धि^{F}, मूल्य-वृद्धि^{F}. **in** ~**of** before in time अग्रिम; in front (of) अग्रवर्ती; III *a*. अग्रिम. ~**charges** *n*. अग्रिम प्रभार; ~**payment** *n*. अग्रिम भुगतान; ~**d** अड् वॉन्स्ड' *a*. **a** forward अग्रवर्ती; **b** progressive प्रगतिशील; **c** developed विकसित, उन्नत; **d** high class उच्च. ~**d education** *n*. उच्च शिक्षा^{F}; ~**d in years** *n*. (fml.) वृद्ध, बुज़ुर्ग; ~**ment** n^u. **a** improvement सुधार; **b** promotion तरक्की^{F}; **c** (com.) रिक्थेतर उपहार; ~**s** अड वान्' सिज *n*. (pl.) (sometimes sing.) मित्रता^{F} का व्यवहार; **advancing** अड्' वान्सिङ्ग *a*. प्रगामी.

advantage अड् वान' टिज I n^{uc} **1** (over) opportunity सुविधा^{F}, अनुकूल स्थिति^{F}; **2** benefit लाभ, फ़ायदा; **3** (econ.) सुलाभ; **4** superiority श्रेष्ठता^{F}. **you have the ~ of me** (Br.) तुम जानते हो जिसे कि मैं नहीं जानता; **take ~ of** से लाभ उठाना; धोखा देकर फ़ायदा उठाना; II *v.t.* **a** benefit लाभ पहुँचाना; **b** help सहायता करना. ~**ous** ऐड्वॅन टे' जस *a*. **a** लाभदायक; **b** उपयुक्त. ~**ously** ऐड्वन् टे' जसलि *adv*. लाभदायकता^{F} से, उपयुक्तता^{F} से.

advent ऐड्' वेन्ट *n*. आगमन. **Advent** *n*. (cap.) मसीहा का आगमन; **Adventist** ऐड' वन्टिस्ट *n*. आगमनवादी (ईसा मसीह के पुनरागमन में विश्वास करने वाला); **adventism** *n*. अवतारवाद.

adventitious ऐड्वॅन टि' शस *a*. **1** accidental आनुषंगिक, आकस्मिक; **2** stranger आगन्तुक. ~**reinforcement** *n*. आगन्तुक पुनर्बलन; **3** (bot.) अपस्थानिक. ~**ly** -लि *adv*. आकस्मिकता^{F} से.

adventure अड् वें न्' चर I *v*. साहस करना; II *n*. **1** dangerous activity जोखिम कार्य, साहसकर्म; **2** risk जोखिम; **3** (com.) जोखिम लदान. ~**r** अड् वेन' चॅरर *n*. **a** (person) साहसिक; **b** (com.) साहसी. ~**ss** अड् वेन्' चरिस *n*. साहसी महिला^{F}; **adventurous** अड् वेन' चरस *a*. **a** daring साहसी; **b** risky जोखिमपूर्ण. **adventurously** अड वेन्' चरसलि *adv*. साहसी ढंग से.

adverb ऐड' वर्ब *n*. क्रिया-विशेषण. ~**ial** अड वर्' बिअल *a*. क्रिया-विशेषणात्मक; ~**ially** अड् वर्' बिअलि *adv*. क्रिया-विशेषणात्मकता.

adverse ऐड' वर्स *a*. (to) **1** प्रतिकूल, विरुद्ध. ~**motion** *n*. प्रतिकूल प्रस्ताव; **2** (bot.) अक्षोन्मुख; **adversary** ऐड' वरसॅरि *n*. विरोधी, शत्रु; **adversative** ऐड्वॅर्' सॅटिव *a*. विरोधात्मक; **adversity** अड् वर्' सिटि *n*. **a** bad fortune दुर्भाग्य; **b** calamity विपत्ति^{F}. ~**ly** *adv*. प्रतिकूलता^{F} से; **affect ~ly** प्रतिकूल प्रभाव डालना.

advert ऐड' वर्ट I *n*. (esp. Br.) विज्ञापन; II *v*. **1** उल्लेख करना; **2** ध्यान दिलाना. ~**to** *v*. उल्लेख करना; ~**ent** ऐड वर्' टन्ट *a*. सावधान; ~**ence** ऐडवर्' टन्स *n*. ध्यान.

advertise ऐड्' वॅर्टाइज़ *v.t.i.* **a** announce विज्ञापन करना; **b** *v.i.* (for) ask कहना, विख्यात करना. ~**d** एड' वॅर्टाइज़्ड *a*. विज्ञापित; ~**ment** एड वर्' टिसमन्ट n^{uc}. (also) **ad** विज्ञापन; ~**ment department** *n*. विज्ञापन विभाग; **advertising** ऐड' वर्टाइज़िङ्ग n^u. विज्ञापन; **advertising agency** *n*. विज्ञापन अभिकरण; **advertising media** *n*. विज्ञापन माध्यम; ~**r** ऐड वर्' टाइज़र *n*. विज्ञापनदाता.

advice अड् वाइस' *n*. **1** counsel सलाह^F, परामर्श; **2** information सूचना^{F}; जानकारी^{F}. ~**of payment** *n*. अदायगी सूचना^{F}.

advise अड् वाइज़' *v*. **a** *v.t.i.* (on, double objects) give advice सलाह^F देना; **b** *v.t.* (of, double objects) inform सूचना^{F} देना.

advisable अड्वाइ' ज़ॅबल *a*. उचित, उपयुक्त; **advisability** अड्वाइज़बि' लिटि *n*". औचित्य; **advised** अड्' वाइज़्ड *a*. **a** विवेचित; **b** deliberate ज्ञानकृत. **advisedly** अड्वाइ' ज़िडलि *adv*. जानबूझकर; **adviser** अड् वाइ' ज़र *n*. सलाहकार; **advisory** अड् वाइ' ज़रि *a*. सलाहकारी; **advisory board** *n*. परामर्शमण्डल; **advisory committee** *n*. सलाहकार समिति^{F}.

advocate ऐड' वॅकिट, ऐड' वॅकेट I *v.t*. समर्थन करना, वकालत^{F} करना; II ऐड्' वॅकेट *n*. **1** *n*'. (law) अधिवक्ता; **2** *n*'. (esp. of) supporter पक्ष समर्थक. **advocacy** ऐड' वॅकसि *n*". (esp. of) पक्षसमर्थन, वकालत^{F}.

adytum ऐ' डिटम *n*. गर्भगृह.

adze ऐड्ज़ (Am. adz.) *n*. बसूला.

aegis, egis ई' जिस *n*. **1** protection संरक्षण; **2** auspices तत्त्वावधान. **under the ~ of** (lit.) के संरक्षण में.

aeon, eon ई' अन *n*. कल्प, युग.

aerate ऍअ' रेट *v.t*. **1** put air हवा^{F} भरना; **2** put gas गैस^{F} भरना. **~d** ऍअ' रेटिड *a*. वातित; **aeration** ऍअ रे' शन *n*". वातन, वायुमिश्रण; **aerial** ऍअ' रिअल I *a*. **a** (no.c.s.) of the air वायवीय; **b** imaginary काल्पनिक; **c** atmospheric आकाशी, आकाश; II *n*. आकाशी (तार) विद्युत्ग्राही. **aerially** ऍ' अरिअलि *adv*. वायवीयता से; **aeriality** ऍअरि ऐ' लिटि *n*. वायवीयता^{F}; **aeriform** ऍ' अरिफ़ार्म *a*. वायवीय.

aerie, aery ऍ' अरि, ई' अरि *n*. ऊँचा नीड़.

aero- ऍअ' रो- *comb*. वायु-. **~batics** *n*. हवाई करतब; **~batic** *a*. हवाई-कलाबाजी सम्बन्धी; **~be** ऍअ' रोब *n*. वायुजीव; **~bic** ऍअॅ' रोबिक *a*. वायुजीवी; **~-biology** *n*. वायुजैविकी^{F}; **~biosis** *n*. वातपेक्ष जीवन; **~drome** ऍअ'-रॅड्रोम *n*. (Br.) (esp. Am. ~air-field) हवाई-अड्डा; **~dynamics** *n*". वायुगतिकी^{F}; **~dynamically** *a*. वायुगतिकता^{F} से; **~gram** *n*. वायु-लेख; **~graph** *n*. वायुलेखी; **~graphy** *n*. वायुवर्णन; **~lite** *n*. उल्काश्म; **~logy** *n*. वायुविज्ञान; **~logist** *n*. वायुविज्ञानी; **~meter** *n*. वायुमापी; **~naut** *n*. वायुपोत चालक; **~nautical** ऍअॅ नॉ' टिकल *a*. (no c.s.) वैमानिक; **~nautics** *n*". वैमानिक; **~philous** *n*. वायुरागी; **~plane** *n*. (Br.) (Am. air-plane) हवाई जहाज़; **~space** *n*. वायु आकाश; **~sphere** वायुमंडल; **~sol** *n*. वायु-विलय; **~stat** *n*. तिर विमान; **~statics** *n*. वायु स्थैतिकी; **~tropic** *a*. वातानुवर्तनी; **~tropism** *n*. वातानुवर्तन.

aery देखें eyrie हवाई, काल्पनिक.

aesthete (Am. esthete) ईस्' थीट, ऍस्' - *n*. रसज्ञ. **aesthetic** (Am. esthetic) ईस थें' टिक *a*. **a** (lit.) सौन्दर्यपरक; **aesthetic judgement** *n*. सौन्दर्यपरक निर्णय; **aesthetic sense** *n*. सौन्दर्यबोध; **aesthetic taste** *n*. **a** सौन्दर्यपरक रुचि; **b** of the aesthetics सौन्दर्यशास्त्रीय; **c** (art) कलावादी. **aesthetic movement** *n*. (lit.) कलावादी आन्दोलन; **aesthetically** ईस थे' टिकलि *adv*. सौन्दर्यपरकता^{F} से, रसात्मकता^{F} से; **aesthetician** *n*. सौन्दर्यशास्त्री; **aestheticism** ईस थें' टिसिज़्म *n*". **a** (lit.) सौन्दर्यवाद; **b** description सौन्दर्य चित्रण; **c** sensitivity सौन्दर्यबोध, सौन्दर्यपरता^{F}; **aesthetics** (Am. esthetics) ईस थेंटिक्स *n*". सौन्दर्यशास्त्र.

aestivate ऍस' टिवेट *v*. **1** (zool.) ग्रीष्मनिष्क्रियता^{F}; **2** (bot.) दलविन्यास. **aestival** ईस् टाइ' वल *a*. ग्रीष्मीय.

aether ई' थर *n*". ईथर.

aetiology ईटि ओ' लॅजि **1** (metaph.) कारणविज्ञान; **2** (med.) रोग हेतु विज्ञान. **aetiological** ईटिअॅ लॉ' जिकल *a*. हेतु; **aetiological tale** (lit.) *n*. हेतुकथा^{F}.

afar अॅ फ़ार' *adv*. दूर तक, दूर से.

affable ऐ' फ़ॅबल *n*. भद्र, मिलनसार. **affability** ऐफ़ॅ बि' लिटि *n*". मिलनसारी, सौजन्यता; **affably** ऐ' फ़ॅबलि *adv*. सौजन्यता^{F} से.

affair अॅ फ़ें अर' *n*. **1** (oft. pl.) business व्यवसाय, कारोबार; **2** action कार्य, काम; **3** sexual relationship प्रेम-संबंध.

affect अ फ़ेंक्ट I *v*. (oft. derog.) **1** *v.t*. pretend का ढोंग रचना, का स्वाँग भरना; **2** (of a disease) attack आक्रमण करना; **3** act upon प्रभावित करना, प्रभाव डालना; **4** use प्रयोग करना; II *n*. भाव. **~ation** ऐफ़ेक् टे' शन *n*. कृत्रिमता^{F}, आडम्बर. **~ed** अॅ फ़ेक्' टिड *a*. **a** pretended कृत्रिम; **b** afflicted आक्रान्त; **c** influenced प्रभावित; **d** disposed प्रवण, उन्मुख. **~edly** अ फ़ेक्' टिडलि *a*. कृत्रिमता^{F} से, प्रभावित ढंग से; **~ness** *n*". **a** कृत्रिमता^{F}; **b** आक्रान्तता^{F}. **~ing** अ फ़ेक्' टिङ्ग; *a*. प्रभावकारी; **~ion** अ फ़ेक्' शन *n*". **a** (psy.) भाव; **b** love स्नेह, अनुराग; **c** (lings.) प्रभावन, स्वनविकार. **~ionate** अ फ़ेक्' शनिट *a*. स्नेही, स्नेहमय; **~ionately** अ फ़ेक्' शनिटलि *adv*. स्नेही ढंग से; **~ive** अॅ फ़ेक्' टिव़ *a*. भावात्मक; **~ive fallacy** *n*. (lit.) भावाभास; **~ive reaction** *n*. भावात्मक

प्रक्रिया^{F}, भावनाओं से संबंधित विशेष क्रिया.

affiance अ फ़ाइ' अन्स I *v.t.* वाग्दान करना; II *n.* **1** (promise) विवाह-प्रतिज्ञा^{F}; **2** trust भरोसा, विश्वास. ~**d** अॅ फ़ाइ' अन्स्ड *a.* वाग्दत्त, वाग्दत्ता^{F}.

affidavit ऐफ़ि डे' विट *n.* शपथ-पत्र, हलफ़नामा.

affiliate अ फ़ि' लिएट *v.t.i.* (with, to) **1** connect संबद्ध करना; **2** पितृ निर्धारित करना. ~**d** अ फ़ि' लिएटिड *a.* संबद्ध; ~**d college** *n.* संबद्ध महाविद्यालय; **affiliation** ॲफ़िलिए' शन **a** connection संबंध; **b** पितृनिर्धारण. **affiliation order** *n.* (Br.) पितृनिर्धारण आदेश.

affine अॅ' फ़ाइन *a.* सजातीय. **affinal** अॅ फ़ाइ' नल *a.* वैवाहिक; **affinal relationship** *n.* वैवाहिक संबंध; ~**d** *a.* सम्बद्ध; ~**s** अ फ़ाइन्स' *a.* विवाह-संबंधी; **affinity** अ फ़ि निटि *n.* **a** n^{uc}. (between, with) relationship संबंध;· **b** similarity सादृश्य; **c** वंश-सादृश्य.

affirm अ फ़र्म' *v.* **1** *v.t.* declare निश्चयपूर्वक कहना; **2** (law) प्रतिज्ञान करना; **3** confirm पुष्टि^{F} करना. ~**ant** अॅ' फ़र' मन्ट *n.* प्रतिज्ञाता; ~**ation** अफ़र मे' शन n^{uc}. **a** प्रतिज्ञा^{F}; **b** ratification पुष्टि^{F}. अभिपुष्टि^{F}. ~**ative** अफ़र्' मॅटिव़ I *n.* हां, स्वीकारोक्ति; II *a.* **a** (law) प्रतिज्ञानात्मक; **b** (log.) अस्तिवाचक; **c** (pol. sc.) विध्यात्मक; **d** affirmatory सकारात्मक. ~**atively** अ फ़र्' मटिव़्लि *adv.* सकारात्मक ढंग से.

affix अ फ़िक्स I *v.t.* (to) **1** fix लगाना, चिपकाना; **2** add (by writing) जोड़ना, जोड़ देना; II *n.* ऐ' फ़िक्स **1** (lings.) प्रत्यय; **2** आरोप; **3** लगाव. ~**ation** *n.* (lings.) प्रत्यय योजना^{F}; ~**ature** अ फ़िक्स' चर *n.* संयोजन; ~**ing language** *n.* प्रत्यय-प्रधान-भाषा^{F}.

afflict अॅ फ़्लिक्ट' *v.t.* (with, usu. pass.) दुःख देना, आक्रान्त करना. ~**ed** अ फ़्लिक' टिड *a.* पीड़ित, आक्रान्त; ~**ion** अ फ्लिक्' शन *n.* **a** grief दुःख, वेदना^{F}; **b** calamity विपत्ति^{F}; **c** disease कष्ट, रोग.

affluent ऐ' फ़्लुअण्ट I *a.* धनवान, सुसम्पन्न. ~**society** **a** सुसंपन्न समाज; **b** enough प्रचुर, विपुल; II *n.* सहायक नदी^{F}. **affluence** ऐ' फ़्लुअन्स *n.* **a** अमीरी^{F}, धनाढ्यता^{F}; **b** प्राचुर्य.

afford अ फ़ॉर्ड *v.* **1** *v.t.* (usu. with can, could, able, to etc.) खरीदने में समर्थ होना; **2** bear सह सकना, वहन करने में समर्थ होना; **3** *v.t.* (to) give देना, प्रदान करना.

afforest अ फॉ' रिस्ट *v.t.* वनरोपण करना. ~**ation** अफ़ारिस् टे' शन n^u. वनरोपण.

affranchise अ फ्रैन्चाइज़ *v.* (pol. sc.) मताधिकार देना.

affray अ फ्रे' *n.* दंगा, हंगामा.

affricate ऐ' फ़्रिकेट *n.* स्पर्शसंघर्ष. **affricative** अ फ़्रि' कटिव़ *a.* स्पर्शसंघर्षी.

affreightment अ फ़्रेट' मन्ट *n.* माल-संविदा^{F}.

affront अ फ्रॅन्ट' I *v.t.* अपमानित करना; II *n.* अपमान.

aficionado अफ़िशिअ ना' डो (pl. -dos) *n.* प्रबल अनुकरणकर्ता.

afield अ फ़ील्ड' *adv.* खेत की ओर, खेत मे.

afire अॅ फ़ाइर' *a.* (no c.s.) (with) प्रज्वलित.

aflame अ फ़लेॅम' *a.* **1** on fire प्रज्वलित; **2** (fig.) प्रदीप्त.

afloat अॅ फ़्लोट' *adv.* **1** तैरता हुआ; **2** जहाज़ पर; **3** आप्लावित; **4** ऋणमुक्त.

afoot अ फ़ुट' *adv.* **1** on the move जारी; **2** on foot पैदल.

aforesaid अ फॉर्' सेॅड, *also* **aforementioned** *a.* उपर्युक्त, पूर्वोक्त. **afore-thought** *a.* (law) पूर्वविचारित; ~**-time** पहले.

a fortiori एफ़ॉ र्टि ऑ' राइ *adv.* (L.) अधिक शक्तिशाली कारणों या तर्कों सहित.

afoul अॅ फ़ाउल *v.i.* (की) उलझन^F में पड़ना.

afraid अ फ्रेड' *a.* भयभीत, डरा हुआ.

afresh अ फ्रेश' *adv.* फिर से, नये सिरे से.

Afro ऐ' फ़्रो, *a.* slang abbr. for African. ~**s** ऐफ्रोज़ *n.* (बाल काटने की शैली).

aft आफ़्ट I *adv.* **1** (of the boat) दुम्बाल मे; **2** पीछे; II *a.* पिछला.

after आफ़्' टर I *adv.* पीछे, बाद में. ~**wards** *adv.* बाद में, पश्चात्; II *prep.* **1** later than के पश्चात्; **2** continuously लगातार, एक के बाद दूसरा; **3** behind के पीछे; **4** inspite of के बावजूद, **5** in the style की शैली^{F} में; **6** in accordance with के अनुसार; **7** about के बारे; **8** with the name of के नाम से संलग्न; III *conj.* जब; IV *a.* (no c.s.) *a.* **1** next अगला; **2** (of boat) पिछला. ~**all** *conj.* सब होने के बावजूद; ~**s** आफ़्' टर्ज़ *n.* (pl.) (Br.) बाद में परोसा जानेवाला खाना.

after- आफ़्' टर- *prefix* उपरान्त-, बाद-, पश्चात्. ~**-birth** n^u. आंवल, खेड़ी^{F}; ~**-care** n^u. अनुरक्षण; ~**-damp** *n.* विस्फोटक गैस^F; ~**-deck** *n.* दुम्बाल; ~**-effect** *n.* (oft. pl.) उत्तर प्रभाव; ~**-glow** *n.* **a** उत्तरसुखानुभूति^{F}; **b** light उत्तर, दीप्ति^{F}. ~**-grass** *n* पिछली घास^F; ~**-image**

n. अनुबिम्ब; **~-life**, **~-lives** *n*. **a** old age बुढ़ापा; **b** other world परलोक. **~-most** *a*. पिछला; **~-noon** *n*. अपराह्ण, तीसरा पहर; **~-shave** n^{uc}, also **~-shave lotion** दाढ़ी^{F} काटने के उपरान्त लेप; **~-taste** *n*. उत्तर स्वाद; **~-thought** idea अनुबोध; something added later उत्तरकृत.

again अ गेॅन', अ गेन' *adv*. **1** once more एक बार और, दोबारा; **2** besides इसके अतिरिक्त; **3** in addition और भी. **~and,** (also **time and time**) ~ बार-बार; **now and** ~ कभी-कभी; **once/yet**~ एक बार और / फिर.

against अॅ गेॅन्स्ट' *prep*. **1** in opposite direction की विपरीत दिशा^{F} में. we sailed ~ the wind हमने हवा^{F} के विपरीत नाव खेयी; **2** in opposite to के विरुद्ध, के खिलाफ़. we will fight ~ the enemy हम शत्रु के खिलाफ़ लड़ेंगे; **3** के बचाव के रूप में, से बचने के लिए, I am taking medicine ~ the disease हम बीमारी^{F} से बचने के लिए दवा^{F} खा रहे हैं; **4** having as background की पृष्ठभूमि^{F} में, के पास में. the picture looks good ~ the light wall रोशनी^{F} वाली दीवार^{F} के पास में चित्र अच्छा दिखाई पड़ता है; **5** touching से उढ़ककर, के सहारे. Kaushlesh sat ~ the wall कौशलेश दीवार^{F} से उढ़ककर बैठा; **6** in preparation for के लिए, की तैयारी^{F} में. Suneel has saved some money ~ his old age सुनील ने अपनी वृद्धावस्था^{F} के लिए कुछ पैसा बचा रखा है.

agamy अ गै' मि *n*. अयुग्मन, अयुग्मकता^{F}. **agamous** ऐ' गॅमस *a*. अलिंगी.

agape अ गेप' I *adv*. **1** open काफ़ी खुला; **2** in a state of wonder आश्चर्यजनक दशा^{F} में; II *a*. मुंह बाए.

agaric ऐ' गॅरिक *n*. कुकुरमुत्ता, फफूंदी. **~oid** ऐ' गॅरिकॉइड *a*. छत्रकाभ.

agate ऐ' गिट n^{uc}. गोमेद, अकीक.

age एज I *n*. **1** n^{uc}. time of life उम्र^{F}, आयु^{F}; **2** stage of life अवस्था^{F}; **3** old age बुढ़ापा; **4** period युग, काल; **5** adult व्यस्कता^{F}; **6** n^{c}. long time लम्बी अवधि^{F}; **7** generation पीढ़ी^{F}. **~factor** *n*. वय कारक; **~group** *n*. आयु^{F} वर्ग; **~limit** *n*. वंयसीमा; **~long** *a*. चिरकालीन; **~of consent** *n*. विवाहवय; **~of discretion** *n*. विवेक वय; **~of manhood** *n*. वयस्कता^{F}; II *v.t.i.* (pa.t. pa.p. **~d** *pres. p.* aging, (or) ~ing) **1** become old बूढ़ा हो जाना; **2** (अधिक दिन रखकर) पूर्ण स्वादिष्ट बनाना. **~d** ए' ज्ड (no c.s.) **a** of the age of वर्ष का, आयु का; **b** (of wine, cheese, meat.) पुरानी (अतएव स्वादिष्ट); **c** *a*. बूढ़ा. **~ing, aging** ए' जिङ्ग n^{u}. **a** (archit.) काल-प्रभावन; **b** (c. anthrop.) कालिक क्षय; **c** counting कालगणना^{F}. **~less** *a*. **a** never growing old चिरयुवा, चिरनूतन; **b** eternal अनन्त, शाश्वत. **~lessness** -लसनेॅस n^{u}. **a** चिरयुवापन; **b** अनन्तता^{F}, शाश्वतपन.

agency ए' जन्सि *n*. **1** (com.) अभिकरण; **2** (usu. sing.) influence प्रभाव; **3** power शक्ति^{F}; **4** means माध्यम, साधन. **noun of** ~ कर्तृवाचक. संज्ञा; **agent** ए जन्ट *n*. **a** (com.) अभिकर्ता; **b** (lings.) कर्ता, कर्तृ, साधक; **c** (chem.) कारक, कर्मक. **agents provocateurs,** (Fr. also,) **agent provocateur** *n*. दुरुत्साहक **agentive** ए' जन्टिव़् *a*. कर्तृवाचक.

agenda अ जेॅन्' डॅ *n*. कार्यसूची.

agglomerate अ ग्लॉ' मॅरेट I *v.t.i.* एकत्र करना, संचित करना, संचित हो जाना; II *a*. पुंजित, संपिडित; III n^{u}. (sing.) **a** संचय, समूह; **b** (geol.) ज्वालाश्मचय. **agglomerating language** *n*. समावेशक भाषा^{F}; **agglomeration** अग्लॉमॅरेशन n^{uc}. ज़माव, संकुल, संकुलन.

agglutinate अ ग्लू' टिनिट, I *v*. **1** fasten चिपकाना; **2** (lings.) योगात्मक होना; **3** (med.) योगात्मक हो जाना; II **~d** *a*. **1** fastened चिपकाया हुआ; **2** (bot.) संश्लिष्ट, समूहीकृत; **agglutinable** *a*. समूहित; **agglutination** अग्लूटि ने' शन *n*. **a** (lings.) योजन; **b** (med.) संश्लेषण, समूहन. **agglutinative** अ ग्लू' टिनॅटिव *a*. **a** sticky चिपचिपा; **b** (lings.) अभिश्लेषी, योगात्मक. **agglutinative language** *n*. योगात्मक भाषा^{F}

aggradation ऐग्रॅ डे' शन n^{u}. अधिवृद्धि^{F}.

aggrandize अ ग्रैन्' डाइज़ *v*. **1** (geol.) विवर्धन करना; **2** exaggerate बढ़ा-चढ़ाकर कहना. **~ment** अ ग्रैन्' डिज़मन्ट, *also* **aggrandisement** विवर्धन.

aggravate ऐ' ग्रॅवेट *v.t.* **1** make worse गंभीर बनाना, बिगाड़ देना; **2** annoy चिढ़ाना. **aggravating** ऐग्रॅ' वेटिङ्ग *n*. गंभीर कारक; **aggravation** ऐग्रॅ वे' शन *a*. **a** hightening अपवृद्धि^{F}; **b** (pol. sc.) प्रकोपन; **c** (trouble) परेशानी^{F}.

aggregate ऐ' ग्रिगिट I *a*. (no c.s.) total समस्त. **~attendance** *n*. समुचित उपस्थिति^{F}; **~income** *n*. कुल आय; II *n*. **1** total पूर्णयोग, समाहार; **2** (phil.) संघात; **3** (math.) समुदाय. **in the** ~ (fml.) कुल मिलाकर; III *v.t.i.*

1 amass एकत्र करना, एकत्र होना; **2** add कुल योग होना. **aggregation** ऐग्रि गे' शन *n*. **a** collection समूह, समुच्चय; **b** (econ.) समुच्चयन, समूहन.

aggress अॅ ग्रेंस' *v*. आक्रमण करना. ~**ion** अ ग्रें' शन *n*. **a** attack आक्रमण; **b** attacking action छेड़-छाड़^{F}. ~**ive** अ ग्रें' सिव *a*. **a** attacking आक्रामक; **b** (of weapons) आक्रमण के लिए तैयार किए गए. ~**ively** अ ग्रें' सिवलि *adv*. आक्रामकता से; ~**iveness** अ ग्रें' सिवनेस n^u. आक्रामकता^{F}; ~**or** अ ग्रें'-सर *n*. आक्रामक.

aggrieve अ ग्रीव्' *v*. **1** दुःख देना, कष्ट देना; **2** injure हानि पहुँचाना. ~**d** अ ग्रीव्ड **a** afflicted व्यथित, आर्त; **b** dissatisfied असन्तुष्ट; **c** (law) अपकृत.

aghast अ गास्ट' *a*. (at) भौचक्का.

agile ऐ' जाइल *a*. सक्रिय, फुर्तीला. ~**ly** ऐ' जाइलि *adv*. फुर्ती^{F} से, दक्षता^{F} पूर्वक; **agility** अ जि' लिटि *n*. फुर्ती.

agio ऐ' जो *n*. बट्टा. ~**tage** ऐ' जॅटिज *n*. विदेशी विनिमय, सट्टा.

agitate ऐ' जिटेट *v.t.i.* **1** shake हिलाना; **2** worry परेशान करना; **3** (pol. sc.) आन्दोलन करना; **4** flutter घबरा देना. **agitation** ऐजि टे' शन *n*. **a** anxiety उत्तेजना, अशान्ति;^{F} **b** (psy.) क्षोभ, विलोड़न; **c** (pol. sc.) आन्दोलन. **agitator** ऐ' ज़िटेटर *n*. **a** (pol. sc.) आन्दोलनकर्ता; **b** उपद्रवी, उत्पाती; **c** (mech.) विलोड़क.

aglow अ ग्लो' *a*. प्रदीप्त.

agnail ऐग्' नेल *n*. a torn shred of skin beside the nail गलका.

agnate ऐग्' नेट *a*. **1** (anthrop.) पितृ संबंधी, पितृ-बंधुः **2** (science) सपिण्डः **3** (fig.) सदृश. ~**sentence** *n*. सजातीय वाक्य; **agnatic kinship** *n*. पैतृक बंधुता^{F}; **agnation** ऐग् ने' शन *n*. **a** (c. anthrop.) पितृबंधुता^{F}; **b** (sc.) सपिण्डता^{F}.

agnostic ऐग् नॉस्' टिक *a*. **1** (lit.) अज्ञेयवादी; **2** atheist नास्तिवादी. ~**ism** ऐग् नॉस्' टिसिज़्म n^u. अज्ञेयवाद.

ago अ गो' *a*. पहले; **long**~ बहुत पहले.

agog अॅ गॉग' *a*. (with) उत्सुक, उत्कंठ. ~**ic accent** *n*. (music) कालाघात.

agonistic ऐगॅ निस्' टिक *a*. **1** (of sports) खेलकूद-विषयक; **2** polemic विवादप्रिय.

agony ऐ' गॅनि n^{uc}. **1** यंत्रणा, व्यथा. ~**column** *n*. (humour) (समाचार में) वेदना^{F} स्तम्भ; **agonize** ऐ' गॅनाइज़ *v.i.* (over) **a** तड़पना, यंत्रणा झेलना; **agonised, agonized** *a*. दुःखी, संतप्त. **agonizing** ऐ' गॅनाइज़िङ्ग *a* also agonising तड़पानेवाला, वेदनाप्रद; **agonizingly** ऐ' गॅनाइज़िङ्गलि *adv*. वेदनापूर्वक.

agora ऐ' गॅरॅ *n*. सभास्थल, खुला स्थान. ~**phobia** *n*. खुले स्थान का भय ~**phobiac** ऐगरॅ फ़ो' बिक *a*. विवृत्तिभीति-विषयक, खुले स्थान से डरने से संबंधित.

agrarian अ ग्रें' रिअन *a*. भूमिसंबंधी, कृषिक. ~**revolution** *n*. कृषिक क्रांति^{F}; ~**ism** अग्रें' अनिअज़्म n^u. भूमिसुधारवाद.

agree अ ग्री *v*. **1** *v.i.* (to) approve सहमत होना; **2** *v.i.t.* (on, about, with) consent सहमति^{F} देना; **3** *v.i.* (together) get on well समझौता करना, तय करना; **4** be in harmony से मेल खाना. ~**with** *v.t.* (no pass.) **a** से मेल खाना; **b** के स्वास्थ्य के अनुकूल होना; **c** (gram.) से अन्वय होना. ~**to differ** विपरीत विचारधाराओं को रखते हुए भी मित्र होना; ~**able** अ ग्रीअ' बल *a*. **a** pleasant रुचिकर, सुखद; **b** willing राजी, सहमत. ~**ably** अ ग्री' अॅब्लि *adv*. रुचिकर ढंग से; ~**d valuation** *n*. सम्मत मूल्यांकन; ~**ment** अ ग्री' मन्ट **a** (law) करार **b** consent सहमति^{F}; **c** pact समझौता, रज़ामंदी^{F}; **d** (lings.) अन्वय, अन्विति.

agrestic अ ग्रेंस्' टिक *a*. देहाती, ग्रामीण.

agriculture ऐ' ग्रिकल्चर n^u. **1** farming कृषि^{F}, खेतीबारी^{F}; **2** (science) कृषि-विज्ञान. **agricultural** ऐग्रि कल्' चॅरल *a*. कृषि संबंधी; **agricultural produce** *n*. कृषि-उत्पाद; **agriculturalist** ऐग्रि कल्' चॅरॅलिस्ट *n*. **a** farmer किसान; **b** (scientist) कृषि-विज्ञानी.

agro- ऐ' ग्रॅ *comb*. **1** कृषि^{F}-; **2** -सस्य. ~**biology** *n*. कृषि जैविकी^{F}; ~**facts** *n*. कृषि उत्पाद; ~**industry** *n*. कृषि-उद्योग; ~**nomy** अ ग्रॉ' नमि n^u. सस्य-विज्ञान, कृषि-विज्ञान; ~**nomic** *n*. सस्य- विज्ञान; ~**nomist** *n*. सस्य-विज्ञानी; ~**stology** *n*. घास-विज्ञान; ~**stologist** *n*. घासविज्ञ.

aground अॅ ग्राउन्ड *a*. *adv*. (of a ship) भूग्रस्त.

ague ए' ग्यू n^{uc}. शीतज्वर.

ah आ *interj*. **1** (of sorrow) हाय, आह; **2** (of surprise) ओहो, अरे; **3** (admiration) वाह; **4** of disgust छि, वाह. ~**a** आ हा' *interj*. अहा!

ahead अ हेंड' *adv*. **1** before पहले; **2** in advance आगे; **3** in the future भविष्य में. ~**of** in advance पहले; **4** better से अच्छा;

get~ सफल ह्रोना, आगे बढ़ना.

aid एड I *v.t.* (with, in) सहायता^{F} देना, मदद करना; II *n.* **1** n^u. help सहायता, मदद; **2** n^c. means साधन, सहायता साधन. ~**e** ए' डि *n.* सहायक; ~**e-de-camp,** *pl.* **-es-de-camp** *n.* (Fr.) परिसहायक; ~**e-memoire** *n.* स्मारक पत्र; ~**ed school** सहायता प्राप्त विद्यालय; ~**er** ए' डर *n.* सहायक, मददगार.

aigrette ए ग्रेट *n.* बगुला, कलगी.

ail एल *v.* **1** *v.i.* बीमार होना; **2** *v.t.* (rare) trouble परेशान करना. ~**ment** *n.* बीमारी^{F}, रोग.

aileron ए' लॅरॉन *n.* सहपक्ष.

aim एम I *v.* **1** *v.t.i.* (at, for) direct (a weapon) निशाना लगाना; **2** (of remarks) लक्ष्य करना; **3** intend to चेष्टा करना, के लिए प्रयत्न करना. ~**at** *v.t.* लक्ष्य करना; ~**for** *v.t.* के लिए लक्ष्य करना; II *n.* **1** purpose उद्देश्य, ध्येय; **2** direction लक्ष्य, निशाना. ~**less** *a.* निरुद्देश्य, लक्ष्यहीन; ~**lessly** *adv.* निरुद्देश्यता^{F} से; ~**lessness** n^u. निरुद्देश्यता^{F}.

air ऍअर I *n.* **1** n^u. mixture of gas वायु^{F}, हवा^{F}, वात; **2** n^u. sky आकाश; **3** atmosphere वायुमण्डल; **4** general character रूप-ढंग, रूपरंग; **5** (music) धुन; **6** gentle wind समीर^F. **clear the**~ (not. fml.) **a** get rid of doubts तथ्यों को साफ-साफ प्रकट करके शंकाओं^{F} से मुक्त करना; **b** ताज़गी, हवा^{F} से स्थान भरना. **go on the**~ प्रसारित करना; **in the**~ (of stories, rumours etc.) प्रचलित; uncertain अनिश्चित. **into thin**~ आंखों से ओझल; **on/off the**~ प्रसारित/अप्रसारित; ~**age** *n.* विमान युग; **Air Attache** *n.* वायु सहचारी; ~**-attack** *n.* हवाई हमला; ~**-base** हवाई अड्डा; ~**-bladder** *n.* वायु-आशय; ~**-borne** *a.* (no c.s.) **a** (esp. of seeds) वायुवाहित; **b** (esp. of aircraft) विमानवाहित. ~**-brake** हवाई ब्रेक; ~**-bus** n^u. वायु-बस^F; ~**chief marshal** n^c. एअर चीफ़ मार्शल; ~**commodore** *n.* एअर कोमोडोर; ~**-condition** *v.* वातानुकूलित करना. ~**-conditioned** *a.* वातानुकूलित; ~**-conditioning** *n.* वातानुकूलन; ~**-cooling** *n.* वायु-शीतन; ~**corridor** *n.* सीमित हवाई पथ; ~**-craft** n^{uc}. (same in sing. and pl.) वायुयान; ~**-craft carrier** *n.* वायुयान-वाहक; ~**craftman** *n.* वायु सेना^{F} का सबसे छोटा पदाधिकारी; ~**-crew** n^c. हवाई कर्मी; ~**-cushion** *n.* वायु-उपधान; ~**-defence** *n.* हवाई रक्षा. ~**-drop** (i) *n.* हवाई संभरण; (ii) *v.t.* (double object) हवाई संभरण करना. ~**-force** *n.* वायु-सेना^{F}; ~**-gun** *n.* हवाई-बन्दूक^F; ~**-gunner** *n.* वायु-तोपची; ~**-hole** *n.* वायु-छिद्र; ~**-hostess** *n.* विमान-परिचारिका^{F}; ~**-lane** *n.* वायु-पथ; ~**-letter** n^{uc}. (by) हवाई-पत्र; ~**-line** हवाई कम्पनी^{F}; ~**-liner** *n.* विमान; ~**-lock** *n.* वायु-बंध; ~**-mail** *n.* हवाई डाक; ~**-man** *n.* (fem. ~**woman**) *n.* **a.** pilot विमान चालक; **b** soldier वायु-सैनिक. ~**ometer** *n.* वायुमापी; ~**-plane** *n.* (Am.) हवाई जहाज़; ~**-pocket** *n.* हवाई गर्त; ~**-port** *n.* हवाई पत्तन; ~**raid** *n.* हवाई हमला; ~**-shaft** *n.* वायु-कूपक; ~**-ship** *n.* वायुपोत; ~**-sick** *a.* उड्डयन अस्वस्थ^F; ~**-sickness** *n.* उड्डयन अस्वस्थता^{F}; ~**-space** *n.* आकाशी क्षेत्र; ~**-strip** *n.* हवाई पट्टी^{F}; ~**tight** *a.* वायुरुद्ध; ~**to**~ *a.* वायु से वायु में; ~**vice-marshal** n^c. एयर वाइस मार्शल; ~**-way** *n.* **a** line वायुमार्ग; **b** airshaft वायु-कूपक. ~**-woman** *n.* (स्त्री) विमान-चालक; ~**-worthy** *a.* (of aircraft) उड़न-योग्य; ~**-worthiness I** *n.* उड़न योग्यता^{F}; II *v.* **1** *v.t.i.* dry (कपड़े इत्यादि) सुखाना, सूखना; **2** *v.t.i.* make fresh हवा के द्वारा ताज़गी लाना; **3** *v.t.* make known (ideas, complaints, etc.) बताना, प्रकट करना. ~**ing** ऍअ' रिङ्ग *n.* **a** n^u. exposure to air सुखाना, हवा^{F} दिखाना; **b** n^c. (usu. sing.) हवा^{F} खाना, हवा^{F} में भ्रमण; **c** n^c. (usu. sing.) display आत्मप्रदर्शन. ~**less** -लस **a** without air निर्वात; **b** (of weather) उमसदार; **c** suffocating घुटनभरा. ~**s** ऍ अर्ज *n.* (pl.) also ~**s and graces** (esp. of woman) हाव-भाव, चोचला; ~**y** ऍअ' रि *a.* **a** open हवादार; **b** empty खोखला, दिखावटी; **c** happy प्रसन्न; **d** graceful रमणीय, मनोहर; **e** careless लापरवाह; **f** of air वायवीय, हवाई. ~**ily** ऍअ' रिलि *adv;* ~**iness** ऍअ' रिनॅस n^u. **a** openness हवादारी; **b** jauntiness प्रफुल्लता^{F}; **c** carelessness लापरवाही.

aisle आइल *n.* **1** passage वीथिका, पथ; **2** corridor गलियारा; **3** side-way पार्श्व-भाग. **roll in the** ~s (esp. of the people at the theatre) हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाना.

aitch एच *n.* h ह (हकार). **drop one's** ~**es** ह का उच्चारण न करना; ~**-bone** *n.* (Br.) **a** (bone) पुट्ठे की हड्डी^{F}; **b** (meat) पुट्ठे की हड्डी^{F} का मांस.

ajar अ जार' *adv.* अधखुला.

akimbo अ किम्' बो *a.* (no c. s.) कटिहस्त मुद्रा^{F}.

akin अ किन′ *a.* (to) **a** related सम्बन्धी; **b** similar सदृश, समान.

-al -अल *suffix* **1** concerning सम्बन्धित; **2** action कार्य. जैसे aerial.

alabaster ऐ′ लॅ बास्टर *n.* **1** transparent stone सिलखड़ी^{F}; **2** (lit.) white सफ़ेद, धवल.

alack अ लैक′ *interj.* (old use.) अरे, अहो.

alacrity अ लै′ क्रिटि n^{u}. तत्परता^{F}, फुरती^{F}.

alarm अं लार्म (also old use **alarum**) I *n.* **1** warning आपद संकेत, खतरे का संकेत; **2** bell सूचना देनेवाली घंटी^{F}; **3** clock अलार्म घड़ी^{F}. **~clock** *n.* अलार्म घड़ी^{F}; **~post** I *n.* चेतावनी-चौकी^{F}; II *v.t.* (old use alarum) **1** excite व्याकुल करना; **2** terrify डराना, भयभीत करना; **3** warn सावधान करना, संकट सूचना^{F} देना. **~ed** अ लार्म्ड′ *a* **a** cautious सतर्क; **b** afraid भयभीत. **~ing** अ′ लार्मिङ्ग *a* भयप्रद; **~ist** अ लार्′ मिस्ट *n.* भय-प्रसारक, भयोत्पादक.

alary ए′ लरि *a.* पक्ष-, पक्षाकार. **~muscle** *n.* (zool.) पक्षाकार-पेशी^{F}.

alas अ लास′ *interj.* हन्त, हाय.

alb ऐल्ब *n.* श्वेतोत्तरीय.

albeit ऑल बी′ इट *conj.* यद्यपि, हालांकि.

albino ऐल बी′ नो *n.* रंजकहीन जीव. **albinism** ऐल्′ बिनिज्म n^{u}. रंजकहीनता^{F}.

album ऐल्′ बम *n.* संग्रहपुस्तक^{F}, चित्राधार.

albumen ऐल्′ ब्युमिन n^{u}. **1** (white part of an egg) सफ़ेदी^{F}; **2** albumin श्वेतक.

alchemy ऐल्′ कॅमि n^{u}. कीमिया. **alchemist** ऐल्′ केमिस्ट *n.* कीमियागर.

alcohol ऐल′ कॅहॉल *n.* मद्य, मद्यसार. **~ic** एल्कॅ हॉ′ लिक I *a.* मद्यसारी, मादक; **~ic beverage** *n.* मदिरा^{F}, शराब^{F}; II *n.* शराबी (मद्यप). **~ic criminal** *n.* मद्यव्यसनी अपराधी; **~ically** एल्कॅ हॉ′ लिकलि *adv.* मादकता^{F} से; **~ism** ऐल्′-कॅहॉलिज़म **a** habitual drinking मदात्यय; **b** diseased condition (शराब पीने के कारण) बीमारी^{F} की हालत^{F}.

alcove ऐल′ कोव *n.* **1** (archit.) आला; **2** (lib. sc.) कोष्ठिका^{F}.

alder ऑल्′ डर *n.* (same in sing. and pl.) भिदुर (वृक्ष).

alderman ऑल्′ डॅर्मन *n.* **1** citizen नगरवृद्ध; **2** (officer) प्रशासनिक अधिकारी. **~ic** ऑल्′ डर्मैनिक *a.* नगरवृद्ध सम्बन्धी.

ale एल n^{u}. मद्य, शराब^{F}. **~-house** *n.* (-houses) (old use) मधुशाला^{F}, मदिरालय.

alert अॅ लर्ट′ I *a.* **1** सतर्क, चौकन्ना; **2** फुर्तीला, तेज; II *n.* **1** चेतावनी^{F}, संकट-सूचना^{F}; **2** period आकुल स्थिति^{F}. **on the ~for** सतर्क स्थिति^{F} में; III *v.t.* **1** (to) warn चेतावनी^{F} देना; **2** (military) सैनिकों को सचेत करना; **~ly** *adv.* सतर्कतापूर्वक; **~ness** n^{u}. सतर्कता^{F}, जागरूकता^{F}.

A level ए′ लॅवल *n.* *also* **advanced level** (esp. in Britain) उच्च परीक्षा^{F}.

alfalfa एल् फ़ैल्′ फ़ॅ n^{u}. गरारी^{F}, रिजका.

alfresco ऐल् फ्रेस′ को *adv.* बाहर.

algae ऐल्′ जी *n.* (pl.) शैवाल. **algology** ऐल गॉ′ लजि *n.* शैवाल-विज्ञान; **algologist** ऐल् गॉ′ लजिस्ट *n.* शैवालविज्ञानी.

algebra ऐल′ जिब्रॅा *n.* बीजगणित. **~ic** ऐल्जि ब्रे′ इक **~ical** ऐल्जि ब्रे′ इकल *a.* बीजगणितीय, बीजीय; **~ically** ऐल्जि ब्रे′ इकलि *adv.* बीजगणितीय ढंग से.

algorism ऐल्′ गरिज्म *n.* प्रतीक गणित, दशमलव-प्रणाली^{F}. **algorithm** ऐल्′ गॅरिट्म *n.* **a** (lings.) कलन विधि^{F}; **b** (log.) प्रतीक गणित. **algorithmic** एल्गॅा रिद्′ मिक *a.* कलनविधि पूर्वक.

alias ऐ′ लिअस I *adv.* (esp. of criminal) उर्फ़; II *n.* उपनाम.

alibi ऐ′ लिबाइ *n.* *pl.*-s अन्यत्रस्थिति^{F}.

alien ए′ लिअन I *a.* **1** foreign विदेशी, अन्यदेशी; **2** different भिन्न; II *n.* विदेशी व्यक्ति, बाहरी व्यक्ति. **~able possession** *n.* वियोज्य संबंध.

alienate ए′ लिअनेट *v.t.* (from) **1** make unfriendly विमुख करना, दूर करना; **2** (law) स्वत्व-अंतरण करना. **alienation** एलिअ ने′ शन n^{u}. **a** (from) (metaph.) इतरीभवन, अन्यीभवन; **b** (psyc.) विसंबंध; **c** insanity पागलपन. **alienee** एलिअ नी′ n. संक्रामणग्राही, संक्रांति^{F}; **alienist** ए′ लिअनिस्ट *n.* अदालती मनःचिकित्सक; **alienor** ए′ लिअनर *n.* संक्रान्ता.

alight अ लाइट′ I *v.i.* (from). **~ed** (or) **alit** से उतरना; II *v.i.t.* **~on,** *also* **~upon** **1** come down पर उतरना, आना; **2** happen घटित होना; III *a.* प्रज्वलित, प्रदीप्त.

align, aline अ लाइन′ *v.t.i.* **1** पंक्ति में खड़ा करना; **2** (pol. sc.) के दल में शामिल हो जाना. **~with** *v.t.* **a** एक कतार में लाना; **b** के साथ मिलना. **~ment** अॅ लाइन′ मन्ट *n.* (alinement) **a** (print.) संरेखण, पंक्तिबद्धता^{F}; **b** (of instruments) सीध; **c** (of people or countries) समूहन, एकत्रीकरण; **d** n^{c}. group दल, समूह.

alike अ लाइक I *a.* समान, सदृश; II *adv.* समान

रूप से.

aliment ऐ' लिमन्ट n^{u}. 1 nourishment आहार, भोजन; 2 supply संभरण. ~**ary** ऐलि मेंन' टॅरि **a** आहार का, आहारीय; **b** nutritive पौष्टिक, पुष्टिकर. ~**ary canal** *n*. आहार नाल; ~**ation** ऐलिमेंन् टे' शन *n*. भरणपोषण, संभरण.

alimony ऐ' लिमॅनि n^{u}. (sing. only) **1** (law) संभृति^{F}, निर्वाह-धन; **2** maintenance संभरण.

alive अॅ लाइव़' *a*. (pred.) **1** जीवित, ज़िन्दा; **2** active सक्रिय; **3** in existence अस्तित्ववान्. ~**to** से अवगत, जानकार; ~**with** से भरा हुआ.

alkali ऐल्' कॅलाइ n^{uc}. (tech.) क्षार^{F}. ~**-proof** क्षारसह; ~**ne** ऐल्' कॅलाइन *a*. क्षारीय, खारा; ~**zation** ऐल्कॅलाइ जे' शन n^{u}. क्षारीयन, क्षारीकरण.

alkanet ऐल्' कॅनेंट *n*. मेंहदी रंग .

atheism ए' थिइज़्म n^{u}. निरीश्वरवाद, अनीश्वरवाद. **atheist** ए' थिइस्ट *n*. निरीश्वरवा़दी, अनीश्वरवादी; **atheistic** (-al) एथि इस्' टिकं (ल) *a*. निरीश्वरवाद-संबंधी, नास्तिकता-संबंधी.

athenaeum ऐथि नी' अम *n*. **1** (साहित्यिक या वैज्ञानिक) क्लब; **2** reading room वाचनालय.

athirst अ थर्स्ट' *a*. **1** thirsty प्यासा; **2** eager उत्सुक.

athlete ऐथ्' लीट *n*. खेल-प्रतियोगी, व्यायामी. **athletic** ऐथ् लॅ टिक *a*. **a** खेलकूद संबंधी; **b** strong मज़बूत. **athleticism** ऐथ् लॅ टिसिज़्म n^{u}. मल्लवृत्ति^{F}; **athletics** ऐथ् लॅ ' टिक्स n^{u}. खेल-कूद प्रतियोगिता^{F}.

athwart अथ् वॉर्ट' *prep*. आड़े, तिरछे.

-ation -ए' शन *suffix* कार्य जैसे examination.

-ative -अ' टिव *suffix as* argumentative.

atlas ऐट' लस *n*. **1** map मानचित्रावली^{F}; **2** (anatomy) शीर्षधर; **3** (maths.) सचित्रावली^{F}.

atmo- ऐट्' मॅ- (borrowing from Greek) वात-, वायु-. **~sphere** ऐट्' मॅस्फ़िअर *n*. (usu. sing.) **a** (geog., phy.) वायुमण्डल; **b** environment वा़तावरण; **c** stellar परिमण्डल. **~spheric** ऐट्मॅस् फ़ॅ रिक *a*. (no c.s.) वायुमण्डलीय;. **~spheric pressure** *n*. वायुमण्डलीय दबाव; **~spherics** ऐटमॅस् फ़ॅ ' रिक्स *n*. (pl.) वायुवैद्युत क्षोभ.

atoll ऐ' टॉल *n*. प्रवाली^{F}, प्रवालद्वीप.

atom ऐ' टॅम *n*. **1** (phys.) परमाणु. **~bomb** *n*. परमाणु बम; **2** (non-assertive) small bit छोटा टुकड़ा. **~ic** अटॉ' मिक *a*. (no c.s.) **a** concerning atom परमाणविक; **~ic age** *n*. परमाणु युग; **~ic energy** *n*. परमाणु ऊर्जा^{F}; **~ic physics** *n*. **a** परमाणु भौतिकी; **b** परमाणु बम युक्त; **c** minute सूक्ष्म, लघु. **~ic language** *n*. मूलज भाषा; **~ic number** *n*. परमाणु संख्या^{F}; **~ic weight** *n*. परमाणु भार; **~ically** ऐ' टामिक्लि *adv*.; **~icity** ऐ' टॅमॉसिटि n^{u}. परमाणुकता^{F}, परमाणवीयता^{F}; **~ism** ऐ' टॅमिज़्म n^{u}. परमाणुवाद; **~ist** ऐ' टॅमिस्ट *n*. परमाणुवादी; **~istic** ऐटॉ मिस्' टिक *a*. परमाणुवाद सम्बन्धी; **~ize** ऐ' टॅमाइज *v.t.* (~ise) परमाणु में परिणित करना; **~ization** ऐटॅमाइ जे' शन n^{u}. कणीकरण, कणन; **~izer** ऐ' टॅमाइज़र *n*. **a** कणित्र; **b** sprayer सीकरवर्षा. **~izing** ऐ' टॅमाइज़िङ्ग *n*. कणीकरण, कणन; **~y** ऐ' टॅमि *n*. **a** अणु; **b** pygmy बौना.

atonal ए टो' ऩल *a*. (music) आधार-स्वरहीन; **~ly** *adv*.; **~ity** एटो नै' लिटि, ऐटो नै' लिटी n^{u}. (music) आधार स्वरहीनता^{F}.

atone अ टोन' *v.i.* (for) **1** प्रायश्चित करना; **2** क्षतिपूर्ति^{F} करना. **~ment** n^{u}. **a** प्रायश्चित; **b** amends क्षतिपूर्ति^{F}, हरजाना.

atonic ऐ टॉ' निक *a*. (lings.) निराघात, आघातहीन. **~form** *n*. निराघात रूप; **atony** ऐ' टॅनि *n*. **a** (phon.) बलाघात-शून्यता^{F}; **b** weakness शक्तिहीनता^{F}, दुर्बलता.

atop अ टॉप' *prep*. (lit.) के शिखर पर, के ऊपर.

-ator -एटॅर *suffix* -व्यक्ति या-वस्तु^{F} जैसे dictator.

atrip अ ट्रिप' *adv*. उठाए हुए (लंगर).

atrium ए' ट्रिअम *n*. **1** (archit.) प्रांगण, बेह़ड़ा; **2** (zool.) cavity परिकोष्ठ.

atrocious अ ट्रो' शॅस *a*. **1** cruel नृशंस; **2** bad बुरा, भद्दा. **~ly** *adv*.; **atrocity** अ ट्रॉ' सिटि *n*. **a** n^{u}. cruelty नृशंसता^{F}; **b** n^{c}. evil act अ़त्याचार; **c** n^{c}. ugly thing भद्दी या अरुचिकर वस्तु^{F}.

atrophy ऐ' ट्रॅफ़ि I n^{u}. (sing.) **a** (biol.) क्षीणता^{F}, अपुष्टि^{F}; **b** (soc.) शोष; II *v.t.i.* क्षीण करना/हो जाना, अपक्षय करना/होना.

attach अ टैच' *v.t.* **1** (to) fasten, join संलग्न करना, जोड़ना; **2** (law) confiscate ज़ब्त करना, कुर्की^{F} करना; **3** attribute प्रदान करना. **~to** *v*. **a** (D.o.) cause to join as a member मिल जाना, का सदस्य; **b** *v.t.* come to चिपके रहना, प्रदान करना; **c** *v.t.* come from से उत्पन्न होना/आना, **~importance to** महत्त्वपूर्ण समझना; **be ~ed to** का शौकीन होना; **~able** अ टै' चॅबल *a*. कुर्कीयोग्य, संलग्नीय; **~ed** अ टैच्ड' *a*. **a** joint संलग्न; **b** seized कुर्क किया हुआ. **~ment** अ टैच्' मन्ट *n*. **a** n^{u}. (to) act of ~ing संलग्न, संयोजन; **b** n^{c}. (thing) संलग्न वस्तु^{F}; **c** n^{c}. (to) fondness आसक्ति^{F}; **d** n^{uc}. (law) seizure कुर्की^{F}. **~ment order** *n*. ज़ब्ती, कुर्की आदेश.

attache अ टै' शे *n*. (Fr.) सहचारी. **~case** *n*. अटैची^{F}, सन्दूक.

attack अ टैक' I *n*. **1** n^{uc}. assault आक्रमण; **2** n^c. (on) hostile words आक्षेप; **3** n^{uc}. start प्रारम्भ; **4** n^c. (of) (बीमारी^{F} का) दौरा; II *v*. **1** *v.i.t.* assault आक्रमण करना; **2** speak against आक्षेप करना; **3** of disease आक्रान्त करना; **4** begin with eagerness उत्साह के साथ प्रारंभ करना. ~**able** अ टै' कॅबल *a*. आक्रमणीय; ~**ed** अ टैक्ड' *a*. आक्रान्त; ~**er** अ टै' कर *n*. आक्रामक, आक्रमण करनेवाला.

attain अ टेन' *v.t.* **1** प्राप्त करना; **2** reach पहुँचना. ~**to** *v*. (no pass.) इच्छित स्थान पर पहुँचना; ~**able** अ टे' नॅबल *a*. प्राप्य, साध्य; ~**ment** अ टेन' मन्ट *n*. लब्धि^{F}, उपलब्धि^{F}, प्राप्ति^{F}.

attainder अ टेन्' डर *n*. (law) संकुलषीकरण, नागरिक अधिकार वंचन.

attemper अ टॅम्' पर *v.t.* **1** moderate मंद करना, हल्का करना; **2** control नियन्त्रित करना; **3** soothe शांत करना.

attempt अ टॅम्प्ट' I n^c. (at) प्रयास. ~**on someone's life** हत्या करने का घातक प्रयास; II *v.t.* प्रयत्न करना; ~**able** अ टॅम्' टॅबल *a*. यतनीय; ~**ed** अ टेम्' टिड *a*. प्रयासित; ~**ed rape** *n*. प्रयासित बलात्कार.

attend अ टॅण्ड' *v.i.* **1** pay attention to ध्यान देना; **2** *v.t.* present उपस्थित होना; **3** *v.i.t* (on, upon) minister सेवा^{F} करना, परिचर्या^{F} करना; **4** *v.t.* go with के साथ जाना. ~**to** *v.t.* **a** help सहायता करना; **b** direct हाथ में लेना, देखना; ~**ance** अ टॅन्' डन्स *n*. **a** n^u. attending सेवा^{F}, परिचर्या^{F}; **b** n^{uc}. (at) presence उपस्थिति^{F}; **c** (sing.) (at) number present हाज़िरी^{F}. ~**ant** अ टॅन्' डन्ट I *a*. (on) **a** connected with सहवर्ती, आनुषंगिक. ~**ent circumstances** *n*. (pl.) सहवर्ती दशाएँ^{F}; **b** परिचारी; II **a** n^c. servant परिचर, नौकर; **b** n^c. guide निर्देशक.

attention अ टॅन्' शन I *interj*. सावधान; II *n*. **1** watchfulness ध्यान, अवधान; **2** notice सावधानी^{F}; **3** n^c. (oft. pl.) courtesy आदर-सत्कार; **4** n^c. military position सावधान स्थिति^{F}. **attentive** अ टॅन्' टिव *a*. **a** alert सावधान; **b** polite भद्र, शिष्ट, विनम्र. **attentively** *adv*.; **attentiveness** n^u. एकाग्रता^{F}, सावधानी^{F}.

attenuate अ टॅ' न्युएट *v.t.i.* तनु करना, क्षीण करना. ~**d** अ टॅ' न्युटिड *a*. तनु, क्षीण; **attenuation** अटॅन्यु ए' शन n^u. **a** (bot.) क्षीणन, क्षीणता^{F}; **b** संकीर्णता^{F}. **attenuator** अटॅन्यु ए' टर *n*. तनुकारी.

attest अ टॅस्ट' *v*. **1** *v.t.* declare प्रमाण देना, स्पष्ट कर देना, **2** *v.t.* (law) सत्य बोलने की शपथ^F दिलाना; **3** *v.t.* give proof of तसदीक^F करना, सत्यापित करना; **4** (law) गवाही^{F} देना, साक्ष्य देना. ~**to** *v.t.* प्रमाण देना; ~**ed** अ टॅस्' टिड *a*. अनुप्रमाणित, साक्ष्यांकित; ~**ed copy** *n*. साक्ष्यांकित प्रति; ~**er** अटॅस्' टर *n*. साक्ष्यांकक; ~**ation** ऐटॅस् टे' शन n^{uc}. सत्यापन, साक्ष्यांकन.

attic ऐ' टिक *n*. अटारी^{F}.

attire अ टाइर' I n^u. वस्त्र, परिधान; II *v.t.* वस्त्र पहनना.

attitude ऐ' टिट्यूड *n*. **1** (phy. geol.) अभिवृत्ति; **2** posture भंगिमा^{F}; **3** opinion विचार भाव. **attitudinize** ऐटि ट्यु' डिनाइज़ *v.i.* कृत्रिम मुद्रा^{F} बनाना, दिखावा करना; **attitudinizing** ऐटि ट्यु' डिनाइज़िङ्ग *n*. अभिवृत्तिकरण.

attorn अ टर्न' *v.t.* **1** transfer हस्तांतरित करना; **2** स्वामी के रूप में मान लेना.

attorney अ टॅर्' नि *n*. न्यायवादी, वकील. **power of~** *n*. मुख्तारनामा; ~**general** (usu. cap.) महान्यायवादी.

attract अट्रैक्ट' *v.t.* **1** cause to like आकर्षित करना; **2** draw आकृष्ट करना, लुभाना. ~**able** अ ट्रैक्' टॅबल *a*. आकर्षणीय; ~**ion** अ ट्रैक्' शन *n*. **a** act of attracting आकर्षण विधि; **b** n^u. charm मनोहरता^{F}; **c** (lings.) अन्वयाकर्षण. ~**ive** अ ट्रैक्' टिव़ *a*. **a** आकर्षक; **b** pretty सुन्दर ~**ively** *adv*.; ~**ness** n^u. मनोहरता^{F}, आकर्षकता.

attribute ऐ' ट्रिब्यूट *n*. **1** quality गुण, विशेषता^{F}; **2** symbol प्रतीक; **3** (lings.) विशेषण, गुणवाचक. ~**to** *v*. **a** (D.o., D.v.) को श्रेय देना; **b** (D.o., usu. pass.) का लिखा मानना, से संबंधित मानना. **attributable** अ ट्रि' ब्यूटॅबल *a*. आरोप्य, आरोपणीय; **attribution** ऐट्रि ब्यू' शन n^{uc}. **a** ascription आरोपण; **b** authority अधिकार; **c** (phil.) गुणारोपण. **attributive** अ ट्रि' ब्युटिव़ (i) *a*. (no c.s.) **a** of an attribute लाक्षणिक; **b** (lings.) गुणवाचक; (ii) *n*. विशेषण पद, गुणवाचक शब्द.

attrition अ ट्रि' शन n^u. **1** wearing away संनिघर्षण; **2** tiring and fatigue थकान^F एवं कमज़ोरी^{F}; **3** (ethics) अनुशय.

attune अ ट्यून' *v*. (usu. pass.) अनुकूल करना, सुर^F मिलाना. ~**ment** *n*. समस्वरता^{F}.

atypical ए टि' पिकल *a*. अप्ररूपी. ~**child** *n*.

अप्ररूपी बालक.

aubade ओ बाड′ *n.* (music) प्रभाती.

aubergine ओ′ बरय़ीन n^{uc}. बैंगिनी रंग.

auburn आ′ बर्न n^{u}./*a.* सुनहरा-भूरा.

auction ऑक्′ शन I *n.* नीलामी. ~**sale** *n.* नीलामी से बिक्री^{F}; II *v.t.* (off) नीलाम करना या कराना. ~**eer** ऑक्शॅ नि′ अर *n.* नीलामकर्ता; ~**eering** ऑक्शॅ नि′ अरिङ्ग *a.* नीलाम विधि.

audacious आ डे′ शस *a.* **a** bold, brave दुःसाहसी, निर्भीक; **b** presumptuous गुस्ताख़, निर्लज्ज. **audacity** आ डै′ सिटि *n.* **a** n^{u}. boldness बहादुरी^{F}, निर्भीकता; **b** n^{u}. rudeness गुस्ताख़ी^{F}, धृष्ठता^{F}. ~**ly** *adv.* निर्भीकता से.

audible ऑ′ डिबल *a.* श्रव्य, कर्णगोचर. **audibility** आडि बि′ लिटि n^{u}. श्रव्यता^{F}; **audibly** *adv.*; **audience** आ′ डिअन्स *n.* **a** (theat.) श्रोता, श्रोतावृन्द; **b** n^{c}. meeting औपचारिक बैठक; **c** n^{u}. (law) सुनवाई^{F}; **audience hall** *n.* सभा मंडप.

audio- आ′ डिओ *a.* (no c.s.) प्रसारण संबंधित.

audio- ऑ′ डिओ- *comb.* श्रवण का-. ~**frequency** *n.* श्रव्यंता-आवृत्ति^{F}; ~**meter** *n.* श्रव्यतामापी; ~**-visual** *a.* (no c.s.) दृश्य-श्रव्य; ~**-visual aid** *n.* दृश्य-श्रव्य साधन.

audit ऑ′ डिट I *n.* लेखा परीक्षा^{F}; II *v.t.* लेखा-परीक्षा^{F} करना. ~**or** ऑ′ डिटर *n.* **a** लेखा परीक्षक; **b** (rare) hearer श्रोता.

audition आ डि′ शन I *n.* **1** hearing test स्वर परीक्षण; **2** n^{u}. hearing श्रवण शक्ति; **3** श्रवण; II *v.t.i.* श्रवण परीक्षा^{F} देना, श्रवण परीक्षा करना. **auditive** ऑ′ डिटिव *a.* श्रवण संबंधी; **auditorium** ऑडि टॉ′ रिअम *n.* रंगभवन, श्रोताकक्ष, प्रेक्षागृह; **auditory** ऑ′ डिटॅरि *a.* (no c.s.) **a** श्रवणात्मक; **b** (lit.) श्रोतावर्ग. **auditory nerve** *n.* श्रवण तंत्रिका^{F}.

au fait ओ फ़ें इ′ *a.* (Fr.) विशेषज्ञ.

au fond ओ फ़ॉ′ *adv.* वास्तव में, गहराई^{F} में.

Aug. *abbr.* August अगस्त (वर्ष का आठवाँ मास).

augend ऑ′ जें न्ड *n.* connector योजक.

auger ऑ′ गर *n.* बरमा.

aught ऑट *pron.* कुछ भी, किंचित्. **for ~I know/care** (lit.) जो कुछ मैं जानता हूँ.

augment ऑग् मेंन्ट′ *v.t.i.* **a** बढ़ाना, बढ़ना; **b** (lings.) आगम. ~**or** ऑग् में न्′ टर *n.* आवर्धक; ~**ation** ऑग्में न् टे′ शन n^{uc}. संवर्धन; **augmentative** ऑग् में न्′ टॅटिव़ *a.* **a** संवर्धी; **b** (lings.) वृहद्वाचक.

augur ऑ गर I *n.* शकुनज्ञ, आगमा; II *v.t.* (for) शकुन निकालना/बताना. ~**well/ill (for)** शुभ और अशुभ की सूचना^{F} देना. ~**y** ऑ′ ग्युरि *n.* **a** n^{uc}. foreboding शकुन-विचार; **b** n^{c}. (sign) शकुन.

august ऑ गॅस्ट *a.* (lit.) गरिमापूर्ण.

August ऑ′ गस्ट n^{c}. अगस्त.

aunt आन्ट n^{c}. (oft. cap.) **1** father's sister बुआ^{F}; **2** mother's sister मौसी^{F}; **3** father's brother's wife चाची^{F}, काकी^{F}; **4** mother's brother's wife मामी^{F}.

au pair ओ पेंअर′ (Fr.) *a.* use of arrangement whereby girls perform light domestic duties in exchange for board, lodging and pocket money ऐसी व्यवस्था जिसमें भोजन, आवास व जेबखर्च के बदले में लड़कियाँ हल्का घरेलू काम करती हैं.

aura ऑ′ रॅ *n.* **a** feeling पूर्वाभास; **b** shining shadow प्रभामण्डल; **c** गौरव.

aural ऑ′ रल *a.* श्रव्य, कर्णज. ~**signal** *n.* **a** श्रव्य संकेत; **b** ध्वनि संकेत.

aureate ऑ′ रिइट *a.* स्वार्णिम, सुनहला.

aureole ऑ′ रिउल *n.* प्रभामण्डल, प्रभावली^{F}.

auricle ऑ′ रिकल *n.* **1** (of ear) बाहरी कान; **2** (of heart) अलिंद. **auricular** ऑ रि′ क्युलर *a.* (no c.s.) कार्णिक, कर्णसंबंधी; **auricular artery** *n.* कर्ण-धमनी^{F}; **aurist** ऑ′ रिस्ट *n.* कर्णचिकित्सक.

auriferous ऑ रि′ फ़रस *a.* स्वर्णमय, स्वर्णयुक्त.

aurora अ रॉ′ रॅ *n.* **1** ऊषाकाल, ऊषा^{F}; **2** (geog.) ध्रुवीय ज्योति^{F}. ~**borealis** *n.* उत्तरध्रुवीय ज्योति^{F} ~**australis** दक्षिण ध्रुवीय ज्योति

auscultate ऑस्′ कॅल टेट *v.t.i.* परिश्रवण करना. **auscultation** ऑस्कॅल टे′ शन n^{uc}. परिश्रवण.

auspicate ऑस′ पिकेट *v.t.* शकुन विचारना. **auspice** ऑस्′ पिस *n.* शकुन, शकुन-विचार.

auspices आस्′ पिसिज़ *n.* (pl.) तत्त्वाधान, संरक्षण. **under the ~of** के तत्त्वाधान में.

auspicious ऑस पि′ शस *a.* **1** favourable अनुकूल; **2** lucky भाग्यशाली, शुभ.

austere ऑस् टिअर′ *a.* **1** hard कठोर; **2** self-controlled आत्म-संयमी; **3** serious गंभीर; **4** plain सतही, आडम्बरहीन^{F}; **5** (bot.) कषाय. **austerity** ऑस् टें′ रिटि *n.* **a** plainness सादगी^{F}; **b** (ethics) तप, अतिसंयम.

autarch ऑ′ टार्क *n.* dictator तानाशाह. **autarchy** ऑ′ टार्कि n^{uc}. निरंकुश शासन/प्रभुत्ता^{F}.

autarky ऑ′ टार्कि n^{uc}. आत्मनिर्भर अर्थतंत्र, आत्म-

निर्भरता^{F};अपने ऊपर निर्भर रहना

authentic ऑ थेंन्' टिक *a.* **1** genuine अधिप्रमाणित; **2** sincere असली, सच्चा. **~ate** ऑ थेंन्' टिकेट *v.t.* **a** prove अधिप्रमाणित करना; **b** prove to be true सच्चा सिद्ध करना. **~ated** ऑ थेंन्' टिकेटिड *a.* प्रमाणीकृत; **~ation** ऑथेंन्टि के' शन n^{u}. प्रमाणीकरण; **~ator** ऑ थेंन्' टिकेटॅर *n.* प्रमाणक, प्रमाणकर्ता; **~ity** ऑथेंन् टि' सिटि n^{u}. प्रामाणिकता^{F}, अधिप्रामाणिकता^{F}.

author ऑ' थर *n.* लेखक,रचनाकार. **~ess** ऑ' थॅरिस *n.* लेखिका^{F}, रचयित्री^{F}; **~ship** -शिप n^{u}. **a** कर्तृत्व; **b** origin स्रोत.

authority ऑ थॉ' रिटि *n.* **1** n^{u}. sovereignty सत्ता^{F}, प्रभुत्व; **2** n^{c}. (oft. pl.) expert प्राधिकारी; **3** n^{u}. (oft. pl.) expert प्राधिकारी; **4** influence प्रभाव; **5** right प्राधिकार; **6** n^{c}. (sing.) proof प्रमाण, आधार; **7** n^{c}. (lit.) प्रमाण ग्रन्थ; **8** (adm.) प्राधिकरण; **9** (log.) आप्तवचन.

authoritarian ऑथॉरि टे' रिअन I *a.* सत्तावादी; II *n.* अधिकारवादी; **authoritarianism** ऑथॅारि टे' अरिअनिज़्म *n.* **a** सत्तावाद, अधिकारवाद; **b** (phil.) आप्तवाद; **authoritative** ऑ थॉ' - रॅटॅटिव़्, *a.* **a** सत्तावादी; **b** standard प्रामाणिक; **authoritative writing** *n.* प्रामाणिक लेखन; **c** possessing power प्राधिकृत. **authoritative decision** *n.* प्राधिकृत निर्णय; **authoritatively** *adv.*; **authoritativeness** n^{u}. प्राधिकारिता^{F}; **authorize** ऑ' थॅराइज़ *v.* *also* **authorise** **a** *v.t.* (D.v.) give power to को अधिकार देना, प्राधिकृत करना; **b** permit के लिए अनुमति देना; **c** *v.t.* (pass.) justify औचित्य सिद्ध करना. **authorized** प्राधिकृत; **authorised dealer** *n.* प्राधिकृत व्यापारी; **authorized edition** *n.* अधिकृत संस्करण; **authorized version** *n.* *also* **king's version** (बाइबिल का) प्राधिकृत पाठ; **authorization** ऑथॅराइ ज़े' शन n^{uc}. प्राधिकरण, अनुज्ञप्ति.

autistic ऑ टिस्' टिक *a.* स्वलीन, स्वैरचिंतक. **~child** *n.* स्वलीन बालक; **autism** ऑ'. टिज़्म n^{u}. स्वैर चिंतन, स्वलीनता^{F}.

auto ऑ' टो n^{c}. (by +) (Am.) कार.

auto- ऑॅटो- *comb.* स्व-, स्वतः-, आत्म-. **~biography** *n.* आत्मकथा^{F}, आत्मचरित; **~biographical** *also* **~biographic** *a.* आत्मकथा-संबंधी; **~biographer** *n.* आत्मकथा-लेखक; **~biographically** *adv.* आत्मकथात्मक; **~cephalous** *a.* स्वाधीन; **~-changer** *n.* स्वतः परिवर्तक यंत्र; **~eroticism** स्वरति^{F}, हस्तमैथुन; **~gamy** ऑ टो' गॅमि *n.* स्वक युग्मन; **~genous** *a.* स्वजात; **~gency** *n.* स्वजनन; **~graph** (i) *n.* **a** स्वाक्षर, हस्तलेख; **~graph book** *n.* हस्तलेख, हस्ताक्षर पुस्तिका; **b** (lib. sc.) अनुमुद्रण यन्त्र; (ii) स्वहस्त लेखन करना; **~graphic** *a.* स्वतः लेखी; **~graphy** ऑ टॉ-' ग्रफ़ि **a** स्वाक्षरिकी^{F}; **b** अनुमुद्रण. **~lysis** *n.* आत्मलयन; **~suggestion** *n.* आत्मसंसूचन.

autocrat ऑ' टॅक्रैट *n.* dictator तानाशाह, स्वेच्छाचारी शासक/व्यक्ति. **~ic** ऑटॅ क्रै' टिक *a.* स्वेच्छाचारी, निरंकुश; **~ically** *adv.* निरंकुशता से; **autocracy** ऑ टॉ' क्रसि n^{uc}. **a** एक तंत्र; **b** एकाधिपत्य.

automat ऑ' टॅमैट *n.* स्वचालित.

automate ऑ' टॅमेट *v.t.i.* यंत्र से काम करना. **automatic** ऑटॅ' मै' टिक I *a.* **a** (of machine) स्वचालित, automatic action स्वचालित क्रिया^{F}; **b** self-moving स्वचलित; II n^{c}. स्वचालित हथियार तथा मोटर आदि; **automation** आटॅ मे' शन n^{u}. स्वचलन, स्वचालितता; **automatism** ऑ टॅ' मॅटिज़्म n^{uc}. **a** अन्तः प्रेरणावाद; **b** स्वचलता; **c** यंत्रवाद. **automatization** ऑटॅ' मॅटि जे' शन n^{u}. स्वचलीकरण.

automaton ऑ टॉ' मॅटन *n.* **1** (thing, machine) स्वचालित यंत्र; **2** (person) यंत्रवत् चलनेवाला प्राणी.

automobile ऑ' टॅमॅबील *n.* स्वचालित वाहन/कार.

autonomous ऑ टॉ' नॅमस *a.* स्वायत्त, स्वतन्त्र. **~settlement** *n.* स्वशासित बस्ती; **~ly** *adv.*; **autonomy** ऑ टॉ' नॅमि n^{u}. स्वायत्त शासन.

autopsy ऑ' टॉप्सि *n.* शव-परीक्षा^{F}.

autumn ऑ' टॅम n^{uc}. शरद्. **~crop** *n.* खरीफ़; **~session** *n.* शरद् सत्र; **~al** ऑ टॅम्' नल *a.* शरद्कालीन.

auxanometer आक्सॅ नॉ' मिटर *n.* वृद्धिमापी.

auxiliary ऑग् ज़ि' लियॅरि I *a.* सहायक. **~capital** सहायक पूंजी^{F}; **~current** *n.* सहायक धारा^{F}; **~organisation** *n.* सहायक संगठन; **~verb** *n.* **1** सहायक क्रिया^{F}; **2** additional अतिरिक्त; **3** supplementary पूरक; II *n.* **1** assistant सहायक; **2** (lings.) सहायक क्रिया^{F}.

av. *abbr.* **1** average; **2** avoirdupois.

avail अ वेल' I *v.i.* (esp. with not) काम, आना, उपयोगी होना. **~of** (no pass.) लाभ उठाना; II n^{u}. लाभ.

available अ वे' लबल *a.* प्राप्य, उपलब्ध. **~assets** *n.* प्राप्य परिसम्पत्तियाँ^{F}; **availability** अवे़लॅ बि' लिटि n^{u}. प्राप्यता^{F}, उपयुक्तता^{F}.

avalanche ऐ' वॅलान्श *n.* **1** mass of snow हिमधाव; **2** (usu. sing.) बौछार^F, वर्षा^{F}.

avarice ऐ' वॅरिस n^u. लालच. **avaricious** ऐवॅ रि' शस *a.* लालची; **avariously** *adv.*

Ave. *abbr.* avenue.

avenge अ वॆॅन्ज' *v.t.* (on, upon) प्रतिशोध लेना, बदला चुकाना. ~**r** अ वे़ॅन्' जर *n.* प्रतिशोधी.

avenue ऐ' विन्यू *n.* **1** alley वृक्षवीथि^{F}; **2** way of approach रास्ता, पथ, मार्ग.

aver अ वर' *v.t.* निश्चयपूर्वक कहना.

average ऐ' व़ॅरिज I n^c. **1** mean proportion औसत, माध्य; **2** n^c. (above, below) medium सामान्य; **3** (com.) बीमाक्षति^{F}. ~**bond** *n.* बीमाक्षति-बंधपत्र; II *a.* औसत, सामान्य; III *v.t.i.* **1** औसत होना/निकालना. ~**out** *v.i.* औसत स्तर पर आ जाना; **averaging** ऐ' वॅरिजिङ्ग *n.* मध्यकलन.

averse अ वर्स' *a.* (pred.) (humour) विमुख, अनिच्छुक, प्रतिकूल. **aversion** अ वर' शन **a** n^u. (sing.) dislike विमुखता^{F}, घृणा^{F}; **b** n^u. reluctance विरुचि^{F}; **c** (person) नापसन्द व्यक्ति. **aversive** अ व़र' सिव़ *a.* अपवर्ती, विमुखी; ~**magic** *n.* विवारक जादू; ~**ly** *adv.*

avert अ वर्ट' *v.t.* **1** avoid परिहार करना; **2** (from) फेरना, फेर लेना. ~**ed** अ व़र' टिड *a.* निवारित; ~**ed accident** *n.* निवारित दुर्घटना^{F}.

aviary ए' विअरि *n.* चिड़ियाघर, पक्षीशाला^{F}.

aviate ए' विएट *v.t.* उड़ना (व़ायुयान आदि में).

aviation एवि ए' शन n^u. **1** of (aircraft) विमान चालन; **2** (science) वैमानिकी^{F}; **3** (weapons) वायुसेना के हथियार आदि; **4** (industry) विमान-उद्योग. **aviator** ए' विएटॅर *n.* (old use) वायुयान चालक.

aviculture ए' विकल्चर *n.* पक्षी पालन.

avid ऐ' विड **1** *a.* (for) उत्सुक. **2** लालची. ~**ity** अ वि़' डिटि n^u. उत्सुकता^{F}, उत्कंठा; ~**ly** *adv.* उत्सुकतावश.

avocation ऐवॅ के' शन *n.* उप व्यवसाय.

avoid अ वॉ' इड *v.t.* **1** escape से बचे रहना; **2** keep away from दूर रहना. ~**able** अ व़ाइ' डॅबल *a.* परिहार्य; ~**ance** अ व़ॉइ' डन्स n^u. परिहार; ~**ance of tax** *n.* कर परिहार.

avoirdupois ऐवर्ड पॉ' इज n^u. भार प्रणाली^{F}. (औंस वाली).

avow अ वाउ' *v.t.* (to be) स्वीकार करना, प्रकट रूप से कहना. ~**al** अ व़ाउ' अल n^{uc}. स्वीकारोक्ति^{F}, स्वीकृति^{F}; ~**ed** अ व़ाउड' *a.* घोषित, स्वीकृत; ~**ed age** *n.* घोषित आयु; ~**edly** *adv.*

avuncular अ वंङ्' क्यॅलर *a.* चाचा, मामा आदि का.

await अ वेट' *v.t.* **1** प्रतीक्षा^{F} करना; **2** be ready for के लिए तैयार रहना. ~**ed** अ वे़' टिड *a.* प्रतीक्षित.

awake अ वेक' I *v.* (pa.t.-pa.p. ~d, awoke) **1** जगाना, जागना; **2** *v.t.i.* (to) सचेत या सक्रिय होना. ~**to** *v.t.* समझने लगना; II *a.* **a** not asleep जगा हुआ; **b** conscious जागरूक, सावधान. ~**to** (D.o.) **a** understand समझना; **b** *v.t.* awake सचेत होना. ~**ning** अ वे' कॅनिङ्ग *n.* **a** act of awaking जागना, जगाना; **b** consciousness जागरूकता^{F}. **rude** ~**ning** अरुचिकर वस्तु^{F} से आकस्मिक जागरूकता^{F}.

award अ वार्ड' I *n.* **1** prize पुरस्कार; **2** decision पंचाट, पंचनिर्णय; **3** scholarship शिक्षा वृत्ति^{F}; II *v.* (D.o.) *v.t.* **1** assign प्रदान करना, देना; **2** (law) निर्णय करना. ~**ing authority** *n.* पंचाट प्राधिकारी.

aware अ वॆॅअर' *a.* अवगत, जागरूक. ~**ness** n^u. अभिज्ञा^{F}, अभिज्ञता^{F}, जागरूकता.

awash अ वॉश' *a.* **1** पानी की सतह के बराबर; **2** floating प्लावित, बहता हुआ.

away अ वे **I** ' *adv.* **1** (from) दूसरी जगह पर; **2** at a distance दूर; **3** to an end अंत तक; **4** (at) continuously लगातार, without delay तुरन्त. ~**with** (lit.) दूर ले जाओ; **far and away** अब तक; II *a.* **1** (of sports) विरोधी के यहाँ (खेला गया मैच); **2** दूर.

awe ऑ I n^u. विस्मय, डर, रोब; II *v.* (into) विस्मित कर देना. ~**-inspiring** *a.* विस्मय प्रेरक; ~**-inspiringly** *adv.*; ~**-struck** *a.* भयभीत, विस्मयाभिभूत; ~**some** ऑ' सम *a.* खौफ़नाक, विस्मयाकुल; **awful** ऑ' फल *a.* **a** shocking भयंकर, डरावना; **b** bad, rough बुरा, भद्दा; **c** impressive प्रभावशाली. **awfully** ऑ' फ़लि *adv.* अत्यधिक, बहुत अधिक.

awhile अ व़ाइल' *adv.* थोड़ी देर^F तक.

awkward ऑक्' वर्ड *a.* **1** clumsy भद्दा, बेढंगा; **2** causing difficulty कष्टकर, तकलीफ़देह; **3** (of person) अनाड़ी; **4** embarrassing अनुपयुक्त. ~**customer** *n.* खतरनाक व्यक्ति/पशु; ~**ly** *adv.* भद्देपन से; ~**ness** -नॆॅस n^u. उलझन^F, भद्दापन.

awl ऑल *n.* सूआ, सुतारी^{F}.

awning ऑ' निङ्ग *n.* चंदोवा, सायबान.

A.W.O.L. ए' वॉल *a.* (no c.s.) absent without official leave. बिना छुट्टी^{F} लिए अनुपस्थित.

awry अ राइ′ *a./adv.* **1** bent तिरछा, टेढ़ा; **2** in a wrong manner उलटा-पुलटा.

axe ऐक्स (Am. ax) I *n.* कुठार, कुल्हाड़ी. **give/get the ~** आर्थिक परेशानी^{F} से योजना समाप्त करना; II *v.t.* (Am.) योजना त्याग देना, अचानक बर्खास्त कर देना.

axial ऐक्′सिअल *a.* (biol., geol., math.) अक्षीय, अक्ष. **~passage** *n.* अक्षाकार मार्ग; **axil** ऐक्′सिल *n.* कक्ष; **axilla** ऐक् सि′ला *n.* **a** armpit कांख^{F}; **b** (bot.) कक्ष. **axillary** ऐक्′सिलरि *a.* कक्षीय, कक्षवर्ती.

axiology ऐक्सि ऑ′लजि *n.* मूल्य मीमांसा. **axiological** ऐक्सिअॅ लॉ′ जिकॅल *a.* मूल्याश्रित; **axiological ethics** *n.* मूल्याश्रित नीति^{F}.

axiom ऐक्′सिअम *n.* **1** स्वयंसिद्ध^{F}, स्वयंसिद्ध नियम; **2** postulate अभिगृहीत; **3** maxim सूक्ति. **~atic** ऐक्सिअ मै′टिक *a.* **a** like axioms अभिगृहीतीय; **b** self-evident स्वयंसिद्ध. **~atically** *adv.*; **~atics** ऐक्सिअ मै′टिक्स n^{u}. स्वयंसिद्ध मीमांसा.

axis ऐक्′सिस *n.* **1** अक्ष; **2** axle धुरी^{F}; **3** कल्पित रेखा.

axle ऐक्′सल *n.* धुरी^{F}, धुरा. **~tree** *n.* धुरादण्ड.

axon ऐक्′सान *n.* अक्ष तंतु.

aye आइ, ए I *adv.* **1** (old use) सदैव, लगातार; **2** (poet.) yes हां; II *n.* समर्थन में दिया गया मत. **The ~s have it** संसद^{F} में घोषित करना कि पक्ष में पड़े मतों की संख्या^{F} विपक्ष के मतों से अधिक है.

azimuth ऐ′ज़िमॅथ *n.* (math., phy.) दिगंश. **~al** ऐज़ि म्यू′ थल *a.* दिगंशीय.

azoic ऐ ज़ो′ इक *a.* प्राग्जैविक. **~age** *n.* प्राग्जैविक युग.

azote अ ज़ोट′ *n.* नाइट्रोजन.

azure ऐ′ य़र, ऐ′ ज़्युअर I n^{u}. **1** आसमानी रंग, नभ-सा नीला; **2** आकाश; II *a.* आसमानी.

azygous ऐ′ ज़िगस *a.* अयुग्म.

B b

B, b बी अंग्रेजी वर्णमाला का दूसरा अक्षर, ब.

b. *abbr.* born. जन्म.

B 1 बी वन (in western music) **1** the seventh note in the row of notes पाश्चात्य संगीत में सातवाँ स्वर; **2** musical key based on this note इस स्वर पर आधारित सरगम.

B. A. *abbr.* Bachelor of Arts; कला स्नातक.

baa *also* **ba** बा I *n.* (भेड़ के) मिमियाने की आवाज़^{F}; II *v.i.* (baaed) मिमियाया.

babble बै′बल I *v.* **1** (inarticulately) तुतलाना; **2** (incoherently) बड़बड़ाना; **3** (foolishly) बकवाद करना, बकबक^{F} करना; **4** (of brook) मरमराना, सरसराना; **5** (blab) भेद खोलना, प्रकट करना; II n^{u}. **1** foolish talk मूर्खता^{F} की बात^{F}; **2** confused sound of many people talking बड़बड़^{F}, बड़बड़ाहट^{F}; **3** sound of water running gently over rounded stones कलकल^{F} ध्वनि^{F}. **~r** बैब्′ - लर *n.* **a** tell-tale chatterer बकवादी; **b** blabber पेट का हल्का.

babe बेब n^{c}. **1** baby बच्चा, शिशु; **2** gentle(man) भोला-भाला व्यक्ति; **3** a girl एक लड़की.

babel बे′बल n^{u}. कोलाहल, शोर.

baboon बै बून′ *n.* एक बंदर जाति.

baby बे′बि I n^{c}. **1** a very young child शिशु; **2** a very young animal or bird बहुत छोटा जानवर या पक्षी; **3** the youngest of a group समूह का सबसे छोटा; **4** a small member of a group किसी समूह का छोटा सदस्य; **5** a person who behaves like a baby बच्चे की तरह व्यवहार करने वाला; **6** a person esp. a girl or woman एक व्यक्ति विशेषतया एक लड़की^{F} या स्त्री^{F}; II *v.i.* बच्चे के समान व्यवहार करना. **~carriage** -केरिज् *n.* बच्चागाड़ी^{F}; **~hood** -हुड *n.* शैशव; **~ish** -इश *a.* बच्चे के समान; **~minder** -माइंडर *n.* बच्चों का ध्यान रखने वाला व्यक्ति; **~sit** -सिट *v.i.* बच्चों की देखभाल^{F} करना; **~sitter,** बे′बि-सिटर *n.* (माता-पिता के दूर रहने पर) बच्चों की देखभाल^{F} करने वाला व्यक्ति; **~talk** n^{u}. speech-like sounds that babies make in the early stages of learning language बच्चों की तुतलाहट^{F}; the speech that fully grown people say to babies, intended to be like baby talk बच्चों से तुतलाकर बोलना; **~tooth** -टूथ n^{c}. दूध के दाँत,

baccarat, baccara बै कॅरा' *n.* ताश से जुये का खेल.

baccate बै' केट *a.* **a** सरस; **b** जामुन या बेर की आकृति का.

bacchanal बै' कॅनैल, बै' कॅनाल *n.* मद्यप्रिय, शराबी. ~**ia** बै' क ने' लिअ *n.* मद्यपानोत्सव; ~**ian** बै कॅ नै' लिअन *a.* मद्योत्सव संबंधी, मद्यप्रिय.

baccy बै' कि n^u. तम्बाकू.

bachelor बै' चॅलर *n.* **1** unmarried man कुँआरा; **2** (academic) स्नातक. ~**girl** *n.* कुँआरी लड़की^{F}, अविवाहित स्त्री^{F}; ~**hood** *n.* **a** bachelordom कुँआरापन, कौमार्य; **b** state of becoming bachelor स्नातकत्व. ~**'s degree** *n.* स्नातक की उपाधि^{F}.

bacillary बै सि' लरि *a.* **1** of bacillus दण्डाणु का; **2** bacilliform दण्डाकार; **3** caused by bacilli दण्डाणुज, दण्डाणु. **bacillus** बैसि' लस *n.* (pl. bacilli) **a** rod-shaped bacteria दण्डाणु; **b** a bacterium एक जीवाणु.

back बैक I *n.* **1** (of man, animal, dress, chair, book) पीठ^F, पृष्ठ; **2** (of hand) पृष्ठभाग, करपृष्ठ; **3** (of house) पिछवाड़ा; **4** hinder part पीछा, पृष्ठभाग; **5** reverse उल्टा; **6** backbone रीढ़^{F} की हड्डी^{F}; **7** strength बल, ताक़त^F; **8** vat नाँद^F; **9** backplayer (of football, hockey etc.) फुटबाल, हॉकी^{F} आदि में पीछे का खिलाड़ी. **at one's~** पीठ^F पर (समर्थन करते हुए); ~**to**~ पीठ^F से पीठ^F मिलाकर; **break the~ of** जी-तोड़ कार्य करना; **be glad to see the ~ of someone** किसी के चले जाने पर प्रसन्न होना; **have/with one's ~to the wall** (infml.) संकट में होना; **on one's ~** बिस्तर पर, बीमार; **put one's ~ into** परिश्रम करना; **put someone's ~ up** (infml.) चिढ़ाना; ~ **less** (no c.s.) पृष्ठहीन; **turn one's ~ on** कतरा जाना; **know** (esp. a place) **like the ~ of one's hand** (infml.) अच्छी तरह से जानना; **turn one's ~ on** से मुँह फेर लेना; ~**ache** बै' क एक n^{uc}. पृष्ठशूल; ~**bite** बैक्' बाइट *v.* (किसी की) चुग़ली^{F} करना, पीठ^F-पीछे निन्दा^{F} करना; ~**biter** बैक्' बाइटर *n.* चुग़लख़ोर, पिशुन, परोक्ष निन्दक; ~**biting** बैक्' बाइ' टिङ *n.* चुग़लख़ोरी^{F}, पिशुनता^{F}; ~**bone** बैक्' बॉन *n.* **a** spine रीढ़^{F}, मेरुदण्ड; **b** support अवलंब, आधार; **c** strength चरित्रबल. ~**breaking** बैक् ब्रे' किङ *a.* कमरतोड़, सख्त; ~**chat** बैक् चैट' n^u. मूर्खता^{F} की बात^F, उद्दण्डता; ~**cloth** बैक्' क्लॉथ *n.* पृष्ठपट, पृष्ठपरदा; ~**drop** बैक्' ड्रॉप *n.* पृष्ठपट; ~**gammon** बैक् गै' मन *n.* एक प्रकार का खेल; ~**of beyond** *n.* दूरवर्ती स्थान; ~**slide** बैक्' स्लाइड *v.t.* धर्मच्युत होना, धर्म त्याग देना; ~**slider** बैक्' स्लाइडर *n.* धर्मत्यागी, पथभ्रष्ट; ~**stay** बैक्' स्टे *n.* पीछे का सहारा; ~**talk** बैक्' टॉक n^u. see ~**chat** बैक्' चैट; ~**ward** बैक्' वार्ड *a.* **a** reversed उल्टा; **b** reluctant अनिच्छुक; **c** shy संकोची; **d** retarded पिछड़ा, फिसड्डी. ~**wards,** ~**ward** *adv.* **a** (also in time) पीछे की ओर; **b** oppositely उल्टे ढंग से. ~**wards and forwards** पहले एक दिशा^{F} में फिर दूसरी दिशा^{F} में; ~**bend/lean over** ~**wards** उतना कठिन प्रयत्न करना जितना कि सम्भव हो; **know something** ~**wards** किसी को अच्छी तरह से समझना या जानना; ~**wardation** *n.* मंदी^{F}- बदला; ~**wardness** *n.* पिछड़ापन; II *adv.* **1** towards or at the back पीछे की ओर^F; **2** (from the front, the speaker etc.) away (सामने या वक्ता से) दूर, परे; **3** to former position वापस; **4** in return बदले में; **5** ago पहले; III *a.* **1** at the rear पिछला; **2** distant दूरवर्ती; **3** of past time पिछला, पहले का; **4** (phon.) पश्च; **5** reversed उल्टा. ~**bench** बैक्' बेंच् *n.* (संसद् में) पीछे की बैठकी^{F}, ~**bencher** बैक्' बेंच्र *n.* पश्चासीन (कक्षा^{F} आदि में पीछे बैठनेवाला); ~**board** बैक्' बोर्ड *n.* पिछला तख़्ता, पृष्ठ-फलक; ~**comb** बैक्' कांब *v.t.* विपरीत दिशा^{F} में बालों को सँवारना/कंघा करना; ~**cross** बैक्' क्रॉस *n.* संकर; ~**date** बैक्' डेट *v.t.* पिछली तारीख^F डालना; ~**dive** बैक्' डाइव *n.* पीठ करके डुबकी^{F}; ~**door** बैक' डोर (i) *n.* पिछला दरवाज़ा, पिछला द्वार; (ii) *a.* **a** last पिछला; **b** secret गुप्त, लुका-छिपा. ~**fire** बैक्' फायर (i) *n.* **a** प्रतिज्वलन; **b** (of engine) प्रतिविस्फोटन; (ii) *v.i.* व्यर्थ या निष्फल होना. ~**formation** बैक्' फारमे' शन *n.* पश्च रचना^{F}, ~**ground** बैक्' ग्राउण्ड (i) *n.* scene in the rear पृष्ठभूमि^{F}, पृष्ठिका^{F}; (fig.) भूमिका^{F}, पृष्ठिका^{F}, पूर्वपीठिका^{F}; unimportant position पृष्ठिका^{F}, अप्रसिद्धि^{F}; (ii) *a.* पृष्ठभूमिक. ~**ground information** कुछ समझने के लिए आवश्यक सूचना; ~**handstroke** बैक्' हैंड्' स्ट्रोक (i) *n.* **a** (tennis) उल्टे हाथ का प्रहार; **b** (in swimming) पीठ के बल पीछे हाथ मारना; **c** (in writing) बायें मुड़ी हुई लिपि; (ii) *adv.* उल्टे हाथ. ~**handed** बैक्' हैंडिड् *a.* **a** not direct परोक्ष, अप्रत्यक्ष; **b** clumsy भद्दा; **c** opposite प्रतिकूल; **d** equivocal द्वयर्थक; **e** insincere कपटपूर्ण;

~**hander** बैक्' हैंडर *n.* उल्टे हाथ से प्रहार; ~**lash** बैक्' लेश *n.* **a** recoil पिच्छट, प्रतिक्षेप; **b** (play) ढीलापन. ~**log** बैक्' लॉग n^{c}. पिछले आर्डरों का ढेर, कार्य संच्चय; ~**most** बैक्' मोस्ट *a.* सबसे पिछला; ~**number** बैक्' नंबर *n.* पुराना अंक, पश्च अंक; ~**passage** बैक्' पैसिज् *n.* गुदा^{F}; ~**pay** बैक्' पे *n.* पिछला वेतन; ~**pedal** बैक् पें' डल *v.* उल्टा पैडल मारना; ~**room boy** बैक्' रूम ब्वॉय, *n.* अज्ञातरूप से किसी महत्त्वपूर्ण काम में संलग्न (व्यक्ति); ~**seat** बैक्' सीट *n.* पिछली सीट^{F}; ~**seat driver** बैक्' सीट' ड्राइवर *n.* पीछे सीट^{F} पर बैठने वाला चालक; ~**set** बैक्' सेट *n.* **a** check रोक^{F}, अवरोध; **b** defeat हार^{F}; **c** current प्रतिकूल धारा^{F}. ~**side** बैक्' साइड *n.* चूतड़, नितम्ब; ~**sight** बैक्' साइट् *n.* पश्चावलोकन; ~**stage** बैक्' स्टेज् *adv.* **a** behind the stage (in a theatre) नेपथ्य में; **b** in secret गुप्त. ~**stairs** बैक्' स्टेऑंरस *also* ~**stair** (i) (नौकर के या निजी प्रयोग के लिए बनी) सीढ़ियाँ^{F} ; (ii) *a.* गुप्त, कपटपूर्ण. ~**street** बैक्' स्ट्रीट *n.* मुख्य गली^{F}से पीछे की गली; ~**wash** बैक्' वाश *n.* **a** thrown water प्रक्षिप्त जल; **b** (fig.) प्रतिक्रिया^{F}. ~**water** बैक्' वाटर *n.* **a** stagnant अप्रवाही जल; **b** (fig.) पिछड़ापन. ~**woods** बैक्' वुड्ज़ (i) *n.* कान्तार, अरण्य; (ii) *a.* वन्य, जंगली ~**woodsman** बैक्' वुडज़ मैन *n.* **a** one who lives in forests बनवासी, जंगली; **b** a member of the British House of Lords who hardly ever attends its meeting हाउस ऑफ लाईस का सदस्य, जो इसमें यदा-कदा ही जाता है; ~**yard** बैक्' यॉर्ड *n.* मकान के पीछे का आँगन; IV *v.t.* **1** go backward पीछे जाना; **2** support समर्थन करना; **3** bet on पर बाजी^{F} लगाना; **4** cause to go backwards पीछे जाने देना; **5** mount पर चढ़ना, सवार होना; **6** endorse पृष्ठांकन करना; **7** provide with a back पृष्ठाधान करना. ~**the wrong horse** (not fml.) हारने वाले का समर्थन करना; ~**out of** बैक्' आउट' ऑफ **a** मुकरना, मुकर जाना, **b** से फिर जाना. ~**away** बैक्' अवे *v.i.* खिसक जाना; ~**down** बैक्' डाउन *v.t.* दावा त्यागना; ~**er** बै' कर *n.* **a** supporter समर्थक; **b** better बाजी^{F} लगाने वाला. ~**ing** बै' किङ्- (i) *n.* **a** (physical) पुश्ता, पृष्ठाधान; **b** moral समर्थन, प्रोत्साहन, पृष्ठपोषण; (ii) *a.* **a** supporter समर्थक; **b** assistant सहायक. ~**track** बैक्' ट्रैक *v.t.* रास्ते से वापस जाना; ~**up** बैक्' अप *v.* **a** support उत्साह बढ़ाना, समर्थन देना; **b** (in sailing) pull tight (खेने में) रस्सी^{F} को कसकर खींचना.

bacon बे' कन n^{u}. (नमकीन) सूअर मांस.

bacteria बैक् टी' रिअ *n.* (sing.) *pl.* **bacterium** जीवाणु. ~**l** बैक् टि' रिअल *a.* (no c.s.) जीवाणु, जीवाण्विक; **bacteriology** बैक् टि अरि ऑ' लॅजि n^{u}. जींवाणु विज्ञान; **bacteriologist** बैक्' टीरि ॲा' लॅजिस्ट *n.* जीवाणु विज्ञानी; **bacteriolysis** बैक्' टीरि ऑ' लॅसिस *n.* जीवाणु लयन; **bacteriophage** बैक्' टीरिअ' फेज '- *n.* जीवाणु भोजी.

baculine बै' क्युलिन *a.* दण्डात्मक.

bad बैड *a.* *comp.* *sup.* **worse, worst** **1** not of acceptable quality खराब, बुरा; **2** inferior घटिया, निकृष्ट; **3** wicked बुरा, दुष्ट; **4** unfit अयोग्य, अनुपयुक्त; **5** unskilled अकुशल, अदक्ष; **6** unfavourable अशुभ, बुरा; **7** incorrect अशुद्ध; **8** corrupt दूषित, भ्रष्ट; **9** invalid अमान्य; **10** (of coin) खोटा; **11** defective सदोष; **12** (of debt) अप्राप्य, अशोध्य, डूबा हुआ; **13** injurious हानिकारक; **14** ill अस्वस्थ, बीमार; **15** severe प्रचण्ड, उग्र. **a** ~**lot/egg/hat/type** *n.* रद्दी आदमी; (act) **in** ~**faith** बेईमानी^{F} से (करना); ~**blood** बैड' ब्लड *also* ~**feeling** बैड फीलिंग n^{u}. कटुता^{F}, दुर्भाव; ~**company** बैड' कंपनी *n.* कुसंग; ~**conductor** बैड' कंडक्टर *n.* कुचालक; ~**debt** बैड' डेंट् *n.* बुरा कर्ज़, डूबी हुई रकम^{F}; ~**faith** बैड' फेथ *n.* असद्भाव; **feel**~**about** किसी के बारे में दुखी होना या लज्जित होना; ~**form** बैड' फॉर्म n^{u}. अस्वीकार्य व्यवहार; **go from** ~**to worse** बद से बदतर होना; **go**~ खाने के अयोग्य होना; **have/get a** ~**name** बदनाम होना; **in a** ~**temper** क्रुद्ध, (be) **in a** ~**way** बहुत बीमार पड़ना/गम्भीर कष्ट में होना; **make the best of a** ~**job** कठिन परिस्थिति^{F} में भरसक अच्छा करना; ~**ness** बैड' नेंस् (i) n^{u}. खराबी^{F}, दुष्टता^{F}; (ii) *n.* बुरा. **not** ~**/not so** ~**/not half** ~ (infml.) कुछ बुरा नहीं; ~**tempered** बैड' टेंम' पर्ड् *a.* चिड़चिड़ा; **with** (a) ~**grace** अनिच्छापूर्वक; **go to the**~ बुरे ढंग से रहना शुरू करना; **take the**~ **with the good** जीवन में अच्छी^{F} और बुरी दोनों स्वीकार करना.

bade बैड, बेड *past t. -past. p. of bid* कहा.

badge बैज *n.* **1** (material) बिल्ला, तमग़ा; **2** sign लक्षण, चिह्न.

badger बै' जर I *n.* **1** an animal बिज्जू; **2** the skin बिज्जू का चमड़ा; II *v.t.* तंग करना.

badinage बै' डि नेज I n^{u}. हँसी^{F}, दिल्लगी^{F} II *v.* परिहास करना.

badly बैड्' लि *adv.* **1** in a bad manner बुरी तरह^F; **2** (esp. of competitions) by a great deal (विशेषतया प्रतियोगिताओं^{F} में) बहुत बुरी तरह; **3** (with "want", "need" etc.) a great deal, very much बहुत अधिक. ~**off** *a.* **a** poor ग़रीब; **b** unlucky अभागा, बदनसीब.

badminton बैड' मिन् टंन n^u. टेनिस के समान एक खेल, बैडमिंटन.

baffle बै' फ़ल I *v.t.* **1** futile व्यर्थ या निष्फल कर देना; **2** perplex चकरा देना, घबरा देना; **3** hinder रोकना, बाधा डालना; II *n.* व्यारोध, बाधा, रोक. ~**plate** बै' फ़ल·प्लेट *n.* बाधक पट्टी^{F}; **baffling** बै' फ़ॅलिङ्ग *a.* **a** perplexing चकरा देने वाला, विस्मयकारी; **b** inscrutable रहस्यमय. **bafflingly** *adv.* रहस्यमय ढंग से.

bag बैग I *n.* **1** a container made of soft material थैला, झोला, बैग; **2** sack बोरा; **3** quantity of small birds or animals shot or caught शिकार. ~**and**~**gage** *adv.* बोरिया-बिस्तर; ~**ful** बैग्' फ़ुल *n.*, ~**fuls,** ~**sful** थैलाभर; ~**gage** बै' गॅ जं् n^u. **a** all the bags and other containers with which a person travels सभी झोले और अन्य वस्तुएं^{F} जो एक व्यक्ति यात्रा में ले जाता है; **b** tents, beds etc. (esp. of an army) which they take with them तंबू, बिस्तरे आदि एक सेना का, जो वे अपने साथ ले ज़ाते हैं. ~**s** (i) *n.* (pl.) **a** many bags कई झोले; **b** wide trousers for men आदमियों के लिए चौड़े पायज़ामे; (ii) *interj.* bags (used by children) **a** पहले पहुँचने पर पहला हक जताना, I'll do it, not you. मैं इसे करूंगा, तुम नहीं; **b** it is mine, don't touch it यह मेरी है, इसे मत छूओ; II *v.t.* **1** put (material or objects in large quantities) into a bag/bags थैले में भरना; **2** capture पकड़ना; **3** kill मारना; **4** swell उभरना, फूलना.

bagasse ब गेस्' *n.* खोई^F (चीनी निर्माण में प्राप्त गन्ने का सूखा चूरा).

bagatelle बै गॅ टॅ ल n^u. **1** a kind of game एक प्रकार का खेल; **2** n^c. trifle तुच्छ वस्तु^{F} या नगण्य वस्तु^{F}; **3** n^c. small piece of music संगीत का छोटा टुकड़ा.

baggage room बै' गेज् रुम *n.* सामान घर.

baggy बै' गि *a.* ढीला-ढाला.

bagnet बै' गनट् *n.* डोल जाल.

bagnio बा' न्यो *n.* **1** brothel वेश्यालय; **2** prison कारागृह; **3** bathroom स्नानगृह.

bagpipes बैग्' पाइप्स *also* **pipes** *n.* मशकबीन^F.

bah बा *interj.* घृणासूचक शब्द, छिः छिः.

bail बेल I n^u. ज़मानत^F, प्रतिभूति. II *n.* **1** bailsman ज़मानतदार, प्रतिभू, जामिन; **2** (cricket) गुल्ली^{F}; **3** hoop चक्करदार. ~**bond** -बेल' बॉन्ड *n.* ज़मानतनामा; III *v.* **1** release ज़मानत^F पर छोड़ना या छुड़ाना; **2** (goods) धरोहर^F रखना, अमानत^F रखना; **3** (water) उलीचना. ~**able** -बेल' एँ' बल *a.* ज़मानती, प्रतिभाव्य, काबिले ज़मानत; ~**ee** बे' लि *n.* अमानतदार, धरोहर^F लेने वाला, उपनिहिती, निक्षेपिती; ~**ment** -बेल' में न्ट' *n.* ज़मानत^F पर रिहाई^F; ~**er** बे' लर *n.* धरोहर^F देने वाला, निधाता, निक्षेपक; ~**out** -बेल' आउट *v.t./adv.* **a** obtain (someone's) freedom by paying money (bail) to ensure appearance in court किसी का ज़मानत^F पर छूटना; **b** remove water from (a boat) (नाव^F से) पानी उलीचना.

bailey बे' लि *n.* **1** outer wall of a castle दुर्ग की बाहरी दीवार^F; **2** a courtyard inside outer walls of a castle दुर्ग की बाह्य दीवारें^{F} के मध्य का आँगन.

bailiff बे' लिफ़ *n.* बेलिफ़, आसेधक, कारिंदा.

bairn बें अन, बें अर्न' *n.* एक बच्चा, शिशु.

bait बेट I *v.t.* **1** to set food on a hook to catch fish or in a trap to catch animals (कटिया^{F} से) मछली^{F} पकड़ना अथवा (जाल में) जानवरों को पकड़ना; **2** lure प्रलोभन देना, लुभाना, ललचाना; **3** torment सताना; II *n.* **1** food as lure चारा; **2** that attracts attention or causes desire प्रलोभन; **3** halt पड़ाव, ठहराव. **rise to the**~ (of a fish) come and take ~ near the surface of the water (मछली^{F} का) आना और जल सतह के पास से चारा लेना; (of a person) be influenced by something offered as bait (व्यक्ति के बारे में) प्रलोभन द्वारा प्रभावित होना; ~**ing** बे' टिङ्ग *n.* **1** संतापन **2** चारा लगाना.

baize बेज़ n^u. बनात^F (एक प्रकार का रोएंदार ऊनी कपड़ा).

bake बेक' *v.t.* **1** cook using dry heat in a special box (an oven) किसी चूल्हे या बाक्स में सेंकना या पकाना; **2** become hard by heating गर्म करने से कठोर होना. **baking powder** बे' किंग पाउडर n^u. पाकचूर्ण; ~**r** बे' कर *n.* नानबाई; ~**r's dozen** बे'कर्स डज़न *n.* तेरह; ~**ry** बे' करि *n.* पाकशाला^{F}, पाकस्थान.

bakelite बे' कॅ लाइट n^u. एक प्रकार का काला

प्लास्टिक.

balaclava cap बै' लॅ क्लावॅ कैंॅप *n*. सिर ढँकने का एक गर्म ऊनी-टोप.

balalaika बै लॅ लाइ' कॅ *n*. गिटार की तरह एक तिकोना रूसी तीन तारा वाद्ययंत्र.

balance बै' लेन्स I *n*. **1** n^c. scales तराजू^{F}, तुला^{F}; **2** n^c. counterpoise पासंग, संतुलनभार, प्रतिभार; **~weight** पासंग; **3** n^u. (sing.) equilibrium संतुलन; **~of power** *n*. शक्ति संतुलन; **hold the ~ of power** शक्ति-संतुलन अपने हाथ में रखना; **keep/loose one's~** संतुलन रखना/खो देना; **4** n^c. (usu. sing.) remainder बाकी, शेष, अतिशेष. **~in hand** रोकड़ बाकी^{F}, हस्तस्थ शेष, समक्ष शेष; **~in trade** व्यापारान्तर; **closing~** अंतशेष, इतिशेष; **opening~** अथशेष, आदिशेष; **5** (F.A.) जवाब; **6** (zodiac) तुला^{F}. **in the~** अनिश्चित; **off~** असन्तुलित रूप से, गिरने के खतरे में; **on~ (with)** सभी पहलुओं या वस्तुओं^{F} पर विचार करके; **strike a~** न्यायपूर्ण व्यवस्था^{F} करना; **~sheet** *n*. तुलनपत्र, वित्तीय स्थिति-विवरण, पक्का-चिट्ठा; **~wheel** *n*. संतोलक चक्र; II *v*. **1** *v.t.* consider, compare तुलना^{F} करना; **2** *v.t.i.* make/be steady संतुलित करना/रहना; **3** *v.t.i.* (cause to) be of equal weight etc. भार बराबर करना/होना, संतुलित करना; **4** *v.t.i.* equalize debit and credit खाता बराबर करना; **5** weigh तौलना; **6** (accounts) शेष या बकाया निकालना; **7** settle account चुकता देना. **~d** बै' लेन्स्ड *a*. संतुलित; **~d budget** बै' लेन्स्ड बज़ट *n*. संतुलित बजट; **~d diet** बै' लेन्स्ड डाइट *n*. संतुलित आहार; **~r** बै' लेन्सर n^c. संतुलक; **balancing** बै' लेन्सिङ्ग (i) n^u. **a** संतुलन; **b** (accounts) शेष निकालना, बाकी^{F} निकालना; (ii) *a*. (F.A) संतोलक.

balcony बैल्' कनि *n*. (theat.) छज्जा, आलिन्द, बालकनी^{F}, ऊपर वाली गैलरी^{F}.

bald बॉल्ड *a*. **1** hairless गंजा; **2** plain सादा, अनलंकृत. **~land** -लैण्ड n^c. वृक्षहीन-भूमि^{F}; **3** bare नंगा, अनावृत; **4** dull नीरस, रूखा. **~ly** *adv*. रूखे ढंग से; **~ness** -नेंस n^u. **a** गंजापन; **b** dullness रूखापन.

baldachin बॉल्' डॅकिन *n*. चंद्रातप, चंदोवा, वितान.

balderdash बॉल्' डर्डैश n^u. बकवास^{F}, बकबक^{F}, प्रलाप.

baldric बॉल' ड्रिक *n*. परतुला, परतली^{F}, तलवार-पेटी^{F}, तलवार रखने की म्यान.

bale बेल I n^c. (of) गांठ^{F}, गट्ठा. **~fire**-फायर उत्सवाग्नि^{F}; II *v.t.* उलीचना; **~ful** बेल्' फ़ुल *a*. हानिकर, अनिष्टकर; **~r** -लर n^c. गाँठ^{F} बाँधने वाला.

baleen बॅ लीन^{F} n^c. तिमि शृंगास्थि^{F}, ह्वेल की हड्डी^{F}.

balk, baulk बॉक, बॉल्क I *n*. **1** beam शहतीर; **2** hindrance बाधा^{F}, रुकावट^{F}; **3** ridge मेड़^{F}; **4** (obs.) disappointment, failure निराशा,^{F} विफलता^{F}; II *v.t.* **1** stop रोकना, बाधा^{F} डालना; **2** (archaic) fail to use का लाभ न उठाना; **3** *v.i.* stop ठहरना.

ball बॉल *n*. **1** (in play) गेंद, कन्दुक. **play the~** (Am.) **a** (play) बेसबाल खेलना; **b** to help सहयोग करना; **2** a round bullet, shell गोली^{F}, गोला; **3** round object गोला, पिंड; **~cock** -कॉक *n*. गोला-टोंटी^{F}; **~point** -प्वाइंट *n*. गोल नोक^{F} वाली कलम^{F}, बॉल पेन; **4** (in dance) बॉल नृत्य. **~room** -रूम *n*. नृत्य-कक्ष; **carry the ~** उत्तरदायित्व लेना; **keep the ~rolling** चलाये चलना, जारी रखना; **on the ~ 1** सावधान; **2** किसी स्थिति से पूर्ण सम्पर्क रखना. **the ~ is in your court** उत्तर देने की जिम्मेदारी^{F} तुम्हारी है; **~y** बॉ' लि *a*. (no c.s; attri.) खूनी, घातक.

ballad बै' लड *n*. गाथागीत. **~monger** -मोन्गर तुक्कड़; **~e** बै' लाड *n*. समत्रिपदी^{F}.

ballast बै' लस्ट I *n*. **1** gravel रोड़ी^{F}, गिट्टी^{F}; **2** (of ship) नीरम, स्थिरक, पूरक भार. II *v.t.* (arch.) गिट्टी^{F} भरना.

ballerina बैलॅरी' नॅ *n*. बैले नर्तकी^{F}, नर्तकी^{F}.

ballet बै' ले *n*. नृत्य-रूपक. **corps de~** बैले नर्तकियों^{F} का समूह.

ballistic बॅ लिस' टिक *a*. (no c.s.) प्राक्षेपिक. **~efficiency** -एफिश्यंसि *n*. प्राक्षेपिक दक्षता^{F}; **~missile** -मिसाइल *n*. प्रक्षेपास्त्र; **~s** बॅ लिस' टिक्स n^u. प्राक्षेपिकी^{F}.

balloon बॅ लून I *n*. **1** rubber bag गुब्बारा. **~barrage** -बैरेज *n*. गुब्बारों का घेरा; **2** (F.A.) कुंभ, गोलक; **3** (journ.) पात्रोक्ति^{F}. **the ~ goes up** कार्य प्रारम्भ होता है; II *v*. **1** *v.i.* (out, up) get bigger and bigger गुब्बारे की तरह फूलते जाना; **2** fly हवा में उड़ान^{F} करना. **~ing** -निङ्ग n^u. गुब्बारा उड़ाना; **~ist** -निस्ट n^c गुब्बारेबाज़.

ballot बै' लट I *n*. **1** n^c. vote paper मतदान-पत्र, मत-पत्र. **~box** -बाक्स *n*. मतपेटी^{F}, मतपत्र-पेटी^{F}; **~paper** -पेपर *n*. मतपर्ची^{F}, मत-पत्र; **2** (the) system of secret voting गुप्त मतदान (पद्धति^{F}); **3** (the +) right to vote मताधिकार; **4** n^c. a chance to vote मतदान अवसर; **5** n^c. (pl.) मतों की संख्या; II *v.i.* (for) गुप्त

मतदान द्वारा निर्णय करना, गुप्त मत देना.

ballyhoo बैलि हू' n^u.बेहूदा प्रचार, धूमधामी विज्ञापन, शोरगुल.

balm बाम n^{uc}. **1** oily liquid मलहम, मरहम; **2** soothing object शामक, उपशामक वस्तु. **~y** बामि *a.* **a** (of air) mild हल्की, सुहावनी; **b** soothing उपशामक; **c** fragrant सुगन्धित.

balnea बैल्' निॲ *n.* सार्वजनिक स्नानागार. **~l** बैल्' निअल *a.* स्नान-सम्बन्धी; **balneology** बैल्नि ऑ' लाजि *n.* स्नान-चिकित्सा^{F} विज्ञान.

baloney बॅ लो' नि n^u. बकवास^F, कपटवार्ता^{F}

balsa बॉल्' सॅ n^{uc}. एक वृक्ष.

balsam बॉल्' सम *n.* **1** n^c. (plant) गुलमेंहदी; **2** n^c. balm producing tree मोखा, मलहम वाला वृक्ष; **3** n^{uc}. balm मलहम^F

baluster बै' लस्टर *n.* (archit.) लघु स्तम्भ, क्षुद्र स्तम्भ.

balustrade बैलस् ट्रेड' *n.* **1** altar वेदिका,^{F} जंगला; **2** (of pillar) स्तम्भ-वेष्टन.

bamboo बैम् बू' n^{uc}. बांस, वेणु. **~-curtain** -करटेन *n.* बांस का पर्दा; चीन और अन्य संसार के बीच की सीमा^{F} का नाम.

ban बैन I *n.* (on) **1** order to check पाबन्दी^{F} आदेश, प्रतिबन्ध आदेश; **2** (state of affairs) पाबंदी^{F}, रोक^F, निषेध, प्रतिबंध; II *v.t.* मना करना, रोक^F लगाना, प्रतिबन्ध लगाना. **~ned** बैन्ड् *a.* वारित, प्रतिषिद्ध; **~ned book** बैन्ड् बुक *n.* प्रतिबान्धित पुस्तक^F.

banal बॅ नाल, ब नैल *a.* (derog.) तुच्छ, घिसापिटा. **~ity** n^{uc}. तुच्छता^{F}, अन्वयता^{F}.

banana ब ना' नॅ *n.* केला, कदली^{F}. **~republic** -रिपब्लिक *n.* औद्योगिक रूप से अविकसित दक्षिण अमेरिका के छोटे गणराज्य.

banausic ब नॉ' सिक *a.* ग्राम्य, प्राकृत, अशिष्ट.

band बैन्ड I *n.* **1** piece of material पट्ट, पट्टी^{F}, फीता; **2** stripe धारी^{F}; **3** a group of people दल, मण्डली^{F}, टोली^{F}; **4** (music.) बैंड. **~master** -मास्टर *n.* बैंड मास्टर; **Band Aid** -एड *n.* (Am.) एक प्रकार का प्लास्टर; **~box** -बॉक्स *n.* डिब्बा, पिटारा; **~stand** -स्टैंड *n.* चंबूतरा; **~wagon** -वैगन *n.* बैंड वैगन. **jump on the ~ wagon** और बहुत से व्यक्तियों के करने या कहने के कारण स्वयं करना/कहना प्रारंभ कर देना; II *v.t.* फीता लगाना, धारियां^{F} बनाना; **~together** *v.i.* (against) एक हो जाना, संगठित हो जाना; **~age** -एज (i) *n.* पट्टी^{F}; (ii) *v.t.* (up) पट्टी^{F} से बाँधना. **~anna** (or) **~ana** बैन् डै' नॅ *n.* रंगबिरंगा रूमाल; **~eau** बैन्' डो- *n.* (pl. **~eaux**) बाल बांधने का फीता; **~s man** *n.* बैंड बजाने वाला; **~ed** बैन्' डिड *a.* पट्टित.

banderol (e) बैन्' डरोल *n.* **1** belt उद्भृत पट्टिका^{F}, उभारदार पट्टी^{F}; **2** (archit.) नक्काशीदार जंगला.

b and b *abbr.* bed and breakfast. निवास तथा प्रातः जलपान. **bandicoot** बैन्' डिकूट *n.* घूस, सबसे बड़े आकार का चूहा.

bandit बैन्' डिट *n.* दस्यु. **~ry** बैन्' डिट्रि n^u दस्युता^{F}

bandoleer बैन्डॅ लिअर' *n.* (also) **bandolier** कारतूस पेटी^{F}.

bandy बैन्' डि I *a.* **1** (of legs) bent, crooked टेढ़ी, झुकी; **2** (of animal and person) टेढ़ी टांगों^{F} वाला; II *v.t.* **1** interchange (words) कहना-सुनना; **2** toss फेंकना, मारना. **~words with** *v.t.* झगड़ा करना, कहा-सुनी^{F} करना; **~about** *v.t.* (oft. pass.) **a** spread about by talking बात^F फैलाना; **b** talk disrespectfully अनादरपूर्वक बात^F करना.

bane बेन *n.* अनिष्ट का कारण. **~ful** -फ़ुल *a.* **a** destructive विनाशकारी, नाशकारक; **b** poisonous विषैला, विषाक्त. **~fully** -फ़ुलि *adv.* विनाशकारी ढंग से, विषाक्तता पूर्वक.

bang बैङ्ग I *n.* **1** a sharp blow तीव्र आघात; **2** a sudden loud noise धमाका, धड़ाका; **3** a sudden strong effort सहसा प्रयास; **4** (Am.) a lot of excitement उत्तेजना^{F}; **5** n^c. (oft. pl. with sing. meaning) hair (cut straight across the forehead) माथे की लट^F, बालों की लटकन^F. **go off** (Am. over) **with a ~** बहुत सफल होना; II *v.* **1** *v.t.* strike sharply ज़ोर से आघात करना, मारना; **2** to cause to knock भड़भड़ाना, खटखटाना; **3** *v.t.* cut hair माथे की लट^F काटना. **~away** -अवे *v.i.* (at) (किसी वस्तु को मारते/पीटते हुये) जोर की आवाजें करना; **~into** -इनटू *v.t.* संयोग से टकरा कर दूसरी वस्तु के अन्दर चले जाना, संयोग से मिल जाना. **~out** -आउट *v.t.* **a** perform music loudly जोर से संगीत वादन करना; **b** write in haste शीघ्रता^{F} में लिखना; **~up** -अप *v.t.* क्षति^{F} पहुँचाना, चोट^F पहुँचाना; III *adv.* ठीक सीधे, ठीक से; **~er** *n.* पटाखा, आतिशबाज़ी; **~on** -ऑन *interj.* बिल्कुल ठीक, सही; **~up** *a.* (no c.s., attri.) बहुत अच्छा.

bangle बैन्' गल *n.* कंकड़, कड़ा, कटक, चूड़ी^{F}.

banian, banyan बै' निअन *n.* **1** a tree बरगद का वृक्ष; **2** trader बनिया.

banish बै' निश *v.t.* (oft. + from) **1** exile निर्वासित करना, देश निकाला देना; **2** stop thinking about सोचना बन्द कर देना. ~**ment** -मन्ट *n.* देश निकाला, निर्वासन.

banister बै' निस्टर *n.* सीढ़ियों^{F} का जंगला.

banjo बैन' जो *n.* (pl. -jos, -joes) (music) बैंजो, एक वाद्ययंत्र.

bank बैङ्क I *n.* **1** (of river) किनारा, तट, तीर; **2** mass टीला, ढ़ेर, पुंज; **3** a slope ढाल^F; **4** sandbank रेती^{F}; **5** a row पंक्ति^{F}; **6** (com.) बैंङ्क, अधिकोष. ~**book** -बुक *n.* (also pass book) बैंङ्क बहीखाता; ~**draft** -ड्राफ़्ट *n.* बैंङ्क ड्राफ्ट; **7** money जुआ खेल में सामने रखा धन. **break the** ~ सामने रखा धन जीत लेना; **8** (of plane) करवट^F; **9** (journ.) शीर्ष. ~**of light** *n.* (phy.) दीप पुंज; II *v.* **1** *v.i.* (of a car or air craft) to move करवट^F लेना; **2** *v.t.* to keep money in a ~ बैंक में जमा करना; **3** (with) keep one's money धन रखना. ~**on** -ऑन (upon) *v.t.* (no pass.) निर्भर रहना, विश्वास करना; ~**up** -अप **a** *v.t.i.* form into a mass ढेर या पुंज में परिवर्तित हो जाना; **b** *v.t.* heap earth बांध बनाना; **c** *v.t.* form fire into heap to control it आग^F नियंत्रित करने के लिये उसे एकत्र करना. ~**able** बैंङ्क' कॅबल *a.* बैङ्क ग्राह्य; ~**er** बैङ्' कर *n.* **a** a person महाजन, साहूकार; **b** a player बाज़ी^{F} लगाकर खेलने वाला. ~**ing** बैङ्' किङ्ग n^u अधिकोषण, महाजनी^{F}, बैङ्क व्यवसाय.

bankrupt बैङ्' क्रप्ट I *n.* **1** insolvent debtor दिवालिया व्यक्ति; **2** undeserving person अच्छे गुणों से वंचित व्यक्ति; II *v.* दिवालिया बना देना, अत्यन्त गरीब बना देना; III *a.* **1** (no c.s.) insolvent दिवालिया; **2** (derog.) iacking in (usu. good quality) वंचित; **3** (derog.) no longer able असमर्थ (अच्छा प्रस्तुत करने में); **4** (pred. + in or of) (derog.) completely without (अच्छी चीज़ों^{F} से) वंचित, रहित. ~**cy** बैङ्' क्रप्ट्सि *n.* **a** n^u. the quality of being ~ दिवालियापन, असमर्थता^{F}; **b** n^c. an example of this दिवाला; **c** n^u. complete failure to produce anything good (अच्छी चीज़^{F} प्रस्तुत करने में) पूर्ण असफलता^{F}.

banner बै' नर I *n.* **1** a flag झंडा; **2** ensign पताका^{F}, ध्वजा^{F}; **3** (journ.) महाशीर्ष. ~**headline** -हेड' लाइन *n.* महाशीर्ष; **under the** ~ **of** के नाम पर; II *a.* (no c.s.) बहुत अच्छा.

bannock बै' नक *n.* बाजरे आदि की रोटी^{F}.

banns बैन्ज़' *n.* (pl.) विवाह सूचना^{F}, विवाह-घोषणा^{F}. **publish the** ~ इसे चर्च में पढ़ो.

blend ब्लेंन्ड I *n*. **1** mixture मिश्रण, सम्मिश्रण; **2** (lings.) संयुक्त शब्द; II *v*. **1** *v.t.i.* (together, with) cause to mix मिलाना, मिलना; **2** *v.t.* produce by mixture मिलाकर बनाना, उत्पन्न करना; **3** *v.i.* (well, with) harmonize मेल खाना, अनुरूप होना; **4** *v.i.* (into) become combined संयुक्त होना. ~**in** *v*. **a** *v.i.* (with) harmonize अनुरूप हो जाना, मेल खाना; **b** mix in मिलाना; ~**ed** ब्लेंन' डिड *a*. मिश्रित; ~**er** ब्लेंन्' डर *n*. सम्मिश्रक; ~**ing** ब्लेंन्' डिङ्ग *n*. मिश्रण.

bless ब्लेंस *v.t.* (past t. past p. ~ed, or blest ब्लेंस्ट) **1** ask God's favour for वरदान मांगना; **2** hallow पवित्र घोषित करना, अभिमंत्रित करना; **3** praise पूजा^{F} करना, प्रशंसा^{F} करना; **4** give a blessing आशीर्वाद देना. ~**with** *v.t.* के साथ होना (के साथ आशीर्वाद देना) (be ~ed with); ~**ed** ब्लें ' सड *a*. **a** holy पवित्र, धन्य; **b** (attri.) happy प्रसन्न, वांछनीय; **c** (religion) अभिमंत्रित. **of ~ed memory** प्रातःस्मरणीय; ~**edly** ब्लें ' सिडिलि *adv*. आशीर्वादात्मकता^{F} से; ~**edness** ब्लें ' सिडनेंस n^u. धन्यता^{F}; **single ~edness** *n*. अविवाहित जीवन; ~**ing** ब्लें सिङ्ग *n*. **a** n^c. आशीर्वाद; **b** n^c. gift from God कृपादान, वरदान; **c** n^u. approval अनुमोदन, प्रोत्साहन. **ask a ~ing** भोजन के समय ईश्वर को धन्यवाद; **a ~ing in disguise** गुप्त लाभ, दुःख के रूप में सुख.

blether ब्लें ' दर, *also* **blather** *n*. nonsense talk प्रलाप, बकबक^F. ~**ing** ब्लें ' दरिङ्ग *a*. प्रलापी.

blight ब्लाइट I n^u. (of plants) a disease अंगमारी^{F}, चित्ती^{F}; **2** destruction विनाश, अस्तव्यस्तता अर्थव्यवस्था^{F}. **cast/put a ~ on/upon** विनाशकारी या दुखदायी प्रभाव होना; II *v.t.* **1** destroy नष्ट करना; **2** wither सुखाना, मुरझा जाना; **3** disappoint निराश कर देना. ~**ed** ब्लाइ' टिड *a*. शीर्ण; ~**ed area** *n*. गंदी बस्ती^{F}, झौंपड़ पट्टी^{F} (मराठी^{F}).

blimp ब्लिम्प् *n*. a small airship छोटा वायुयान.

blind ब्लाइण्ड I *a*. (the + pl.) unable to see अंधा, नेत्रहीन. ~**fold** *n*. आंख की पट्टी^{F}; (of person) अविचारी; (of acts) अंधाधुन्ध; II **blindly** *adv*. **a** आंखों पर पट्टी^{F} बांधे हुये; **b** (fig.) बिना सोचे-समझे. ~**man's buff** *n*. **1** आंख-मिचौली^{F}; **2** (pred., to) of poor understanding अज्ञानी, हतबुद्धि; **3** careless लापरवाह, विचारहीन; **4** without purpose निरुद्देश्य; **5** (no c. s.) (geo. phy.) प्रच्छन्न, अंध, छिपा हुआ. ~**alley** *n*. बंद गली^{F}; ~**flying** *n*. अंध उड़ान^F; ~**region** *n*. अंध प्रदेश; ~**spot** *n*. **a** (place) अंधस्थल; **b** point अंधबिन्दु. **c** beyond understanding समझ^F के बाहर; **d** (part of the road) अंध सड़क^F, अदृश्य सड़क^F. ~**stitch** *n*. अप्रत्यक्ष-टांका; ~**vein** *n*. प्रच्छन्न सिरा; **turn a ~ eye (to)** न देखने का बहाना करना, ध्यान न देना; **(a case of) the ~ leading the ~** मूर्ख व्यक्ति या कम जानकारी^{F} के व्यक्ति का अपने से कम मूर्ख को सलाह देना; III *v*. **1** make blind अंधा करना; **2** make unable to understand समझने में समर्थ न होने देना; **3** obscure धुंधला कर देना. ~**fold** *v*. आंखों^{F} पर पट्टी^{F} बांधना; IV *n*. **1** (oft. pl. with sing. meaning) (Am. window shade) curtain परदा; **2** n^c. (usu. sing.) excuse बहाना; **3** shutter झिलमिली^{F}; **4** obstruction आड़^{F}, ओट^F. ~**ers** ब्लाइन्' डर्ज़ *n*. (pl.) **a** (of horse) अंखौडा; **b** incapability to understand समझने की अक्षमता^{F}. ~**ing** ब्लाइन्' डिङ्ग

a. अंधकार, अधकारक; ~**ly** *adv.* अंधेपन से, अज्ञानता^{F} से; ~**ness** -नेंस n^{u}. अंधापन.

blink ब्लिङ्क I *v.* **1** *v.t.i.* wink rapidly आंख का झपकना, मुलमुलाना; **2** *v.i.* (of distant lights) twinkle टिमटिमाना; **3** *v.t.i.* overlook अनदेखी^{F} करना, ध्यान न देना; **4** signal संकेत करना. ~**the fact** तथ्य के विषय में सोचने से इन्कार करना; ~**at** *v.t.* आश्चर्य प्रकट करना; ~**away** *v.t.* आंख^{F} झपकाकर दूर करने का प्रयत्न करना; II *n.* **1** winking झपकी^{F}, निमेषण; **2** glimmer चमक^{F}; **3** moment क्षण. **on the** ~ (of machine) ठीक से काम न करना; ~**ered** ब्लिन्'कर्ड *a.* (no c.s.) (of a horse) (अंखौड़ा) अंधेरी^{F} पहने हुये; ~**ers** ब्लिन्'कर्ज़ *n.* (pl.) *also* Am. **blinders** (of horse) **a** अंखोड़ा, अंधेरी; **b** Am. **blinders** (inability to understand) नासमझी^{F}, अंधापन. ~**ing** ब्लिन्'किङ्ग *n.* टिमटिमाना.

blip ब्लिप *n.* **1** sound of machine मशीन की संक्षिप्त आवाज़^{F}; **2** image (of radar) (राडार के पर्दे पर) प्रतिबिम्ब.

bliss ब्लिस n^{u}. highest happiness परम आनन्द, चरमसुख. ~**ful** *a.* आनन्दपूर्ण, आनन्दमय; ~**fully** *adv.* परम आनन्द^{F} से; ~**fulness** -फ़ुल्नेंस n^{u}. आनन्दमयता^{F}.

blister ब्लिस्'टर I *n.* (of skin) फफोला; छाला; II *v.t.* फफोले उठना, फफोले डालना. ~**ed** ब्लिस्'टर्ड *a.* फफ़ोलेदार. ~**ing** ब्लिस'टरिङ्ग *a.* **a** raising blisters फफोले डालनेवाला; **b** angry क्रुद्ध, क्रोधी. ~**ingly** ब्लिस्'टॅरिङ्गलि *adv.* क्रोधपूर्वक.

blithe ब्लाइद *a.* (lit. ~some) gay, joyous प्रफुल्ल, हंसमुख. ~**ly** *adv.* प्रफुल्लता से.

blitz ब्लिट्स I *n.* air-attack बमबारी^{F}, हवाई आक्रमण. ~**krieg** *n.* तूफ़ानी हमला; II *v.t.* हवाई आक्रमण करना.

blizzard ब्लि'ज़र्ड *n.* snow-storm बर्फ़^{F} का तूफान, हिमझंझावात.

bloat ब्लोट् *v.t.i.* **1** swell फूलना, फुलाना; **2** cure (मछलियों^{F} को) धुँआना. ~**ed** ब्लो'टिड *a.* **a** unpleasantly swollen फूला हुआ, सूजा हुआ; **b** unusual अत्यन्त बड़ा. ~**er** ब्लो'टर *n.* a fat fish मोटी मछली^{F}.

blob ब्लॉब *n.* **1** globule गोलिका^{F}; **2** drop छींटा, धब्बा, ~**of colour** *n.* रंग का धब्बा; ~**by** ब्ला'बि *a.* धब्बायुक्त.

bloc ब्लॉक *n.* combination of groups, parties or nations समूहों या राष्ट्रों का गुट. **enbloc** एक साथ तुरन्त.

block ब्लॉक I *n.* **1** n^{c}. thick and heavy piece of wood, stone etc. खण्ड, पिंड; **2** n^{c}. mould ढांचा; **3** n^{c}. group जैसे ग्राम समूह, भवन समूह, ब्लॉक; **4** n^{c}. obstruction बाधा^{F}, रोक^{F}. ~**delta** अवरुद्ध; **5** (Am.) प्रखण्ड, ब्लॉक; **6** (Am.) brick बच्चों के खिलौने के रूप में छोटा भवन समूह; **7** (print.) ठप्पा. ~**letters** *n.* (pl.) बड़े अक्षर; ~**printing** ब्लॉक-मुद्रण, ठप्पा छपाई;^{F} **8** (pol. sc.) गुट; **9** n^{c}. insensitive person भावशून्य व्यक्ति. ~**and tackle** n^{uc}. (usu. sing.) भार उठाने की पहिएदार रस्सी^{F}; ~**buster** *n.* **a** bomb बम; **b** effective person or thing प्रबल व्यक्ति या वस्तु^{F}; **c** (Am.) (person) कालों का भय दिखाकर गोरों से सस्ता मकान खरीदनेवाला व्यक्ति. ~**head** n^{c}. (you +) मूर्ख; ~**house** *n.* सुदृढ़ गृह; II *v.t.* **1** prevent (movement) रोकना; **2** obstruct बाधा^{F} डालना; **3** hinder अवरुद्ध करना; **4** limit the use of निरुद्ध करना. ~**ade** ब्लॉ केड' (i) *n.* नाकाबंदी^{F}, संरोध. **break a** ~**ade** नाकाबंदी^{F} में रास्ता बनाना, नाकाबन्दी^{F} तोड़ना; **raise/lift a** ~**ade** नाकाबन्दी समाप्त कर देना; ~**ade runner** *n.* नाकाबन्दी^{F} तोड़क, संरोध भंजक; ii *v.t.* नाकाबन्दी^{F} करना, संरोध करना. ~**in** *v.t.* *also* ~**out** *v.t.* की सामान्य धारणा^{F} व्यक्त करनेवाले रेखाचित्र बनाना; ~**age** ब्लॉ'किज *n.* रुकावट^{F}, बाधा^{F}, रोक^{F}; ~**ed** ब्लॉक्ड *a.* अवरुद्ध, निरुद्ध; ~**ed capital** *n.* निरुद्ध पूंजी;^{F} ~**ing** ब्लॉ'किङ्ग (i) *n.* अवरोध, अवरोधन; (ii) *a.* अवरोधी, विरोधी.

bloke ब्लोक *n.* (Br.) आदमी, व्यक्ति.

blond ब्लॉन्ड् *a./n.* (fem. **blonde**) **1** n^{c}. (of person) गोरे रंग और सुनहरे बालों का (व्यक्ति); **2** (of hair) सुनहला, गोरा.

blood ब्लड I *n.* **1** n^{u}. रक्त, रुधिर. ~**bank** *n.* रक्त बैंक; ~**corpuscle** *n.* रुधिर कण; ~**count** *n.* रक्त परीक्षण; ~**group** *n.* रक्त वर्ग; ~**heat** n^{u}. रक्त-तापमान; ~**letting** n^{u}. रक्तस्राव; रक्तपात; ~**lust** $n.^{uc}$ रक्त पिपासुता^{F}; ~**poisoning** *n.* रक्त-विषाक्तन; ~**pressure** *n.* रक्तचाप; ~**relation** *n.* रक्त-सम्बन्धी; ~**relationship** *n.* रक्त सम्बन्ध; ~**shed** *n.* रक्तपात; ~**stain** *n.* रक्त का धब्बा; ~**sucker** *n.* **a** leech जोंक; **b** extortioner खसोटा, शोषक, रक्त चूषक; ~**sucking** *n.* रक्त चूषण; ~**transfusion** *n.* रक्ताधान; ~**vessel 1** *n.* शिरा, रुधिरवाहिका^{F}; **2** n^{u}. family relationship कुल सम्बन्ध.

~**brother** *n.* सहोदर या सगाभाई; ~**feud** *n.* कुल बैर; **3** murder रक्तपात या हत्या^{F}. ~**guilty** *n.* हत्यारा; ~**money** *n.* हत्याधन; **4** n^{u}. क्रोध, आवेश, बुरी भावना^{F}; **5** n^{c}. (old use) dandy छैला. **of the royal** ~ शाही खानदान का; ~**and thunder** *n.* सनसनी^{F} , खूनख़राबा; **blood is thicker than water** सम्बन्धी (रिश्तेदार) मित्रों से अधिक महत्वपूर्ण हैं; **fresh/new** ~ नया व्यक्ति, नये लोग (समूह में); **in cold** ~ नृशंस रूप में जानबूझकर; **make someone's** ~ **boil** खून खौलाना, क्रोधित करना; **make someone's** ~ **run** बहुत अधिक डरा देना; **run/be in the** ~ वह गुण होना जिसके साथ परिवार के सभी सदस्य पैदा हुये हों; II *v.t.* (oft. pass.) **1** give (someone) a first experience प्रथम अनुभव देना *as* allow the hunting dogs to taste the blood of the fox कुत्तों को शिकार की गयी लोमड़ी^{F} का खून चखने की स्वीकृति देना; **2** ~**curdling** *a.* रोमांचकारी, भयानक. ~**less** -लॅस *u.* **a** (no c.s.) without blood रक्तहीन; **b** without killing अहिंसक; **c** lacking in spirit निरुत्साही; **d** lacking in human feelings अमानवीय, निर्मोही. ~**lessly** *adv.* रक्तहीनता^{F}से; ~**lessness** *n.* रक्तहीनता^{F}, रक्तपातहीनता^{F}; ~**y** ब्लॅ' डि *a.* **a** covered with ~ रूधिराक्त, लहुलूहान; **b** connected with killing etc. रक्तपातपूर्ण. **c** (coil.) अत्यधिक क्रोध प्रकट करने के लिये प्रयुक्त शब्द. **not** ~**y liking** (showing anger) नहीं; ~**ily** ब्लॅ' डिलि *adv.* रक्तपात से; ~**iness** ब्लॅ' डिनॅस n^{u}. रक्तपातता^{F}

bloom ब्लूम I *n.* **1** n^{c}. flower फूल, पुष्प. **in (full)** ~ (पूर्ण) पुष्प में; **2** prime नवयौवन; **3** glow अरुणिमा^{F}, लाली^{F}; **4** n^{c}. covering of fine powder on grapes etc. राग; **5** (F.A.) फुल्लिका^{F}; **6** (archit.) वातायनदंड. **in the** ~**of** बहुत अच्छे समय पर / के लिए; **take the** ~**off** (something) किसी का सबसे अच्छा भाग (या ताज़गी^{F}) ले लेना; II *v.i.* **1** produce flowers फूलना, खिलना; **2** become rich in plant life हरा-भरा होना; **3** (with) (of woman) show healthy colour ताज़गी^{F} से युक्त होना; **4** develop बौराना, विकसित होना. ~**ing** ब्लू' मिङ्ग, *a.* (no c.s.) (attri.) flourishing पुष्पित, फलता-फूलता.

bloomer ब्लू' मर *n.* (attri.) सलवार'^{F} (के समान). ~**s** ब्लू' मर्ज़ *n.* (pl.) सलवार^{F}.

blossom ब्लॉ' सम I n^{uc}. flower, bud मंजरी^{F}, कली^{F}, पुष्पपुंज. **in**~ पुष्पाच्छादित या विकास की चरमसीमा^{F} पर; II *v.* **1** *v.i.* (forth, out) (of seed, plants etc.) bloom खिलना, पुष्प देना; **2** *v.i.* (out, into,) develop विकसित हो जाना, फलना-फूलना; **3** *v.i.* (out, into) (of a girl or woman) grow and develop विकसित होना, बढ़ना; **4** *v.i.* (forth, out) become lively and gay सुन्दर एवं प्रसन्न होना. ~**ing** ब्लॉ' समिङ्ग *n.* पुष्पन, प्रस्फुटन; ~**y** ब्लॉ' समि *a.* पुष्पित, मुकुलित.

blot ब्लॉट I *n.* **1** spot धब्बा, दाग; **2** fault दोष; **3** disgrace लांछन, कलंक. ~**on one's /the escutcheon** (lit.) लज्जाजनक वस्तु^{F} जो किसी की प्रतिष्ठा को ख़राब कर देती है; ~**on the landscape** कुछ भद्दी या गंदी वस्तु^{F} जो अपने चारों ओर की आकृति^{F} को ख़राब कर देती है; II *v.* **1** *v.t.i.* make one or more ~s (on) धब्बे डालना, मैला करना; **2** *v.t.* dry सुखाना; **3** *v.t.* sully कलंकित करना, कलंक लगाना. ~**one's copy-book** अपना रिकॉर्ड ख़राब करना; ~**out** *v.t.* **a** hide आवृत्त करना, छिपाना; **b** destroy मिटाना, पूरी तरह^{F} से हटा देना. ~**ter** ब्ला' टर *n.* सोख्ता, शोषक; ~**ting paper** *n.* सोख्ता कागज़.

blotch ब्लॉच *n.* **1** pimple छाला, व्रण; **2** stain दाग़, धब्बा. ~**y** ब्ला' चि *a.* धब्बेदार.

blouse ब्लाउज़ *n.* (for woman) ब्लाउज़, कुरती^{F}.

blow ब्लो I *v.* (pa.t, pa.p. blew ब्लू, ~n ब्लोन) **1** *v.t.i.* (of wind) move चलना, बहना; **2** *v.t.i.* (on) send out a strong current of air फूंकना; **3** *v.t.i.* (on) cause to move हवा^{F} द्वारा चलना या चलाना; **4** *v.t.i.* cause to sound बजना, बजाना; **5** *v.i.* pant हांफना; **6** *v.t.i.* (of an electrical fuse) stop working पिघल कर कार्य बंद करना (फ़्यूज़); **7** *v.i.* (lit.) bloom खिलना, फूलना. ~**hot and cold (about)** एक समय अनुकूल एवं दूसरे समय प्रतिकूल; ~**one's nose** रूमाल रखकर नाक साफ़ करना; ~**one's own trumpet/horn** अपने विषय में ही अच्छी-अच्छी बातें कहना (दूसरों को बतलाने के लिए); ~**someone a kiss,** *also* ~**a kiss to someone** (of children) flying kiss हवाई चुम्बन; **it's blowing (up) storm/gale** आंधी^{F} आने वाली है; ~**back** *v.i.* ग़लत दिशा^{F} में बहना, चलना; ~**down** *v.t.i.* बहकर गिराना या गिर जाना; ~**in** *v.i.* (tech.) उत्पादन प्रारंभ करना; ~**off** *v.t.* (~off steam) क्रोध, उत्तेजना^{F} व्यक्त करना; ~**out** *v.* **a** *v.t.i.* put off बुझाना, बुझना; **b** *v.t.i.* burst फट जाना; **c** *v.t.i.* (of electrical machinery) stop working कार्य बंद कर देना, गल जाना; **d** *v.t.i.* (cause) to be driven by wind हवा^{F} द्वारा बाहर निकलना. ~**over** *v.i.* शांत हो जाना, कम हो जाना, दूर हो जाना; ~**up** *v.* **a** *v.t.i.* (cause to) explode उड़ा देना, फूट^F पड़ना; **b** *v.t.i.* (cause to) become firm by filling with air हवा^{F} भर कर दृढ़ होना, दृढ़ कर देना; **c** enlarge (photo) बड़ा करना, बढ़ाना; **d** *v.i.* become suddenly angry अचानक क्रोधितं होना; **e** *v.t.* (of bad weather) arrive आ जाना, प्रारंभ होना; **f** scatter तितर-बितर कर देना; **g** bring into contempt बहुत धिक्कारना, निंदा करना; **h** excite भड़का देना; II *n.* **1** strong wind झोंका. ~**hole** *n.* **1** वात-छिद्र; **2** blowing फूँक^F, धमन. ~**iron** *n.* फुंक्नी^{F}, धमनाल; ~**lamp** *n.* धमन दीप; ~**tube** *n.* धमन नली^{F}; ~**well** *n.* फुव्वारा; **3** stroke प्रहार, आघात; **4** shock धक्का, दुर्भाग्य. **at/with one** ~, *also* **at/with a single** ~ एक आघात या प्रयास से; **come to** ~**s**, *also* **exchange** ~**s** लड़ना प्रारंभ करना; **get a** ~**in** आघात करने में सफल होना या (बहस^F में) तर्क देना; **strike a** ~ **for/against** (lit.) पक्ष में/विपक्ष में महत्त्वपूर्ण कार्य करना; **without (striking) a** ~ बिना प्रयत्न के; ~**fly** *n.* गुंजन पक्षी; ~**out** *n.* **a** bursting of a container विफल विस्फोट; **b** case of uncontrolled activity वातगर्त्त. ~**up** *n.* **a** explosion विस्फोट; **b** sudden moment of anger क्रोध का यकायक क्षण; **c** photographic enlargement वर्धन, विपुलीकरण. ~**by** ~ *a.* (no c.s. attri.) ब्यौरेवार विवरण के साथ; ~**er** ब्लो' अर *n.* **a** (person) फूंकनेवाला, आध्याता; **b** (apparatus) गैस^F या करंट पैदा करने का यंत्र, धौंकनी^{F}; **c** (theat.) झंझाकारी. ~**n** ब्लोन *past p.* of blow; ~**n glass** *n.* फुलाया कांच; ~**y** ब्लो' इ *a.* वातल, तूफानी.

blowzy ब्लाउ' जि *a.* (usu. derog.) *also* **blowze** (of a woman) मोटी एवं फूहड़, ललमुहा.

blubber ब्लॅ' बर I n^u. **1** fat चर्बी^{F}; **2** crying रुदन, चिल्लाहट^F; II *v.i.* (usu. derog.) बिलखना, ज़ोर-ज़ोर से रोना. ~**out** *v.t.* रोते हुये कहना; ~**y** ब्लॅ' बरि *a.* चर्बीयुक्त.

bludgeon ब्लॅ' जन I *n.* heavy stick गदा^{F}, सोंटा, लाठी^{F}; II *v.t.* सोंटे से पीटना, अंधाधुंध सोंटा मारना. ~**into** (D.v.) करने के लिये बाध्य करना, ज़ोर डालना.

blue ब्लू I *a.* नीला, आसमानी. ~**baby** *n.* नील रोगग्रस्त शिशु; ~**bell** *n.* नीले रंग के घंटीनुमा फूल; ~**bird** *n.* नीलमी^{F} (पक्षी); ~**black** *a.* काला मिश्रित नीला; ~**bottle** *n.* नीली मक्खी^{F}; ~**coat** *n.* नीला कोट पहननेवाला व्यक्ति; ~**fish** *n.* नील मत्स्य; ~**gum** *n.* नीलवर्ण यूकलिप्टिस; ~**jacket** *n.* **1** नेवी का नाविक; **2** (pred.) depressed उदास, हताश. **scream/shout** ~ **murder** जोर से शिकायत^F करना; **till one is** ~ **in the face** सर्वदा के लिये असफल रूप से; ~**-blooded** *a.* (no c.s.) आभिजात्यवर्ग का; ~**chip** *a.* (no c.s.) महंगा तथा अच्छी श्रेणी^{F} का; ~**collar** *a.* (no c.s. attri.) कायिक; ~ **collar worker** *n.* कायिककर्मी, श्रमिक वर्ग; ~**bearded** *n.* (usu. cap.) हत्यारा पति; ~**blood** *n.* आभिजात्य; ~**book** *n.* सरकारी रिपोर्ट^F; ~**film** *n.* ब्लू फ़िल्म (यौन विषयों की); ~**law** *n.* (Am.) यौन नैतिकता^{F} को नियन्त्रण करने के लिये बनाया गया क़ानून; ~**moon** *n.* (sing.) बहुत लम्बा समय; ~**peter** *n.* (sometimes cap.) पोत संतरण ध्वज; ~**print** *n.* रूपरेखा^{F}, नीला-नक्शा; ~**ribbon** *n.* बहुत बड़ा सम्मान; ~**stocking** *n.* (derog.) पण्डिता^{F}, विदुषी^{F}; II *n.* **1** n^{uc}. the colour of the clear sky नीला रंग, आसमानी रंग; **2** (painting) नील. **a bolt from the** ~ वज्रपात; **out of the** ~ अनापेक्षित रूप से; III *v.t.* नीला करना, नील लगाना. ~**pencil** *v.t.* संशोधन करना, सैंसर लगाना; ~**ish** ब्लू' इश *a.* *also* **bluish** हल्का-नीला, नीलाभ; ~**ness** ब्लू' नेॅस n^u. नीलापन; ~**s** ब्लूज़ *n.* **a** (the, sing.) sad-song नैराश्य गीत; **b** n^u. (the) state of being sad दुखी अवस्था^{F}.

bluff ब्लफ़ I *a.* **1** brusque, outspoken रूखा, स्पष्टवादी; **2** steep खड़ा, ऊँचा; **3** (of ship) सामने चौड़ा; II *n.* **1** cliff कग़ार; **2** n^u. the act of ~ing झांसा-पट्टी^{F}; **3** demeanour रोब, धौंस^F. **call someone's** ~ झांसा-पट्टी^{F} देने वाले को उकसाना (यह जानते हुए कि वह ऐसा करने में असमर्थ है); III *v.* **1** *v.i.* deceive झांसा देना, झूँठी धौंस^F दिखाकर धोखा देना; **2** *v.t.* (through, out of) find झांसा देकर प्राप्त करना. ~**it out** धोखा या झांसा जारी रखकर कष्ट को दूर करना; ~**into** *v.* (D.v., D.o.) झांसा देकर राजी करना, फुसलाना; ~**ly** *adv.* धोखे से; ~**ness** n^u. रूखापन; धोखेबाज़ी; धौंसपना.

blunder ब्लन्' डर I *n.* gross mistake बड़ी भूल^F, गलती^{F}; II *v.* **1** *v.i.* make a ~ भूल^F करना, गलती^{F} करना; **2** move awkwardly डगमगाना. ~**on** (upon) *v.t.* पर घटित होना. ~**er** ब्लन्' डरर *n.* भूल^F करने वाला.

blunderbuss ब्लन्' डर्बस *n.* (पुराने समय में) चौड़े मुँह वाली बन्दूक^{F}.

blunt ब्लन्ट I *a.* **1** not sharp भोंथरा, कुण्ठित; **2** bluff स्पष्टवादी, मुंहफट; **3** dull मंदबुद्धि; II *v.t.* भोंथरा या कुण्ठित करना. ~**ly** *adv.* रूखाई^{F} से, दो टूक; ~**ness** n^{u}. भोंथरापन, रूखापन.

blur ब्लर I *n.* (sing.) धुंधलापन. II *v.t.* (by, with) **1** धुंधला करना, अस्पष्ट करना; **2** disfigure विकृत करना, दूषित करना. ~**red** ब्लर्ड *a.* अस्पष्ट, धुंधला.

blurb ब्लर्ब *n.* introductory part आवरण परिचय-अंश.

blurt out ब्लर्ट-आउट *v.t.* utter abruptly एकदम से कह डालना, फूट^{F} पड़ना.

blush ब्लॅश I *v.* **1** *v.i.* (at, with, for) become red from shame (लज्जा^{F} से) लाल पड़ जाना, लज्जारुण हो जाना; **2** *v.i.* be ashamed लज्जित हो जाना, झेंपना; II *n.* लाज^{F} की लाली^{F}, झेंप^{F}, लालिमा^{F}. **at first** ~ (lit.) प्रथम दृष्टि^{F} में; **put someone to the** ~ (old use) लज्जित कर देना; **spare someone's** ~**es** लज्जित होने से (मुख पर लाली^{F} आने से) बचाना; ~**ing** ब्लॅ' शिङ्ग *n.* अरुणायन, लज्जा^{F} से लाल; ~**ingly** ब्लॅ' शिङ्गलि *adv.* अरुणायनता^{F} से.

bluster ब्लस्' टर I n^{u}. **1** threatening talk डींग^{F}, दर्पोक्ति **2** noise of rough wind गरज हवा की^{F}; II *v.i.* **1** speak threateningly घुड़ककर कहना, गरजना, धमकाना; **2** (of wind) blow प्रचण्ड होना, गरजकर बहना. ~**out** *v.t.* गरजकर धमकी^{F} देना; ~**er** ब्लस्' टरर *n.* डींग^{F} मारनेवाला; ~**ous** ब्लस' टरस *a.* प्रचण्ड, गरजने वाला; ~**y** ब्लस्' टरि *a.* (of weather) प्रचण्ड.

b.o बी ओ' *abbr.* (oft. cap.) body odour बू^{F}, गंदी महक^{F}.

boa बो' अॅ *n.* **1** huge snake अजगर; **2** garment परों का गुलूबंद.

boar बॉर *n.* **1** male pig शूकर, वाराह, सूअर; **2** wild boar वनैला सूअर.

board बॉर्ड I *n.* **1** n^{c}. plank पटल, पट्ट, फलक, तख्ता. ~**walk** *n.* (Am.) समुद्र के किनारे तख्त का रास्ता; **2** n^{c}. (notice ~) सूचनापट; **3** n^{c}. blackboard श्याम पट; **4** n^{u}. (the cost of) meals भोजन का प्रबन्ध; **5** n^{c}. (oft. cap.) committee मंडल, परिषद्^{F}. ~**room** *n.* परिषद् कक्ष; ~**of directors** *n.* निदेशक मंडल; **6** n^{c}. (print.) गत्ता, दफ्ती^{F}. ~**cover** *n.* गत्ते का आवरण; **above** ~ (of an action in business) सच्चा, खुल्लमखुल्ला; **across the** ~ सभी सदस्यों को सम्मिलित करके; **go by the** ~ पूर्णरूप से असफल हो जाना; **on** ~ चढ़ना (जहाज़ में, ट्रेन^{F} में); **sweep the** ~ सब कुछ जीत लेना; II *v.* **1** *v.t.* (cover up) cover with ~s तख्ते लगाना; **2** *v.t.* go on board चढ़ना, सवार होना (दुश्मन के जहाज़ पर कूदना); **3** *v.t.* (at, with) supply meals and lodging for payment (भुगतान के लिए) भोजन देना. ~**out** *v.t.i.* नियमित रूप से घर के बाहर भोजन प्राप्त करना तथा रहना; ~**er** बॉर्' डर *n.* **a** lodger अंतःवासी, आवासी; **b** school child आवासी विद्यार्थी; **c** (in old naval fighting) दुश्मन के जहाज़ पर कूदने वाला. ~**ing** बॉर' डिङ्ग n^{u}. **a** (covering) तख्तों का आवरण; **b** management of food भोजन व्यवस्था^{F}; ~**ing school** *n.* साहार विद्यालय; **c** hostel छात्रावास. ~**ing house** *n.* छात्रावास; ~**ing card** *n.* जहाज़ में घुसते समय लिया जानेवाला कार्ड; ~**s** बाईज़ *n.* **a** (n. pl.) cover of a book पुस्तक^{F} का आवरण; **b** (the + pl.) (old use) stage रंगमंच.

-board -बॉर्ड *comb.* (hard ~ floor etc.) तख्तों का फ़र्श.

boast बोस्ट I n^{c}. **1** (usu. derog.) expression of self-praise आत्मश्लाघा^{F}, शेखी^{F}, डींग^{F}; **2** (not derog.) (cause for being proud) गौरव, प्रतिष्ठा^{F}; **3** (hist.) अवोत्कीर्णन; **4** (phil.) विकत्थन; II *v.* **1** *v.i.* (about, of) (derog.) talk proudly शेखी बघारना, डींग^{F} मारना; **2** *v.t.* (derog.) say proudly बढ़-चढ़ कर बातें^{F} करना, घमण्ड से कहना; **3** *v.t.* (not derog.) be lucky enough to own स्वामित्व का गर्व करना. ~**er** बोस्' टर *n.* (derog.) डींग^{F} मारनेवाला; ~**ful** बोस्ट' फ़ुल *a.* (derog.) शेखीबाज़; ~**fully** बोस्ट फ़ुलि *adv.* शेखीबाज़ी^{F} से; ~**fulness** बोस्ट फ़ुलनॅस n^{u}. शेखीबाज़ी^{F}.

boat बोट I n^{c}. (by +*n.*) नाव^{F}, नौका^{F}. ~**bridge** *n.* नाव का पुल; ~**hook** *n.* नौका का काँटा; ~**house** *n.* नौका गृह; ~**man** *n*, नाव-चालक, खेवैया; ~**race** *n.* नौका दौड़^{F}; ~**swain,** *also* **bosun** *n.* जहाज़ की नावों आदि की देखभाल करनेवाला; ~**train** *n.* जहाज़ी-गाड़ी^{F}; ~**wright** *n.* **1** नौका-विहार; **2** n^{uc}. ship जहाज़, पोत; **3** boat-shaped dish नाव^{F} की आकृति^{F} का बर्तन. **in the same** ~ एक ही प्रकार के खतरों का सामना करते हुये; **push the** ~ **out** (Br.) (अधिक धन खर्च करके) आनंद उठाने के लिए विशेष प्रयास करना; **rock the** ~ विभिन्न मत व्यक्त करके मामले को कठिन समय में और बदतर

बना देना; **take to the ~s** जहाज़ डूबने पर उसकी नावों^{F} में बैठकर भागना या जान^{F} बचाना; II *v.i.* नौका-विहार करना, नाव^{F} में ले जाना. **~ing** बो' टिङ्ग *n.* नाव^{F} चलाना, नौका विहार.

bob बॉब I *v.* **1** *v.t.i.* (up, down) move up and down डूबना-उतराना; **2** *v.t.i.* (of a woman) make courtesy झुकना (अभिवादन के लिए); **3** cut hair (woman's) काटना-छांटना; **4** tap थपकाना; **5** jerk झटकना. **~sleigh** बॉब्' स्ले, *also* **~sled** *v.i.* स्लेज गाड़ी^{F} पर चढ़ना; **~up** *v.i.* सतह^{F} पर तैरने लगना; II *n.* **1** curtsy प्रणति^{F}, अभिवादन; **2** curl घूंघट, लट^{F}; **3** n^{c}. the shilling शिलिंग; **4** refrain टेक^{F}; **5** tap थपकी^{F}. **Bob's your uncle** संतोष प्रकट करने के लिए समस्या-समाधान के बाद कहा जाने वाला उद्‌गार; **~tail** *n.* दुमकटे घोड़े या कुत्ते; **~tailed** *a.* (no. c.s.) दुमकटा.

bobbin बॉ' बिन *n.* फिरकी^{F}, परेता.

bobby बॉ' बि *n.* (Br.) पुलिसवाला. **~pin** *n.* बालों की पिन^{F}.

bobolink बॉ' बलिङ्क *n.* उत्तरी अमेरिकी पक्षी.

bod बॉड *n.* (Br. coll.) व्यक्ति, मनुष्य.

bode बोड *v.* I (past t. of bide); II *v.* (lit.) **1** (D.o.) (no pass.) foretell भविष्य सूचित करना; **2** *v.i.* (+ well or ill (for)) augur well शुभाशुभ विचारना, (का) शकुन होना. **~ful** -फुल *a.* अपशकुन-सूचक; **~ment** बोडॅ' मन्ट *n.* शकुन; **boding** बो' डिङ्ग *n.* भावी सूचक, शकुन-अपशकुन.

bodice बॉ' डिस *n.* a woman's garment चोली^{F}, कुरती^{F}.

body बॉ' डि *n.* **1** n^{c}. शरीर, देह^{F}. **~blow** *n.* **a** (in boxing) कमर^{F} व छाती^{F} के बीच प्रहार करना; **b** serious setback गंभीर गतिरोध. **~guard** *n.* अंगरक्षक; **~line bowling** *n.* *also* **~line** बल्लेबाज़ के शरीर को लक्ष्य करके की जानेवाली गेंदबाज़ी^{F}; **2** n^{c}. trunk धड़; **3** n^{c}. corpse शव, लाश^{F}. **~snatcher** *n.* शव दस्यु; **4** n^{c}. (of) large amount अधिकांश; **5** n^{c}. (sometimes cap.) society निकाय, सभा^{F}. **~corporate** *n.* निगमित निकाय; **~politic** *n.* राज निकाय; **6** n^{c}. person (usu. a woman) व्यक्ति (स्त्री^{F}); **7** n^{c}. object पदार्थ; **8** n^{u}. (of) the main part मुख्य भाग, कक्ष. **~matter** *n.* विषय वस्तु^{F}; **9** frame ढांचा; **10** (maths., astron.) पिण्ड; **11** (of pots) भांड कलेवर. **in a ~** सभी साथ-साथ; **keep ~ and soul together** जीवित रहना; **own someone ~ and soul** किसी पर पूर्ण रूप से स्वामित्व जताना; **bodyless** बॉ' डिलॅस *a.* विदेह, अमूर्त; **bodily** बॉ' डिलि (i) *a.* (no c.s., attri.) शारीरिक, दैहिक; (ii) *adv.* **a** in a body सशरीर, सदेह; **b** completely सांगोपांग, पूरा-पूरा.

-bodied -बॉडिड *comb.* (as able-bodied) -कथित प्रकार के/शरीरवाला.

bodkin बॉड्' किन n^{uc}. सुआ, सुतारी.

Boer बोअर, बॉर, बुअर *a.* (no c.s., attri.) दक्षिण-अफ्रीका के गोरों से संबंधित.

boffin बॉ' फ़िन *n.* (service slang) scientist वैज्ञानिक.

bog बॉग I n^{uc}. दलदल, कीचड़. **~asphodel** *n.* पीले-फूलों वाला पौधा; II *v.t.i.* कीचड़ में फंसाना, फंसना. **~down** *v.i.t.* (usu. pass.) पंक में या दलदल में फंसाना, फंसना; **~gy** बॉ' गि *a.* दलदला.

bogey, bogy, bogie बो' गि, *also* **~man** I *n.* **1** imaginary spirit प्रेतात्मा, शैतान; **2** imaginary fear हौआ, भूत; **3** dirty mucus in the nose नाक^{F} की नकटी^{F} आदि; II *v.* (in golf) छिद्र में गेंद मारना (औसत से अधिक आघात लेते हुए).

boggle बॉ' गल I *v.i.* (at) **1** interfere आपत्ति^{F} करना, आश्चर्य के कारण कठिनाई^{F} पैदा करना; **2** be startled ठिठकना; **3** hesitate हिचकना; II *n.* ठिठक^{F}, संकोच.

bogie, bogey, bogy बो' गि *n.* railway carriage बोगी^{F}, ट्राली^{F}

bogus बो' गस *a.* (derog.) fictitious जाली, मिथ्या, नक़ली.

bohemian बो ही' मिअन *n.* **1** (art.) रूढ़िमुक्त, निरंकुश, स्वेच्छाचारी आचारवाला (व्यक्ति); **2** gypsy कंजर, खानाबदोश.

boil बॉइल् I *n.* **1** inflamed tumour फोड़ा, व्रण; **2** *n.* (sing.) act of boiling उबाल, क्वथन; **3** (the +) boiling point क्वथनांक; II *v.* **1** *v.t.i.* (cause to) reach the boiling point खौलना, खौलाना, उबलना, उबालना; **2** *v.t.* (D.o.) (for) cook food उबालकर पकाना. **~dry** *v.* (of a liquid) गैस^{F} बनकर उड़ जाना, द्रव उड़ जाने से सूख जाना; **make someone's blood ~** क्रोधित कराना; **~away** *v.i.* (खौलकर) समाप्त हो जाना; **~down** *v.t.i.* (to) संक्षेपण होना/करना, खौलाकर कम करना; **~down to** *v.* (अनावश्यक भाग को छोड़कर) कुछ अर्थ होना; **~over** *v.i.* **1** (of a liquid) swell and overflow बढ़कर बर्तन के बाहर जाना; **2** (into) get out of control अनियंत्रित होना. **~up** 1 *v.t.* (D.o.) (for) make hot and cook गर्म करना और पकाना; 2 *v.i.* (of troubles) arise and reach a dangerous level उठना एवं खतरनाक स्थिति^{F} में पहुंचना. **~er** बॉइ' लर *n.* **a** utensil देगची; **b** गर्म पानी का हमाम. **~er suit** *n.* एक वस्त्र; **~ing** बॉइ' लिङ्ग *n.* क्वथन, बहुत गर्म.

boisterous बॉइस्' टरॅस *a.* **1** (of a person) noisy, cheerful ऊधमी, गुल-गपाड़िया; **2** (of weather) violent प्रचण्ड, तेज. **~ly** *adv.* प्रचण्डता^{F} से, ऊधमीपन से; **~ness** n^u. प्रचण्डता^{F}, ऊधमीपन, कोलाहल.

bold बोल्ड *a.* **1** courageous साहसी, निडर; **2** (derog.) impudent निर्लज्ज, धृष्ट. **~faced** *a.* **a** (of a person) निर्लज्ज, बेशर्म; **b** (no c.s.) (of printing) स्थूलाक्षर में. **as ~ as brass** अशिष्ट, सम्मानरहित; **3** (of appearance) clearly framed स्पष्ट, स्थूल, मोटा; **4** (no c.s.) (of printing) स्थूलाक्षर में. **be/make (so) ~ (as) to** (in social matters) का साहस करना. **~ly** *adv.* निधड़क, बेखटके; **~ness** n^u. निर्भीकता^{F}, धृष्टता^{F}, प्रगल्भता^{F}.

bole बोल *n.* trunk of a tree पेड़ का धड़ या तना.

bolero बॅ लें ' अरो *n.* **1** (music) स्पेन का राष्ट्रीय नृत्य/धुन बोलेरो; **2** woman's jacket औरतों^{F} का छोटा जॉकेट.

bolide बो' लाइड *n.* उल्का^{F}.

boll बोल *n.* बीजकोष, सूजन, गांठ. **~weevil** *n.* गोलक घुन, रुई की गांठों में लग जाने वाला कीड़ा.

bollard बॉ' लर्ड *n.* घाट या जहाज़ का खम्भा, रक्षा-स्तम्भ.

bolometer बो लॉ' मिटर *n.* **1** तेजमापी; **2** (psy.) हृत्स्पंदमापी.

Bolshevik बॉल्' शविक n^c./*a.* सोवियत संघ का समर्थक; मार्क्सवादी. **Bolshevism** बाल' शविज़्म n^u. **a** (hist.) साम्यवाद; **b** (pol. sc.) साम्यवादी-तन्त्र.

bolshy बॉल्' शि *a.* (Br., derog.) सामाजिक व्यवस्था^{F} के खिलाफ़, असामान्य.

bolster बोल्स्' टर I *n.* **1** pillow तकिया, मसनद, गद्दी^{F}; **2** (archit.) अवलम्ब, शहतीर; II *v.* **1** to use pillow तकिया लगाना; **2** support सहारा देना, थामना. **~up** *v.t.* सहारा देना, प्रोत्साहन देना, संभालना.

bolt बोल्ट I *n.* **1** sliding bar सिटकनी, चटखनी^{F}; **2** lead metal pin बोल्ट, काबला. **~hole** *n.* काबले का छेद; **3** roll of cloth थान; **4** arrow तीर; **5** thunderbolt वज्रपात, तड़ित^F; **6** (sing.) running away पलायन; **7** (lib. sc.) (काग़ज़ की) अनकटी कोर^F; **8** movement छलांग^F, फलांग^F; **9** bundle गट्ठा. **shoot one's (last) ~** अंतिम प्रयास करना; **make a ~ for** से भागने का (पलायन करने का) प्रयत्न करना; **make a ~for it** भाग जाना; II *v.* **1** (of a horse) dart away चौंककर भाग जाना; **2** *v.i.* (of a person) hurry away शीघ्रता^{F} से भाग जाना; **3** *v.t.* (down) swallow hastily गटकना, निगल जाना; **4** (cause to) stay in a given state बोल्ट से उस स्थिति^{F} में रहने देना; **5** *v.i.t.* (cause to fasten) with a bolt बोल्ट से बांधना, काबला लगाना; **6** *v.t.* (Am.) break away from दल से अलग होना; **7** *v.t.* sift (flour) कपड़े से. (आटा) छानना; III *adv.* सीधे और कड़ाई^F से. **~er** बोल्' टर *n.* दलद्रोही.

bomb बॉम I *n.* बम, गोला. **~bay** *n.* लड़ाकू विमान में बम रखने का भाग; **~sight** *n.* बम का निशाना लेने वाला यंत्र; **~site** *n.* बम द्वारा ध्वस्त किया खुला स्थान; **~proof** *a.* जिसे बम न भेद सके; **go like a ~** (of a vehicle) बहुत तेज़ जाना; **spend/cast a ~** बहुत अधिक धन खर्च करना/ मूल्य होना; **~shell** *n.* (usu. sing.) अचानक मिलने वाला आश्चर्यजनक समाचार; II *v.i.t.* बम बरसना/बरसाना, बम से आक्रमण होना. **~out** *v.t.* (usu. pass.) बमबारी^{F} करके बेघर कर देना; **~up** *v.i.t.* (of a plane) बम से भरा होना, बम से जहाज़ को भरना; **~ard** बॉम् बार्ड' *v.t.* (with) गोलाबारी^{F} करना, बौछार^F करना; **~ardier** बॉम्बॅर्' डियर' *n.* गोलंदाज, गोला बरसाने वाला सैनिक. **~ardment** बॉम् बार्ड' मन्ट n^{uc}. (usu. sing.) बमबारी^{F}, बमवर्षा, गोलाबारी^{F}; **~er** बॉ' म्बॅर *n.* **a** fighter बमवर्षक विमान; **b** (person) बमवर्षक-व्यक्ति.

bombast 'बाम्' बैस्ट n^u. (derog.) शब्दाडम्बर, आडंबरोक्ति. **~ic** बाम' बैस्टिक *a.* शब्दाडंबरपूर्ण; **~ically** बॉम' बैस्टिकॅलि *adv.* शब्दाडंबरपूर्वक.

bonafide बो' नॅ फ़ाइ' ड I *n.* real, obvious वास्तविक, असली, सच्चा, सद्भावी. **~passenger** *n.* वास्तविक यात्री; II *adv.* वास्तव में, सच्चाई^F से. **~s** बोनॅ फ़ाइ' डिज़ n^u. सद्भाव, असलियत^F.

bonanza बॅ नैन' ज़ॅ I *n.* **1** mining अयस्क पुंज; **2** something profitable अतुल समृद्धि^{F}; II *a.* prosper फलता-फूलता, समृद्ध.

bon-bon बॉन्' बॉन *n.* sweet मिठाई^F.

bond बॉन्ड I *n.* **1** binding engagement बंधपत्र, अनुबंध पत्र. **~holder** *n.* बंधपत्रधारी;

2 n^c. debenture ऋणपत्र. ~**labour** *n*. ऋण-बंध श्रमिक; ऋणबंध श्रम; ~**man** *n*. a man slave दास; ~**of security** *n*. प्रतिभूपत्र; **3** n^c. (oft. pl.) attachment बंधन, मेल; **4** (sing.) state of being together जोड़; **5** shackle बेड़ी^{F}; **6** (archit.) चिनाई^F. **one's word is (as good as) one's**~ किसी के दिये गये वादे पर पूर्णतया विश्वास करना चाहिए; II *v*. **1** *v.t.* **put into ~ed warehouse** बंधक माल गोदाम में रखना; **2** *v.i.t.* (together, to) stick together चिपकना, चिपकाना, जोड़ना. ~**age** बान्' डिज n^u. (to) बंध, परतंत्रता^{F}; ~**ed** बॉन्' डिड *a*. (no c.s.) अनुबद्ध, बंधक; ~**ed warehouse** *n*. बंधक मालगोदाम; ~**er** बॉन्' डर *n*. बंधक पट्टी^{F}; ~**ing** बॉन्डिङ्ग *n*. बंधक; ~**s** बॉन्ड्ज़ *n*. (pl.) बेड़ियाँ^{F}, हथकड़ियाँ^{F}; ~**s man** *n*. **a** security प्रतिभू, लग्नक; **b** slave दास.

bond बॉन्ड- *comb*. बंधपत्र-. ~-holder etc. बंधपत्र-धारक.

bone बोन I n^{uc}. हड्डी^{F}, अस्थि^{F}. ~**meal** अस्थि-चूर्ण; ~**-setter** *n*. हड्डी^{F} बैठाने वाला; **all skin and**~ (of a creature) दुबला-पतला; **as dry as a**~ पूर्णतया सूखा; **big/strong ~d** मज़बूत/विशाल हड्डियों वाला; **a ~of contention** विवाद की जड़^{F}; **chilled/frozen to the**~ पूरे शरीर में सर्दी^{F} का अनुभव करना; **cut to the**~ यथा सम्भव कम कर देना; **feel in one's ~s** प्रमाण न रहने पर भी सशक्त रूप से विश्वास करना; **have (got) a ~to pick with someone** किसी से शिकायत^F करने के लिए कुछ होना (पाना); **make no ~s about (doing) something**·किसी विषय में कोई शंका^{F} या लज्जा^{F} का अनुभव न करना; **not make old ~s** बूढ़ा होने के लिए न जीना; ~**shaker** *n*. (often humour) पुराने प्रकार की साइकिल^F; II *v.t.* हड्डी^{F} निकालना; ~**upon** *v.t.* (also mug up) किसी विशेष उद्देश्य के लिए सख्त अध्ययन करना; ~**dry** *a*. पूर्णतया सूखा; ~**idle,** *also* ~ **lazy** *n*. पूर्णतया सुस्त, आलसी; ~**d** बोन्ड *a*. (no c.s.) with ~s taken out हड्डी^{F} निकला हुआ; (of clothes) stiffened सख्त, कड़े. ~**less**-लें स *a*. (no c.s.) अस्थिहीन.

bonfire बॉन' फाइअर *n*. उत्सवाग्नि^{F}, होली^{F}.

bongo बॉन्' गो, *also* ~**drum** *n*. बोंगो (एक वाद्य यंत्र) (ढोलक^F).

bonhomie बॉ' नॅमि n^u. हंसमुखपन, सौजन्य, मिलनसारी^{F}.

boniface बॉन्' ईफ़ेस *n*. भठियारा, सरायवाला.

bon mot बॉन मो' *n*. a witty saying विनोद पूर्ण सूक्ति^{F}, मज़ाक.

bonne बॉन' *n*. nursemaid बच्चों की देखभाल करने वाली नौकरानी.

bonnet बॉ' निट *n*. **1** cap टोपी^{F}; **2** (Am. hood) metal lid ढक्कन; **3** (archit.) छज्जा, छादक.

bonny बॉ' नि *a*. **1** pretty and healthy कमनीय, सुन्दर एवं हृष्ट-पुष्ट; **2** (attri.) satisfactory संतोषजनक. **bonnily** *adv*. कमनीयता^{F} से, सुन्दरता से.

bonsai बॉन्' साइ, ' n^c. वामन वृक्ष.

bonus बो' नस *n*. **1** additional payment अधिलाभांश, बोनस; **2** pleasant events सुखकर घटना^{F}, आनन्ददायक घटना^{F}. **cost of living**~ मूल्यवृद्धि^{F} के कारण दिया गया बोनस; **no claims**~ दावा न होने पर मोटर आदि के बीमे के चार्ज में की गयी कटौती^{F}.

bon vivant बॉन् वीवॉन्ट' *n*. अच्छा भोजन पंसद करनेवाला व्यक्ति.

bony बो' नि *a*. **1** thin दुबला-पतला; **2** (of food) हड्डी युक्त, अस्थिमय.

bonzer बॉन्' ज़र (Australian slang) *a*. बहुत अच्छा.

boo बू I *n./interj*. छिः छिः (निन्दा या घृणासूचक). **can't/couldn't say ~ to a goose** बहुत कायर व शर्मीला होना; II *v* **1** *v.t.i.* express disapproval छिः^{F} छिः^{F} करना; 2 send away by ~ing छिः^{F} छिः^{F} करते हुए भगा देना; ~**ing** बू' इङ्ग *n*. अवज्ञासूचक शब्द कहना; छिः^{F} छिः^{F} करना.

boobs बूब्ज़ *n*. (pl.) स्त्री^{F} के स्तन, छातियाँ^{F}.

booby बू' बि *n*. bird पक्षी. ~**prize** *n*. ख़राब निष्पादन के लिए मज़ाक में दिया गया पुरस्कार (अंतिम नम्बर पर आने पर दिया गया पुरस्कार); ~**trap** I *n*. **a** hidden bomb छद्म बम; **b** harmless trap चोर-फंदा; II *v.t.* छद्म बम या चोर फंदा लगाना.

boohoo बू हू' *v./n./interj*. sound of weeping रोना-धोना, रोना-पीटना.

book बुक I *n*. **1** पुस्तक^F, ग्रन्थ. ~**binder** *n*. जिल्दसाज; ~**binding** n^{uc}. जिल्दसाजी^{F}; ~**case** *n*. पुस्तक केस; ~**club** *n*. पुस्तक-क्लब; ~**collection** *n*. पुस्तक-संग्रह; ~**end** *n*. (usu. pl.) पुस्तक-अवलंब; ~**fair** *n*. पुस्तक मेला; ~**learning** *n*. किताबी ज्ञान;. ~**let** *n*. पुस्तिका^{F}, ग्रन्थिका^{F}; ~**mark** *n*. पुस्तक-चिह्न; ~**mobile** *n*. (Am.) चलती फिरती लाइब्रेरी^{F}; ~**seller** *n*.

पुस्तक विक्रेता; ~**shop** *n.* पुस्तक^{F} की दुकान^{F}; ~**token** *n.* पुस्तक कूपन; ~**trade** *n.* पुस्तक-व्यापार; ~**work** *n.* पुस्तकों^{F} का अध्ययन; ~**worm** *n.* **a** worm किताबी कीड़ा; **b** (person) ग्रंथ व्यसनी. ~**wright** *n.* ग्रंथकार; **2** (account~) खाता; ~**balance** *n.* खाता शेष, बही शेष; **3** (~of blank sheet) बही^{F}. ~**keeping** *n*^{u}. बहीखाता, बहीखाता पद्धति^{F}; **a closed ~to** विषय जिसके बारे में कोई बहुत कम जानता है; **bring (someone) to~** fine दण्डित करना या भुगतान करना, reproach फटकारना. **it suits my~** यह हमारी योजना^{F} के अनुकूल है; **like a~** लिखित रूप में (लिखित भाषा^{F} में); **make (a) ~on** दौड़^{F} में बाज़ी^{F} लगाना; **take a leaf out of someone's ~** किसी के उदाहरण से सीखना.

II *v.* **1** *v.t.i.* (D.o) (for) (Am. reserve) engage in advance बुक कराना, सुरक्षित कराना; **2** *v.t.* enter charges against लिखना, दर्ज़ करना. ~**in** (Br.) **a** *v.t.i.* (cause to) have a place for one at a hotel होटल आदि में स्थान दिलवाना, लेना; **b** report one's arrival आगमन की सूचना^{F} देना. ~**through** *v.i.* विभाजित यात्रा^{F} का पूर्ण टिकट खरीदना; ~**up** *v.t.* (usu. pass.) आरक्षित करना; ~**able** बु' कॅबल *a.* (no c.s.) आरक्षणीय , बुक करने योग्य; ~**ed** बुक्ड *a.* निर्धारित; ~**ing** बु' किङ्ग *n*^{uc}. (Am. reservation) बुकिङ्ग; ~**ing clerk** *n.* टिकट बाबू; ~**ing office** *n.* टिकट घर; ~**ish** बु' किश *a.* (oft. derog.) **a** of books किताबी; **b** scholarly पांडित्यपूर्ण; **c** pedant पंडिताऊ **d** impractical अव्यावहारिक. ~**ishly** बु' किशलि *adv.* पांडित्यपूर्णता^{F} से, पंडिताऊपन से; ~**ishness** बु' किशनॅस *n*^{u}. किताबी-कीड़ापन, पंडिताऊपन आदि; ~**s** बुक्स *n.* (pl.) धन, नाम आदि का लिखित रिकॉर्ड; **at one's ~s** अध्ययनरत; **in someone's good ~s** किसी के साथ पक्ष में; कृपापात्र होना; **in someone's bad/black ~s** किसी के साथ विपक्ष (प्रतिकूलता^{F}) में उपेक्षित होना; **on/off the ~s** सदस्यों की सूची^{F} में/ अब नहीं.

boom बूम I *n.* **1** long pole पालदंड; **2** noise गरज^{F},. धमाका; **3** (com.) तेज़ी^{F}, व्यापार उत्कर्ष. ~**town** *n.* सहसा उत्स्फीत नगर, अधिवृद्धि^{F} नगर; **4** (journ.) उठान; **5** (theat.) चल मचान, चल सोपानक. **lower the ~on someone** प्रबल-रूप से अचानक आक्रमण कर देना; II *v.i.* **1** resound गरजना, धड़ाका होना; **2** grow rapidly तेज़ी से वृद्धि^{F} होना. ~**out** *v.t.i.* गहरी आवाज़^{F} में निकालना, निकलना.

boomerang बू' मरैङ्ग I *n.* **1** (fig.) प्रतीपगामी; **2** (theat.) चल मचान, चल सोपानक. II *v.i.* (on) बुरे प्रभाव के साथ वापस लौट आना, III *n.* आस्ट्रेलिया के आदिवासियों का एक अस्त्र.

boon बून *n.* **1** comfort, help वरदान, वर; **2** (old use) favour पक्ष, कृपा^{F}. ~**companion** *n.* (usu. pl.) जिन्दादिल साथी.

boor बुअर *n.* (derog.) rude fellow असभ्य व्यक्ति, गंवार. ~**ish** बु' अरिश *a.* असभ्य, अशिष्ट; ~**ishly** बु' अरिशलि *adv.* असभ्यता^{F} से, अशिष्टता^{F} से; ~**ishness** बु' अरिशनॅस *n*^{u}. असभ्यता^{F}, अशिष्टता^{F}.

boost बूस्ट I *v.* **1** *v.t.* (up) push up from below सहारा देना, ऊपर उठाना; **2** *v.t.* increase बढ़ाना; **3** *v.t.* help to improve आगे बढ़ाना, सुधरने में सहायता करना; **4** *v.t.* (Am.) eulogise बढ़ाचढ़ाकर बताना, विज्ञापन करना; **5** *v.t.* (electricity) वर्धन करना, बढ़ाना; II **1** *n.* push upwards सहारा, ऊपर की ओर धक्का; **2** increase in amount बढ़ोत्तरी^{F}, संवर्धन; **3** act of encouragement बढ़ावा, विज्ञापन. ~**er** बूस' टर *n.* वर्धक, बूस्टर; ~**er rocket** *n.* वर्धक राकेट. ~**ing** बूस' टिङ्ग *n.* वर्धन.

boot बूट I *n.* **1** *n*^{c}. (usu. pl.) टखने तंक का जूता, बूट. ~**black** *n.* जूता पालिश^{F} करने वाला; ~**lace** *n.* जूते का फीता; **2** *n*^{c}. (Am. trunk) (in car) सामान धानी^{F}; **3** *n*^{c}. blow of ~ (बूट का) आघात/प्रहार; **4** (econ.) लुभाव, बिक्री उपहार. **the ~is on the other foot** स्थिति^{F} का विपरीत दशा^{F} में परिवर्तित हो जाना; **die in one's ~s/with one's ~←on** कार्य करते हुए मरना; **have one's hearts in one's ~s** भयभीत होना; **lick someone's ~s** अत्यन्त विनम्र या आज्ञाकारी बनकर ऊंचे पदाधिकारी की कृपा^{F} प्राप्त करने का प्रयत्न करना; **make someone lick one's ~s** पूरी तरह^{F} से हराना और आत्मसम्मान समाप्त कर देना; **too big for one's ~s** अत्यन्त घमण्डी; **to~** के अतिरिक्त; ~**money** *n.* अतिरिक्त मुआवज़ा; ~**straps** *n.* (pl.) स्वयं के प्रयत्न; II *v.* **1** kick लात^{F} मारना; **2** boot out बरखास्त कर देना. ~**out** *v.t.* निकाल देना, पदच्युत कर देना; ~**ed** बू' टिड *a.* (no c.s.) बूट पहने हुए; ~**ee** बू' टी, बूटी' *n*^{c}. (usu. pl.) बच्चों के बने हुए ऊनी जूते; ~**less** *a.* (no c.s.) (lit.) व्यर्थ, बेकार; ~**s** *n*^{c}. जूता साफ करने वाला, जूता आदि ले जानेवाला होटल का नौकर.

booth बूथ *n.* temporary shelter कक्षिका^{F}

छानी, छप्पर.

bootleg बूट' लें॑ग I *a.* (no c.s.) अवैधानिक (शराब^F आदि की बिक्री^{F}); II *v.t.i.* मद्यतस्करी^{F} करना. **~ger** बूट' लें॑गर *n.* मद्यतस्कर; **~ging** बूट' लें॑गिङ्ग *n.* मद्यतस्करी^{F}.

booty बू' टि n^u. spoil taken by force लूट^F का माल.

boracic बॅरै' सिक (same as boric) *a.* (no c.s.) सुहागायुक्त. **~acid** *n.* बोरिक एसिड.

borax बॉ' रैक्स n^u. सुहागा.

Bordeaux बॉर् डो' n^u. बोर्दो, फ्रांसिसी मदिरा.

bordello बॉर् डे॑लो *n.* वेश्यालय.

border बार्' डर I *n.* **1** edge किनारा; **2** region सीमान्त; **~land** *n.* सीमान्त प्रदेश, सरहदी ज़मीन^F; **~line** (i) n^c. (usu. sing.) किनारी^{F}, सीमा रेखा^{F}; (ii) *a.* (no c.s.) सीमावर्ती. **~state** *n.*सीमान्त राज्य, सरहदी राज्य; **~trade** *n.* सीमावर्ती व्यापार; **3** limit सीमा^{F}; **4** (print.) हाशिया; **5** (painting) किनारी^{F}, झालर^F; II *v.t.* **1** (with) put a ~ on किनारी^{F} लगाना; **2** be a ~ to किनारे या सीमा^{F} पर होना; **3** have a common ~with (से) लगा हुआ होना. **~on** (upon) *v.t.* बहुत अधिक मिलना, समान होना; **~er** बॉर' डरर *n.* सीमान्तवासी.

bore बोर I *v.* **1** *v.i.* make hole छेद करना, बेधन करना; **2** move ahead through difficulties कठिनाइयों के बीच धीरे-धीरे आगे बढ़ना; **3** *v.t.i.* make dull ऊबना, परेशान करना; II *n.* **1** hole छिद्र, छेद, सुराख; **2** (of gun) नली^{F}, नली^{F}का व्यास; **3** wave ऊंची लहर^F; **4** (person) कानखाऊ, उबानेवाला व्यक्ति; **5** (Br. sing.) मुसीबत^F, कष्ट. **~dom** n^u. ऊब^F, विरसता^{F}; III *past t.* of bear. **~r** बॉ' रर *n.* छेद करने वाला, बेधक, रंध्रक; **boring** बॉ' रिङ्ग (i) *n.* बेधन, बेध; (ii) *a.* उबाऊ, नीरस.

-bore -बोर *comb.* माप (बन्दूक^F की नली^{F} के व्यास का) जैसे 38-bore.

born बॉर्न I *past p.* of bear; II *a.* (no c.s.) **I** (pred.) brought into existence उत्पन्न; **2** (pred.) at birth, originally जन्म से, मूल रूप से, जन्मजात. **~criminal** *n.* जन्मजात अपराधी; **3** (attr.) having quality of stated type कथित गुणों से युक्त. **~and bred** जन्म लेना और बड़ा होना; **~of** के अस्तित्व के कारण होना; **~with a silver spoon in one's mouth** सम्पन्नता में पैदा होना; **in all my ~ days** पूरे जीवन में.

-born -बार्न *comb.* **1** native निवासी. **America-~**अमरीका में उत्पन्न ; **2 war-~** युद्ध से उत्पन्न.

borne बॉर्न *past p.* of bear. **~in on** *a.* (no c.s.) दृढ़तापूर्वक चेतना^{F} में लाया गया.

-borne -बार्न *comb.* -ले जाया गया जैसे **air~ diseases.** हवा द्वारा ले जाने वाली बीमारी.

boron बॉ' रॅन n^u. रासायनिक तत्त्व.

borough बॅ' रॅ *n.* पुर, बरो (इंग्लैण्ड का नगर विशेष).

borrow बॉ' रो *v.* **1** *v.t.i.* (from) take loan उधार लेना; **2** *v.i.* take without permission बिना अनुमति^{F} ले लेना; **3** *v.t.i.* (from) copy उद्धृत करना, नकल करना. **live on ~ed time** अधिक समय तक जीवित रहना; **~ed** बॉ' रोड *a.* उधार लिया हुआ, ग्रहीत; **~ed note** *n.* जमानती रुक्का; **~er** बॉ' रोअर *n.* उधारी, ऋणी, ग्रहीता; **~ing** बॉ' रोइङ्ग n^{uc}. **a** (com.) उधार लेना, ऋणादान; **b** (lings.) स्वीकरण, आदान, ग्रहण.

borseht बार्श्ट्, *also* **borsheht, borsch** n^u. चुकन्दर आदि से बनाया गया शोरबा.

borstal बार्स्' टल n^{uc}. (Br. oft. cap.) किशोर सुधार-केन्द्र.

bosn, bos'n बो' सन *n.* boatswain जहाज़ों की नावों^{F} की देख-भाल^F करने वाला.

bosket बॉस्कट् *n.* a grove, small wood कुञ्ज, छोटा जंगल.

bosom बु' ज़म *n.* **1** (oft. euph. or lit.) breast छाती^{F}, वक्षःस्थल; **2** garment वक्षःस्थल का वस्त्र; **3** (lit.) अंतःकरण; **4** broad surface (of a sea or lake) चौड़ा तल. **in the ~ of** के घनिष्ठ संपर्क में; II *a.* (no c.s.) घनिष्ठ. **~friend** *n.* अंतरंग मित्र; **~y** बु' ज़मि *a.* विकसित वक्षोंवाला, विकसित वक्षोंवाली^{F}.

boss बॉस I *n.* **1** stud ककुद, अलंकरण; **2** employer मालिक, सेवायोजक; **3** (Am. usu. derog.) (pol. sc.) राजनीतिक दल का प्रधान; II *v.t.* (about, around) **1** be master मालिक होना, आदेश देना; **2** control नियंत्रण करना. **~y** बॉ' सि *a.* (derog.) हुक्म चलाने का शौकीन.

botany बॉ' टॅनि n^u. वनस्पति विज्ञान. **botanical** बॅटै' निकल *a.* (no c.s.) (attri.) वानस्पतिक; **botanic garden** *n.* वनस्पति उद्यान; **botanist** बॉ' टॅनिस्ट *n.* वनस्पतिज्ञ; **botanize, botanise** बॉ' टॅनाइज़ *v.* **1** *v.i.* study plant life वनस्पतियों^{F} का अध्ययन करना; **2** travel to study वनस्पतियों^{F} की जानकारी^{F} के लिए यात्रा^{F} करना.

botch बॉच, I *n.* खराब कार्य, कच्चा काम; II *v.* (up) भद्दे ढंग से कार्य करना, कच्चा काम करना

~ed बॉच्ड *a*. कच्चा, भोंडा.

both बोथ I *determiner* दोनों. *as* ~ feet दोनों पैर; II *pron*. दोनों. **the ~ of** (Am. non-standard) दोनों का; III *conj*. **~Danpur and Rajapur** न केवल दानपुर बल्कि राजापुर भी.

bother बॉ'दर I *v*. **1** *v.t.* annoy तंग करना, परेशान करना; **2** *v.t.* cause inconvenience to असुविधा^{F} पैदा करना; **3** *v.i.* (with, about) trouble oneself परेशान होना, चिन्तित होना; **4** *v.t.i.* (derog.) used to give force to displeasure अप्रसन्नता^{F} की अभिव्यक्ति^{F} में बल देने के लिए, गोली^{F} मारो, भाड़ में जाए आदि. **~oneself/one's head about** के विषय में चिन्तित होना; II *n*. **1** n^{u}. trouble दिक्कत^{F}, कष्ट; **2** n^{u}. worry चिन्ता^{F}, परेशानी^{F}; **3** n^{c}. (usu. sing.) something that causes this परेशानी^{F} उत्पन्न करने वाला. **~ation** बॉदॅरे'शन *n*. दिक्कत^{F}, परेशानी^{F}; **~some** बॉ'दरसम *a*. कष्टप्रद, झंझटभरा.

bo-tree बो'ट्री *n*. बोधि वृक्ष.

botryoidal बॉ'ट्री ओईडल *a*. गुच्छाकार.

bottle बॉ'टल I *n*. **1** n^{c}. container बोतल^{F}, शीशी^{F}; **2** n^{c}. (also ~ful) quantity contained in ~ बोतल^{F} के पदार्थ^{F} की मात्रा; **3** (the +) alcoholic drink मदिरा^{F}, शराब^{F}; **4** (the + , sing.) milk in ~ बोतल^{F} का दूध (बच्चों का). **~coal** *n*. गैस^{F} कोयला; **~gourd** *n*. लौकी^{F}; **~green** (i) n^{u}. बोतली हरा रंग; (ii) *a*. (no c.s.) हरा गिलास. **~neck** *n*. **a** narrow space संकीर्ण स्थान, मार्गावरोध; **b** (fig.) अवरोध; II *v.t.* **1** put into ~s बोतल^{F} में भरना; **2** preserve in ~ by heating बोतल^{F} में परिरक्षित करना. ~ **feed** *v.t.i.* बोतल^{F} से दूध पिलाना; **~up** *v.t.* रोकना, दबाए रखना; **~ful** *n*. बोतल-भर.

bottom बॉ'टम *n*. **1** n^{c}. (of) base, lowest part निचला भाग. **~left** *n*. निचला बायां भाग; **~note** *n*. पाद-टिप्पणी^{F}; **2** (the) (of) the ground under the sea तली^{F}, अधस्तल, तल; **~lighting** *n*. तल प्रकाश; **3** (the) least important part सबसे कम महत्त्वपूर्ण भाग; **4** n^{c}. seat of a chair आसन; **5** n^{c}. posterior चूतड़, नितम्ब; **6** (the +, of) starting point आधार, मूल कारण; **7** n^{c}. (of ship, vessel) पेंदा; **8** n^{c}. (usu. pl.) low lying grassland तलहटी^{F}, निचान^{F}; **9** (attri:) last अंतिम, निम्नतम. **at ~** वास्तव में, ऊपरी आवरण के बावजूद; **bet one's ~ dollar** निश्चित होना, आश्वस्त होना; **~up** उल्टा; **bottoms up** अपने गिलासों को खाली करो, पान (मदिरा^{F}) समाप्त करो; **from the ~ of one's heart** हृदय की गहराई^{F} से, दिल से; **knock the ~ out of** मूल आधार समाप्त करना, ले लेना; **start at the ~of the ladder** अत्यन्त कम महत्त्वपूर्ण परिस्थिति^{F} में प्रारंभ करना. **the top and ~ of it** इसका सम्पूर्ण, इसकी व्याख्या^{F}; **~drawer** *n*. (Am. hope chest) स्त्रियों^{F} के लिये विवाह का सामान रखने का दराज़; **~less** लें'स *a*. (no c.s.) अगाध; **~out** *v.i.* **a** beat the lowest position निम्नतम स्थिति पर होना; **b** reach the lowest point निम्नतम बिन्दु पर पहुँचना.

boudoir बू'ड्वार *n*. dressing-room (lady's small private room) शृंगार कक्ष, स्त्रियों का निजी कमरा.

bouffant बू'फ़ांङ्ग, बूफ़ॉन्ट *a*. फूले हुए, उभरे हुए.

bough बाउ *n*. **a** branch of a tree शाखा^{F}, डाल^{F}; **b** gallows फांसी का तख़्ता.

bought बॉट *past t.* and *past p.* of buy. खरीदा.

bouillabaisse बूयॅ बेस' n^{uc}. (मछली^{F} आदि का) पकवान.

bouillon बू'यॉन n^{uc}. शोरबा.

boulder बोल्'डर *n*. waterworn rounded stone गोलाश्म.

boulevard बूल'वार्ड *n*. मुख्य-मार्ग, बड़ी सड़क^{F} **~woman** *n*. गणिका^{F}, वेश्या^{F}.

bounce बाउन्स I *v*. **1** *v.t.i.* (of a ball) spring उछालना, उछलना; **2** (cause to) jump निकल जाना, उछालना; **3** burst into घुस पड़ना, आ पड़ना; **4** boast शेखी^{F} बघारना. **~back** *v.i.* व्यथित होने के बाद सुधार होना, सुधरना; II *n*. **1** n^{c}. jumping उछाल^{F}, लपक^{F}; **2** (behaviour) मित्रवत् व्यवहार. **on the ~** जब गेंद^{F} उछाल दी गयी हो; III *adv*. **1** suddenly अचानक; **2** noisily खटाखट, तपाक् से. **~r** बाउन्'सर *n*. **a** person or thing that bounces उछलने वाला; **b** strong man (अवांछित व्यक्तियों को निकालनेवाला) दबंग व्यक्ति; **c** bumper बल्लेबाज़ को घायल कर देने वाली तेजगेंद^{F}. **bouncing** बाउन्'सिङ्ग *a*. (no c.s.) हट्टा-कट्टा, हृष्ट-पुष्ट; **bouncy** बाउन्'सि *a*. अच्छी तरह उछालनेवाला; **bouncily** बाउन्'सिलि *adv*. उछालते हुए; **bounciness** बाउन्'सिनें'स n^{u}. उछलकूद, उछालपन.

bound बाउन्ड I *a*. **1** (no c.s.) (for, pred.)

going (to) (को) जानेवाला, प्रस्थानोन्मुख; **2** (no c.s.) kept close to सम्बद्ध; **3** (pred.) certain अवश्य, निश्चय; **4** (pred.) obliged बाध्य; **5** (of book) fastened आबद्ध, जिल्दबन्द. ~**volume** *n.* सजिल्द खंड; **6** (pred.) determined दृढ़-निश्चयी. ~**in** में व्यस्त, में लगा हुआ; ~**up with** पर-निर्भर, सम्बद्ध; **I'll be** ~ मैं बाध्य हूंगा; ~**water** *n.* सध्य जल; II *n.* **1** jump कूद^F, छलांग^F; **2** bounce उछाल^F, उच्छलन; **3** limit सीमा^{F}; **4** (fig.) सीमा^{F}, मर्यादा^{F}; **5** (maths.) परिबन्ध; III *v.t.* **1** (usu. pass.) mark the edge of सीमित करना, की सीमा^{F} निश्चित करना; **2** jump उछलना, कूदना. ~**ary** बाउन्'डरि *n.* **a** border सीमा^{F}, चौहद्दी^{F}; **b** outer limit परिसीमा^{F}, मर्यादा^{F}; **c** (in cricket) सीमा^{F} रेखा^{F} तक जाना. ~**ed** बाउन्'डिड *a.* परिबद्ध; ~**ed by** से घिरा हुआ; ~**en** बाउन्'डन *a.* (no c.s.) (attri.) आवश्यक; ~**en duty** *n.* आवश्यक कर्तव्य; ~**less** *a.* अंतहीन; ~**lessly** *adv.* अन्तहीनता^{F} से; ~**lessness** n^u. अन्तहीनता^{F}; ~**s** बाउन्ड्ज़ *n.* (pl.) अधिकतम सीमा^{F}; **out of** ~**s (to)** निषिद्ध.

-bound -बाउन्ड *comb.* kept in अवरुद्ध. जैसे snow~ बर्फ़-अवरुद्ध.

bounteous बाउन्'टिअस *a.* **1** generous दानशील, उदार; **2** given freely अधिदान्य; **3** ample प्रचुर. ~**ly** *adv.* दानशीलता^{F} से, उदारता^{F} से; ~**ness** n^u. दानशीलता^{F}, उदारता^{F}; **bountiful** बाउन'टिफुल **1** plentiful प्रचुर, पर्याप्त; **2** generous उदार, दानशील. **bountifully** बाउन'टिफुलि *adv.* उदारता^{F} से; प्रचुरता^{F} से; **bounty** बाउन्'टि *n.* **a** n^u. generosity उदारता^{F}; **b** (adm.) इनाम, अधिदान; **c** gratuity वित्तीय सहायता^{F}.

bouquet बू के' *n.* **1** flowers fastened in a bunch पुष्प-गुच्छक, फूलों का गुच्छा; **2** words of praise प्रशंसा^{F} के शब्द, स्तुति^{F}; **3** n^{uc}. aroma (शराब^F की) सुगन्ध^F.

bourgeois बुअर'ज़्वा I *n.* मध्यवर्ग, पूंजीवादी वर्ग का सदस्य; II *a.* **1** (no c.s.) of middle class मध्यवर्गीय; **2** (no c.s.) of capitalist पूंजीपति सम्बन्धी. ~**ie** बुर्अज़्वा ज़ी' n^{uc}. (the) **a** middle class मध्यवर्ग; **b** capitalist class पूंजीपति वर्ग.

bourn(e) बॉर्न *n.* **1** (old use) stream नदी, सरिता^{F}; **2** (old use, lit.) border सीमा^{F}; **3** goal लक्ष्य.

bourse बूर्स् *n.* money-market सराफा.

bout बाउट' *n.* **1** turn पारी^{F}, बारी^{F}; **2** fit of illness दौरा; **3** boxing match बल परीक्षा^{F}.

boutique बु'टीक' *n.* **1** shop दुकान^F; **2** department of shop दुकान^F का एक भाग.

bouzouki बू ज़ू' कि *n.* यूनानी संगीत का एक यंत्र.

convolute कॉन्' वलूट I *a.* (also) ~**d** curved लपेटा हुआ, संवलित, difficult to understand समझने में कठिन. ~**dly** कॉन्' वलूटिडलि *adv.* संवलित ढंग से; **convolve** कन् वॉल्व' *v.* संवालित या कुण्डलित होना, लपेटना; **convolution** कॉन्वॅ लू' शन *n.* **a** fold लपेट^F, ऐंठन, कुठलन; **b** fold on the brain's surface परिकलन.

convolvulus कन् वॉल्' व्युलॅस *n.* हरिणपदी.

convoy कॉन्' वॉइ I *v.t.* रक्षार्थ साथ जाना या साथ देना; II n^c. सार्थवाह, सार्थवहन. **in**~ बड़े समूह में रक्षा^{F} के लिए; **under**~ सशस्त्र जहाजों, गड़ियों द्वारा रक्षित; ~**note** *n.* वहनपत्र; ~**post** *n.* रक्षा-चौकी^{F}.

convulse कन्' वल्स' *v.t.* (with) **1** हिला देना, आलोड़ित करना, **2** twist मरोड़ना. **convulsion** कन्वल्' शन n^u. **a** spasm ऐंठन मरोड़; **b** (of laughter) ठहाका, अट्टहास; **c** upheaval खलबली^{F}. **convulsive** कन्वल्' सिव *a.* (no c. s.) आक्षेपात्मक, आकस्मिक खलबली^{F} पैदा करने वाला; **convulsively** कन् वल्' सिवर्लि *adv.* आक्षेपी ढंग से.

cony, (coney) को' नि *n.* खरगोश.

coo कू I *n.* कोयल या कबूतर की आवाज़^{F}; II *v.i.t.* **1** make the voice of pigeon or cuckoo कोयल या कबूतर की आवाज^F निकालना; **2** speak softly and lovingly प्रेम-पूर्वक बोलना.

cook कुक I *n.* रसोइया, बावरची. ~**-houses** *n.* रसोईघर; ~**-out** *n.* (Am.) घर के बाहर खाया जाने वाला खाना; II *v.t.i.* **1** prepare food भोजन बनाना; **2** (food) be prepared in this way पकना; **3** change for advantage अपने लाभ के लिए बात को बदल देना. ~**up** *v.t.* झूठा आविष्कार करना, गढ़ लेना; ~**er** कु' कर *n.* **a** अँगीठी^{F}; **b** पकाने वाले पात्र. ~**ery** कु' कॅरि *n.* पाक-कला^{F}, पाकशास्त्र; ~**ery book** *n.* पाक-कलां पुस्तक^F; ~**ing** कु' किङ्ग *a.* (no c.s.) पकने योग्य; **cookie** कु' कि *n.* (Am.) बिस्कुट.

cool कूल I *a.* **1** cold शीतल, ठंडा; **2** शांत. ~**headed** *a.* शांत; **3** lacking warm feeling उत्तेजनाहीन; **4** not cordial रूखा, उदासीन; **5** good बहुत अच्छा; II *v.i.t.* ठंडा होना, ठंडा करना. ~**it** शांत रहना; ~**one's heels** अपनी शांति^{F} खोना; ~**down** (off) *v.i.t.* शांत होना, शांत करना; III *n.* **a** शीत, शीतलता^{F}; **b** calmness of temper शान्ति^{F}. **blow/lose one's**~ शांति^{F} खो देना; IV *adv.* **play it**~ शांत रूप से; ~**ant** कू' लॅन्ट n^{uc}. शीतलक; ~**ing-off period** *n.* हड़ताल^F के पहले का वह समय जब दोनों पक्ष समझौता करने के लिए प्रयत्न करते हैं (उपशमन अवधि).

coolie कू' लि *n.* कुली, भारिक.

coop कूप *n.* दरबा, झाबा. ~**up** *v.t.* (usu. pass.) स्वतन्त्रता^{F} सीमित करना.

cooper कू' परं *n.* कनस्तर टब आदि बनाने वाला.

cooperate, co-operate को ऑपॅ' रेट *v.i.* (with in) सहयोग करना, सहयोग देना. **co-operation** कोऑपॅ रे' शन n^u. *try* **a** सहयोग; act of co-operating सहयोग देने का कार्य; **b** willingness to work together सहकारिता^{F}, साथ-साथ करने की इच्छा^{F}; **c** support सहयोग, समर्थन. **co-operative,** को ऑ' पॅरटिव (i) *a.* **a** helpful सहायक, सहयोगी; **b** (no c. s.) सहकारी; (ii) *n.* सहकारी समिति^{F}. **co-operatively** को ऑ' पॅरॅटिबलि *adv.* सहयोग पूर्वक; **co-operator** को ऑ' पॅरेटर *n.* सहयोगी, सहका-

co-opt को ऑप्ट *v.t.* (into) सहयोजित करना.

co-ordinate को ऑर्' डिनिट I *a.* **1** equal in rank, importance समकक्ष; पद, महत्व में समान. ~**classes** *n.* समकक्ष वर्ग; **2** (gram.) समानाधिकरण; II *n.* **1** (person) समकक्ष व्यक्ति; **2** (math) निर्देशांक; III *v.* **1** समकक्ष बनाना; **2** harmonize समन्वित करना; **3** मिलकर काम करना. ~**s** को ऑर्' डिनिट्स *n.* (pl.) (औरतों^{F} का) सह-वस्त्र; **co-ordination** को ऑर्डि ने' शन n^u. **a** समन्वय, तालमेल; **b** (gram.) समानाश्रय. ~**ly** *adv.* समकक्षता^{F} से.

coot कूट *n.* जलपक्षी, पनडुब्बी^{F}, चिड़िया^{F}.

copal को' पॅल *n.* राल. ~**-tree** *n.* धूना, धूप^F (वृक्ष).

co-partner को पार्ट' नर *n.* सहभागी. ~**ship** n^u. सहभागिता^{F}.

cope कोप I *n.* **1** vestment प्रावारक; **2** canopy वितान; II *v.i.* (with) सफलतापूर्वक करना, सामना करना. **coping** को पिङ्ग *n.* **a** (F.A.) पक्षमार्जन; **b** coping behaviour *n.* साधक व्यवहार; **c** (arch.) मुंडेरी^{F}, शीर्षिका^{F}. **coping stone** *n.* शिखर रद्दा, मण्डेरा.

copeck, kopeck को' पें *n.* रूसी मुद्रा, रूबल का सौवां भाग.

copier कॉ' पिअर *n.* प्रतिलिपिक.

co-pilot को' पाइलॅट n^c. सहविमान चालक.

copious को' पिअस *a.* **1** plentiful प्रचुर, विपुल; **2** (wordy) शब्दाडम्बरपूर्ण, शब्दबहुल. ~**ly** *adv.* प्रचुरता^{F} से, शब्द-बहुलता^{F} से.

copper कॉ' पर I n^c. (metal) तांबा. ~**-bottomed** *a.* (no c. s.) ताम्र तला, दृढ़; ~**plate** *n.* **a** ताम्र पत्र; **b** (adjectve of writing) निर्दोष लिखाई^F. ~**-smith** *n.* ठठेरा; **2** (Br.) coin of low value ताम्र-मुद्रा; **3** vessel ताम्र-पात्र; **4** a butterfly एक प्रकार की तितली^{F}; II *a.* ताम्र वर्णी, तांबे के रंग का; III *v.t.* तांबा चढ़ाना. ~**y** कॉ' पॅरि *a.* ताम्र वर्ण.

coppice कॉ' पिस *n.* गुल्म वन (छोटे वृक्षों का जंगल).

copra कॉ' प्रॅ n^u. गरी, खोपड़ा.

copro- (before a vowel copr.) विष्ठा. ~**lite** *n.* विष्ठाश्म; ~**logy** *n.* अश्लीलता^{F}; ~**phagous** *n.* विष्ठाभोजी; ~**phagy** *n.* विष्ठाभोजिता^{F}; ~**philia** *n.* विष्ठानुरक्ति.

copula कॉ' प्युलॅ *n.* **1** (gram.) संयोजक; **2** connexion सेतुक, सम्बन्ध. ~**te** कॉप्युलेट *v.i.* (with) **a** have sex सहवास करना; **b** (animal) form a couple for sexual union यौन सम्बन्ध के लिए जोड़ा बनाना. ~**tion** कॉप्यु ले' शन n^u. **a** मैथुन; **b** संयोजन. ~**tive** कॉ' प्युलेटिव़ (i) **a** *v.i.t.* (gram.) योजक. ~**tive compound** *n.* द्वन्द समास; ~**ative conjunction** समुच्चय बोधक अव्यय; **b** related to copulation सहवास से सम्बन्धित; *n.* संयोजक शब्द.

copy कॉ' पि I *n.* **1** a thing made like another नकल^F, प्रतिलिपी^{F}; **2** a single example of a magazine etc. प्रति^{F}; **3** written material पाण्डुलिपि^{F}, हस्तलेख. ~**editor** *n.* पाण्डुलिपि संपादक; **good**~ *n.* दिलचस्प समाचार; ~**book** *n.* अभ्यास पुस्तिका^{F}; **blot one's** ~**book** अपने रिकार्ड को खराब करना; ~**boy** *n.* लिपिवाहक; ~**-cat** *n.* नकलची, नक्काल; ~**-desk** *n.* लिपि मेज^F; ~**-hold** *n.* पट्टभूमि^{F}, पट्टे पर भूमि^{F} प्राप्त करने वाला; ~**-right** n^{uc}. स्वत्वाधिकार, प्रकाशनाधिकार; ~**-wrtiter** *n,* **a** वृत्त लेखक; **b** विज्ञापन लेखक; **c** लिपि लेखक; II *v.i.t.* **1** (for) make a copy of किसी की प्रति^{F} तैयार करना; **2** follow as a standard pattern नकल^F करना, अनुकरण करना; **3** (from, off) cheat by writing or doing लिखकर या करके धोखा देनी. ~**out** *v.t.* ठीक-ठीक उतारना, हूबहू लिखना; ~**ing** कॉ' पिङ्ग *v.* **a** (admn. archi.) प्रतियां^{F} बनाना, प्रतिलिपि^{F} बनाना; **b** (lit.) अनुकरण, अनुलेखन. ~**ing ink** *n.* अनुमुद्रण स्याही^{F}: ~**paper**; *n.* प्रतिलिपि^{F} कागज़; ~**ist** कॉ' पिइस्ट *n.* नकलनवीस.

coquette, coquet को कॅट', कॅ कॅट 1*n.* चपला^{F}, नखरेबाज. **II** *v.t.v.i.* नखरे करना, चोंचले करना. **coquetry** कॉ' कॅट्रि n^{uc}. चोंचलेबाजी^{F}, नखरेबाजी^{F}; **coquetish** को कॅ ' टिश *a.* नखरेबाज, **coquetishly** को कॅ ' टिशलि *a.* नखरेबाजी^{F} से.

cor- कॉर- *prefix* (the form used for com- before r-) *as* correlate.

coracle कॉ' रॅकल *n.* चर्मावृत्त नौका^{F}.

coral कॉ' रल I *n.* मूंगा, प्रवाल . ~**island** *n.* प्रवाल द्वीप; ~**-reaf** *n.* प्रवाल भित्ति^{F}; ~**-tree** *n.* मदार; II मूंगिया (रंग का).

corbel कॉर्' बल *n.* (archi.) टोड़ा.

cord I n^{uc}. **1** thick rope रस्सी^{F}; **2** (also chord) part of the body रीढ़^{F}, मेरु^{F}; **3** raised line on the surface of cloth कपड़े की उभरी लाइन; **4** wire बिजली^{F} का तार; II *v.t.i.* रस्सी^{F} से बांधना. ~**age** कॅर्^{F} डिज n^u रस्सी^{F}, जहाज की रस्सी.

cordate कॉर्' डेट' *a*. हृदयाकार.

cordial कॉर्' डिअल I *a*. **1** हार्दिक, स्नेहपूर्ण; 2 पुष्टिकर, पौष्टिक; II n^{uc}. **1** liquer पेय; 2 fruit juice फलों का रस. ~**ity** कार्डि ऐ' लिटि n^{u}. सौहार्द, मित्रता^{F}; ~**ly** कॉर्' डिअलि *adv*. सौजन्यपूर्ण ढ़ग से; **dislike/hate other ~ly** तीव्र घृणा करना.

cordillera कार्डि ल्यें' ॲर *n*. पर्वत श्रेणी^{F}..

cordite कॉर्' डाइट n^{u}. धुआँ रहित विस्फोटक पाउडर.

cordon कॉर्' डन *n*. **1** line of police सिपाहियों की पंक्ति^{F}; **2** fruit trees पट्टी; **3** ornamental band फीता, डोरी^{F}. ~**off** *v.t.* पुलिस^{F} की पंक्तियों^{F} एवं गाड़ियों^{F} से घेरा डालना.

cordon bleu कॉडॉन ब्लू' (Fr.) *n*. the best cook सर्वश्रेष्ठ रसोइया.

cords कॉर्डज़ (also) **corduroys** कॉर्' डराइज़ *n*. (pl.) कार्डराइज निर्मित पायजामा. **corduroy** कॉर्' डॅराइ n^{u}. मजबूत मोटा सूती वस्त्र; **corduroy road** *n*. (Am.) लकड़ी के लट्ठों की सड़क^{F}.

core कॉर्, कोर I *n*. **1** बीजकोष; **2** control part अभ्यन्तर, सारभाग, क्रोड़. ~**casting** *n*. क्रोड़ ढलाई. ~**class** *n*. मूल कक्षा^{F}; ~**culture** क्रोड़ संस्कृति^{F}; ~**director** *n*. कार्यक्रम निदेशक; **rotten to the~** पूरी तरह^{F} से खराब; **to the~** सीधे केन्द्र में, पूर्ण रूप से; II *v.t.* (फल का) सार भाग निकालना, गूदा निकालना; ~**er** कॉ' रर *n*. सेब का गूदा निकालने वाला चाकू.

co-religionist को' रिलिजनिस्ट *n*. (of) एक धर्म के सदस्य.

co-respondent कोरि स्पॉन्' डॅन्ट *n*. सह-प्रत्यर्थी.

coriaceous कॉरि ए' शस *a*. चर्मिल, चीमड़.

coriander कॉरि ऐन्' डर n^{uc}. धनिया^{F}.

corium को' रिअम *n*. अंतःत्वचा.

cork कार्क I *n*. काग, डाट. ~**screw** *n*: काग पेच; II *v.t.* कार्क से बोतल^{F} बंद करना. ~**up** *v*. अस्वास्थ्यकारी रूप में नियंत्रित करना; ~**age** कॉर्' किज n^{u}. बोतलों^{F}की काग खुलवाई; ~**ed** *a*. गन्दे डाट के कारण खराब स्वादवाला.

corker कॉर्' कर *n*. **1** excellent person or thing उत्कृष्ट व्यक्ति या वस्तु^{F}; **2**.(Br.) argument अनुत्तरदायी तर्क; **3** daring lie साहसपूर्ण झूठ.

corm कार्म *n*. घनकन्द.

cormorant कॉर्' मॅरॅन्ट **1** *n*. जलकाक. **2** *a*. पेटू; खाऊ

corn कॉर्न I *n*. **1** अनाज. ~**bread** अनाज की रोटी^{F}; ~**cob** *n*. मकई की बाल, भुट्टा; ~**crake** *n*. सस्य कुक्कटी^{F}; ~**exchange** *n*. अनाज मंडी^{F}; ~**field** *n*. अनाज का खेत; ~**flour**, (Am.) (~**starch**) आटा; ~**flower** *n*. पौधा; **corn laws** *n*. अन्न कानून; **2** maize मकई^{F}. ~**pone** *n*. मक्की^{F} की रोटी^{F}; III (on skin) घट्टा, गोखरू. **tread on someone's ~s** किसी की भावनाओं^{F} को कष्ट पहुँचाना; II *v.t.* नमक छिड़ककर मांस को सुरक्षित रखना; ~**y** कार्' नि *a*. **a** धान्यमय;, घट्ठेदार. **b** शृंगीय.

cornea कार्' निअ् *n*. स्वच्छमंडल, श्वेतपटल (आंख^{F} का).

cornelian कॉर् नी' लिअन *n*. (जेवरों का) एक प्रकार का पत्थर.

corner कॉर्' नॅर I n^{uc}. **1** edges कोना. ~**stone** *n*. **a** नींव का पत्थर; **b** महत्त्वपूर्ण वस्तु; **2** the place where two roads, streets meet नुक्कड़, मोड़; **3** part of the world संसार का भाग; **4** (on) (com.) एकाधिकारात्मक क्रय. ~**kick** *n*. (फुटबाल) कार्नर किक; **around/round the~** *n*. अत्यन्त निकट; **cut ~s** (विषय पर ध्यान न देकर) साधारण ढंग से कोई कार्य करना; **cut off a/the~** विशेष चारागाह के बीच से गुजरना; **drive/force/put into~** कठिन परिस्थितियों^{F} में डाल देना; **be in a tight~** कठिन परिस्थिति^{F} में होना; **turn the~** बीमारी^{F} या कठिनाइयों^{F} से छुटकारा पाकर अच्छा हो जाना; II *v.i.t.* **1** force into difficult position कठिन परिस्थितियों^{F} में डालना; **2** gain control of एकाधिकार क्रय करना; **3** (vehicle) turn मोड़ लेना; II *a*. (no c. s.) **1** shaped for use in a corner कोने में प्रयोग के लिए; **2** being at a corner कोने मे रखी.

-cornered कार्नर्ड *comb*. उतने कोने वाला.*as* two cornered दो कोने वाला.

cornice कॉर्' निस n^{uc}. (archi.) कपोत, कंगनी^{F}

cornucopia कारन्यु को' पिअॅ *n*. अक्षय पात्र.

corny कॉर्' नि *a*. साधारण, घिसा-पिटा.

corolla कॅ रॉ' लॅ *n*. दल पुंज.

corollary कॅ रॉ' लरि *n*. **1** उपप्रमेय, उपसिद्धान्त; **b** consequence उपपरिणाम.

corona कॅ रो' नॅ *n*. (pl. ~s or- ~l) **1** परिमण्डल, प्रभामण्डल; **2** crown किरीट, मुकुट; **3** (archi.) कपोत शृंग; ~**l** कॉ' रॅनल (i) *n*. **a** किरीट; **b** माला; (ii) *a*. किरीटी^{F}. ~**tion** कॉरॅ ने' शन *n*. राज्याभिषेक; ~**tion stone** *n*. अभिषेक शिला^{F}.

coronary कॉरॅ' नॅरि *a*. (no c. s.) 1 हृदधमनी 2. चक्रीय 3. मुकुट संबंधी. ~**artery** *n*. चक्रीय धमनी^{F}.

coroner कॉ' रॅनरॅ *n*. मृत्यु समीक्षक.

coronet, cornet कॉरॅ' निट *n*. **a** शिरोभूषण, शिरोबन्धु; **b** (of horse) सुमशीर्ष.

coronoid कॉ' रॅनाइड *a*. चंचुभ, कौए की चोंच की तरह.

corp. कार्प *abbr*. **1** corporal; **2** corporation.

corpora कॉर्' पॅरॅ *n*. *pl*. of corpus.

corporal कॉर्' पॅरल I *a*. शारीरिक, दैहिक. **~relic** *n*. देहावशेष; II *n*. नायक, वफादार. **~ity** कॉर्पॅ रै' लिटि n^{u}. भौतिकता^{F}, शारीरिकता^{F}.

corporate कॉर्' पॅरिट *a*. **1** collective सामूहिक. **~author** *n*. समष्टि, ग्रन्थकार; **2** (no c. s.) belonging to corporation निगम से सम्बन्धित, निगमित. **~property** *n*. निगम की संपति; **corporation** कार्प रे' शन n^{c}. **a** निगम. **corporation tax** *n*. निगम कर; **b** (of a town) पालिका. **~ly** *adv*. सामूहिकता^{F}से.

corporeal कॉर्पॉ' रिअल *a*. (no c. s.).**1** (of the body) शरीर का; **2** that can be touched मूर्त, भौतिक. **~ly** *adv*. भौतिकता^{F} से, मूर्त रूप में.

corps कॉर *n*. (pl.corps कॉर्ज़) **1** trained army group अनीकिनी^{F}, दल; **2** group of people निकाय, समूह. **~de ballet** *n*. बैले नर्तक दल; **~of journalists** *n*. पत्रकार दल.

corpse कॉर्प्स् *n*. शव, लाश. **~seat** *n*. प्रेतासन.

corpulent कॉर्' प्युलॅन्ट *a*. मोटा. **corpulence** कॉर्' प्युलन्स n^{u}. मोटापन.

corpus कॉर्' पॅस *n*. (pl. corpora कॉर् पॅरॅ) **1** (archi.) ग्रन्थ संग्रह; **2** (lings.) सामग्री^{F}; **3** (lit.) वाङ्मय. **~delicti** *n*. अपराध तत्व.

corpuscle कॉर्' पॅसल *n*. कणिका^{F}. **white~** *n*. श्वेताणु; **red~** *n*. रक्ताणु.

corral कॉराल' I *n*. बाड़ा, घिरा स्थान; II *v.t*. पशुओं को या गाड़ी^{F} को बाड़े में रखना.

correct कॅ रेंक्ट' I *a*. **1** right सही, ठीक; **2** keeping proper standard of manners उचित, यथोचित. **~verse** *n*. द्विपदी; II *v.t*. **1** make right सही करना, ठीक करना; **2** cure of a fault (दण्डित करके) अपराध सुधारना. **~ed** कॅ रेंक्' टिड *a*. संशोधित्त ; **~ion** कॅ रेंक्' शन n^{c}. act of correcting ठीक करने का कार्य; **2** improvement सुधार; **3** punishment दण्ड, सजा^{F}. **~itude** कॅ रेंक्' टिट्यूड n^{u}. औचित्य, निर्दोषाचरण; **~ive** कॅ रेंक्' टिव् n^{u}. (no c. s.) सुधारक, दोषनिवारक; **~iveness** कॅ रेंक्' टिवनेस n^{u}. **a** यथातथ्यता^{F}; **b** औचित्य. **~ly** *adv*. ठीक-ठीक, शुद्धता पूर्वक; **~ness** n^{u}. शुद्धता^{F}; **b** उचितपन.

correlate कॉ' रिलेट I *v.i.t.* (with) सहसम्बन्ध होना, सहसम्बन्ध रखना; II *n*. सहसम्बन्धी वस्तु^{F}; III *a*. सहसम्बद्ध. **correlation** कॉरि ले' शन n^{uc}. सहसम्बन्ध, परस्पर सम्बन्ध; **correlative** कॅ रें ' लॅटिव (i) *a*. *v.i.t.* सहसम्बन्धी. **correlative verse** *n*. यथासंख्य पद; (ii) *n*. सहसम्बन्धी वस्तुएँ^{F}. **correlativity** कॅरॅ लॅ ' टि' विटि *n*. सहसम्बन्धता^{F}.

correspond कॉरिस् पॉण्ड' *v.i.* **1** (with, to) match मेल खाना, के अनुकूल होना; **2** (to) be equal समान होना; **3** (with) exchange letters नियमित पत्र व्यवहार करना. **~ence** कॉरिस् पॉन्' डॅन्स n^{uc}. **a** likeness समानता^{F}; **~ence of form and content** *n*. शब्दार्थ संगति^{F}; **b** exchange of letters पत्र व्यवहार, पत्राचार. **~ence clerk** *n*. पत्राचार क्लर्क; **c ~ence course** *n*. पत्राचार पाठ्यक्रम; **d** letters exchanged चिट्ठी-पत्री^{F}, लिखा-पढ़ी^{F}. **~ence theory** *n*. संवाद सिद्धान्त; **~ent** कॉरिस पॉन्' -डॅन्ट I *a*. **a** matching अनुकूल, सदृश; **b** corresponding पत्रव्यवहारी; **c** newsreporter संवाददाता; **d** agent अभिकर्ता. **~ent bank** *n*. अभिकर्ता बैंक; **~ing** कॉरिस् पॉन्' ङ्गि *a*. **a** अनुकूल, सदृश. **~ing price** *n*. अनुरूप कीमत^{F}; **b** संवादी. **~ing point** *n*. संवादी बिन्दु; **~ingly** कॉरिस पॉन्' ङ्गिलि *adv*. सदृश पूर्वक, संवादी ढंग से.

corridor कॉ' रिडॉर *n*. गैलरी^{F}, गलियारा. **~train** *n*. कोरिडारवाली रेलगाड़ी^{F}.

corrigendum कॉरि जेंन्' डम *n*. (pl.da) शुद्धि पत्र. **corrigible** कॉ' रिजॅबल *a*. संशोधनीय.

corroborate कॅ रॉ' बॅरेट *v.t*. समर्थन करना, पुष्टि^{F} करना; **corroborant** कॅ रॉ' बॅरन्ट (i) *a*. समर्थक; (ii) *n*. समर्थक, संपोषी^{F}. **corroborator** कॅ रॉ' बरेटॅर *n*. समर्थक.

corroboree कॅ रॉ' बॅरी *n*. **1** Australian dance आस्ट्रेलियन नाच; **2** noisy dance कोलाहलपूर्ण पार्टी^{F}, नाच आदि.

corrode कॅ रोड' *v.t.i.* (away) **1** destroy क्षय करना, क्षय हो जाना; **2** (chem.) संक्षारित करना. **corrosion** कॅ रो' यॅन n^{u}. **a** क्षय; **b** (chem.) संक्षारण; **c** (rust) जंग. **corrosive** कॅ रो' सिव् *a*. **a** able to corrode संक्षारक; **b** destroying क्षयकारी; **c** (of language) fierce भयानक. **corrosive sublimate** *n*. रसपुष्प; **corrosively** कॅ रो' सिवलि *adv*. क्षयकारी ढंग से, भयानकता^{F} से; **corrosivness** कॅ रो' सिवनेंस n^{u}. **a** क्षयकारिता^{F}; **b** संक्षारकता^{F}.

corrugate कॉ' रॅगेट *v.t.i.* नालीदार बनाना; लहरियादार बनाना. **~ed** कॉ' रॅगेटिंड *a.* नालीदार. **~d iron** *n.* नालीदार चादर^F; •**corrugation** कारॅ गे' शन *n.* वलीयन, नाली^{F}; **corrugator** कॉ' - रॅगेटर *n.* भ्रूभंगिका^{F}.

corrupt कॅ रॅप्ट' I *a.* **1** immoral अनैतिक , दुष्ट; **2** dishonest घूसखोर बेईमान; **3** containing mistakes गलतियों^{F} से भरा हुआ. **~text** *n.* भ्रष्ट पाठ; II *v.t.i.* **1** make morally bad भ्रष्ट करना; **2** bribe घूस^F देना; **3** change the original form विकृत करना. **~ible** कॅ रॅप्' टॅबल *a.* **a** क्षयशील; **b** भ्रष्टाचारी. **~ibility** कॅरप्टॅ बि' लिटि n^u. भ्रष्टता^{F}; **~ion** कॅ रप्' - शन n^{uc}. **a** act of corrupting भ्रष्टाचार; **b** immoral behaviour बेईमानी^{F}, दुराचरण; **c** decay सड़न'; **d** impurity अशुद्धता^{F}; **e** (lings.) अवमिश्रण, अपभ्रष्ट प्रयोग. **~ly** *adv.* अनैतिकता पूर्वक, घूसखोरी' से; **~ness** n^u. **a** immorality अनैतिकता^{F}, दुष्टता^{F}; **b** घूसखोरी^{F}

corsage कॉर्' सायं' *n.* **1** bodice चोली^{F}; **2** bunch of flowers worn by woman स्त्रियों का आभूषण, पुष्प गुच्छ.

corsair कॉ्' सॅंअर *n.* जलदस्यु, दस्युपोत.

corse कॉर्' सॅ *n.* (old use) लाश.

corselet कार्स्' लट *n.* उरस्त्राण, वक्षस्त्राण.

corset कॉर्' सिट *n.* चोली^{F}, नितम्ब पेटी^{F}. **~ed** कॉर्' सिटिड *a.* *v.i.t.* चोलीदार.

cortege कॉर् टेय़' *n.* शवयात्रा, जुलूस.

cortex कॉर् टॅक्स *n.* (pl. cortices) **1** bark वल्कल, छाल^F; **2** प्रान्तास्था^{F}, वाह्यक. **cortical** कॉर्' टिकॅल *a.* *v.i.t.* वल्कुटीय; **cortical suppression** *n.* वल्कुटीय निरोध.

cortisone कॉर्' टिज़ोन n^u. कोर्टिजोन, विशेष प्रकार की अति शक्तिदायक औषधि.

corundum कॅ रन्' डॅम n^u. कुरण्ड, कुरुविन्द.

coruscate कॉ' रस्केट *v.i.* दमकना, चमकना; **coruscant** कॅ रॅस्' कॅन्ट *a.* दमकदार; **coruscation** कॉरॅस् के' शन n^u. चमक^F.

corvee कॉर् वे़ n^{uc}. (the + cap.) बेगार.

corvette कॉर् वॅट' *n.* लड़ाकू जलपोत.

corvine कॉर्' वाइन *a.* काकीय.

corymb कॉ' रिम्ब *n.* bot समशिख.

coryphaeus कॉरि फ़ी' ॲस *n.* नायक (समूह गान का) **coryphee** कॉ' रिफ़े *n.* प्रमुख नर्तकी^{F}

coryza कॅ राइ' ज़ *n.* नज़ला.

cos कॅज़ I *conj.* because क्योंकि; II कॉस *abbr.* cosine.

cosecant कोसी' कॅन्ट *n.* व्युज्या^{F}.

cosh कॉश I *n.* (Br.) लौह पाइप^F; II *v.* (Br.) लौह पाइप^F से प्रहार करना.

co-signatory को सिग्' नॅटरि *n.* सह हस्ताक्षर कर्ता.

cosine को' साइन *n.* कोटिज्या^{F}, कोज्या^{F}. **~law** *n.* कोज्या नियम.

cosmetic कॉज़ मॅं' टिक I *n.* अंगराग, प्रसाधन; II *a.* कान्तिवर्धक, प्रसाधक. **~ian** कॉज्मॅ टि' शन *n.* प्रसाधक व्यक्ति; **~s** कॉज़ मॅं' टिक्स *n.* प्रसाधन सामग्री^{F}

cosmos कॉज्' मॉस n^c. **1** विश्व, ब्रह्मांड; **2** विश्वव्यवस्था^{F}. **cosmic** कॉज़्' मिक *a.* *v.i.t.* (folk) विराट, सृष्टियात्मक, अंतरिक्षी; **cosmic consciousness** *n.* विश्व चेतना; **cosmic dust** n^u. अंतरिक्षीय धूल^F; **~egg** *n.* ब्रह्मांड; **cosmic lotus** n^u. नाभि कमल; **cosmic rays** *n.* अंतरिक्ष किरणें; **cosmogony** कॉज़् मॉ' गनि n^{uc}. ब्रह्मांड सर्जन, विश्वोत्पत्ति^{F}; **cosmogonic tale** *n.* सृष्टि कथा^{F}; **cosmology** कॉज़ मॉ' लजि n^{uc}. ब्रह्मांडिकी^{F}, मीमांसा^{F}; **cosmonaut** काज़' मॅनॉट n^c. रूसी अंतरिक्ष यात्री; **cosmopolitan** कॉज्मॅ पॉ' - लिटन (i) *a.* **a** of several different parts of the world सर्वदेशीय; **b** not narrow minded विश्ववादी. **cosmopolitan imperialism** *n.* विश्ववादी सर्वोच्च शक्ति^{F}; **c** existing in most part of the world विश्वव्यापी, सभी जगह पाये जाने वाले; **cosmopolitan wealth** सार्वभौमिक धन; (ii) *n.* विश्व नागरिक, विश्वजनीन.

cosset कॉ' सिट *v.t.* बहुत लाड़-प्यार करना.

cost कॉस्ट I n^{uc}. **1** (price) लागत^F, व्यय; **2** the amount paid or asked for goods कीमत^F, मूल्य; **3** something given to obtain something की कीमत^F पर. **count the~** कार्य करने के पहले उसकी हानियों^{F} पर विचार करना; **to one's~** अपना नुकसान उठाकर; **~accountant** *n.* लागत लेखापाल; **~of living** *n.* निर्वाह खर्च; **~price** n^{uc}. लागत कीमत^F; **~statement** *n.* लागत विवरण; II *v.t.* **1** (no pass.) have as a price कीमत^F के रूप में लेना; **2** (no pass.) be costly महंगा पड़ना; **3** calculate the price to be charged for कीमत^F की गणना^{F} करना. **~ing** कॉस्' टिङ्ग *n.* लागत निर्धारण; **~ly** कास्ट' *a.* मंहगा, मूल्यवान; **~s** कॉस्ट्स *n.* (pl.) न्यायालय वाद व्यय; **at all ~s** किसी कीमत^F पर.

costa कॉस्' टॅ *n.* पुर्शका^{F}, शिरा.

co-star को' स्टार I *n.* सह अभिनेता. II *v.i.t.* सह अभिनेता के रूप में चलचित्र में प्रकट होना.

costermonger कॉस्' टर्मेन्गॉर (also) **coster** कॉस्' टॅर *n.* फेरीवाला.

costive कॉस्' टिव़ *a.* (no c. s.) **1** कब्जकर, कब्जी; **2** miser कृपण.

costume कॉस्' ट्युम n^{uc}. **1** वेशभूषा^{F}, पहनावा. ~**art** *n.* वेषभूषा^{F}; ~**jewellery** *n.* सस्ते सुन्दर आभूषण; ~**man** *n.* कला वेषकर्मी **2** suit or dress पोशाक. **costumier** कॉस् ट्यू' मिअॅर, (also costumer) कॉस्' ट्यूमर *n.* वस्त्र व्यापारी, ड्रेसवाला.

co-surety को शु' अर्टि *n.* सह प्रतिभू.

cosy (Am. cozy) को' जि I *a.* सुखद , आरामदेह; II *n.* टोप, टोपी^{F}. **cosily** *adv.* सुखदतापूर्वक़; **cosiness** को' ज़िनें स n^{u}. सुखदता^{F}.

cot कॉट I *abbr.* cotangent; II *n.* **1** (poet.) cottage झोपड़ी^{F}, कुटि़या^{F}; **2** चारपाई^{F}, खटिया^{F}.

cotangent को टैन्' जॅन्ट *n.* the tangent of the complement of an angle कोटिस्पर्शज्या^{F}

cote कोट *n.* बाड़ा, भेड़खाना.

coterie को' टॅरि *n.* मंडली^{F}, गुट.

coterminous को टर्' मिनॅस *a.* (no c. s.) स्पर्शी. ~**ly** *adv.* स्पर्शी ढंग से.

cotillion कॅ टि' लिअॅन *n.* लोक नृत्य.

cottage कॉ' टिज़.*n.* झोपड़ी^{F}, कुटीर. ~**industry** *n.* कुटीर उद्योग; ~**er** कॉ' टिजॅर *n.* झोपड़ीवासी.

cottar **(cotter)** कॉ' टर *n.* (Scot.) खिदमती काश्तकार.

cotton कॉ' टॅन I n^{u}. **a 1** (plant) कपास. ~**gin** *n.* कपास^{F} ओटनी^{F}; **2** wool रूई^{F}, तूल; **3** (cloth) सूती कपड़ा; II *a.* सूती. ~**thread** *n.* सूती धागा; ~**tail** *n.* (Am.) खरगोश; ~**waste** *n.* बेकार सूत, क़च्चा सूत; ~**wool** *n.* रुई^{F}का फाहा; III *v.* ~**on** *v.i.* समझना; ~**to** *v.t.* मित्रवत् हो जाना.

cotyledon कॉटि ली' डन *n.* (bot.) बीजपत्र.

couch काउच I *n.* **1** sofa सोफा, कोच; **2** bed-like piece of furniture गद्देदार पलंग. ~**grass** *n.* दूब^{F}; II *v.i.t.* **1** (usu. pass.) express विशेष तौर तरीके से अभिव्यक्त करना; **2** lay down in hiding to attack घात लगाकर बैठना. ~**ant** काउ' चॅन्ट *a.* सिर उठाकर पड़ा हुआ (पशु); ~**ette** कू शें ट' *n.* (Am.) शायिका^{F}.

cougar कू' गॅर *n.* अमरीकी बिलाव.

cough कॉफ़ I *n.* खांसी^{F}, कास श्लेष्म. **whooping~** कुकुर खांसी^{F}; II *v.i.t.* **1** खांसना, खांसी^{F} आना; **2** (up) to clear from the throat -गले से खांसकर निकालना; **3** make sound like cough खांसने की सी आवाज^{F} करना.

could कॅड, कुड past tense of can.

coulee कू' लि *n.* **1** खड्ड; **2** लावा की धारा^{F}

coulisse कूलीस' *n.* मंच पार्श्व.

couloir कूल्' वार् *n.* खड्ड.

coulter (colter) कोल्' टर *n.* (हल का) फाल.

council काउन्' सॅल I n^{uc}. (in) परिषद^{F}, समिति^{F}. ~**of ministers** *n.* मंत्रिपरिषद^{F}. ~**of states** *n.* राज्य सभा^{F}; II *a.* (of flat, houses etc.) परिषद^{F} के आधीन, परिषदीय. ~**lor** काउन्' सॅलर n^{c}. पार्षद; ~**lorship** *n.* पार्षदता^{F}.

counsel काउन्' सॅल I n^{uc}. **1** advice सलाह^{F}, परामर्श. **hold/take ~ with** सलाह मांगना; **take ~ together** महत्त्वपूर्ण मामले पर प्रत्येक की सलाह^{F} लेना; ~ **General** *n.* महापरामर्शी; **2** advocate वकील. **keep one's own ~** अपनी योजना^{F} आदि गुप्त रखना; ~**ler,** (Am.) (~or) काउन्' सॅलर *n.* परामर्शदाता.

count काउन्ट I *v.i.t.* **1** (up, to) name the numbers in order गिनती^{F} गिनना; **2** add up पूर्ण गणना^{F} करना; **3** include सम्मिलित करना; **4** consider समझना; **5** have value महत्त्व रखना, महत्त्व होना. ~ **the costs** निर्णय लेने के पूर्व सभी खतरों पर विचार करना; ~ **for nothing** कम या कुछ महत्त्व न रखना; ~ **down** *v.t.* (विमान अन्तरिक्ष में भेजने से पहले) उल्टी गिनती गिनना: ~**in** सम्मिलित करना; ~ **off** *v.t.* (Am.) संख्या^{F} देना; ~ **on** (upon) *v.i.* **a** depend on निर्भर रहना; **b** expect अपेक्षा^{F} करना, ध्यान में लेना. ~ **out** *v.i.* **a** put down in turn while counting गिनकर निकालना; **b** (boxing) पराजित घोषित करना; **c** (oft. pass.) postpone स्थगित करना; **d** leave out by choice बाहर निकल जाना; II *n.* **1** act of counting गिनती^{F}, गणना^{F}; **2** one of a number of crimes अभियोग; **3** account महत्त्व; **4** (oft. cap.) title of a European nobleman नौबुल मैन की उपाधि^{F}. **keep/lose ~** ठीक संख्या^{F} जानना/न जानना; **take the ~** or **be out for the ~** सैकेण्ड गणना^{F} द्वारा पराजित ठहराना; ~**able** काउन्' टॅबल *a.* संख्येय; ~**able noun** *n.* संख्येय संज्ञा^{F}; ~**ing** काउन्' टिङ्ग *n.* गिनतारा; ~**ing house** *n.* गणना कक्ष; ~**less** -ले' स *a.* अगणित.

countenance काउन्' टिनॅन्स I *v.i.* **1** support समर्थन करना; **2** encourage साहस देना; II

n^{uc}. **1** appearance मुखाकृति^{F}, मुखमण्डल; **2** support समर्थन, अनुमोदन.

counter काउन्' टर I *n*. (narrow table) पटल, काउन्टर; **2** counting machine गणक; **3** (metal object) (खेल में) कंकड़ **4** opposite विरोध; **5**. (boxing) जवाबी प्रहार. **over the ~** बिना नुस्खा के; **under the ~** गुप्त रूप से; II *v*. **1** oppose विरोध करना; **2** nullify महत्त्व न देना; **3** retaliate प्रति उत्तर देना, सामना करना; III *adv*. विरुद्ध या विरोधी रूप में.

counter- *prefix* **1** opposite in direction विपरीत दिशा^{F} में; **2** matching मेल खाते हुए; **3** opposing विपरीत-, प्रति-. **~act** *v.i.* प्रतिकार्य द्वारा किसी के प्रभाव को कम करना; **~action** *n*. प्रतिकार्य; **~-affidavit** -डे' विट *n*. प्रतिशपथपत्र; **~-attack** (i) *v.t.i.* जवाबी हमला करना; (ii) *n*. जवाबी हमला. **~-attraction** *n*. प्रति आकर्षण; **~ balance** (i) *v*. प्रतिसंतुलन करना; (ii) *n*. प्रतिसंतुलन. **~-blast** *n*. घोर निंदा^{F}, तीव्र उत्तर; **~claim** *n*. जवाबी दावा; **~-espionage** n^u. प्रति गुप्तचर्या^{F}; **~feit** *v.i.* धोखा देने के लिए बारीकी^{F} से नकल^F करना; **~-foil** *n*. अधपन्ना; **~-intelligence** *n*. प्रति-गुप्त योजना^{F}; **~-irritant** *n*. प्रतिक्षोभक; **~mand** दूसरा आदेश देकर पहला आदेश वापस लेना; **~march** *v.t.* सिपाहियों की दिशा^{F} बदलना; **~-measure** *n*. प्रत्युपाय; **~-offensive** *n*. प्रत्याक्रमण; **~-pane** *n*. पलंग-पोश; **~part** *n*. **a** प्रतिरूप, प्रतिस्थानी; **b** प्रतिपक्ष, दूसरा पक्ष. **~plot** *n*. **a** प्रतिकथानक; **b** प्रतियोजना^{F}; **c** उपकथानक. **~point** *n*. सहचलन, सुरसंगति^{F}; **~poise** (i) *v.i.* प्रतिसंतुलित करना; (ii) *n*. संतुलन होने की स्थिति^{F}. **~-revolution** *n*. प्रतिक्रान्ति^{F}; **~sign** (i) *v.t.* प्रतिहस्ताक्षर करना; (ii) संकेत शब्द. **~sink** (pa.t.-pa.p-sank, -sunk) धंसाना; **~vail** *v*. के बराबर होना; **~weight** *n*. प्रतितोलकभार.

countess काउन्' टिस *n*. काउण्ट की पत्नी^{F} की उपाधि^{F}

country कन्' ट्रि I n^c. **1** nation or state देश, राष्ट्र. **~ and western** n^u. द. और प. अमेरिका का लोकप्रिय संगीत; **2** motherland जन्मभूमि^{F}; **3** (the +) people of a nation राष्ट्र के लोग, देशवासी; **4** n^c. (the) rural area देहात. **~ cousin** *n*. (oft. derog.) गँवारू रिश्तेदार; II *a*. (no c. s.) देहाती, देहात से संबन्धित, देशी. **~-club** *n*. देहाती क्लब; **~-craft** *n*. देसी नाव^F; **~dance** *n*. ग्राम्य नृत्य; **~-man** *n*. (pl.) (~-men) **a** देशभाई; **b** rural man देहाती. **~ party** *n*. देहाती व्यक्तियों का समर्थन करने वाला दल; **~seat** *n*. ग्राम्य आवास; **~side** n^u. देहाती क्षेत्र; **go to the ~** (Br.) चुनाव की घोषणा करना; **countrified** कन्' ट्रिफ़ाइड *a*. देहाती.

county काउन्' टि *n*. **1** large area divided for administrative purpose प्रमण्डल, काउन्टि. **~ council** n^c. कॉउन्टि परिषद^F; **~court** n^{uc}. (in) स्थानीय न्यायालय; **~ town** *n*. (Am. ~ seat) काउन्टि^{F} का मुख्य शहर; **2** n^c. the people who live in county प्रमण्डल में रहने वाले लोग; **3** n^u. (the) (Br. old use) (rich landowner) काउन्टि के भूमिधरों का समूह.

coup कू *n*. **1** a clever move चाल^F; **2 ~ d'etat** बलात् राज्य परिवर्तन. **pull of a ~** अपनी चालाकी^{F} से वांछित परिणाम प्राप्त करना; **~ ~de grace** *n*. वेदनांतक आघात, मुक्ति आघात; **~ ~ de main** *n*. सहसा सैन्याघात; **~de maitre** *n*. उस्तादी चाल^F.

coupe कू' पे *n*. **1** carriage बग्घी^{F}; **2** small compartment छोटा डिब्बा.

couple क' पल I *v.i.* **1** (together) जोड़ना, मिलना; 2 *v.t.* (with) (of animals) यौन सम्बन्ध के लिए जोड़ा मिलाना. **~ on** *v.i.* एक चीज^F को दूसरे से बांधना; **~ with** *v*. **a** join to another एक चीज^F को दूसरे से मिलाना; **2** think of as being related सम्बन्धित समझना; II *n*. **1** two things of the same kind युगल, जोड़ा; 2 husband and wife दम्पति, युग्म. **~dance** *n*. प्रणय नृत्य; **3** (of) a few थोड़े से. **~t** कप्' लिट *n*. (poem) द्विपदी^{F}, दोहा; **coupling** कप्' लिङ्ग *n*. युग्मन.

coupon कू' पॉन *n*. कूपन, पर्णिका^{F}.

courage क' रिज n^u. साहस, हिम्मत^F. **have the courage of one's convictions** अपने विचार के अनुसार सही कार्य करने का साहस; **take one's ~ in both hands** हिम्मत^F बांधना; **~ous** कॅ रे' जस *a*. साहसी, निर्भय; **~ously** कॅ रे' जसलि *adv*. साहस पूर्वक, हिम्मत^F से; **~ousness** कॅ रे' जसनॅस n^u. सांहस.

courier कु' रिअर *n*. **1** messenger हरकारा, द्रुतवाहक; **~ service** *n*. सवांहक व्यवस्था; **2** (manager) यात्रा प्रबन्धक.

course क़ॉर्स, कोर्स I *n*. (of) (usu. sing) **1** continuous movement सतत गति^{F}; **2** direction दिशा^{F}; **3** path रास्ता, मा **4** sporting ground मैदान; **5** way of behav ing प्रक्रिया^{F}; **6** set of lessons on one subject पाठ्यक्रम. ~ **paper** *n.* सत्रांत निबन्ध; **7** set of events क्रम; **8** part of a meal दौर, फेरा. **a matter of** ~ स्वाभाविक, अपेक्षित; **in the** ~ **of time** जब ज्यादा समय बीत चुका हो; **in due** ~ शीघ्र, ज्यादा देर^{F} से नही; **in the ordinary** ~ **of events/things** सामान्य रूप से, साधारणतया; **of** ~ अवश्य ही; **run/take its/their course** स्वाभाविक रूप; **stay the** ~ किसी कार्य को कठिनाइयों^{F} के बावजूद अंत तक करना; ~ **of values** मूल्य सारणी^{F}; II **1** *v.t.* (of liquid) तेजी^{F} से बहना; तेजी^{F} से चलना; **2** *v.t.i.* (खेल में) कुत्तों द्वारा खरगोश का पीछा करवाना. **courser** द्रुतगामी n^{u}. (poet.) द्रुतगामी घोड़ा; **coursing** शिकारी कुत्तों के सहारे शिकार खेलने का खेल.

court कॉर्ट, कोर्ट I n^{uc}. (from, in, out, of, to) **1** (law) न्यायालय, अदालत^{F}. ~ **attachment** *n.* अदालती कुर्की^{F}; ~**circular** *n.* राजपरिपत्र; ~ **house** *n.* (Am.) न्यायालय भवन; ~**-martial** n^{uc}. (by) सैनिक अदालत^{F}; ~ **of inquiry** *n.* जांच न्यायालय; **Court of Session** (स्काटलैण्ड का) सर्वोच्च न्यायालय; ~**-room** *n.* न्यायालय कक्ष; **2** n^{u}. (at, to) chief Royal Palace राजमहल, दरबार. ~ **etiquette** *n.* दरबारी शिष्टाचार; **3** n^{c}. courtiers दरबारी; **4** n^{c}. (off, on, out of) (games) grounds मैदान; **5** (in houses) आंगन. ~**-yard** *n.* आंगन, प्रांगण; **pay** ~ **to** (becoming rare) समर्थन आदि का लाभ पाने के लिए प्रभावशाली व्यक्ति की ओर ध्यान देना; **rule/put out of** ~ न्यायालय द्वारा विचार किए जाने से रोकना; **take to** ~ कानूनी कार्यवाही^{F} करना; II *v.t.* **1** heed to gain favour लाभ प्राप्ति के लिए ध्यान देना; **2** *v.t.* woo प्रणय निवेदन करना; **3** be in a marriageable position शादी^{F} करने की स्थिति^{F} में होना; **4** *v.t.* try to obtain पाने का प्रयत्न करना; **5** *v.t.* risk खतरा उठाना. ~**-martial** *v.t.* फौजी न्यायालय में जांचना; ~**ship** *n.* प्रणय-निवेदन; ~**ier** कॉर्' टिअर *n.* दरबारी; ~**ing** कॉर' टिङ्ग *a.* (no c.s.) मित्रवत्; ~**ly** कॉर्' टलि *a.* दरबारी, सुसभ्यं; ~**ly love** *n.* रूमानी प्रेम: ~**liness** सुसभ्यता^{F}.

courteous कर्' टिअॅस *a.* शिष्ट. **courtesy** कर्' टिसि n^{u}. **a** शिष्ट व्यवहार; **b** n^{c}. शिष्ट क्रिया^{F} की अभिव्यक्ति. **by courtesy of** की कृपालुता^{F} से; ~**ly** *adv.* शिष्टतापूर्वक; ~**ness** n^{u}. शिष्टता^{F}.

couscous कूस्' कूस n^{uc}. उत्तरी अफ्रीका का खाद्य पदार्थ.

cousin क' ज़न n^{c}. **1** father's brother's son चचेरा भाई; **2** father's brother's daughter चचेरी बहन^{F}; **3** father's sister's son फूफेरा भाई; **4** father's sister's daughter फूफेरी बहन^{F}; **5** mother's brother's son ममेरा भाई; **6** mother's brother's daughter ममेरी बहन^{F}; **7** mother's sister's son मौसेरा भाई; **8** mother's sister's daughter मौसेरी बहन^{F}.

couture कू ट्यूअॅर' n^{u}. वस्त्र-निर्माण. **couturier** कू ट्यूअॅरिए' *n.* वस्त्र निर्माता.

covalence को वे़' लन्स *n.* सहसंयोजकता^{F}

cove कोव़ *n.* छोटी खाड़ी^{F}.

coven क' वन *n.* तेरह चुड़ैलों^{F} का सम्मिलन.

covenant कॅ' वनन्ट I *n.* **1** formal agreement प्रसंविदा^{F}. ~ **with God** भगवत् प्रसंविदा^{F}; **2** written promise प्रतिज्ञापत्र; II *v.t.* (for, with) लिखित रूप में वादा करना.

cover क' व़र I *n.* *v.t.* (over) place something to hide ढकना; **2** *v.t.* lie on the surface of फैला देना, बिछाना; **3** *v.t.* have as a size of आकार के रूप में सम्मिलित करना; **4** (no pass.) travel यात्रा^{F} करना, तय करना; **5** *v.t.* watch for possible trouble संभावित संकट के लिए चौकसी^{F} रखना; **6** *v.t.* report the details of व्याख्या^{F} देना, विवरण देना; **7** *v.t.* be enough money for पर्याप्त होना, पूरा पड़ना; **8** *v.t.* insure रक्षा^{F} करना, बचाना; **9** *v.t.* protect a man by aiming gun at enemy बन्दूक^{F} तानकर रक्षा^{F} करना; **10** *v.t.* (of a gun, fort etc.) control नियन्त्रण करना, शासन करना; **11** *v.t.* (sport) guard रक्षा^{F} करना; **12** *v.t.i.* act in place of किसी के स्थान पर काम करना; **13** *v.t.* include सम्मिलित करना, से बनना. ~**up** *v.t.* देखे जाने से रोकना; ~ **up for** *v.t.* दण्ड, निन्दा^{F} से बचने के लिए गलत या लज्जापूर्ण कार्य छिपाना; II *n.* **1** n^{c}. covering आवरण; **2** n^{c}. lid etc. ढक्कन; **3** n^{c}. cover page आवरण-पृष्ठ. ~ **girl** *n.* मुख पृष्ठ पर चित्रित लड़की^{F}; **4** n^{c}. envelope लिफाफा; **5** n^{c}. shelter छुपने का स्थान, (शरण-स्थल); **6** insurance against loss सुरक्षा-राशि^{F}, बीमा. ~ **note** *n.* प्रावरण नोट; **7** (the) plant life (an area) झाड़ी^{F} आदि; **8** (cloth) गिलाफ, आवरण वस्त्र; **9** n^{c}. छिपाने वाला. **break** ~ गुप्त स्थान से बाहर आना; **read from** ~ **to** ~ पूरा पढ़ना; **under plain** ~

साधारण लिफाफे में; **under separate** ~ अलग लिफाफे में; ~**-charge** *n.* रेस्ट्रां आदि का खाने पीने के अतिरिक्त चार्ज; ~ **point** *n.* क्रिकेट में खेल की स्थिति^{F}; ~ **strip** *n.* परत; ~**age** क' व़रिज n^u. **a** risks covered by insurance संरक्षण, बीमाकृत राशि^{F}; **b** (commun.) विज्ञापन क्षेत्र. ~**ed** क' व़र्ड *a.* ढका हुआ, आवृत्त; ~**ed alley** *n.* ढकी गली^{F}; ~**ed job** *n.* संरक्षित कार्य; ~**ed painting** *n.* आवृत्त-चित्र; ~**ed platform** *n.* छतदार प्लेटफार्म; ~**ed wagon** *n.* ढका डिब्बा; ~**ing** क' व़रिङ्ग n^{uc}. आवरण, प्रावरण; ~**ing letter** *n.* व्याख्या पत्र, प्रावरण पत्र; ~**ing telegram** *n.* प्रावरण तार; ~**let** *n.* क' वर्लिट *n.* पलंगपोश.

covert क' व़र्ट I *n.* झाड़-झंखाड़, आश्रय स्थान. **draw a** ~ झाड़-झंखाड़ में लोमड़ी^{F}, खरगोश आदि खोजना; II *a.* (no c.s.) गुप्त. ~ **action** *n.* अप्रकट क्रिया^{F}; ~ **murder** *n.* गुप्त हत्या^{F}; ~**ly** *adv.* गुप्त रूप से.

covet क' व़िट *v.i.t.* (derog.) लालच या लोभ करना. ~**ous** क' व़िटस *a.* (derog.) लालची; ~**ously** क' व़िटसलि *a.* लालचीपन से; ~**ousness** क' व़िटसनें स n^u. लालचीपन.

covey क' व़ि *n.* **1** group of partridges पक्षियों का झुंड; **2** (humour) group समूह.

cow काउ I n^c. **1** (animal) गाय^F. ~**-bell** *n.* गाय^F के गले की घंटी^{F}; ~**-boy** *n.* घुड़सवार, गोपाल, चरवाहा; ~**-boy song** *n.* चरवाहा गीत; ~**-girl** *n.* चरवाहिनी^{F}; ~**hand** *n.* गाय पालक; ~**-heel** *n.* गोखुर; ~**-herd** *n.* ग्वाला; ~**-hide** *n.* गोचर्म, चा:बुक; ~**-lick** *n.* मस्तक पर बालों का छल्ला; ~**-man** *n.* गोपालक; ~**-pat** *n.* गाय^F के गोबर का ढेर; ~**pox** n^u. गो चेचक; ~**-shed** (or ~-house) गौशाला; **2** female मादा^{F}. **till the ~ comes home** सदैव के लिए; II *v.t.* धमकियों^{F} या हिंसा^{F} द्वारा जीतना या नियन्त्रित करना.

coward काउ' अर्ड n^c. कायर. ~**ice** काउ' अर्डिस (also ~liness) n^u. कायरता^{F}; ~**ly** काउ' ॲर्डलि *a.* कायरता^{F} से.

cower काउ' ॲर *v.t.* (down) डर से सिकुड़ना, दबकना.

cowhage काउ' इज, काउ' इच *n.* केवांच, कौंच.

cowl काउल *n.* **1** head covering टोपी^{F}; **2** garment शिरोवेष्ठन, लंबा वस्त्र: **3** chimney covering चिमनी^{F} का ढक्कन; **4** cowling इंजन का ढक्कन. ~ **staff** *n.* मारदंड, (बंहगी का लट्ठा).

co-worker को व़र्' कर *n.* सह-कार्यकर्ता.

cowrie (cowry) काउ' रि *n.* कौड़ी^{F}.

cox कॉक्स (also ~swain) I *n.* **1** (person) चंलती नाव^F को नियन्त्रित करने वाला व्यक्ति; **2** sailor in-charge जहाज के नाव^F को चलाने व़ाला नाविक; II *v.t.i.* नाव^F को नियन्त्रित व निर्देशित करना.

coxa कॉक्' सॅ *n.* **1** कक्षांग; **2** नितम्ब.

coxcomb कॉक्स्' कोम n^c. **1** विदूषकों की कलंगी^{F}; **2** मूर्ख व्यक्ति.

coy कॉइ *a.* संकोची, लज्जाशील. ~**ly** *adv.* लज्जाशीलता^{F} से; ~**ness** -नें स n^u. लज्जशीलता^{F}

coyote कॉइ' ओट, काइ ओटि' *n.* उत्तरी अमेरिका का छोटा भेंड़िया.

coypu कॉइ' पू *n.* दक्षिणी अमरीका का जल चूहा.

coze कोज़ I *v.t.* गपशप^F करना; II *n.* गपशप^F.

cozen क' ज़न *v.* (into) (lit.) चालबाजी^{F} करके फुसलाना. ~ **out of** *v.i.* कोई वस्तु^{F} चालबाजी^{F} करके प्राप्त करना.

cozy को' ज़ि *a.* आरामदेह, आरामदायक. **cozily** को' ज़िलि *adv.* सुखपूर्वक ढंग से; **coziness** n^u. आरामदायकपन.

CPA *n.* (Am.) Certified Public Accountant, प्रमाणकर्त्ता लोक लेखाकार.

crab क्रैब I *n.* **1** (sea animal) केकड़ा. ~**walk** *n.* केकड़ा चाल^F; **2** n^u. flesh केकड़ा का मांस; **3** bad tempered person तुनक मिजाजव्यक्ति; **4** (astron.) कर्क, कर्कट. **catch a ~** नाव^F खेते समय संन्तुलन बिगड़ना; ~**-apple** *n.* जंगली सेब; ~**-grass** n^u. रेंगकर बढ़नेवाली घास^F; ~**louse** *n.* छगोड़िया; ~**-wise** *adv.* बेढंगे ढंग से; II *v.* fish for crabs केकड़ा पकड़ना; **2** *v.t.* (about) complain तुनकमिजाजी^{F} में शिकायत^F करना; **3** (lit.) make bitter खट्टा बनाना, कड़वा बनाना. ~**bed** क्रै' बिड *a.* **a** bad-tempered तुनकमिजाज; **b** (of writing) obscure जटिल, गुम्फ़ित. ~**bedly** क्रै' बिडलि *adv.* तुनकमिजाजी^{F} से; जटिलता^{F} से; ~**bedness** क्रै' बिडनें स n^u. **a** bad-temperedness तुनकमिजाजीपन; **b** obscureness जटिलता.

crack क्रैक I *v.* **1** *v.i.t.* make sudden explosive sound कड़काना, चटकाना, **2** *v.i.t.* split फट जाना, दरकना; **3** *v.i.t.* break फोड़ना, तोड़ना; **4** *v.i.t.* change तीव्रता^{F} में आकस्मिक परिवर्तन करना; **5** *v.i.* tell चालाकी^{F} और हास्यपूर्ण ढंग से कहना; **6** *v.t.* (up) lose control नियन्त्रण खो देना; **7** strike मारना, आघात देना; **8** *v.i.t.* discover the secret of रहस्य की खोज^F करना; **9** *v.t.* open शराब^F पीने के लिए बोतल^F खोलना;

10 *v.i.t.* separate सरल मिश्रणों में अलग-अलग करना. ~**ed up to be** विश्वास किया जाता है; **get ~ing** (get weaving also) शीघ्रता^{F} से किसी कार्य को करते हुए व्यस्त होना; II *n.* 1 n^c. explosive sound कड़क^F, चटाका; 2 n^c. narrow opening दरक^F; 3 n^c. fissure दरार^F, दराज^F; 4 n^c. sharp blow आघात; 5 n^c. (at) attempt प्रयास; 6 n^c. quick reply चालाकीपूर्ण उत्तर; 7 change in the loudness of the voice आवाज़^{F} की तीव्रता में आकस्मिक परिवर्तन. **at the ~ of the dawn** सूर्योदय में (पर); **the ~ of the doom** (oft. rare) संसार का अंत; **a fair ~ of the whip** (Br.) कुछ कहने का सुअवसर; **paper/paste/cover over the ~s** शीघ्रता^{F} से या लापरवाही^{F} से अपनी गलतियों^{F} को छिपाना; ~**-down** *n.* (on) गैर कानूनी कार्य को रोकने के लिए की गयी कार्यवाही^{F}; ~**-up** *n.* मस्तिष्क की आकस्मिक असफलता^{F}; III *a.* (no c. s.) उत्कृष्ट, प्रवीण. ~**-brained** *a.* सनकी, पागल; ~**-pot** *n.* पागल, मूर्ख; ~**ed** क्रेक्ट *a.* दरकदार, मूर्ख, पागल; ~**ed negative** (photo) *n.* चटका हुआ निगेटिव; ~**er** क्रै' कर *n.* **a** (Am.) biscuit पतला बिस्कुट; **b** firecracker पटाखा; **c** (Br.) nice-looking woman सुन्दर स्त्री^{F}; **d** (Am.) (usu. derog.) (person) सफेद गरीब व्यक्ति. ~**ers** क्रै' कर्ज़ *a.* (Br.) पागल, सनकी; ~**sman** *n.* सेंधमार.

crackle क्रै' कल I *v.* चटचटाना, चरचराना; II *n.* 1 (noise) चटचट^F, चरचराहट^F; 2 चीनी मिट्टी^{F} के बर्तनों पर धारीदार कलाकारी^{F}. ~**-ware** *n.* धारीदार कलाकारी^{F} वाले चीनी मिट्टी के बर्तन; **crackling** क्रैक्' लिङ्ग n^u. चटचटाहट^F; **crackly** क्रैक्' लि *a.* चटचटा.

-cracy -क्रसि (also -ocracy ऑ' क्रसि) *suffix* जैसे democracy, aristocracy etc.

cradle क्रे' डल I *n.* 1 bed for baby पालना; 2 origin मूलस्थान, बचपन. ~**-land** *n.* शैशव स्थली^{F}; ~ **school** *n.* शिशु विद्यालय; 3 framework for supporting something ढांचे का अवलम्ब, सहारा; II *v.t.* पालने में रखना या प्रेम से पकड़ना.

craft क्राफ़्ट I *n.* 1 n^c. a trade needing skill हस्तकौशल, शिल्पकर्म; 2 n^c. members of a trade शिल्पी गण. ~ **guild** *n.* दस्तकार श्रेणी^{F}; ~ **union** *n.* शिल्पी संघ; 3 n^u. skill in deceiving people धूर्तता^{F}, चालाकी^{F}; 4 boat नाव^F, नौका^{F}. ~ **loss** *n.* (com.) नौका हानि^{F}; 5 an air craft यान. ~ **paper** *n.* बांस का कागज; II *v.t.* (Am.) हाथ से बनाना. ~**sman** क्राफ़्ट्स' मन *n.* शिल्पी; ~**smanship** n^u. शिल्पकारिता^{F}; ~**y** क्राफ़्' टि *a.* धूर्त, चालाक; ~**ily** क्राफ़ टि' लि *adv.* धूर्तता से; ~**iness** क्राफ' टिनेंस n^u. धूर्तपन, चालाकीपन.

craft -क्राफ्ट *comb.* 1 *as* handicraft, aircraft etc.; 2 कथित कार्य में दक्ष.

crag क्रेग 1 निकला हुआ भाग *n.* शृंग. 2 गला, गरदन. ~**gy** क्रै' गि *a.* चट्टानी, पथरीला, भद्दा.

crake क्रेक *n.* कौआ; सस्य कुक्कुटी.

cram क्रैम *v.* 1 (in, into, down) press into a small space ठूँसना; 2 *v.t.* (with) fill too full बहुत अधिक भरना; 3 *v.t.* prepare for examination परीक्षा^{F} के लिए बहुत शीघ्रता^{F} से तैयारी^{F} करना; 4 *v.t.* (for) get by heart रटना. ~**full** *a.* (of) ठसाठस, खचाखच; ~**mer** क्रै'मर *n.* **a** person who is learning रटने वाला; **b** helper रटने वाला का सहायक.

cramp क्रैम्प *n.* 1 (Br. n^u., Am. n^c.) muscular pain ऐंठन^F, मरोड़^{F}; 2 n^c. clamp शिकंजा, प्रस्तर कील^F; II *v.t.* 1 fasten शिकंजे या प्रस्तर कील^F से कसकर बांधना; 2 prevent the natural growth स्वाभाविक विकास रोकना. ~**some one's style** किसी को पूरी क्षमताओं की अभिव्यक्ति करने से रोकना; ~**ed** क्रैम्प्ट *a.* **a** limited in space तंग; **b** (of writing) जटिल, क्लिष्ट. ~**s** क्रैम्प्स *n.* (pl.) पेट का दर्द.

crampon करैम्' पन *n.* चीजों को बांधने हेतु दोनों ओर से मुड़ा लोहे का कांटा.

cranberry क्रैन्' बरि *n.* करौंदा (फल).

crane क्रेन I *n.* 1 (a machine) क्रेन मशीन^F; 2 (a bird) सारस; 3 common ~ क्रौंच, करांकुल; II *v.t.i.* अच्छी तरह से देखने के लिए गर्दन^F पसारना; **cranage** क्रे' निज *n.* क्रेन भाड़ा, क्रेन प्रभार.

cranium क्रे' निअम *n.* (pl. -s or -nia) कपाल, खोपड़ी^{F}. **cranial** क्रे' निअल *a.* (no c. s.) कपालीय^F; **cranial amulet** *n.* कपाली-ताबीज; **cranially** क्रे' निअलि *adv.*; **craniology** क्रेनि ऑ' लजि *n.* कपाल विज्ञान.

crank क्रैङ्क I *n.* 1 (apparatus) अराल, कज. ~**-pin** *n.* अराल कील^F; ~**-shaft** *n.* अराल दण्ड; 2 (person) सनकी, झक्की; 3 bad- tempered तुनक मिज़ाज; II *v.i.* अराल का प्रयोग करना. ~**y** क्रैङ्' कि *a.* **a** peculiar विचित्र; **b** (of machine) unsteady ढीला, मरम्मत योग्य; **c** (Am.) bad tempered बुरे स्वभाव का.

crannog क्रै' नॅग *n.* जल दुर्ग.

cranny क्रै' नि *n*. दरार. **crannied** क्रै' निड *a*. दरारदार.

crape क्रेप n^{uc}. क्रेप का बना कपड़ा, शोक के चिन्ह का कपड़ा.

craps क्रैप्स n^{u}. (pl.) अमेरिकन जुए का खेल.

crash क्रैश I *n*. **1** loud noise धमाका, धड़ाका; **2** vehicle accident टक्कर^{F}. ~ **barrier** *n*. टक्कर अवरोध; ~ **helmet** रक्षात्मक टोप; ~ **programme** *n*. पुरजोर कार्यक्रम; **3** sudden business failure ठप्प, सहसा गिरावट^{F}; **4** n^{u}. coarse cloth मोटा कपड़ा; II *a*. (no c. s.) वांछित परिणाम के लिए अधिक प्रयासशील; III *adv*. धमाके के साथ; IV *v*. **1** *v.i.t.* cause to have a noisy accident धमाके से दुर्घटना^{F} होना या दुर्घटना^{F} करना; **2** *v.t.i.* fall धम से गिरना; **3** move कोलाहल करते हुए तीव्रता^{F} से घूमना; **4** *v.i.* make loud noise बहुत तेज आकस्मिक आवाज^{F} करना; **5** fail suddenly अचानक असफल होना; **6** *v.i.t.* (also gate crash) बिना आमन्त्रित किए हुए सम्मिलित होना. ~**-dive** (i) *v.i.t.* पनडुब्बी^{F} को सम्भावित खतरे से बचाने के लिए उसे पानी के नीचे ले जाना; (ii) *n*. पनडुब्बी^{F} को पानी के नीचे ले जाने का कार्य. ~**-land** *v.i.t.* जहाज का नियन्त्रित रूप में दुर्घटनाग्रस्त होना; ~ **landing** *n*. ध्वंस-अवतरण.

crass क्रैस *a*. **1** stupid मूर्ख; **2** (of stupidity) complete पूरा, बहुत अधिक. ~**ly** *adv*. मूर्खता^{F} से; ~**ness** n^{u}. मूर्खता^{F}.

-crat -क्रैट (also -ocrat) *suffix as* democrat, bureaucrat.

crate क्रेट I **1** wooden box टोकरी^{F}; **2** (quantity) टोकरी^{F} में रखी मात्रा^{F}; **3** (old car in need of repair) मरम्मत^{F} के लिए गाड़ी^{F}, कार^{F}; II *v.i.* टोकरे में रखना, टोकरे में पैक करना.

crater क्रै' टर *n*. **1** mouth of a volcano ज्वालामुखी^{F} का मुँह; **2** hole विवर, छेद; **3** hole on the moon's surface गर्त, खड्ड.

cravat क्रॅ' वैट' *n*. टाई^{F}, गुलुबंद.

crave क्रेव़ *v.t.* (for, after) **1** have strong desire for उत्कट इच्छा^{F} होना; **2** ask याचना^{F} करना; **craving** क्रेविङ्ग n^{c}. (for) प्रबल इच्छा^{F}, लालसा^{F}.

craven क्रे' व़न *n*. कायर, डरपोक. ~**ly** *adv*. कायरता^{F} से.

crawl क्रॉल I *v*. **1** creep रेंगना, धीरे रेंगना; **2** (with) be covered by worms कीड़ों से भरा हुआ होना; **3** have unpleasant sensation अप्रसन्नतापूर्ण संवेदना^{F} होना; **4** be servile स्वार्थ के लिए घिघिआना, दूसरे का छोटा-छोटा काम करना; II *n*. **1** (sing.) slow movement अत्यन्त धीमी गति^{F}; **2** (the, sing.) तीव्रता^{F} से तैरने का कार्य. ~**er** कॅ' लर *n*. **a** a servile fellow स्वार्थ के लिए दीन बनने वाला व्यक्ति; **b** रेंगने वाला; ~**rs** क्रॉ' लर्ज़ *n*. (pl.) शिशु का ऊपरी वस्त्र.

crayfish क्रे' फ़िश n^{uc}. (also craw fish) कर्क मछली ^{F}.

crayon क्रे' अन, -ऑन I *n*. चित्राकंनी^{F}; II *v*. क्रेपन से चित्रांकन करना. 2 make small fine. cracks दरारी बूटे बनाना.

craze क्रेज़ I *n*. धुन, झक, सनक; II *v.t.* **1** (usu. pass.) पागल, क्रोधी अथवा उत्तेजित करना.

crazy क्रे' ज़ि *a*. **a** mad पागल; **b** foolish मूर्ख; **c** excited उत्तेजित. **like crazy** जंगली के समान, अत्यन्त सक्रियता^{F} से; **crazy paving** n^{u}. नाजुक सड़क; **crazily** क्रे' ज़िलि; *adv*. पागलपन से, उत्तेजना पूर्वक; **craziness** क्रे' ज़िनॅस n^{u}. **a** madness पागलपन; **b** उत्तेजना^{F}.

creak क्रीक I *v.i.* चरचर^{F} की आवाज^{F} करना; II *n*. (the, sing.) चरचराहट^{F} ~**y** क्री' कि *a*. चरमराने वाला; ~**ily** क्री' किलि *adv*. चरमराहट^{F} से; ~**iness** क्री' किनॅस n^{u}. चरमराहट.

cream क्रीम^{F} I *n*. **1** n^{u}. substance of milk मलाई^{F}. ~ **cheese** n^{u}. क्रीम का पनीर; ~ **of tartar** n^{u}. विशेष प्रकार के भोजन में खाई जाने वाली टार्टार क्रीम^{F}; ~ **paper** *n*. सफेद कागज; ~ **puff** *n*. **a** मलाई^{F} की पेस्ट्री^{F}; **b** (person) प्रभावहीन एवं कमजोर व्यक्ति. ~**slice** *n*. मथानी^{F}; **2** (substance) मलाई^{F} जैसा पदार्थ; **3** food मलाई युक्त भोजन; **4** n^{uc}. (for skin) क्रीम^{F}; **5** (medicine) दवा की क्रीम^{F}; **6** (the, of) best part of anything सर्वश्रेष्ठ अंश; II *a*. मलाई^{F} जैसा (पीला); III *v.t.* **1** beat until creamy मलाई युक्त होने तक मथना; **2** prepare with cream मलाई^{F} के साथ तैयार करना; **3** take cream from the surface of milk दूध से मलाई^{F} निकालना. ~ **off** *v.i.* (अच्छा भाग) हटा देना; ~**er** क्री' मर *n*. मलाई^{F} रखने का पात्र; ~**ery** क्री' मरि *n*. डेयरी^{F}; ~**y** क्री' मि *a*. मलाई युक्त, मलाई^{F} जैसा; ~**iness** n^{u}. मलाईपन.

crease क्रीस I *n*. **1** line made on cloth चुनन^{F}, सिलवट^{F}; **2** boundary line खेल में सीमा^{F} स्पष्ट करने के लिए खींची गई लाइन^{F}, सीमा-रेखा^{F}; II *v*. कपड़े पर चुनन डालना; **creasy** क्री' सि *a*. चुननदार.

create क्रि एट' *v.* **1** produce पैदा करना, उत्पन्न करना; **2** *v.t.* appoint किसी विशेष वर्ग में नियुक्त करना; **3** *v.i.* be noisily angry कोलाहल युक्त क्रोध होना. **creation** क्रिए' शॅन *n.* **1** act of creating सर्जन. **creation of posts** पदों का सर्जन; **2** something created रचना^{F}, आविष्कार; **3** *n*^{c}. garment फैशनेबुल कपड़ा; **4** *n*^{u}. universe सृष्टि^{F}. **creation myth** सृष्टि कथा^{F}; **5** (the) story of earth's origin (Bible) पृथ्वी^{F} की उत्पत्ति कथा^{F}. **creationism** क्रि ए' शनिज़्म *n*^{u}. *n*^{u}. सृष्टिवाद; **creative** क्रि ए' टिव़ *a.* **a** producing new original ideas सृजनात्मक; **creative ability** *n.* सृजनात्मक योग्यता^{F}; **creative writing** *n.* सृजनात्मक लेख; **b** resulting from newness of thought सृजक, मौलिक. **creatively** क्रि ए' टिव़लि *adv.* सृजनात्मकता पूर्वक; **creativity** क्रीए टि' व़िटि (also creativeness) सृजनात्मकता^{F}; **creator** क्रि ए' टर *n.* सृष्टिकर्ता, सृष्टा; **creature** क्री' चर *n*^{c}. **a** an animal पशु; **b** a person व्यक्ति; **c** puppet कठपुतली^{F}; **d** strange being विचित्र जीव. **(all) God's creature (great and small)** पशु और आदमी; **creature comforts** *n.* भौतिक सुख. ,

creche क्रेश *n.* (Fr.) शिशु सदन.

credence क्री' डन्स *n*^{u}. विश्वास. **credentials** क्रि डेॅन्' शॅल्ज़ *n.* (pl.) प्रत्यय पत्र, प्रमाण-पत्र.

credit क्रे' डिट I *n.* belief, faith विश्वास; **2** *n*^{u}. praise प्रशंसा^{F}, समर्थन. **do ~** सम्मान देना, का कारण होना; **3** *n*^{c}. (usu. sing.) cause of honour सम्मान का कारण, श्रेय; **4** *n*^{u}. system of buying goods and paying for them later उधार. **~ customer** *n.* उधारी ग्राहक; **~ deposit** *n.* उधार जमा; **5** payment period भुगतान अवधि^{F}, **6** reputation of solvency साख^{F}. **~ base** *n.* साख आधार; **~ note** *n.* साख पत्र; **7** money in a person's account जमाधन. '**~ account** *n* (Am. charge account) जमा खाता; **~ balance** *n.* जमाशेष; **8** (Am.) measures of student's work गण्यता; **~ class** *n.* गण्यता कक्ष; II *v.i.* विश्वास करना. **~ to** खाते में उतना धन जमा करना; **~ with** *v.* **a** give approval समर्थन देना; **b** increase by खाते को उतने धन से बढ़ाना. **credible** क्रे' डबल *a.* विश्वास करने योग्य; **credibility** क्रॅ डि बि' लिटि *n*^{u}. विश्वसनीयता^{F}; **credibility gap** *n.* कथनी^{F} करनी^{F} में अन्तर; **credibly** क्रे' डबलि *adv.* विश्वास पूर्वक.

creditable क्रे' डिटबल *n*^{uc}. श्रेयस्कर, प्रशंसनीय. **creditor** क्रे' डिटर *n.* ऋणदाता, साहूकार; **creditors for acceptance** हुंडी^{F} लेनदार.

credo क्री' डो, के' डो *n.* **1** the third part of the mass मैस का तीसरा अंश; **2** statement of beliefs and principles सिद्धान्तों और विश्वासों का विवरण.

credulous क्रे' ड्युलस *a.* आशुविश्वासी, विश्वास प्रबल. **credulity** क्रि ड्यु' लिटि *n*^{u}. विश्वासप्रवणता^{F}; **~ness** *n*^{u}. विश्वासप्रवणता^{F}; **~ly** *adv.* विश्वासपूर्वक.

creed क्रीड *n.* **1** short statement of religious beliefs धर्मसार; **2** system of beliefs मत, पंथ, संप्रदाय.

creek क्रीक *n.* **1** (Br.) संकरी-खाड़ी^{F}; **2** (Am.) छोटी नदी^{F} या सोता.

creel क्रील *n.* मछली^{F} की टोकरी^{F}.

loose लूस I *a*. **1** (no c. s.) united खुला, निर्बन्ध; ~**goods** खुला माल; **2** not tight ढीला, शिथिल; **3** (of clothes) unfit ढीला; **4** free मुक्त, स्वच्छन्द; **5** careless लापरवाह; **6** (chem.) असंयुक्त; **7** vague अस्पष्ट; **8** inexact अयथार्थ, अशुद्ध; **9** lewd लम्पट, कामुक; **10** available लभ्य, सुलभ. **at a~end** बिना कुछ काम के. **cut~** **1** break away बन्धन तोडना, निकल भागना; **2** start to take violent action खुंखार हो जाना. ~**document** *n*. अबद्ध दस्तावेज; ~**idiom** *n*. शिथिल मुहावरा; ~**-leaf** *n*. खुले पन्ने; ~**-tongued** *a*. बकवादी, बक्की; ~**soil** *n*. अदृढ़ मृदा^{F}; II *v.t.* **1** unite ढीला करना, खोलना **2** shoot तीर मारना; **3** fire (a gun) बन्दूक^F चलाना **4** free from control मुक्त करना, छोड़ना; III *n*. **on the~** स्वतन्त्र; IV *adv*. अबद्धता^{F} से, ढीले ढंग से. ~**n** लू' सन *v*. **a** *v.t.i.* ढीला करना, ढीला हो जाना; **b** become less controlled अनियन्त्रित होना; **c** unfasten खोलना, छोड़ना. ~**up** *v.t.* मांस-पेशियों^{F} को ढीला करने का अभ्यास करना; ~**ning** लू' सॅनिङ्ग *n*. श्लथन; ~**ly** *adv*.; ~**ness** n^u. ढीलापन, अतिसार.

loot लूट I n^u. लूट^F, चोरी का माल; II *v.t.i.* लूटना, चोरी करना. ~**er** लू' टर *a*. लुटेरा.

lop लॉप I *v*. **1** *v.t.* (away, off) शाखाओं^{F} को काटना, छांटना; **2** *v t.* (away, off) remove हटाना, समाप्त करना; **3** *v.i.* (down) (esp. of animal) hang down लटकना, लटकाना. ~**-eared** *a*. प्रलम्बकर्ण; ~**-sided** *a*. **a** तिरछा, **b** unbalanced असन्तुलित; II *n*. **1** cutting छंटाई^F, कांट-छांट^F; **2** loppings छांट^F, कतरन^F. ~**ping** लॉ' पिङ्ग *n*. कतरन^F, काष्ठ. ~**pings** *n*. (pl.) छांट^F, कतरन^F.

lope लोप *v*. (esp. of animals) लम्बे-लम्बे कदम भरना.

loquacious लो क्वे' शस *a*. वाचाल, गप्पी; **loquacity** लो क्वै' सिटि *n*. वाचालता^{F}. ~**ly** *adv*.

loquat लो' क्वॉट *n*. लोकाट (वृक्ष).

lord लॉर्ड I *n*. **1** n^c. (my) ruler अधिपति, शासक; **2** master मालिक, स्वामी; **3** (my) nobleman सामन्त; **4** (किसी कम्पनी^{F} का) शक्तिशाली व्यक्ति. **drunk as~** खूब पिए हुए; **live like a~** ठाट-बाट से रहना; **one's~ and master** (old use, humour) पति; **Lord** *n*. **1** (the, cap) God ईश्वर; **b** (part of the title) उपाधि^{F}; **lord (only) knows** कोई नहीं जानता. **Lord's Prayer** *n*. (the + cap) ईसाई प्रार्थना^{F}; II *v*. शासन करना, प्रभुत्व जमाना; ~**it (over) someone** शासक सा व्यवहार करना. **Lord** *interj*. अरे! अहो! ~**ly** *a*. प्रतापी, शानदार; ~**liness** n^u. **a** भव्यता^{F}; **b** शाहीपना^{F}. **Lords** लॉर्डज़ *n*. **a** (the + cap) (Br.) House of Lords हाउस ऑफ लार्डस, ब्रिटिश पार्लियामेंट का उच्च सदन; **b** member "हाउस ऑफ लार्डस" का सदस्य. ~**ship** -शिप *n*. **a** n^u. power of lord प्रभुत्व, राजशक्ति^{F}; **b** rule शासन; **c** (of cap.) लार्ड, जज. **his ~ship** तत्रभवान्; **your ~ship** श्रीमान.

lore लॉर n^u. **1** ज्ञान, विद्या^{F}; **2** किसी एक विषय पर जन श्रुति **3** (zoöl.) चोंच और आंखों के बीच का अन्तर.

lorgnette लॉरन् जेंट' **1** (glasses) हैण्डल

चश्मा; 2 दूरबीन^F.

lorn लार्न *a.* (no c. s.) (poet.) दुखी एवं एकाकी.

lorry लॉ'रि *n.* (Am.) (truck) (Br.) ट्रक, लारी^{F}.

lose लूज़ *v.t.* (pa.t. & pa.p. lost) **1** fail to find खोना, खो देना. **2** waste गॅवाना, नष्ट करना; **3** cease to possess छिन जाना; **4** free oneself from से मुक्ति^{F} पाना; **5** fail to understand न समझ पाना; **6** fail to win हार जाना; **7** be engrossed (in) खो जाना, डूब जाना. **~one's head** होश^F खो देना; **~one's temper** गुस्सा करना, झल्लाना; **~one's way** भटक जाना; **~out 1** make loss हानि^{F} उठाना; **2** be defeated हार जाना. **~r** लू'ज़र n^c. **a** खोने वाला; **b** हारने वाला. **losing** *a.* घाटे का.

loss लॉस n^c. **1** (general) हानि^{F}; नुकसान; **2** harm क्षति^{F}; **3** failure to use क्षय, क्षीणता^{F}; **4** failure to obtain अप्राप्ति^{F}, अभाव; **5** failure to make profit घाटा, नुकसान. **at a~** घाटे पर; **6** disappearance लोप. **at a~to understand** समझने में असमर्थ; **be a dead~** बेकार हो जाना. **lossless** *a.* क्षयहीन.

lost लॉस्ट *a.* **1** missing खोया हुआ, गुम; **2** wasted नष्ट; **3** defeated निष्फल; **4** engrossed डूबा हुआ; **5** confused खोया-खोया, हक्का-बक्का; **6** astray भटका हुआ. **lost star** लुप्त तारा.

lot लॉट I *n.* **1** n^c. (of, oft. pl. with sing. meaning) great quantity ढेर, पुंज. **a~** बहुत सारा; **2** n^u. (the, of) the whole quantity कुल, समग्र; **3** group/collection समूह, वर्ग. **4** fate भाग्य; **5** share हिस्सा; **6** (esp. Am.) area of land भूक्षेत्र, भूखंड; **7** (for film) चलचित्र-क्षेत्र; **8** (person) व्यक्ति; **a bad~** दुशचरित व्यक्ति; **9** chance भाग्य निर्णय; **10** object deciding chance पांसा, पर्ची^{F}. **to cast/draw ~s** पांसा फेंकना; **what a~** इतना सारा! **a ~I care** कुछ परवाह^F नहीं; II *v.t.* (now rare) पांसा फेंकना, पर्ची^{F} डालना.

loth *a.* देखें. loath.

lotion लो'शन *v.i.t.* लोशन, मलहम.

lotophagi लो'टॅफ़ैगि n^c. कमलभक्षी, कमलभोजी.

lottery लॉ'टरि **1** n^c. लाटरी^{F}; **2** n^u. (fig.) भाग्य का खेल; जुआ; **3** (maths.) प्रचयन.

lotto- लॉ'टो n^u. **1** game of chance एक प्रकार का जुआ.

lotus लो'टस n^c. **1** water lily कमल, पद्म; **~-eater** आलसी, आरामतलब, विलासी, स्वप्नदर्शी. **~-seat** कमलासन.

loud लाउड I *a.* **1** strong sound ऊँचा, उच्च; **2** noisy शोरवाला, कोलाहलपूर्ण; **3** (of colour) चटकीला; **4** emphatic प्रबल, जोरदार; II *adv.* जोर से, ऊंचे स्वर से. **~hailer** n^c. भोंपू; **~mouth** *a.* मुंहजोर, बातूनी; **~speaker** n^c. लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक.

lough लॉक, लॉख n^c. (in Ireland) झील^F, सरोवर, समुद्र का एक भाग.

lounge लाउन्ज I n^c. **1** (sitting room) विश्रान्ति-कक्ष; **2** (act) विश्रान्ति^{F}, आराम; *v.i.* (about, away) सुस्ताना. **~bar** विश्रान्ति कक्ष का मदिरालय; **~suit** अनौपचारिक पैंट और कोट. **~r** लाउन्'जर n^c. निठल्ला आदमी.

lour लाउर (Am. usu. **lower**) *v.i.* **1** (at upon, on) frown क्रोध में भरना; **2** (of the sky) be dark अन्धकारपूर्ण होना.

louse लाउस I *n.* (pl. lice) यूका^{F}, जूँ, जुआँ^{F}. **body~** चीलर; **crab~** छगोड़िया^{F}; II *v.t.* (~up) (Am.) के साथ असफलता पूर्वक व्यवहार करना. **lousy** लाउ'जि *a.* **a** covered with lice यूकापूर्ण; **b** unpleasant भद्दा, खराब; **c** full of money धन से भरा हुआ.

lout लाउट *n.* गंवार; **~ish** लाउ'टिश *a.* गंवारू.

louvre लू'वॅर (Am. **louver**) erection on roof etc. to let smoke out or air in. धूम्रमार्ग, धुँवांखा.

love लव़ I *n.* **1** n^u. affection प्रेम, प्यार. **~affair** *n.* **a** (experience) प्रेम का अनुभव; **b** sexual relationship यौन-सम्बन्ध. **~-bird** *n.* **a** (bird) छोटा तोता; **b** (usu. pl.) (person) प्रेमोन्मुख-व्यक्ति. **~-child** *n.* (pl. -children) (euph.) -जारज़; **~-feast** प्रीति-भोज; **~god** *n.* कामदेव; **~-letter** *n.* प्रेम पत्र; **~lock** *n.* काकुल; कनपटी पर लटकते बाल; **~-lorn** *a.* प्रेमातुर; **~-making** *n.* प्रेम विहार; **~-match** *n.* प्रेम विवाह; **~-potion** *n.* वशीकरण पेय; **~quarrel** *n.* प्रणय-कोप, रति-कलह^F; **~-sick** *a.* कामार्त, प्रेमातुर; **~song** *n.* प्रेमगीत; **~-story** *n.* प्रेम-कथा^{F}; **2** n^u. (of, for) attachment अनुराग, अभिरुचि^{F}; **3** n^c. (of) object of interest अभिरुचि^{F} की वस्तु^{F}; **4** n^c. (my) lover प्रेमी; **5** n^u. (tennis) pointless शून्य; **6** object of love प्रेम-पात्र, स्नेह भाजन. **fall in~** प्रेम में पड़ जाना, आसक्त हो जाना; **for the~ of** के कारण, के नाम पर; II *v.t.i.* **1** love प्यार करना, से अनुरक्त होना; **2** like पसन्द करना; **3** have sex with से यौन

सम्बन्ध रखना; 4 show love दुलारना, चुमकारना.

lovable लॅ' वॅबल (also ~**able**) **a** worthy of love प्रेम-योग्य; **b** attractive आकर्षक. ~**less** -लेस *a*. **a** cold निर्मोही, प्रेम शून्य; **b** not loved प्रेम वंचित; **c** without love प्रेमहीन. ~**ly** (i) *a*. **a** attractive मनोहर, रमणीय; **b** pleasant प्यारा, प्रीतिकर; (ii) n^c. सुंदर स्त्री^{F}. ~**r** लॅ' वर n^c. **a** प्रेमी, प्रणयी; **b** शौकीन. ~**rs** लॅ' वर्ज *n*. (pl.) प्रेमी-प्रेमिका^{F}; **loving** लॅ' विङ्ग *a*. **a** (person) स्नेही; **b** fond स्नेहमय, प्रेममय. **loving cup** n^u. (lit.) प्रेम का प्याला; **loving-kindness**^{F} (lit.) **a** (treatment) प्रेममय व्यवहार; **b** kindness दयालुता^{F}. **lovingly** *adv*.

low लो I *a*. 1 (general) निम्न, निचला. ~**age limit** निम्न आयु सीमा^{F}; ~**frequency** निम्न आवृत्ति^{F}; ~**income group** निम्न आय वर्ग; ~**land** निम्न/निचुली भूमि^{F}; ~**standard** निम्न स्तर; 2 (in position) निम्न, नीच. ~**caste** निम्न जाति^{F}; ~-**minded** नीच; 3 (in amount) कम, अल्प. ~**cost** अल्प/कम लागत^F; ~-**priced** सस्ता; ~**profit** अल्प लाभ; ~**rated job** अल्पारिश्रमिक कार्य; 4 घटिया, निकृष्ट. ~**class/quality** घटिया दर्जा; 5 not developed अविकसित; 6 (plant) अविकसित पौधा. ~-**born** अकुलीन; ~**bow** झुककर प्रणाम/सलाम; ~**bred** गंवार; ~**colour** मंद/हलका रंग; ~-**down** रद्दी; ~-**key** हलका, मंद; ~**life** घृणित जीवन; ~**lane** संकरी गली^{F}; ~-**lying** निम्नस्थ; ~-**necked** नंगे-गले का (कुर्ता आदि); ~**pitch** मंद तान^F; ~-**pitched roof** नीची छत^F; ~**profile** ऐसे कार्य नहीं करने जिससे कर्ता सभी के सामने आए; ~**season** मंदी^{F}; ~-**spirited** **a** उदास; **b** निरुत्साह. ~**Sunday** शुक्ल पक्ष का इतवार; ~**tide** भाटा, उतार; **in** ~ **water** धनाभाव; ~**wine** हल्की शराब^F; II *adv*. नीचे. **go**~ नीचे जाना; **to run**~ कम पड़ जाना; III *v.i*. रंभाना; IV *n*. रंभण. ~**er** (i) *a*. निम्नस्तर, अवर. ~**er case letters** अंग्रेज़ी के छोटे अक्षर; ~**er class** निचला दर्जा; ~**er House** अवर सदन; ~**er limit** अधः सीमा^{F}; ~**er lip** अधरोष्ठ; ~**ermost** निम्नतम; (ii) *v*. **a** *v.t*. नीचा करना, उतारना; **b** *v.i*. कम होना. ~**est** *a*. निम्नतम. **the** ~**est** कम से कम; ~**ly** *a*. **a** low निम्न, नीचा; **b** in rank अवर; **c** humble विनीत. ~**liness 1** अवरता^{F}; **2** दीनता^{F}, विनीतता^{F}.

loyal लॉइ' अल *a*. निष्ठावान, स्वामिभक्त. ~**ist** लॉ' अलिस्ट *n*. राजभक्त; ~**ty** लाइ' अल्टि *n*. **a** निष्ठा^{F}, वफ़ादारी^{F}; **b** राजभक्ति^{F}.

lozenge लॉ' जिन्ज़ *n*. 1 (geom.) समचतुर्भुज; 2 flat, sweet tablet गले की खराश मिटाने की टिक्किया^{F} या चूष.

LP *n*. (not fml.) long-playing record.

Ltd. *abbr*. limited.

lubber लॅ' बर *n*. गोबर गणेश. ~'s line सूचक रेखा^{F}. ~**ly** *adv*.

lubricant लू' ब्रिकन्ट I n^{uc}. चिकनाई^F, स्नेहक; II *a*. स्नेहक. **lubricate** लू' ब्रिकेट *v.t*. चिकना करना; **lubrication** लूब्रि के' शन n^u. स्नेहन; **lubricator** लू' ब्रिकेटर *n*. स्नेहक; **lubricious** लू ब्रि' शस *a*. **a** lewd कामुक; **b** cunning धूर्त; **c** smooth चिक्कण.

lucid ल' सिड *a*. **1** clear स्पष्ट; **2** intelligible सुबोध, प्रांजल; **3** (old use) bright चमकदार; **4** transparent पारदर्शी. ~**interval** *n*. स्वच्छ अन्तराल; ~**ity** लू सि' डिटि n^u. **a** (lit.) प्रसाद, प्रसादगुण; **b** (psy.) विशदता^{F}; **c** sanity स्वस्थता^{F}. ~**ly** *adv*.

luck लक I n^u. **1** fortune भाग्य, नियति^{F}; **2** good fortune सौभाग्य. **be down on one's**~ दुर्भाग्यशाली होना; **be in/out of**~ सौभाग्यशाली/दुर्भाग्यशाली होना; **for**~ सौभाग्य लाना; **worse**~ दुर्भाग्य से; II *v*. ~**out** *v.i*. (Am.) भाग्यशाली होना; ~**less** -लेस *a*. अभागा; ~**y** लॅ' कि *a*. **a** fortunate सौभाग्यशाली; **b** auspicious मंगलकारी; **c** fortuitous दैवकृत. ~**ily** *adv*.; **iness** ल' किनॅस n^u. सौभाग्यशालिता^{F}.

lucre लू' कर n^u. आर्थिक लाभ. **lucrative** लू' क्रॅटिव *a*. अर्थकर, लाभकारी.

ludicrous लू' डिक्रस *a*. हास्यास्पद, बेतुका. ~**ly** *adv*.; ~**ness** नेस n^u. हास्यास्पदता^{F}, बेतुकापन.

ludo लू' डो n^u. लूडो: घर के अन्दर बोर्ड पर पासे से खेला जाने वाला खेल.

luff लफ़ *v.i.t*. (up) (जहाज को) अनुवात कर देना; II *n*.

lug लग I *v.t*. घसीटना, घसीटकर ले जाना; II *n*. **a** heavy pull घसीट^F; **b** (commun.) अटक^F. ~**handle** *n*. कर्णाकार हत्था; ~-**sail** *n*. चौकोर पाल; ~-**worm** *n*. समुद्री केचुआ; ~**ger** ल' गर *n*. पाल से युक्त नांव^F.

luggage ल' गिज *n*. सामान; ~**office** सामान घर; ~**porter** भारिक; ~**rack** *n*. सामान रखने का स्थान; ~**van** *n*. (Br.) सामान-यान.

lugubrious लू गू' ब्रिअस *a*. विषादमय, दुःखपूर्ण. ~**ly** *adv*.; ~**ness** n^u. विषादमयता^{F}; दुखपूर्णता.

lukewarm लूक वार्म' *a*. (no c. s.) 1 (of liquid) not very hot, warm कुनकुना अल्पोषण; 2 indifferent निरुत्साह, शिथिल.

~ness n^u. **a** warmness कुनकुनापन; **b** listlessness निरुत्साहपन.

lull लल I *v*. **1** put to rest सुलाना; **2** subside शान्त हो जाना; II *n*. (sing. only) **1** calm शान्ति^{F}, सन्नाटा; **2** (com.) मंदी^{F}. **~aby** लॅ'-लॅबाइ *n*. लोरी^{F}, स्वापिका^{F}.

lumbago लम् बे' गो *n*. कटिवात.

lumbar लम्' बर *a*. (no c. s.) कटि^{F}-, कमर-^{F}.

lumber लम्' बर I *v.t.i.* **1** move भदभदाते आगे बढ़ना; **2** (with) (oft. pass.) परेशानी^{F} बढ़ाना; **3** *v.i.* (Am.) cut लकड़ी^{F} काटना; II *n*. **1** useless articles काठ-कबाड़; **2** (Am.) timber इमारती लकड़ी^{F}; **3** (sing. only) कठिनाई^F बढ़ानेवाला. **~-jack** *n*. (esp U.S.) लकड़हारा; **~-man** *n*. **(-men)**. काष्ठ-व्यापारी; **~-room** *n*. (Br.) अप्रयुक्त वस्तु^{F}, (काष्ठ) कक्ष; **~-yard** *n*. काष्ठ इकट्ठा करने का स्थान; **~er** लम्' बॅरर *n*. **a** businessman काष्ठ-व्यापारी; **b** person लकड़हारा. **~ing** लम्' बरिङ्ग *n*. काष्ठकर्म.

luminary लू' मिनरि *n*. **1** learned person प्रकाण्ड-विद्वान; **2** नक्षत्र, प्रकाश-पुंज.

luminescence लूमिनें' सन्स; *n*. संदीप्ति^{F};

luminescent लूमि नें' सन्ट *a*. दीप्तिशील;

luminiferous लूमि नि' फरस *a*. प्रकाशवाही;

luminous लू' मिनस *a*. **a** bright प्रकाशमान, चमकीला; **b** clear सुबोध, प्रांजल. **luminous paint** *n*. चमकीला रोगन; **luminous signal** *n*. दीप्ति संकेत; **luminously** *adv*.; **luminosity** लूमि नॉ' सिटि n^u. ज्योति^{F}, दीप्ति^{F}, जगमगाहट^F.

lumme, lummy लॅ' मि *interj*. (Br.) (Lord) love me प्रभू! मुझे प्यार करो.

lump लम्प I n^c. **1** (of) shapless mass पिंडक; **2** swelling (on body) सूजन^F; **3** foolish मूर्ख, गोबर-गणेश; **4** (of) block of sugar डला; **5** (the) (cap.) (Br.) workers अल्पकालिक मज़दूर. **~in the throat** गले की दर्दनाक ऐंठन^F; II *a*. (no c. s.) **a** not divided एक मुश्त, एक मुठ; **b** (of lump) पिण्डीय. **~sum** *n*. **a** (econ.) एकमुश्त; **b** पिण्डराशि^{F}; II *v.i.* **1** form into lump पिण्ड में बदलना; **2** accept अपरिवर्तनीय खराब स्थितियों^{F} को बिना शिकवा-शिकायत^F के स्वीकार कर लेना; **3** move घसीटकर आगे बढ़ना; **4** gather इकट्ठा होना. **~together** *v.t.* एक में जोड़ना; **~er** लम्' पर *n*. मोटिया; **~ish** लम्' पिश *a*. **a** awkward भद्दा; **b** stupid मूर्ख. **~y** लम्' पि *a*. **a** filled with lumps ढेलेदार; **b** stupid मूर्ख एवं भद्दा; **c** (of a larger area of water) हवा द्वारा उत्पन्न छोटी छोटी लहरों भरा पानी का क्षेत्र.

luna लू' नॅ *n*. **1** (chem.) चांदी^{F}; **2** moon चन्द्रमा. **~r** लू' नर *a*. (no c. s.) **a** concerning the moon चंद्र, चांद; **b** of moon's shape चन्द्राकार. **~r age** *n*. *n*. चंद्रमास वय; **~r caustic** *n*. क्षारक रजत; **~r eclipse** *n*. चंद्र-ग्रहण; **~r month** *n*. चंद्र मास; **~rian** लू नें' अरिअन *n*. **a** चन्द्रविशेषज्ञ; **b** चन्द्र-निवासी. **~te** लू' नेट *a*. नवचन्द्राकार. **lunation** लू ने'-शन *n*. चान्द्रमास; **~tic** लू' नॅटिक *n*. **a** mad पागल; **b** foolish मूर्ख व्यक्ति. **~tic asylum** *n*. पागल खाना, **~tic fringe** किसी समुदाय के उन्मादी व्यक्तियों का समूह आन्दोलन; **~cy** लू' नसि *n*. **a** madness. उन्माद; **b** foolish behaviour मूर्खवत् व्यवहार.

lunch लन्च I n^{uc}. मध्याह्न भोजन. **~room** *n*. आहारशाला^{F}; **~time** *n*. मध्याह्न भोजन समय; II *v*. **1** eat दोपहर का भोजन करना; **2** provide food भोजन कराना/ देना.

lung लङ्ग *n*. फेफड़ा. **~-fish** *n*. उभयश्वासी मीन^F; **~-power** n^u. आवाज़-शक्ति^{F}.

lunge लन्ज I *v.i.* (out) **1** thrust झपटना; **2** pierce भोंकना, घोंपना; **3** (a horse) कावे देना, बागडोर से घोड़े को साधना; II *n*. **a** thrust हूल, झोंका; **b** plunge झपट्टा.

lurch लर्च I *n*. झोंका, झटका. **leave someone in the~** बुरे समय में साथ छोड़ देना; II *v.i.* झोंका खाना. **~er** लर' चर *n*. **a** thief उचक्का; **b** spy गुप्तचर.

lure लुअर, ल्युअर I *n*. **a** (the +. cap. of) attraction आकर्षण, प्रलोभन; **b** bait चारा; **c** (zool.) आमिष; II *v.t.* (on) लुभाना, प्रलोभन देना.

lurgy लर' गि *n*. (Br.) (humour) बीमारी^{F}.

lurid लुअ' रिड, ल्युअ' रिड *a*. **1** bright चटकीला, आरक्त पीत; **2** unpleasant भद्दा, खराब; **3** ghastly डरावना, भयंकर; **4** sensational सनसनीदार, सनसनीखेज़^{F}. **~ly** *adv*.; **~ness** n^u. **a** brightness चमकीला; **b** unpleasantness भद्दापन; **c** sensationalness सनसनी^{F}.

lurk लर्क *v*. **1** lie hidden in order to attack घात^F में बैठना; **2** keep out of sight छिपा रहना. **~ing place** *n*. छिपने का स्थान.

luscious लॅ' शॅस *a*. **1** sweet अतिमधुर; **2** delicious सुस्वाद; **3** ripe पका हुआ; **4** (fig.) सुमधुर, ललित; **5** attractive आकर्षक. **~ly** *adv*.;

~**ness** n^{u}. **a** deliciousness सुस्वादता^{F}; **b** sweetness मधुरता^{F}, मीठापन; **c** attractiveness आकर्षकपन.

lush लश *a.* **1** (of plants, esp. grass) हरा-भरा, प्रभूत; **2** comfortable आरामदायक; **3** रसाल, रसीला.

lust लस्ट I *n.* **1** n^{u}. sexual desire कामुकता^{F}; **2** *v.i.t.* (for, of) eagerness to possess किसी को पाने की लालसा. ~**murder** *n.* कामान्ध हत्या^{F}; ~**for** *v.* (~after) **a** be eager ललकाना; **b** desire (esp. sexually) कामातुर होना. ~**-ful** -फ़ुल *a.* कामुक; ~**fully** *adv.;* ~**fulness** -फ़ुलनॅस n^{u}. कामुकता^{F}; ~**y** *a.* **a** healthy हृष्ट-पुष्ट; **b** lustful कामुक. ~**ily** *adv.;*

lustre लस्'टर I *n.* (Br.) (Am. luster) **1** n^{u}. (sing. only) brightness चमक^{F}, दीप्ति^{F}; **2** n^{u}. glory महिमा^{F}, ख्याति^{F}; **c** varnish रोगन; II *v.i.t.* चमकाना, चमकना. **lustrous** लस्'ट्रस *a.* चमकदार, द्युतिमान; **lustrously** *adv.*

lusty देखें. lust.

lustrum लस्'ट्रम *n.* पांच वर्ष की अवधि.

lute लूट I *n.* **1** (old musical instrument) वीणा^{F} जैसा पुराना संगीत वाद्य; **2** n^{u}. (clay) गार; II *v.t.* मिट्टी से ढांकना. **lutanist** लू'टॅनिस्ट *n.* (~nist) वीणावादक.

luv लव *n.* (Br.) (प्रेमी के सम्बोधन का शब्द) प्रिये^{F}!

luxury लक्'शॅरि n^{u}. **1** sensuality विलासप्रियता^{F}; **2** pleasure आनन्द, सुख; **3** (pl.) सुख-साधन, विलास-वस्तुएं^{F}. **luxuriant** लॅग् ज़्युअ'रिअंट *n.* **a** growing well प्रवद्धिष्णु; **b** productive अत्युर्वर; **c** ornamented अत्यलंकृत. **luxuriance** लग् ज़्युअ'रिअन्स *n.* **a** (bot.) प्रवद्धिष्णुता^{F}; **b** fertility अत्युर्वरता^{F}; **c** ornamentality अत्यलंकृति^{F}. **luxuriantly** *adv.;* **luxuriate** लग् ज्युअ'रिएट *v.t.* फैल विलास करना, आनन्द लेना; **luxurious** लग् ज़्युअ'रिअस *a.* **a** fine and costly शानदार एवं कीमती; **b** sexual विलासी, ऐशपसन्द; **c** providing comfort विलासमय, राजसी. **luxuriously** *adv.*

-ly -लि *suffix* **1** like -तरह^{F} (as queenly रानी^{F} की तरह^{F}); **2** in stated manner -ढंग से (as slowly धीरे-धीरे).

lychee लाइ'ची *n.* लीची^{F} (चीन का एक फल).

lychgate लिच'गेट *n.* समाधिस्थल का द्वार.

lye लाइ n^{u}. खारा घोल.

lying लाइ'इङ्ग *pr.p.* of lie I *a.* **1** false झूठा; **2** लेटा हुआ, शिथिल; II *n.* झूठ, मिथ्या भाषण; ~**-in** *n.* (also ~s -in) प्रसव.

lymph लिम्फ़ n^{u}. लसीका^{F}, शरीर के अंगों व ग्रन्थियों के चारों ओर पाया जाने वाला रंगहीन द्रव, शुद्ध जल; ~**atic** लिम्'फ़ै'टिक *a.* **lymphastic** *n.* लसीका उत्पन्न करने या ले जाने वाला **2** disposed to sluggishness सुस्त.

lynch लिन्च *v.t.* **1** put to death मार डालना; **2** (soc.) समूह द्वारा किसी को बिना मुकदमा चलाये फांसी देना; ~**law** n^{u}. अपहनन विधि^{F}; ~**ing** लिन्'चिङ्ग *n.* अपहनन.

lynx लिङ्क्स *n.* वनविडाल, वनबिलाव. ~**-eyed** *a.* तीक्ष्ण दृष्टि.

lyre लाइअर *n.* प्राचीन यूनानी वीणा^{F}. ~**-bird** *n.* लायर-पक्षी. **lyrist** लाइ'अरिस्ट *n.* लायर बजाने वाला.

lyric लि'रिक I *n.* गीतकाव्य, प्रगीत. II *a.* **1** lyrical प्रगीतात्मक, गीतात्मक; **2** joyful आनन्दपूर्ण. **lyrical** लि'रिकल *a.* **a** of lyric प्रगीतात्मक; **b** full of admiration प्रशंसा^{F} एवं आनन्द से पूर्ण. ~**ism** लि'रिसिज़म n^{u}. प्रगीतत्व; ~**ist** लि'रिसिस्ट *n.* प्रगीतकार, गीतिकार; ~**s** लि'रिक्स *n.* (pl.) गीति^{F}; **lyrist** लि'रिस्ट *n.* प्रगीतकार.

M m

M, m ऍम *n.* **1** the thirteenth letter of English alphabet अंग्रेज़ी वर्णमाला का तेरहवां अक्षर; म, जैसे मोटर; motor आदि के लिए अंग्रेज़ी संक्षिप्त रूप; **2** in Roman numbers M = 1000 रोमन अंको में M = 1000.

m *abbr.* for metre मीटर के लिए अंग्रेज़ी संक्षिप्त रूप.

M *abbr.* for motorway वाहनों द्वारा तीव्र गति से सुदूर यात्रा के लिये विशेष रूप से बनी सड़क का संक्षिप्त रूप.

..'m --म contr. of am. *as* I'm अंग्रेज़ी एम (am) यानी 'हूँ' का संकुचित रूप.

ma मां *n.* (usu. cap.) **1** name for mother माँ, अम्मा^{F}; **2** (for an old woman) वृद्धा को सम्मानपूर्ण सम्बोधन माँ, माता^{F}.

M.A. ऍम ऍ *abbr.* Master of Arts. एम.ए. की डिग्री (उपाधि), किसी विषय (कला सम्बन्धी) का आचार्य.

ma'am मैम, माम, मम, *n.* (polite) मैडम^{F}, मेम^{F}.

macabre मॅका ब्रॅ *a.* **1** fearful डरावना; **2** hateful घिनावना.

macadam मॅ कै' डम n^{u}. पक्की सड़क^{F}. ~**ize** मॅकै' डॅमाइज़ (also-ise) (often pass.) रोड़ी^{F} (गिट्टी^{F}) बिछाना.

macaroni मैकॅ रो'नि n^{u}. मैकरोनी^{F} a paste of hard wheat flour pressed into long tubes and dried खाने की मैदे की लेई की सुखाई गई बत्ती, सेवई. ~**ic** मैकॅ रो'निक *a.* मिश्रित, भाषासंकर.

macaw म कॉ' *n.* मकाओ a kind of parrot मकाओ तोता.

mace मेस *n.* **1** a heavy club (weapon) भारी गदा; **2** rod (used as a mark of authority) राजदंड. ~ **bearer** *n.* राजदंड-ग्राही.

macerate मै'सॅरेट *v.t.i.* **1** soften by steeping भिगोकर नरम कर देना; **2** wear down दुर्बल कर देना/बना देना.

maceration मैसॅ रे'शन n^{u}. द्रव संमर्दन, जल में भिगोकर मुलायम करने का कार्य.

Mach मैक *n.* (cap.) माख a unit of measurement for very high speed अत्यंत तीव्र गति को मापने की इकाई.

machete मॅ चे'टि *n.* (also machet) a heavy knife छुरा.

Machiavellian मैकिअ वे'लिअन *a.* destitute of political morality राजनैतिक चालबाजी, मैकियाविली, फलोरेंस के राजनेता मैकियावेली (सन् 1469-1527) के नाम पर.

machination मैकिने'शन *n.* (usu. pl.) act of scheming षड़यंत्र, दुरभिसंधि^{F}.

machinate मै'किनेट *v.* to form a plot, to lay plots षड़यंत्र करना, दुरभिसंधि^{F} करना.

machinator मै'किनेटर *n.* one who machinates चालबाज.

machine मशीन' I n^{c}. **1** instrument यंत्र, कल^{F}, मशीन^{F}. ~ **gun** *n.* यांत्रिक बंदूक^{F}; ~ **tools** *n.* मशीन औजार; **2** (man) यंत्रवत कार्य करनेवाला मनुष्य; **3** organisation संगठन; **4** (pol. sc.) organised system सुव्यवस्थित तंत्र; **5** vehicle वाहन; II *v.* **1** to use machinery for, to make by machinery यंत्र द्वारा निर्मित करना; **2** to make with accuracy ठीक-ठीक नाप^{F} का बनाना. ~**ry** मशी'नॅरि n^{u}. **a** machines यंत्र-समूह; **b** system तंत्र, प्रशासन. **machinist** मशी'निस्ट **a** (maker.) मशीनवाला; **b** machine-man मशीन चालक.

mackerel मै'कॅरल n^{uc}. a kind of fish बांगड़ा मछली; ~**sky** *n.* sky with fleecy clouds चित्रित आकाश.

mackintosh, machintosh मै'किन्टॉश *n.* water proof cloth बरसाती^{F} कपड़ा.

macrame मॅ क्रा'मि n^{u}. fringe of knotted thread झालर.

macro मै' क्रो *prefix* long, great वृहत्. ~**biosis** *n.* prolonging life (psy.) दीर्घजीविता^{F}; ~**biotic** *a.* long lived दीर्घजीवी; ~**cephalic** *a.* of large head वृहत कापालिक; ~**cephalous** *a.* वृहत-शीर्ष; ~**cosm** मैक्र्'कॉज़म *n.* (the) entire universe विराट् विश्व; ~**cladous** *a.* दीर्घशाखी; ~**cyte** *n.* वृहत-लोहिताणु; ~ **economics** *n.* समष्टि अर्थशास्त्र; ~**graphia** *n.* (psy.) वृहल ़ेखन; ~**gamete** *n.* गुरुयुग्मक; ~**glojjate** *n.* दीर्घचिह्न; ~**graphy** *n.* स्थूल लेखन; ~**lith** *n.* महापाषाण; ~**mere** *n.* वृहत्खंड; ~**pria** *n.*

(psy.) वहृदवीक्षा-दोष; ~**spore** *n*. गुरु बीजाणु; ~**stome** *n*. वृहत्मुख; ~**zoology** *n*. स्थूल प्राणिविज्ञान; ~**zoologist** n. स्थूल या विस्तृत प्राणिविज्ञानी.

mad मैड *a*. **1** insane पागल, विक्षिप्त, उन्मत्त. ~**cap** *a*. पागलपूर्ण; ~**house** *n*. पागलखाना; ~**man** पागल; **2** foolish मूर्ख; **3** (about, for) किसी वस्तु के लिए उत्तेजित; **4** (with, at) angry क्रुद्ध, कुपित. **drive someone** ~ परेशान करके पागल करना; **like** ~ (infml.) परिश्रम एवं बहुत तेजी से; ~**den** मै'डन *v.t.* (oft. pass.); **a** पागल बनाना, पागल बना देनेवाला, कष्टदायक; **b** annoying चिड़चिड़ा. ~**deningly** मै'डिनिङ्लि *adv*. पागल बना देते हुये, पागलपन जैसी दशा में ले जाते हुए; ~**ly** *adv*. पागलपन से; ~**ness** -नें'स n^u. **a** क्रोध; **b** पागलपन, दीवानापन; **c** उत्तेजना.

madam मै'डम *n*. **1** (oft. cap.) way of addressing a lady महोदया^{F}; **2** the woman incharge of a brothel वेश्यालय स्वामिनी^{F}; **3** n^c. autocratic girl or lady (usu. singular) केवल आज्ञा देनेवाली लड़की^{F} (काम करने वाली नहीं). **Madame** मै'डाम *n*. (also mesdames) श्रीमती^{F}.

made मेड I *a* (no. c.s) **1** (for) suited उपयुक्त; **2** (up) (of) formed निर्मित; **3** successful सफल. **a** ~**man** *n*. सफल व्यक्ति; ~**up** *a*. **a** artificial कृत्रिम; **b** invented गढ़न्त; **c** तैयार.

madonna मडॉ'ना *n*. **1** (The) Virgin Mary कुंवारी मरियम^F; **2** n^c. (figure) मरिया का चित्र.

madrigal मै'ड्रिगल *n*. a pastoral song गीत, कजली^{F}.

maelstrom मेल'स्ट्रॅम *n* (esp. lit.) **1** powerful whirlpool शक्तिशाली भंवर, तीव्र जलावर्त्त; **2** (sing.) disordered state of affairs उथल-पुथल^F.

maenad मी'नैड *n*. **1** (in former times) मदिरा के देवता की उपासिका; **2** मदिरापान से उन्मत्त स्त्री; **3** क्रोध से उन्मत्त स्त्री.

maestro मास'ट्रो n^c (pl.) **maestros**, **maestri** **1** great musician श्रेष्ठ संगीतज्ञ; **2** great teacher आचार्य, उस्ताद.

mafia माफिआ n^c **1** (the) hostility to law विधि विरोधी; **2** कानून विरोधी बदमाशों का दल.

mag मैग *n*. (infml.) short for magazine पत्रिका के लिये अंग्रेज़ी संक्षिप्त रूप.

magazine मैगॅज़ीन *n*. **1** periodical पत्रिका^{F}; **2** storehouse of arms बारूदखाना, शास्त्रागार; **3** (of gun) राइफल के अंदर की पेटी; 4 storehouse गोदाम; **5** (print.) खान, टाइपकोश.

magenta मॅजेन्'टॅ *n*. reddish purple गहरा, चटकीला गुलाबी लाल रंग.

maggot मै'गट *n*. **1** insect, larva of worm मगट, कीड़ा; **2** fad सनक. ~**y** मै'गॅटि *a* (no fml.) कीड़ों से भरा.

magi मे'जाइ *n*. (pl. of magus) **1** magician जादूगर; **2** the wise men from the east पूर्व से आये तीन आदमी जो शिशु ईसा के लिये उपहार लाये थे.

magic मै'जिक I n^u. necromancy जादू-टोना, जादूगरी^{F}; **2** charm माया^{F}; **3** jugglery जादू, इन्द्रजाल. **as if by**~/**like**~ मानो जादू से; II *a*. जादूई. ~**lantern** *n*. चित्रक्षेपी लालटैन^F; ~**wand** *n*. जादूईछड़ी; ~**al** मै'जिकल *a*. मायिक, ऐंद्रजालिक; ~**ally** *adv*.; ~**ian** मजि'शिन *n*. **a** sorcer जादूगर; **b** juggler बाजीगर, मदारी.

magistrate मै'जिस्ट्रेट *n*. one who has power of putting the law in force दण्डाधिकारी, दण्डनायक. **magistrature** म'जिस्ट्रॅट्युअर *n*. दण्डाधिकार; **magisterial** मैजिस्टि'रिअल *a* domineering दण्डाधिकारीय; **b** authoritative प्रामाणिक; **c** pompous आडम्बरी. **magisterially** *adv*.; **magistracy** मै'जिस्ट्रसि **a** n^c. (office) मजिस्ट्रेट का पद; **b** group of magistrates दण्डाधिकारी वर्ग.

magna charta (carta) मैग'नॅकार्ट (L.) the great charter establishing rights महाधिकार पत्र.

magnanimous मैग्नै'निमस *a*. high minded, high souled, generous उदारचेता, विशाल हृदय. **magnanimity** n^u. उदारता^{F}, महा-मनस्कता^{F}; ~**ly** *adv*. उदारता से, दानशीलता से.

magnate मैग'नेट *n*. (sometimes derog.) wealthy or eminent person धनी-मानी व्यक्ति, प्रभावशाली व्यक्ति.

magnesia मैग्नी'शॅ n^u. basic magnesium carbonate used as medicine मैग्नीशिया खनिज चूर्ण.

magnesium मैग्नी'ज़िअम n^u. a metallic element मैग्नीज़िअम, धातुक तत्व, एक विशेष धातु.

magnet मैग्'निट *n*. **1** loadstone चुम्बक; **2** anything or anyone that attracts आकर्षक व्यक्ति/वस्तु^{F}. ~**ic** मैग्नें'टिक *a*. चुम्बकीय; ~**ic field** *n*. चुंबकीय क्षेत्र; ~**ic pole** *n*. चुम्बकीय

ध्रुव; ~**ic tape** *n*. चुम्बकीय फीता^{F}; ~**ically** *adv*.; ~**ism** मैग्'नेटिज़म n^u. चुम्बकत्व; ~**ize** मैग'निटाइज़ *v*. (also ~**ise**) **a** give the qualities of ~ चुम्बकित करना; **b** attract आकर्षित करना. ~**isation** मैग्निटाइजे'शन *n*. चुम्बकन; **magneto** मैग्नी'टो *comb*. (pl. ~s) चुम्बकत्व.

magnificat मैग्नि'फ़िकैट *n*. (the, cap.) the song of Virgin Mary मरिया^{F} का भजन.

magnificent मैगनि'फिसन्ट *a*. great in deeds or show भव्य, शानदार. **magnificence** मैगनि'फ़िसन्स *n*. the quality of being magnificent वैभव, प्रताप, महिमा^{F}.

magnify मैग्'निफ़ाइ *v.t.* **1** to make great or greater (phy.) आवर्धन करना; **2** (old use) praise highly बढ़ा चढ़ा कर कहना, अतिरंजित करना. **magnification** मैग्निफ़िके'शन *n*. **a** (phy.) आवर्धन; **b** praise प्रशंसा^{F}, अतिरंजन. **magnified** *a* आवर्धित; **magnifier** मैग्'निफाइर *n* आवर्धक; ~**ing glass** *n*. आवर्धक लैन्स; ~**ing power** *n*. आवर्धन शक्ति^{F}.

magniloquent मैग्नि'लॅकवन्ट *a*. speaking in a pompous style शेखीबाज. **magniloquence** मैगनि'लॅक्वन्स n^u. शेखीबाजी^{F}; ~**ly** *adv*. शेखी के साथ, प्रगल्भ वाणी से.

magnitude मैग्'निट्यूड *n*. **1** greatness महानता^{F}; **2** importance महत्त्व; **3** brightness of star तारा दीप्ति^{F}; **4** extent विस्तार.

magnum मैग'नम *n*. a wine bottle containing about one and a half litre शराब की डेढ लीटर की बोतल^F. ~**opus** *n*. (lit.) महान कलाकृति.

magpie मैग'पाइ $n.^c$ **1** (bird) मुटरी^{F}, एक चिड़िया; **2** (fig.) a chattering person बकवादी व्यक्ति; **3** one who hoards trifles वस्तुओं को इकट्ठा करने का प्रेमी.

magus मे'गस *n*. (pl. magi) **1** ancient Persian priest पारसी पुजारी; **2** eastern magician पूर्वीय जादूगर.

mahlstick देखें maulstick.

mahogany मॅहॉ'गॅनि *n*. **1** (tree) a tropical American tree महार्घ (वृक्ष); **2** (wood) महार्घकाष्ठ; **3** n^u. dark reddish brown लाल-भूरा रंग.

maid मेड *n*. **1** female servant नौकरानी^{F}; **2** (lit.) girl कुमारी^{F}, अविवाहिता^{F}. ~**of honour** *n*. **1** रानी की अविवाहिता नौकरानी^{F}; **2** दुल्हन की प्रमुख सखी. ~**-servant** *n*. नौकरानी^{F}; ~**en** मे'डन (i) *n*. **a** girl कुमारी^{F}; **b** (~**en over**) (in cricket) बिना रन^F का ओवर; (ii) *a*. (no c.s.) **a** fresh ताज़ी, अप्रयुक्त; **b** (first) प्रथम; **c** (of woman) unmarried अविवाहिता^{F}. ~**en hair** *n*. पर्णांग; ~**en-head** *n*. (esp. old use) virginhood कुमारीपन; ~**enhood** n^u. कौमार्य; ~**en speech** *n*. (pol. sc.) प्रथम भाषण; ~**en name** (लड़की का विवाह पूर्व) कुलनाम; ~**enly** *n*. *adv*.

mail मेल I *n*. **1** n^u (Br. + Am.) postal system डाक^F. ~**bag** *n*. डाक थैला; ~**list** *n*. डाक सूची^{F}; ~**man** *n*. डाकिया; ~**order** *n*. डाक बिक्री.^{F}; ~**train** *n*. डाक-गाड़ी^{F}; **2** n^u. (sometimes pl. with sing. meaning) letters पत्र, पार्सल आदि. ~**box** *n*. पत्र-पेटिका^{F}; **3** n^u. armour कवच, जिरह. ~**clad soldier** *n*. कवचधारी सैनिक; II *v.t.* (to) **1** post डाक^F से भेजना, डाक^F में डालना; **2** कवच पहनाना. ~**able** मे'लबल *a*. डाक^F से भेजने योग्य; ~**ed** मेल्ड *a*. कवचित; ~**ing list** *n*. डाक-प्रेषण सूची^{F}.

maim माइम *v.t.* **1** deform अंग भंग करना, अपंग कर देना; **2** spoil विकृत करना; **3** लंगड़ापन या लंगड़ा करना.

main मेन I *a*. (no c.s.) मुख्य, प्रमुख, बड़ा. ~**body** *n*. मुख्य अंग; ~**chance** *n*. लाभ का अवसर; ~**clause** *n*. प्रधान उपवाक्य; ~**drag** *n*. (Am.) बड़ी सड़क^F; ~**force** *n*. पूरा बल; ~**land** *n*. मुख्य भूभाग, महाद्वीप; ~**library** *n*. केन्द्रीय पुस्तकालय; ~**line** *n*. मुख्य रेल की बड़ी लाइन^F; ~**mast** *n*. बड़ा मस्तूल; ~**spring** *n*. **a** (of a watch) बड़ी कमानी^{F}; **b** (fig. usu. sing.) प्रेरणा स्रोत. ~**stay** *n*. **a** (the, of) मुख्य आधार; **b** (of ship) मस्तूल की बड़ी रस्सी^{F}. ~**stream** (the + of) मुख्य धारा^{F}; II n^c. (of water) पानी की बड़ी या मुख्य लाइन.^{F} **in the** ~ कुल मिलाकर सही, कुछ अपवादों को छोड़कर; ~**ly** *adv*.; ~**s** मेन्ज़ *n* (बिजली^{F} का) स्रोत परिपथ, मुख्य लाइन.^{F}.

maintain मेन टेन' *v.t.* **1** sustain कायम रखना, बनाए रखना; **2** support समर्थन करना; **3** provide livelihood भरण-पोषण करना, खर्चा देना; **4** (to be) argue for तर्क देना, निश्चयपूर्वक कहना. ~**able** मेन्टे'नॅबल **a** अनुरक्षणीय; **b** समर्थनीय. **maintenance** मेन्'टॅनन्स n^u. **a** (admn.) अनुरक्षण, रखरखाव. **maintenance order** *n*. अनुरक्षण आदेश; **b** sustenance

भरण-भोषण. **maintenance allowance** *n.* भरण-भत्ता; **c** livelihood निर्वाह, जीविका^{F}; **d** (law) रक्षा^{F}.

maisonette मेज़ॅनेट′ *n.* छोटा सा मकान.

maize मेज़ *n*^{u}. (Br.) मकई^F, मक्का.

majestic मॅजॅस्′टिक *n.* प्रतापी, तेजस्वी. **majesty** मै′जिस्टि *n.* **a** ऐश्वर्य, विभूति^{F}; **b** sovereignty आधिपत्य, प्रभुत्व. **Majesty** (in addressing) राजा, महाराजा; **His Majesty** महामहिम; **Her Majesty** तत्र महती; **Your Majesty** अत्र महान्; ~**ally** *adv.* महिमापूर्वक.

major मे′जर I *a.* (no c.s.) **1** big बड़ा, मुख्य. ~**operation** *n.* बड़ा आपरेशन; ~**works** *n.* बड़े निर्माण कार्य; **2** chief मुख्य. ~**industries** मुख्य उद्योग; ~**role** मुख्य भूमिका^{F} मुख्य कार्य; **3** (music) गुरु. ~**scale** शुद्ध स्वर ग्राम; ~**premise** (log.) साध्य आधारिका^{F}; II *n*^{c}. **1** पद, सेना का अधिकारी. ~**general** मेजर जनरल; ~**domo(s)** गृह प्रबन्धक; **drum**~ बैंड मास्टर; **2** (law) वयस्क, बालिग; **3** main subject मुख्य विषय. ~**ity** मॅजॉ′रिटि (i) *n. a. n*^{u}. (number) (the of) बहुसंख्या^{F}; **in the ~ity** बहुसंख्यक; (ii) *a* बहुसंख्यक, बहुमत.

make मेक I *v.t.* **1** produce बनाना; **2** form बनाना, रूप देना; **3** earn कमाना; **4** सजाना; **5** cause कराना. ~**one work** किसी से काम कराना; ~**the child sleep** बच्चे को सुलाना; **6** पहुँचना. **we will make it to the bus stand** हम बस स्टैण्ड पहुँच जायेंगे; **make a promise** वचन देना; ~**as if to** करने लगना; ~**belief** कपट करना; ~**believe** छल/कपट करना; ~**certain** निश्चय करना; ~**good** पूरा करना; ~**little of** तुच्छ समझना; ~**love to** से प्रेम करना; ~**one's way** जाना; ~**or mar** बनाना या बिगाड़ना; ~**it warm/hot for someone** किसी को महसूस कराना; ~**after** *v.t.* पीछा करना; ~**at** (पर) प्रहार करना; ~**away with** *a.* **a** steal चुराना; **b** kill मार डालना. ~**for** की ओर^F चलना; ~**of** (को) समझना; ~**off** (with) भाग निकलना; ~**out** अता-पता पाना; succeed सफल होना; have relationship संबंध बनाए रखना; (a bill) लिख डालना; pretend कपट वेष करना. ~**out a case** केस गढ़ लेना; ~**over** change बदलना; transfer हस्तांतरित करना; ~**towards** की ओर^F बढ़ना; ~**up** (i) *v.* **a** provide बनाना; **b** invent गढ़ना; **c** use power etc. रूप सज्जा^{F} करना; **d** prepare तैयार करना; **e** become friends again फिर से दोस्ती^{F} करना; **f** complete पूरा करना; **g** repay भर देना; **h** arrange सजाना; (ii) *a* पूरक. ~**-up class** संपूरक कक्षा^{F}; ~**-up work** पूरक काम; ~**up for** क्षतिपूर्ति^{F} करना, भर देना; II *n* बनावट^F, गढ़न^F. ~**r** मे′कर *n*^{c}. बनानेवाला, निर्माता; **making** मे′किङ्ग *n*^{u}. (the + of) रचना^{F}, निर्माण; **in the making** बनने की स्थिति^{F} में; **makings** *n.* (pl.) संभावनाएँ^{F}.

-making -मे′किङ्ग; *composition.* करानेवाला *as* (bread-making)

mal- मैल- *comb.* कु-. ~**adroit** *n* अनाड़ी, फूहड़; ~**adroitly** *adv.*; ~**adroitness** *n*^{u}. अनाड़ीपन, फूहड़पन; ~**apropism** मै′लॅप्रॅपिज़्म *n.* (lings.) दुष्प्रयोग; ~**apropos** (i) *a.* **a.** असंगत; **b** अनुचित; (ii) *adv.* असमय. ~**behaviour** *n*, अपव्यवहार; ~**content** *n* असन्तुष्ट; ~**contented** *a.* असन्तुष्ट, विक्षुब्ध; ~**formation** *n*^{u}. **a** कुरूपता^{F}; **b** कुरचना^{F}. ~**formed** *a.* (noc. s.) विकृत, कुगढ़; ~**function** *n.* ठीक से काम न करने की स्थिति; ~**ism** *n.* कृसृष्टिवाद; ~**nutrition** *n.* **a** कुपोषण; **b** कुस्वास्थ्य. ~**practice** **a** (admn.) अनाचार, कदाचार; **b** (pol. sc.) कुप्रथाएं^{F}; **c** (law) अपराध. ~**practitioner** *n.* दुराचारी, कदाचारी; ~**treat** *v.t.* दुर्व्यवहार करना, अत्याचार करना; ~**treatment** *n.* दुर्व्यवहार, अत्याचार; ~**version** *n.* भ्रष्टाचार.

malachite मै′लॅकाइट *n.* **1** हरा खनिज पत्थर; **2** तांबे पर नमी से आने वाला हरा दाग.

malady मै′लडि *n.* **1** disorder खराबी, अव्यवस्था^{F}; **2** (old use) disease रोग, व्याधि^{F}.

malaise मॅलेज़′ *n.* **1** illness रुग्णता^{F}, अस्वस्थता^{F}; **2** (com.) मन्दी^{F}.

mala fide मेलॅ फ़ाइ′डि (L.) I *a.* असद्भावपूर्ण, कपटपूर्ण; II *adv.* असद्भावपूर्वक.

malaria मॅले′रिअ *n*^{u}. शीतज्वर, मलेरिया. ~**l** मॅले′रिअल *a.* (no c.s) मलेरिया से पीड़ित.

male मेल I *n.* नर, पुरुष; II *a.* (no c.s.) **1** of male नर; ~**nurse** *n.* परिचारक; **2** (bot.) पुंकेसरी; **3** (of machine) उभरा, बाहरी ~**gauge** (transp.) बाहरी गेज़

malediction मैलि डिक्′शन *n* **1** अभिशाप; **2** निन्दा^{F}. **maledictory** मैलि डिक्′टॅरि *a.* **a.** अभिशापपूर्ण; **b** निन्दात्मक.

malefic मॅले फ़िक *a.* अनिष्टकर. ~**ent** मॅले′फ़िसन्ट *a.* **a** अहितकर, अशुभ; **b** अपराधी. ~**ence** मले′फ़िसन्स *n.* अशुभता^{F} अहितकर्ता^{F}. **malefector** मै′लिफ़ैक्टर *n.* कुकर्मी, अपराधी

malefaction मैलि फ़ैक्'शन *n.* कुकर्म, अपराध.

malevolent मॅलॅं'वलॅन्ट *a.* (lit.) (esp.) अपकारी, द्वेषी. **melevolence** मवलॅं'वलॅन्स *n.* दुर्भाव, द्वेष; ~**ly** *adv.*

malfeasant मैल्फ़ी'ज़न्ट *n.* दुष्कर्ता, भ्रष्टाचारी.

malfeasance मैल्फ़ी'ज़न्स *n.* दुष्करण, भ्रष्टाचार.

malice मै'लिस *n.*^{u} दुर्भाव, दुर्भावना. **with ~ aforethought** (law) (of a criminal act) पहले से विद्वेष; **malicious** मॅलि'शस *a.* **a** malevolent दुर्भावपूर्ण; **b** mischievous नटखट. **maliciously** *adv.*

malign म लाइन' **I** *a.* **1** harmful अनिष्टकर; **2** evil अशुभ, बुरा; **3** malevolent द्वेषी; **II** *v.t.* निन्दा^{F} करना, बुराई^{F} करना. ~**ant** मॅलिग्'नन्ट *a.* **a** malicious द्वेषी, प्रद्वेषी; **b** harmful अहितकर, अशुभ; **c** dangerous असाध्य, सांघातिक. ~**ancy** म लिग्'नन्सि *n.* **a** malice द्वेष, प्रद्वेष; **b** of disease दुर्दयता^{F}, विषालुता^{F}. ~**ity** मलिग्'निटि *n.* **a** malignancy द्वेष, वैर; **b** *n*^{u}. (of disease) विषालुता^{F}, सांघातिकता^{F}.

malinger मॅलिङ्'गर *v.i.* बीमारी^{F} का बहाना करना. ~**er** म लिङ्'गॅरर *n.* कामचोर, मिथ्यारोगी.

mall मॉल *n.* (Am.) **1** सड़क, आम सड़क; **2** छत्ता.

malleable मै'लिअबल *a.* **1** (of metals) पिटवां, आघातवर्धनीय; **2** (of character, nature etc.) सुनिर्माणनीय. **malleability** मैलि ॲबि'लिटि *n.* **a** आघातवर्धनीयता^{F}; **b** सुनिर्माणनीयता^{F}.

mallet मैलिट *n.* हथोड़ा, मुंगरी.

malt मॉल्ट **I** *n.* **1** (grain) जौ, यव्य; **2** यव्य-रस; **II** *v.t.i.* यव्य बनाना/बनना. ~**ed milk** *n.* यव्यित दूधः ~**ster** माल्ट्'स्टर *n.* माल्ट बनानेवाला.

mama, mamma मॅ' मा *n*^{c}. अम्मा, माँ.

mammary मै'मरि *a.* स्तनीय, स्तन.

mammal मै'मल *n.* **1** वे जीव जिनकी मादा अंडे नहीं वरन् बच्चा जनती हैं और उन्हें अपने स्तनों से दुग्ध पान कराती हैं: **2** स्तनधारी जीव. **mammalia** मै मे'ल्यिn. स्तनीय त्र्गर्.

mammifer मै'मिफर *n.*स्तनपायी.

mammon मै'मन *n.* (the + cap.) **1** wealth धन सम्पत्ति^{F}; **2** god of wealth कुबेर.

mammonism मै' मॉनिज्म *n*^{u}. धनलोलुपता^{F}.

mammoth मै'मथ **I** *n*^{c}. **1** elephant हाथी; **2** very large बहुत विशाल; **II** *a.* विशालकाय, विशाल.

mammy मै'मि *n.* **1** (used esp. by children) अम्मा,^{F} माता^{F}; **2** (Am.) midwife दाई.

man मैन **I** *n*^{c}. (pl. men, fem. women). **1** (general) आदमी; **2** male person पुरुष; **3** male नर. ~**child** नर बच्चा, लड़का; **4** human being मनुष्य, मानव; **5** husband पति. ~**and wife** पति-पत्नी;^{F} **6** employee नौकर, मातहत; **7** (chessman) मोहरा, गोटी^{F}; **8** (in comb.) वाला. *as* **Frenchman** फ्रांसवाला, फ्रांसीसी; **milk**~ दूधवाला; **post**~ डाकवाला, डाकिया; **as one**~ एक मत होकर; ~ **about the town** सामाजिक पुरुष, शौकीन आदमी; ~ **and boy** बचपन से लेकर बुढ़ापे तक; ~ **at arms** सशस्त्र सैनिक; ~**day** श्रम दिन; ~**eater** नरभक्षी.; ~**eating** *n.* आदमखोरी; नरभक्षता^{F}; ~**Friday** *n.* सहायक पुरुष; ~**handle** *v.t.* **a** आघात करना; **b** बुरी तरह^{F} पेश आना. ~**hole** नर-विवर; ~**hour** श्रम घंटा; ~**hunt** अपराधी की खोज^{F}; ~**in the street** आम आदमी, जनसाधारण; ~**kind** मानवजाति;^{F} ~**made** *a.* मानवकृति,^{F} कृत्रिम; ~ **of God** संत, साधु; ~ **of letters** विद्वान, साहित्यिक; ~ **of parts** गुणी व्यक्ति/अभिनेता; ~**of war** जंगी जहाज, युद्धपोत; ~**power** जन शक्ति;^{F} ~**sized** आदमी के कद जितना; ~**slaughter** *n.* नर हत्या^{F}; ~ **to** ~ प्रति व्यक्ति, एक आदमी एक के साथ; ~**trap** अपराधी को पकड़ने का फंदा; ~ **year** मानव श्रम वर्ष; **II** *v.* आदमी लगाना. ~**ful** *a.* पराक्रमी; ~**hood** *n*^{u}. पौरुष, पुरुषत्व; ~**-like** *a.* पुरुषवत्, मनुष्यवत्; ~**liness** -लिनॅस *n*^{u}. पराक्रम, पौरुष; ~**ly** *a.* पुरुषोचित, वीर; ~**nish** मै'निश *a.* पुरुषसदृश.

manacle मै'नॅकल **I** *n.* हथकड़ी^{F}; **II** *v.t.* हथकड़ी^{F} डालना, बेड़ी^{F} डालना.

manage मै'नेज *v.t.i.* **1** control (a business) प्रबन्ध करना; **2** (oft. used with can, could) succeed सफल होना; **3** deal with चलाना, संभालना; **4** control वश में करना. ~**able** मै'निजॅबल *a.* **a** वश्य; **b** controllable संचालनीय, नियन्त्रणीय. ~**ability** मैनिजॅबि'लिटि *n*^{u} संचालनीयता,^{F} नियन्त्रणीयता^{F}; ~**ment** मै'नेजॅमन्ट *n*^{u}. **a** administration प्रबन्ध; **b** skill प्रबन्ध कौशल; **c** conduct व्यवस्था,^{F} इन्तजाम; **d** (econ.) प्रबन्धक वर्ग. ~**r** मै'नेजर *n.* प्रबन्धक, व्यवस्थापक; ~**rial** मैनि जि'रिअल *a.* (no. c.s.) प्रबन्धकीय, **managing** मै'निजिङ, *n.* प्रबन्ध करनेवाला, प्रबन्धक. **managing director** *n.* प्रबन्धसंचालक.

mandarin मैन्'डॅरिन *n*^{cu}. **1** (of China) दफ़्तरशाह; **2** (usu. cap.) language of China मेडांरिन भाषा^{F}: **3** पुराणपंथी कर्मचारी. ~**orange** सन्तरा; ~ **duck** *n.* मेन्डारिन बतख.

mandate मैन्'डेट I *n.* **1** command आज्ञा,^{F} आदेश, आदेशपत्र; **2** (usu. sing.) (pol. sc.) अधिदेश; **3** (power given by the League of Nations) प्रादेश; II *v.t* (to) सौंपना, अधिदेश देना. ~**d** मैन्'डेटिड *a.* प्रदेशाधीन; ~**d state** *n.* अधिदेशाधीन राज्य; **mandatory** मैन'डॅटरि (i) *a.* (no c.s.) **a** carrying a command आदेशात्मक; **b** obligatory अनिवार्य; **c** प्रादेशात्मक, प्रादेश प्राप्त; **d** directory आज्ञापक; (ii) *n.* (also) (mandatary) अधिदेश प्राप्त राज्य या शक्ति^{F}.

mandible मैन'डॅबल *n.* (tech.) **1** jaw जबड़ा, चिबुकास्थि^{F}; **2** beak चंचु.

mandolin मैन्डॅलिन'*n.* सारंगी^{F} जैसा वाद्य यंत्र.

mandrake मैन्'ड्रेक $n.^u$ (also mandragora) विशाखमूल, लक्ष्मणा.^{F}; विषैला पौधा.

mandrill मैन्ड्रिल *n.* विशालकाय लंगूर.

mane मेन *n.* बाल, अयाल, केसर.

maneuver मॅनू'वर देखें manoeuvre.

manganese मैङ्'गॅनीज़ *n.* मैगनीज-एक धातु.

mange मेन्ज n^u. खाज^F. **mangy** मेन्'जि *a.* **a.** suffering from mange खाज^F से परेशान; **b** (infm.) खरसैला; **c.** dissatisfactory असंतोषजनक.

mangelwurzel मैङ्'गलवर्ज़ल *n.* बड़ा चुकन्दर.

manger मेन्'जर *n.* नांद^F, चरनी^{F}. **dog in the ~** दाल-भात में मूसरचन्द.

mangle मैङ्'गल I *v.t.* **1** crush कुचलना, क्षत-विक्षत करना; **2** *v.t.* put (wet clothes, sheets etc.) (गीला कपड़ा) रखना; II *n.* वेल्लपीडित यन्त्र (कपड़े साफ करने की मशीन)^F.

mango मैङ्'गो *n.* (pl. ~es, ~s) आम, आम्र. ~**ginger** *n.* आम-हल्दी^{F}; ~-**grove** *n.* अमराई^F, आम्रवन.

mangrove मैङ्'ग्रोव़ *n.* एक प्रकार का पेड़ जिसकी छाल दवाई बनाने तथा चमड़ा कमाने के काम आती है.

mangy देखें mange.

mania मे'निॲ *n.* **1** (psy.) उन्माद; **2** craze सनक^F, झक^F. ~**c** मे'निऐक **a** (psy.) उन्मादी; **b** crazy सनकी, झक्की. ~**cal** मॅनाइ'अकल *a.* (no c.s.) उन्मत्त, विक्षिप्त; ~**cally** *adv.*; **manic** मै'निक *a.* (no c.s.) उन्मादग्रस्त, पागल; **manic-depression** *a.* उन्मादी-अवसाद.

manicure मै'निक्युर I *v.* हाथ तथा नखों का प्रसाधन करना; II n^{uc}. नख-प्रसाधन. **manicurist** मै'निक्युरिस्ट *n.* हस्त-नख-प्रसाधक.

manifest मै'निफ़ॆॅस्ट I *a.* (no c.s.) प्रकट, व्यक्त, स्पष्ट; II *v.t.* **1** show व्यक्त करना, दिखलाना; 2 माल-सूची^{F} में लिखना; III *n.* (tech.) मालसूची; ~**ant** मैनि फ़ॅस्'टन्ट *a.* प्रदर्शनकारी; ~**ed** मैनि फ़े˘स्'टिड *a.* (lings.) अभिव्यक्त; ~**ation** (lit.) अविर्भाव, विश्वरूप. ~**ly** *adv.*

manifesto मैनि फ़ॅस्'टो *n.* (pl. -s, -es) **1** नीति-घोषणा;^{F} **2** (pol. sc.) घोषणा-पत्र.

manifold मै'निफ़ोल्ड I *a.* (no c.s.) विविध, नाना रूप; II *n.* बहुछिद्री नली; III *v.* प्रतिलिपियाँ बनाना.

manikin, mannikin मै'निकिन *n.* 1 dwarf बौना; **2** (figure) पुतला.

manila, manilla मॅनि'लॅ *n.* 1 (brown paper) भूरा कागज; **2** n^u. ~**hemp** मनीला सन.

manipulate मॅनि'प्युलेट *v.t.* 1 handle (esp. a machine) चलाना, काम लेना, नियन्त्रित करना; **2** use (someone for one's purpose) चालाकी^{F} से काम लेना; 3 जोड़-तोड़^{F} करना. ~**d** मॅनि'प्युलेटिड *a.* छलयोजित; **manipulation** मॅनिप्यु ले'शन n^{uc}. **a** handling चालन, परिचालन; **b** craft हस्तकौशल; c (psy.) जोड़-तोड़; **d** means कार्य-साधन. **manipulative** मनिप्यु ले'टिव़ *a.* (no c.s.) a (edu.) हस्तलाघव; **b** कौशल.

manna मै'नॅ n^u. **1** food (इज़रायलियों को विपद्काल में सहसा चमत्कृत रूप में प्राप्त) खाद्य; **2** help अचानक सहायता^{F} (विशेषतः दैवी कृपा से).

mannequin मै'निकिन *n.* **1** वस्त्र विज्ञापनकर्ती; **2** dummy figure of human body पुतला.

manner मै'नर n^c. **1** (of. usu. sing.) method ढंग, रीति^{F}, भांति^{F}; **2** (sing. only) behaviour आचरण, व्यवहार; **3** style शैली^{F}; 4 custom रीति^{F}, रिवाज़. **adverb of ~** रीति वाचक क्रिया विशेषण; **all ~of** हर प्रकार का; (as) to the ~ **born** स्वाभाविक रूप से (जैसे कि जन्मजात हो); **in a ~** एक प्रकार से; ~ of life जीवन-चर्या^{F}; **not by any ~ of means** कुछ भी अंश तक नही; ~**ed** मैनर्ड *a.* व्यवहारी; अस्वाभाविक; ~**ism** मै' नॅरिज़म *n.* **a** way of behaving व्यवहार वैचित्र्य; **b** (lit.) वैलक्षण्य; c. वैचित्रय. ~**less** *a.* अशिष्ट; ~**ly** *a.* शिष्ट; ~**liness** -लिनेस *n.* शिष्टता^{F}; ~s मैनर्ज़ *n.* (pl.) **a** (polite) शिष्टाचार; b. social behaviour रीति,^{F} रिवाज.

-mannered मै'नर्ड- *comb.* as wellmannered -तौर तरीकावाला, अच्छे तौर तरीकेवाला.

manoeuvre मॅनू'व़र I *n.* (Am. maneuver) **1** (oft. pl.) युद्धाभ्यास, युद्धाभिनय; **2** trick युक्ति-चालन, कपट-प्रबन्ध; II *v.t.i.* (Am. maneuver) **1** युद्धाभ्यास करना; **2** make trick चालाकी^{F} करना; **3** (of a soldier or ship) सेना या जलपोत की दिशा^{F} परिवर्तित करना. **manoeuvrable** मॅ नू'व़ैरबल *a.* (Am. maneuverable) शीघ्र चालनीय; **manoeuvrability** मन्यूवर्रबि'लिटि $n.^u$ शीघ्रचालनीयता^{F}; **manoeuvrer** म नू वॅरर *n.* कुशल कार्य साधकें.

manometer मॅनॉमिटर *n.* दाबमापी. **manometric** मैमॅमेट्रिक *a.* दाबदर्शी; **manometrically** *adv.*

manor मै'नर *n.* सामन्तभूमि^{F}, जागीर^F. ~**house** ज़मींदार का गृह; ~**ial** म नॉ'रिअल *a.* (no c.s.) सामन्ती, जागीर संबंधी; ~**ial system** *n.* जागीरदारी प्रथा.^{F}

mansard मैन्'सार्ड *n.* दुढालू छत^F.

manse मैन्स *n.* पुरोहिताश्रम, मंत्रीनिवास.

-manship मन शिप' n^u -त्व (व्यक्तित्व) *as* craftsmanship.

mansion मैन'शन *n.* भवन, हवेली.^{F} ~**s** मैन'शन्ज़ *n.* (usu. cap.) फ्लैटयुक्त भवन.

mantelpiece मैन'टलपीस (esp. old use) *n.* अंगीठी-कारनिस. **mantelshelf** मैन्'टलशेॅल्फ़ *n.* अँगीठी-पट्ट.

mantilla मैन्टि'लॅ *n.* ओढ़नी,^{F} दुपट्टा, बुरका, छोटा लबादा.

mantis मैन्'टिस *n.* बद्धहस्त कीट (एक प्रकार का कीड़ा).

mantle मैन्'टल I *n.* **1** (old use) garment लबादा, प्रवारण; **2** outer wall बाह्यभित्ति^{F} 3 covering आवरण.; II *v.t.* ढांकना, आच्छादित करना.

manual मै'न्युअल I *a.* **1** हस्त-, हस्त्य, दस्ती. ~ **repair** दस्ती मरम्मत^F; **2** शारीरिक. ~ **labour** *n.* शारीरिक श्रम; ~**work** *n.* शारीरिक काम; II *n.* **1** small book नियम-पुस्तिका^{F}; 2 (music) परदा (किसी वाद्य-यंत्र का); 3 कर-पट्टिका^{F}. ~**ly** *adv.*

manufacture मैन्यु फ़ैक्'चर I *n.* **1** (usu. pl.) production उत्पादन, निर्माण; **2** (method) उत्पादन तरीका; **3** (com.) विनिर्माण; II *v.* 1 produce निर्माण करना, बनाना; **2** मनगढ़न्त कहानी^{F} गढ़ना. ~**r** मैन्यु फ़ैक्' चॅरर *n.* विनिर्माता; ~d मैन्यू फ़ैक्'चर्ड *a.* निर्मित; **manufactory** मैन्यू फ़ैक्'टरि *n.* कारख़ाना.

manumit मैन्यु मिट' *v.t.* (law) दास्यमुक्त करना. **manumission** *n.* दास्यमुक्ति.

manure मॅन्युअर' I n^u. खाद^F; II *v.t.* खाद^F डालना.

manuscript मै'न्युस्क्रिप्ट I n^{uc}. **1** (in) document पाण्डुलिपि^{F}; **2** book written by hand, not printed. हस्तलिपि^{F}; II *a.* हस्तलिखित.

many में'नि *determiner* (pl.) बहुत से, बहुत सी, अनेक. **a great** ~ बहुत अधिक; **a good** ~ बहुत कुछ, बहुतेरे; **how** ~ कितने; **in so** ~ **words** वास्तविक शब्दों में; ~ **a man, hour etc.** बहुत अधिक व्यक्ति, घंटे आदि; ~**'s the time, day etc.** बहुत समय तक; **one too** ~ **for us** हम से अधिक चतुर; **so** ~ इतने; **the** ~ **a** अधिकांश लोग; **b** जनता,^{F} जनसाधारण.

map मैप I *n.* **1** मानचित्र, नक्शा; **2** (maths.) प्रतिचित्र; **3** plan of the star तारा-योजना^{F}. **off the** ~ **1** of a place अतिदूर; **2** not in existence अस्तित्व से परे. **put something on the** ~ महत्वपूर्ण बनाना. ~ **reader** *n.* मानचित्र-अध्ययनकर्ता; II *v.t.* **1** make map मानचित्र; बनाना; **2** plan की योजना^{F} बनाना. ~ **out** *v.t.* योजना^{F} बनाना; ~**ped** मैप्ड *a.* मानचित्रित. ~**ping** मै'पिङ्ग *n.* (tech). मानचित्रण.

maple मे'पल *n.* द्विफल. पुतली (वृक्ष). ~**sugar** *n.* द्विफल शर्करा.^{F}

maquis मै की' *n.* (Fr.) **1** n^u. bushes झाड़ियों^{F} का समूह; **2** फ्रांसीसी गुरिल्ला सैनिक.

mar मार *v.t.* (lit.) बिगाड़ना

marabou मै'रॅबू (also marabout) *n.* **1** चमरघेंघ (पक्षी); **2** feathers चमरघेंघ पंख.

marabout मै'रॅबूट *n.* **1** फकीर, एकान्तवासी; **2** मकबरा.

marasmus मॅरैज़'मस *n.* सूखा रोग.

marathon मै'रॅथन I *n.* **1** (oft. cap.) long distance race लंबी दौड़^{F}; **2** power-test शक्ति-परीक्षण; II *a.* बहुत लम्बा.

maraud मै रॉड' *v.t.* छापा मारकर लूटना. ~**er** मॅ रॉ'डर *n.* लुटेरा.

marble मार्'बल *n.* **1** (stone) संगमरमर; **2** n^u. of smooth and white चिकना सफेद गुण (वाला); **3** (attri.) hard and cold क्रूर, अडिग; **4** n^c. small ball गोली.^{F} ~ **test** गोली-परीक्षण; ~**d** मार्'बल्ड *a.* (no c.s.) संगमरमरी; ~ **paper** *n.* अबरीदार कागज; ~ **ware** *n.* संगमरमरी भांड; ~**s** मार'बल्ज **a** (pl.) संगमरमरी

पाषाणकला^{F}; **b** गोली का खेंल; **c.** कंचे.

marc मार्क *n.*^{u} तलछट^F.

marcasite मार्'कॅसाइट *n*^{u}. (geol.) मार्केसाइट. (खनिज).

march मार्च I *n.* **1** (usu. pl. with sing. meaning) (oft. cap. as part of a name) border area सीमा-प्रान्त; **2** soldierly walk प्रयाण; ~**past** *n.*पथ संचलन; ~**music** *n.* प्रयाण राग; ~**song** प्रयाण गीत; **3** *n*^{c}. (distance) प्रयाण में तय दूरी^{F}; **4** (the + sing.) (of) regular forward movement सामरिक प्रयाण; **5** (music) प्रयाण राग; **6** line of march प्रयाण-दिशा^{F}; II *v.* **1** walk (with regular steps) मार्च करना, प्रयाण करना; **2** force to walk जबरदस्ती ले जाना; **3** develop प्रगति करना, चलते रहना; ~**with** से लगी हुई सीमा रखना. **lord** ~**er** *n.* सीमा रक्षी लार्ड; ~**ing orders** *n.* (pl.) **a** (order) प्रयाण आदेश; **b** (Br.) नौकरी^{F} समापन आदेश. ~**ing song** *n.* प्रयाण गीत.

March मार्च *n*^{c}. (cap.) मार्च (महीना).

Mardi Gras मार्डि ग्रा' (Fr.) *n*^{c}. (cap.) ईस्टर का मंगलवार.

mare मेंअर' *n.* घोड़ी^{F}, गधी^{F}. ~'**s nest** माया^{F}, मायाजाल; ~'**s-tail** **1** चमरी मेघ, **2** जल पौधा.

mare मा रे *n.* (pl.) **maria** (usu. cap. as a part of a name) **1** चन्द्रमा या मंगल पर काला धब्बों वाला क्षेत्र; **2** समुद्रवत् क्षेत्र, बंद सागर.

maremma म रेंमें *n.* दलदल प्रान्त (समुद्र के किनारे).

margarine मार्ज़रीन *n*^{u}. चर्बी^{F}, कृत्रिम मक्खन.

room रूम, रुम I *n.* *n*^{c}. (often in comb.) division of house कमरा, कक्ष, कोठरी^{F}, **2** *n*^{u}. (for) place need जगह^F, स्थान; **3** *n*^{u}. chance मौका, अवसर; **4** *n*^{u}. availale space रिक्त स्थान. गुंजाइश^F. ~**mate** *n.* कमरा साथी; ~**service** *n.* कक्षीय सेवा^{F}; II *v.* (esp. at. with) (Am. to lodge) निवास करना, रहना. ~**er** रू'मॅर *n.* किरायेदार; **rooming house** *n.* किराये के लिए सुसज्जित कमरों वाला मकान; ~**s** रूम्ज़ *n.* (pl.) (esp. Br.) निवास; ~**y** रू'मि *a.* लम्बा-चौड़ा, विस्तृत, बड़ा; ~**iness** -निस *n*^{u}. विशालता^{F}, विस्तार.

roost रूस्ट I *n.* **1** (bar. branch etc.) बसेरा, पंक्षियों की शयन शाखा^{F}, चक्कस, अड्डा; **2** hen house मुर्गीखाना; **3** bed बिस्तर; **4** bed room शयन कक्ष. **come home to** ~ कर्मों का बुरा प्रभाव होना; **rule the**~ (not fml.) का अगुवा होना, मुखिया होना; II *v.t.* **1** (of a bird) rest बसेरा लेना, अड्डे पर बैठना; **2** put ठहरा देना. ~**er** रूस्'टॅर *n.* (esp. Am.) मुर्गी, मुर्गा.

root रूट I *n.* **1** (often pl.) part (of a plant) जड़^{F}, मूल; **2** origin मूल कारण, मुख्य वस्तु^{F}; **3** (maths.) मूल; **4** (lings.) धातु^{F}; **5** edible मूल, कन्द; **6** base (of hair, tooth) आधार; **7** core तत्व, मूल; **8** वंशज; **9** off shoot प्रशाखा, **10** ancestor पूर्वज. **cube**~ घनमूल; **square**~ वर्गमूल; ~**and branch** पूर्णतया, पूरा, सारा; **take/strike**~ (of plants or ideas) पौधों या विचारों की जड़ जमना ~**beer** *n*^{u}. विभिन्न जड़ों^{F} से निर्मित शराब^F; ~**crop** *n.* कंद-मूल की फसल^F; ~**stalk** *n.* प्रकन्द; ~**-stock** *n.* **a** origin मूल स्त्रोत; **b** rhizome प्रकन्द. ~**-system** *n.* मूलतंत्र; II *v.i.t.* **1** plant पौधा लगाना, जड़^{F} ज़माना, जड़^{F} पकड़ना **2** (also) ~**le** (esp. about, around for) (esp. pigs) search नाक^F से खोदकर पोस खोजना; **3** search (उलट-पलट कर) खोजना 4 settle जमा देना, सुस्थिर करना. ~**for** *v.t.* शाबाशी^{F} देना, हिम्मत^F बढ़ाना; ~**out** *v.t.* a destroy उन्मूलन करना, मिटा देना; b *v.t.* for search out खोज निकालना. ~**up** *v.t.* जड़^{F} उखाड़ना; ~**ed** रू'टिड *a* **a** (to) fixed अटल, अचल; **b** (of ideas) firmly fixed बद्धमूल, गहरा. ~**less** *a.* (no c.s) घर-विहीन; ~**lessness** *n*^{u}. गृह-विहीनता^{F}; ~s रूट्स *n.* (pl.) मूल, जड़^{F}; **pull up one's** ~s अपने मूल घर से दूसरे स्थान को जाना; **put down** (new)~s सामाजिक क्रिया-कलापों में भाग लेकर अपना नया स्थान जमाना; ~**ty** रू'टि *a.* जड़ीला.

rope रोप I *n.* **1** *n*^{u}. cord रस्सी^{F}, रज्जु, रस्सा; 2 *n*^{c}. (of) string (esp. of jewels) लड़ी^{F}, तार; (the) for hanging फाँसी; **4** lasso कमन्द, फंदा. **give someone enough**~ to hang **himself** किसी को खूब मनमानी^{F} करने देना ताकि वह अपनी मूर्खता^{F} की सज़ा स्वयं पाये; give some**one (plenty of)**~ पूरी ढील^F देना, वर्जित न करना; **money for old**~ आसानी^{F} से प्राप्त किया जाने वाला पैसा; ~**dancer** (also) ~-walker *n.* रज्जुनर्तक, नटकलायन; ~**ladder** *n.* रस्से की सीढ़ी^{F} कमंद^F; ~**-walk** *n.* (also) ~yard रस्सी^{F} बटने की गली^{F}; ~**way** *n.* रज्जुमार्ग; II *v.* 1 *v.t.* (up) tie रस्सी^{F} से बांधना; **2** (esp. up, down) (of a mountain climber) travel (by means of rope) रस्सी^{F} के सहारे चलना; 3 *v.t.* (esp. Am.) catch (animal) जानवर को रस्सी^{F} से पकड़ना; **4** become sticky लसदार बनना, में तार उठाना. ~ **in** *v.t.* सहयोग करना, काम में हिस्सा बँटाना; ~**off** *v.t.* रस्सी^{F} से विभाजित करना; ~**to** *v* (**d**) रस्सी^{F} से बांधना; ~s रोप्स *n.* (the pl.) रस्से का बाड़ा, रस्से का घेरा; **know** the ~s अनुभव से किसी जगह^F के नियमों एवं प्रथाओं^{F} को जानना; **ropy, ropey** रो'पि *a.* खराब; लसदार.

Roquefort रॉक' फॉर्ट *n*^{u}. फ्रांसीसी पनीर.

rorqual रॉक्'वल *n.* whale with dorse fi नीलीतिमि^{F}, ह्वेल की एक जाति.

Rorschach test रोशाक टेस्ट *n.* (प्रतिभा^{F}, व्यक्तिव और मानसिक अवस्था^{F} के परीक्षण के लिए) रोशाक परीक्षण.

rosace रो'ज़ेस *n.* rose window चक्राकार खिड़की^{F}.

rose रोज़ I *n*^{c}. **1** गुलाब, पाटल; **2** *n*^{c}. plant गुलाब का पेड़; **3** *n*^{c}. (in comp.) colour गुलाबी रंग

4 instrument छिद्रिल टोंटी^{F}. **a bed of ~s** सुखशय्या^{F}, फूलों की सेज^F; **be not all~s** (of a job, state of affairs etc.) कुछ खराब वस्तुओं^{F} को रखना; **there's no rose without a thorn** सभी में अपने-अपने दोष हैं; **under the ~** गुप्त रूप से; **~apple** *n.* जामुन; **~bay** *n.* गुल-चांदनी^{F}, तगर; **~bud** *n.* गुलाब की कली^{F}; **~colour** *n.* **a.** colour गुलाबी, पाटल; **b** प्रफुल्लित; आशावादी **~finch** *n.* तूती; **~hip** *n.* गुलाब का फल; **~-leaf** *n.* गुलाब की पंखुड़ी^{F}; **~-red** *n.* गुलाबी-रक्त; **~water** n^u. गुलाब-जल; **~window** *n.* चक्राकार खिड़की^{F}; **~wood** *n.* शीशम; II *a* (no c.s.) (often in comb.) गुलाबी, पाटल. **see (something esp. the . world) through ~coloured spectacles/glasses** किसी वस्तु^{F} को वास्तविकता^{F} से अधिक सुन्दर मानना; III *v.* 1 make rosy गुलाबी बना देना; **2** throw rose water गुलाबजल छिड़कना. **rosaceous** रोज़े'शॅस *a.* गुलाबी; **rosarian** रोज़ें'ॲरिॲन *n.* गुलाब उगानेवाला; **rosarium** रोज़ें'ॲरिॲम *n.* गुलाब-उद्यान. **rosary** रो'ज़ॅरी *n.* **a** beads माला^{F}, जपमाला^{F}, सुमिरिनी^{F}; **b** (often cap.) prayers माला-विनती^{F}; **c** book माला-विनती पुस्तक^F; **d** garden गुलाब उद्यान. **~ate** रो'जिइट *a.* (lit.) **a** rosy गुलाबी, गुलाब; **b** hopeful आशावादी; 3 cheerful प्रसन्नचित. **~mary** रोज़'मॅरी n^u. रोजमरी; **~tte** रोज़ें'ट *n.* **a** bunch गुच्छ; **b** ornament गुलाबवत रचना^{F}; **c** rose गुलाब, रोजेट. **rosulate** रॉ'ज्यूलिट *a.* गुलाबनुमा; **rosy** रो'जि *a.* (esp. of the human skin) pink गुलाबी; **b** (esp. of the future) giving hope उज्जवल, शुभ. **rosiness** n^u. **a** of colour गुलाबीपन; **b** (lit.) उज्जवलता^{F}.

rosella रोजें'लॅ *n.* 1 पटुआ, अम्बारी^{F}, अम्बाड़ी^{F}

roseola रोज़ी'ॲलॅ *n.* ददोरा; लाल फुसियां; खसरा.

rosin रॉ'जिन I n^u. गंधराल, रोजिन डामर; II *v.t.* गंधराल^F मलना, गंधराल^F लगाना.

Rosinante रॉजिनैन्'टि *n.* (डॉन क्विक्ज़ोट का) मरियल टट्टू या घोड़ा.

roster रॉस्'टर *n.* **1** list of work कार्यक्रमावली^{F}; **2** name list नामावली; **3** list सूची^{F}, तालिका^{F}.

rostrum रॉस्'ट्रम *n. pl.* -s, **rostra 1** raised platform भाषण मंच, मंच; **2** of ship गलही^{F}; **3** beak चोंच^F, चंचु, तुंड **rostral** रॉस्'ट्रल *a.* (also) **rostrade** (of ship) गलहीदार;, **(zool.)** चंचु, चोंच^F का; resembling to beak चोंचदार, चोंचमय.

rot रॉट I *v.* **1** *v.t.* decay सड़ना, गलना; **2** *v.t.* cause to decay सड़ाना, गलाना; **3** morally भ्रष्ट या पतित हो जाना. **~away** *v.i.t.* गिर जाना, गायब हो जाना; **~off** *v.* सड़कर गिर जाना; II *n.* decay विगलन, क्षय, अपक्षय; **2** disease जिगर की) बीमारी^{F}; **3** non-sense अनाप-शनाप. **the ~sets in** एक-एक करके वस्तुएं^{F} गड़बड़^{F} होती जाती हैं; **~ten** रा'टन *a.* **a** decayed सड़ा, गलित, जीर्ण-शीर्ण; **b** (of behaviour) bad निकम्मा, रद्दी; **c** corrupt भ्रष्ट; **d** foul smelling बदबूदार, दुर्गन्ध^F. **feel ~ten** बीमारी^{F}, थकान^F या अप्रसन्नता^{F} का अनुभव करना; **~ten to the core** भ्रष्ट, चरित्रहीन; **~ten borough** *n.* (in Eng. before 1832) निकम्मे बरो (नगर प्रतिनिधि); **~ten stone** *n.* भुरभुरा चूना-पत्थर; **~ten ness** n^u. **a** decayness सड़ापन, जीर्णता-शीर्णता^{F}; **b** (of behaviour) unkindness कठोरता^{F}, निर्दयता^{F}. **~tenly** रॉ'टॅन्लि *adv.* निर्दयता-पूर्वक.

rota रो'टॅ *n.* (esp. Br. **roster**) roster कार्यक्रमावली^{F} (रोमन कैथोलिक) उच्च-न्यायालय.

rotate रोटेट' **1** *v.i.t.* I cause to turn round चक्कर खाना, घूर्णन करना, परिक्रमा^{F} करना; **2** recur बारी-बारी से आना, का आवर्तन होना; II *a.* चक्राकार. **rotary** रो'टॅरी (i) *a.* (no c.s.) **a** turning घूर्णी^{F}, घूर्णक; **4 b** circular आवर्ती, चक्रीय; **c** (eco.) बदलती; *(ii)* *n.* **a** machine घूर्णनमशीन^F घूर्णन-इंजिन; **b** (esp. Am.) round about चक्करदार सड़क^F; **c** club रोटरी क्लब; **rotatable** रोटे'टॅबल *a.* घूर्ण्य; **rotating** रोटे'टिङ्ग *a.* घूर्णी; **rotation** रोटे'शन *n.* **a** n^u. action of rotating घूर्णन, परिभ्रमण, परिक्रमण; **b.** n^c complete turn चक्कर, परिक्रमा^{F}; **c** (of crops) हेर-फेर, चक्रानुसरण. **the rotation of crops** फसलों^{F} को अदल-बदल कर बोना; **rotational** रोटे'शॅनॅल *a.* घूर्णी, घूर्णनात्मक, घूर्ण; **rotative** रो'टॅटिव *a* घूर्णी, आवर्ती, आवर्तक; **rotator** रोटे'टॅर *n.* **a** (journ.) घूर्णी; **b** muscle आवर्तनी^{F}. **rotatory** रोटे'टॅरी *a.* (no c.s.) घूर्णक, आवर्तक; **rotiform** रोटि फ़ार्म *a.* चक्राकार; **rotogravure** रोटोग्रव्यु'ॲर n^{uc}. रोटरी प्रेस में प्रयुक्त फोटो गेव्योर प्रक्रिया^{F}; **rotor** रो'टॅर *n.* घूर्णक, रोटर.

rote रोट n^u. **1** repeated study रटन, यंत्रवत स्मरण; **2** custom परिपाटी^{F}, रूढ़ि^{F}, **by~** यंत्रवत; **learn by~** रटना, रट डालना; **say by~** रटा-रटाया बोलना.

rotund रोटॅन्ड्ँ *a.* (fml. homour) **1** (of a person) round गोल-मटोल; **2** (of the voice) आडम्बर पूर्ण. ~**a** रोटॅन्ड्ँ *n.* गोल-भवन; ~**ity** रोटॅन्'डिटि n^u. (sing.) **a** roundness गोलाई^F; **b** false show आडम्बर. ~**ly** *adv.* गोलाई^F से, आडम्बरपूर्वक.

rouble, ruble रू'बॅल *n.* रूबल (रूसी सिक्का).

roue रू'ए n^c. (Fr.) विलासी, लम्पट.

rouge रूज़ I n^u. **1** substance कुंकुम **2** cosmetic रूज; **3** revolutionary क्रान्तिकारी. II *a.* लाल; III *v.t.i.* कुंकुम लगाना.

rough रॅफ़ I *a.* **1** uneven खुरदरा, खुरखुरा, ऊबड़-खाबड़, ऊँचा-नीचा; **2** (of weather, sea or a sea journey). stormy and violent तूफानी, प्रचण्ड, उग्र, अशान्त; **3** boisterous (of people or behaviour) उजडड्, ऊधमी, उपद्रवी; **4** (of food and living conditions) not delicate अस्वादिष्ट, कसैला, साधारण; **5** (no c.s.) unfinished कच्चा, अधूरा, अपरिष्कृत; **6** (no c.s.) (of paper) first attempt प्रारम्भिक, कच्चा; **7** (of sound) grating कर्कश, कर्णकटु; **8** unfortunate दुर्भाग्यशाली; **9** (bot.) स्थूल; **10** shaggy झबरा, लोमश; **11** unhusked बिना कूटा, अनकूटा; **12** aspirate महाप्राण; **13** inexpert अनाड़ी; **14** काम चलाऊ. **give someone the ~ side of one's tongue** रुखाई^F के साथ बोलना; ~**and ready** काम चलाऊ, कच्चा, मामूली; ~**luck** दुर्भाग्य; ~**on** दुर्भाग्यवश; ~**and tumble** *a.* उलटा-पुलटा; ~**-hewn** *a.* (no c.s.) मोटा-झोटा; ~**-legged a.** (of horse) बालदार पैरोंवाला; **b** (of birds) पर दार पैरोंवाला; ~**shod** *a.* कीलत नालवाला; ~**-spoken** *a* मुंह-फुट; ~**wrought** *a.* कच्चा, अपरिष्कृत; II *n.* **1** n^c. violent man गुण्डा, बदमाश; **2** n^u. (the) uneven ground ऊबड खाबड़ जमीन^F; **3** (the) (rare) household work बहुत सा घरेलू काम; **4** (print) कच्चा रूप; **5** attempts कचाई^F, कच्चापन, कचाहट^F. **in~** कच्चे रूप में; **in the~ a** in unifinished state अपरिष्कृत रूप में; **b** roughly मोटे तौर पर; **take the ~ with the smooth** सुख-दुख को समान समझना; ~**cast** n^u. **a** plaster मोटा छर्रा; **b** pattern कच्चा ढांचा, मोटी रूप रेखा^{F}. ~**copy** कच्ची नकल^F; ~**-house** *n.* (sing.) हाथापाई^F, उपद्रव, ऊधम; ~**neck** *n.* (Am. infml.) **a.** bad tempered man गुण्डा, बदमाश; **b** noisy member शोर मचाने वाला सदस्य. ~**rider** *n.* घोड़ों को साधने वाला, चाबुक-सवार; ~**stuff** n^u. (Br. infml.) रूखा व्यवहार; ~**weather** *n.* प्रक्षुब्ध मौसम; III *v.* **1** (also) ~**it** live in simple way कष्ट उठाना; **2** turn up उलटना; **3** irritate चिढ़ाना; **4** prepare roughly मोटे तौर पर तैयार करना. **5** break in a horse सधाना; **6** insert spikes नाल^F में कीले लगा देना. ~ **cast** *v.t.* **a.** cover (a wall with rough cast) मोटा छर्रा लगाना; **b** prepare कच्चा मसौदा तैयार करना. ~**hew** *v.* **a** cut मोटा-मोटा चीरना; **b** prepare कच्चा मसौदा तैयार करना. ~**house** *v.i.* हाथापाई^F करना, मारपीट^F करना; ~**in** *v.t.* रफ़ करना, कच्ची लाइन^F खींचना; ~**out** *v.t.* कच्चा चित्र बनाना; ~**up** *v.t. a.* attack हमला करना; **b** make uneven खुरदुरा बनाना; IV *adv.* **1** in bad condition खराब स्थिति^{F} में; **2** in a rough way मौटे तौर पर. **cut up~** क्रोधित होना; **sleep~** (esp. of homeless wanderer) घर के बाहर सोना. ~**age** रॅ'फ़िज n^u. मोटा चारा, रुक्षांश; ~**en** रॅ'फ़ॅन *v.i.t.* **a** make bad गंदा करना; **b** make uneven खुरदरा बनाना; **c** make unpleasant क्षुब्ध बनाना. ~**ish** रॅ'फ़िश *a.* खुरदरा सा, रूखा सा, कच्चा सा; ~**ly** गन्दे तरीके से, स्थूलतः, मोटे तौर पर; ~**ness** n^u. **a** unevenness खुरदरापन; **b** badness गंदगी^{F} गड़बड़ी^{F}.

rouleau रूलो' *n.* वेलना (सिक्कों आदि का) बंडला, थाक

roulette रू'लॅट n^u. **1** game रूलेट; **2** (maths.) लुण्ठन; **3** circle दांतेदार चक्र; **4** perforator छिद्रक.

round राउन्ड I *a.* **1** circular गोल, वर्तुल; **2** shaped like a ball गोल, गोलाकार; **3** (of parts of the body) fat स्थूल, गोलमटोल; **4** (no c.s) (of numbers) complete पूर्ण, पूरा, पूर्णांक; **5** cylindrical बेलनाकार, बेलनीय; **6** of vowels गोलित; **7** large भारी, बड़ा; **8** sonorous गंभीर, भारी, गुंजायमान; **9** brisk तेज; **10** outspoken सुस्पष्ट, खरा; **11** candid निष्कपट, सरल. **into~ figures** (of numbers) पूर्णतया नहीं परन्तु शून्यान्त के करीब. ~**-about** (of the way) *a.* चक्करदार, घुमावदार; ~**-arm** *a.* (in criket) बांह को चक्राकार घुमाता हुआ; ~**-the-clock** *a.* (no c.s.) सर्वसमय घटित, रात दिन घटित होनेवाला; ~**trip** *a.* (no c.s.) (Am. return) वापसी^{F} का II *n.* **1** circular objects गोल वस्तुएं^{F}; **2** journey प्रदक्षिणा^{F}, यात्रा^{F}; **3** (of) set of activities दूसरी बार^F, तीसरी बार^F इत्यादि; **4** share हिस्सा; **5** shot आवाज^F दाग; **6** (of) piece of beef माँस का टुकड़ा; **7** song घुमावदार गाना;

8 rung डण्डा; **9** dance मण्डल-नृत्य; **10** extent विस्तार; **11** (of applause) लहर^{F}; **12** routine नित्यक्रम; **13** old line लीक^{F}. **in the ~ a** in the centre (in drama) चारों ओर^{F} से दर्शकों से घिरा मंच; **b** (in sculpture) चारों ओर^{F} से दिखाई पड़ने वाला चित्र. **one's daily~** का नित्य कर्म; **the daily~** नित्यक्रिया^{F}, नित्यक्रम; **~about** *n.* **a** swing चक्करदार झूला; **b** circle चौराहे का गोल चक्कर; **c** way चक्करदार मार्ग. **~bracket** *n.* (usu. pl.) ब्रैकेट; **Round-head** *n.* प्युरिटन (गोलाई^{F} में छोटे-छोटे बाल कटाने से); **~-house a** (in a ship) चौगामी, डेक का केबिन; **b** building रेल इंजिन सुधार गृह. **~robin** *n.* गोलाई^{F} में हस्ताक्षरों वाला कागज (जिससे नेता का पता न चले); **~table** *n.* गोल मेज^{F}; **~trip** *n.* चक्करदार यात्रा^{F}, वापसी यात्रा^{F}; **~worm** *n.* केंचुआ, गोलकृमि; III *v.* **1** *v.i.t.* make round गोल बनाना, गोल बनना; **2** *v.t.* (not fml.) travel परिक्रमा^{F} करना, यात्रा^{F} करना; **3** pass around पार करना, के इर्द गिर्द निकल जाना; **4** surround घेर लेना. **~on a person** के विरुद्ध हो जाना, के साथ विश्वासघात करना, की मुखबिरी^{F} करना. **~down** *v.t.* कम कर देना, कटौती^{F} करना; **~off** *v.t.* **a.** (by. with) finish पूर्ण करना; **b** change बदलना. **~on** *v.* (also) **~upon** attack आक्रमण करना; scold डांटना, फटकारना. **~out** *v.* **a** *v.i.t.* cause to swell बढ़ाना; **b** *v.t.* complete पूरा करना, समाप्त करना; **~up** *v.t.* **a** gather एकत्र करना, जुटाना; **b** catch गिरफ़्तार करना; **c** (to) change बदलना; IV *adv.* (Am.) (usu.) **around 1** with circular movement घूम कर, चक्कर लगाकर; **2** every where प्रत्येक जगह^{F}; हर जगह^{F}; **3** about आस-पास; **4** (of journey) not in straightway इधर-उधर, घूमते-फिरते; **5** in circle दायरे में; घेरे में. **all the year~** साल भर, वर्ष पर्यन्त; **~ (about)** पड़ोस में; **the other/wrong/right/opposite way~ a** facing in the stated way बताऐ हुए रास्ते में; **b** (of events) going in order क्रम में, क्रमानुसार; V *pre.* (Am. usu.) **around 1** about (a central point) के चारों ओर^{F}, के पास, के आसपास; **2** all over सब जगह; **3** scattering घूमते हुए; **4** (with, times, places etc.) about के करीब. **~about** in the opposite side विपरीत दिशा^{F} में; everywhere चारों ओर^{F}. **~the clock** रात-दिन हमेशा. **~el** राउन'डल *n.* **a** (art) गोलाकार फलक; **b** circle राष्ट्रीय चक्र; **c** dance मण्डल नृत्य. **~elay** राउन्'डिले *n.* (becoming rare) मण्डल नृत्य; **~ers** राउन'डर्ज n^{u}. राउन्डर (गेंद बल्ले का खेल); **~ing** राउन्'डिङ्ग *n.* **a** (admn.) पूर्णांकन; **b** (archit.) बराबर करना, गोल करना; गोलाई^{F} देना. **~ish** राउन्'डिश *a.* गोला सा; **~ly** *adv.* साफ-साफ चक्कर लगाकर, अच्छी तरह^{F} से, पूर्ण रूप से, कड़ाई^{F} से; **~ness** n^{u}. **a** bluntness स्पष्टता^{F}; **b** सरलता, बखूबी; **c** completeness पूर्णता^{F}, पूर्णरूपता^{F}; **~s** राउन्ड्ज़ *n.* गश्त^{F}, फेरी^{F}; **do/go/make one's ~s** गश्त^{F} लगाना, चक्कर मारना; **go the ~s** (esp. of news) फैलना, फैलाना; **~s man** *n.* **-men** फेरीवाला^{F}.

roup रूप n^{u}. नज़ला (मुर्गियों का संक्रामक रोग).

rouse राउज़ I *v.* **1** *v.t.* (from. out of) waken जगाना, उठाना; **2** *v.t.* (from, out of) make active चौकन्ना करना, सावधान करना; **3** *v.t.* (rare) wake up जागना, उठना; **4** *v.t.* (from, out of) excite उकसाना, भड़काना, उत्तेजित करना; **5** evoke उत्पन्न करना; **6** startle चौंकाना; **7** haul मोड़ना; **8** turn चलाना; **9** rub नमक लगाना. **~to** *v.* (d.) उकसाना; II *n.* जागरण. **rousing** राउ'जिङ्ग *a.* **a** exciting उत्तेजक, भावोद्दीपक; **b** (no. c.s.) (of a cheer) loud and eager शानदार, उत्साहपूर्ण; **c** (of a lie) बहुत बड़ा.

roust-about राउस्ट'बोट *n.* (Am.) **1** labourer of seaport घाट पर का मजदूर; **2** unskilled worker मोटिया, मजदूर, अशिक्षित मजदूर.

rout राउट I *n.* **1** flight भगदड़^{F}; **2** defeat घोर पराजय^{F}; करारी हार^{F}; **3** (of) crowd भीड़^{F}; **4** (old use) evening party. सायंकालीन दावत^{F}; **5** noise हो हल्ला, दंगा, अशान्ति^{F}. **put someone to~** गंभीर रूप से हराकर भगा देना; II *v.t.* भगा देना, खदेड़ना, परास्त करना. **~out** *v.t.* (of) के बाहर निकालना.

route रूट I *v.* (esp. by, through) के रास्ते से भेज देना; II *n.* **1** way मार्ग, रास्ता; **2** marching orders प्रयाण आदेश. **~march** *n.* सैन्य प्रयाण, सैनिक प्रस्थान; **in~** मार्ग में.

routine रूटीन' I *n.* **1** n^{u}. daily work नित्यकर्म; दिन चर्या^{F}, नित्य चर्चा^{F}, नेमका^{F}; **2** (dance) steps सधे हुए पग; II *a.* (no c.s.) **1** regular नेमी, दस्तूरी, नैत्य; **2** not unusual सामान्य. **~ly** *adv.* नियमतः नैत्यता^{F} से, सामान्यतया; **routinism** रूटी'निज़्म n^{u}. नैत्यकवाद.

roux रू n^{cu}. कसार. (मक्खन और आटे से बना व्यंजन).

rove रोव I *v.i.t* (often lit.) **1** wander भ्रमण

करना, घूमना, मटरगश्ती^{F} करना; **2** twist fibre पूनी^{F} बनाना; **II** *n.* **1** wandering भ्रमण; **2** twisted fibre पूनी^{F}. **~r** रो'वॅर **a** (lit.) wanderer भ्रमण करनेवाला, पर्यटक, घुमक्कड़; **b** pirate समुद्री डाकू; **c** boy scout व्यस्क बालचर; **d** target निशाना. **roving commission** *n.* *a.* permission भ्रमण आज्ञा^{F}; **b** job भ्रमणकारी कार्य. **roving eye** *n.* (sing.) अपने स्वार्थ की चीज़ों में रूचि लेना.

row रो **I 1** move (about) नाव^F चलाना, नाव^F खेना; **2** travel नाव^F में सैर^F करना; **3** *v.i.t* (against) have a race नौकायन प्रतियोगिता^{F} करना; **4** *v.t.* (with) (infml.) quarrel झगड़ा करना, लड़ना-झगड़ना; **5** scold फटकारना, डपटना; **II** *n.* **1** (usu. sing.) journey (by boat) नौका-विहार; **2** act of rowing खेवाई^F; **3** (of) line पंक्ति^{F}, कतार^F; **4** quarrel झगड़ा; **5** (sing.) noise हो हल्ला, उधम; **6** n^c. scold डांट-फटकार^F; **7** narrow path गली^{F}. **a hard~ to hoe** (rare) विपत्तियों^{F} से ग्रस्त जीवन; **~-dedow** *n.* हो हल्ला; **~-lock** *n.* (Am.) (oarlock) चप्पू-कुंडा. **row** *n.* (cap.) सड़क^F; **-er** रो'ॲर *n.* खेनेवाला, केवट; **~ing** रो'इङ्ग *a.* (no c.s.) नाव-चालन से सम्बन्धित; **~ing boat** *n.* (esp.) (Am.) **~boat** (चप्पू द्वारा चलनेवाली) नाव^F, नौका^{F}

rowan रो'ॲन *n.* (also) mountain ash **1** tree रक्त कोल; **2** **~berry** रक्त कोल, रसभरी^{F}.

rowdy राउ'डि **I** *a.* (not. fml.) ऊधमी, उपद्रवी; दंगाई; **II** *n.* गुण्डा, हुल्लड़बाज. **rowdily** *adv.* ऊधमतापूर्वक. हुल्लड़बाजी^{F} से; **rowdiness** n^u. उपद्रव, ऊधमता^{F}; **~ish** राउडि'इश *a.* ऊधमी; **~ism** राउडि'इज़्म n^u. हुल्लड़बाजी^{F}.

rowel राउ'ॲल **I** *n.* **1** wheel (कांटेदार) फिरकी^{F}; **2** circle (चमड़े का) छल्ला; **II 1** *v.* spur एड़ लगाना; **2** make circle wear छल्ला लगाना.

royal रॉइ'ॲल **I** *a.* (no c.s.) **1** (often cap.) belonging to king or queen राजकीय, शाही; **2** of a government राजकीय, सरकारी; **3** splendid शानदार, राजसी, उत्कृष्ट; **II** *n.* **1** member (of the royal family) राजपरिवार का सदस्य, राजवंशीय व्यक्ति; **2** (paper) रायल. **~decree** *n.* राजाज्ञा^{F}; **~flush** *n.* फ्लश', **~jelly** n^u. (मधुमक्खी^{F}) रानी^{F} का आहार; **~prerogative** *n.* (the. pl.) (often cap.) राजाधिकार; **Royal Automobile Club** *n.* (the) -आटो-मोबाइल क्लब; **Royal Highness** *n.* (your) मेरे मालिक; **Royal Society** *n.* (the pl.) रॉयल सोसायटी^{F}; **~ism** रॉइ'ॲलिज़्म n^u. राजतंत्रवाद, राजभक्ति^{F}; **~ist** रॉइ' ॲलिस्ट *n.* राजतंत्रवादी, राजभक्त; **~ty** राइ'ॲल्टि *n.* **a** n^u. power and rank राजसत्ता^{F}; **b** n^u. person राज, राजावंशी; **c** fee to the state राजशुल्क; **d** अधिकार शुल्क.

rpm *abbr.* revolutions per minute.

RSM *abbr.* Regimental Sergeant Major

rub रॅब *v.* **1** *v.t.* (with) slide मलना, रगड़ना; **2** *v.t.* (together) एक दूसरे से रगड़ना, घिसना; **3** put (paste) (लेई, पालिश इत्यादि) पोतना, ले करना; **4** (esp. in) make hole (रगड़कर) छे करना, छेद बनाना; **5** (with) make clear सा करना; **6** make dry सुखाना; **7** (esp. away off) cause to disappear मिटाना, गायब करना, दू करना; **8** manage किसी तरह^F से काम चलाना, निर्वाह करना. **~against** *v.t.* (d.) से रगड़ना; **~along** *v.* **a** (by, on) survive बनाये रखना; **b** (with) succeed मित्रवत् रहने में सफल होना. **~down** *v.* **a.** *v.i.t.* dry (पोंछकर) सुखाना; **b** *v.t.* make smooth चिकना बनाना, चिकनाना. **~in** *v.* *a.* smear फैलाना, पोतना; **b** *v.t.* (not used with the actual words spoken) say repeatedly दुहराते हुए कहना. **~it in** दूसरे के द्वारा भुला देने योग्य बात^F को बार-बार कहना; **~off** *v.i.* (on, into) **a** wash साफ करना; **b** remove दूर करना; **~out** *v.i.t.* मिटाना, दूर करना; **~up** *v.t.* polish चमकाना, पालिश^F करना; **brush up** ताजा करना, जगाना. **~someone up the wrong way** चिढ़ाना, परेशान करना; **~up against** *v.t* (no pass.) सौभाग्य से (किसी से) मिल जाना; **II** *n.* **1** (sing.) (not fml.) act of rubbing रगड़^{F}, रगड़ा, घिसाई^F; **2** smearing लेपन; **3** (the) difficulty कठिनाई^F, बाधा^{F}. **~down shoulders with** से मिलना, जुलना; **~down** *n.* (sing.) रगड़^{F}, घिसाई^F; **~-stone** *n.* सान^F, करण्ड; **~ber** रॅ'बॅर *n.* **a** n^u. substance रबड़, रबर; **b** n^c. eraser अपमार्जक, मिटानेवाला, रबड़; **c** n^c. (usu. pl.) shoe रबर का जूता; **d** whetstone सान^F; **e** instrument रेती^{F}, रगड़ पट्टी^{F}; **f** n^c. person रगड़नेवाला, मालिश^F करनेवाला; **g** (in cricket) मैचों की श्रृंखला; **~ber band** *n.* रबर बैण्ड; **~ber dinghy** रबर की छोटी नाव^F; **~er-neck** (i) *n.* यात्रा^{F} करने वाला; (ii) *v.i.* **a** look रुचि^{F} के साथ देखना; **b** travel यात्रा^{F} करना; **~ber plant** *n.* रबर का पौधा; **~ber sheath** *n.* रबड़ की टोपी^{F}; **~ber-stamp** (i) *n.* **a** stamp रबड़ की मोहर^F; **b** person नियत ढर्रे पर

चलनेवाला व्यक्ति; (ii) *v.* बिना सोच-विचार के समर्थन करना. **~ber tree** *n.* रबर का पेड़; **~berize,-ise** रॅ'बॅराइज *v.t.* रबर पोतकर (कपड़ों को) ढकना; **~bery** रॅ'बरी *a.* (often derog.) रबड़ जैसा; **~bing** रॅ'बिङ्ग *n.* घर्षणकल^{F}; घर्षण बट्टी^{F}.

rubbish रॅ'बिश I *n^{u}*. **1** waste material कूड़ा-करकट, काठ-कबाड़; **2** silly remarks अनाप-शनाप. **~bin** *n.* कूड़ा धानी; **~dump** *n.* घूर, रद्दी-खाना; II *interj.* धूर्त. **~y** रॅ'बिशि *a.* रद्द, निकम्मा

rubble रॅ'बॅल *n^{u}*. रोड़ी^{F}, कंकर, मलबा. **~stone** अनगढ़े पत्थर; **~-work** *n.* मिट्टी^{F} की चिनाई^{F}, मोटी चिनाई^{F} **rubbly** रॅब्'लि *a.* कंकर-भरा.

rubefacient रूबिफ़े'शॅन्ट *a.* चर्मरक्तकर; (रसायन) लाल करने वाला.

rubella रुबौ'लॅ *n.* (med.) हल्का खसरा.

Rubicon रु'बिकॅन *n.* (मध्य इटली^{F} की) रूबीकोन नदी^{F}. **cross/pass the~** अटल कदम उठाना.

rubric रू'ब्रिक I *a.* लाल; II *n.* **1** set of rules अनुष्ठान, निर्देश; **2** heading शीर्षक. **~al** रू'ब्रिकॅल *a.* आनुष्ठानिक; **~ate** रू'ब्रिकेट *v.* **a.** mark लाल स्याही से अंकित करना; **b** write लाल स्याही^{F} से लिखना; **c** tell निर्देश देना; **~ist** रू'ब्रिसिस्ट *n.* अनुष्ठान शास्त्री; **~s** रू'ब्रिक्स *n.* अनुष्ठान शास्त्र, पूजनकर्म; अनुष्ठान कर्म.

ruby रू'बि I *n.* **1** *n^{c}*. precious stone माणिक्य, पद्मराग, याकूत, मानिक; **2** colour गहरा लाल रंग; II *a.* गहरा लाल. **rubefy** रू'बिफ़ाइ' (also) **rubify** **a** make red लाल करना; **b** give pain जलन^{F} उत्पन्न करना, प्रदाह करना. **rubicund** रू'विकॅन्ड *a.* (fml. humour) (a person or his face) लाल; **rubiginous** रूबि'जिनॅस *a.* मोरचे के रंग का, लाल भूरा.

ruche रूश *n.* झालर^{F}.

ruck रॅक I *n.* **1** fold (in cloth) शिकन^{F}, सिलवट^{F}; **2** (the. cap.) ordinary level (of life) जनसाधरण, जन सामान्य; **3** (sing. of) (esp. in football) group of people पिछड़े प्रतियोगियों का समूह; **4** (in rugby) group players खिलाड़ियों का दल; **5** crowd भीड़^{F}; II *v.* **1** form crease शिकन^{F} पड़ना, यां डालना. **2** take part (पिछड़े प्रतियोगियों के खेल में) भाग लेना, खेलना. **~sack** पीठ थैला, खुरजा; **~up** *v.i.* (of cloth) शिकन^{F} डालना. **ruckle** रॅ'कॅल (i) *v.* **a** form crease शिकन^{F} डालना, शिकन^{F} पड़ना; **b** rattle घर्रा लगना (ii) *n.* **a.** crease शिकन^{F}; **b** death rattle घर्रा, घटका; **ruction** रक्'शॅन *n.* (sing.) **ructions** (pl.) उपद्रव, हो-हल्ला.

rudder रॅ'डॅर *n.* पतवार, कर्ण, सुक्कान. **~-post** *n.* सुक्कान-खंभा; **~-stock** *n.* सुक्कान-दण्ड. **~less** *a.* पतवारविहीन, सुक्कान-हीन.

ruddle रॅ'डल I *n^{u}*. लाल गेरू; II *v.t.* लाल गेरू लगाना.

ruddy रॅ'डि *a.* **1** (of the face) healthy सुस्वस्थ, चिकना; **2** (esp. lit.) red लाल, रक्ताभ; **3** rosy गुलाबी. **ruddiness** *n^{u}*. **a** healthiness स्वस्थता^{F}; **b** redishness रक्ताभता.

rude रूड *a* **1** unpolite कठोर, रूखा; **2** (no c.s) roughly made कच्चा, अनगढ़, अपरिष्कृत; **3** (no c.s.) untaught अशिक्षित, असभ्य; **4** wild जंगली, उग्र, प्रचण्ड; **5** (no c.s.) raw कच्चा; **6** (used esp. by or to children) shameful शर्मनाक; **7** offensive अपमानजनक, आपत्तिजनक; **8** robust हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा; **9** uncontrolled अनियंत्रित; **10** discordant कर्कश; **11** simple अकृत्रिम. **in~health** स्वस्थ, हृष्ट-पुष्ट. **~ly** *adv.* अशिष्टता से, अपरिष्कृतता से, असभ्यता से, उग्रतापूर्वक, कच्चेपन से, अपमानपूर्वक, शर्मनाक ढंग से; **~ness** *n^{u}*. **a** unpoliteness अशिष्टता^{F}, अभद्रता^{F}; **b** illiteracy अशिक्षितपन, अशिक्षा^{F}; **c** wildness बहशीपन^{F}, जंगलीपन; **d** shamefulness शर्मनाकपन.

rudiment रू'डिमॅन्ट *n.* **1** (biol.) आद्यांग, अल्पविकिसत अंग; **2** vestige अवशेष. **~ary** रूडिमॅन्'टॅरि (also) **~al** *a.* **a** (of facts. knowledge etc.) coming first प्राथमिक, प्रारम्भिक; **b** (no c.s) undeveloped अल्पविकसित, अल्पर्धित; **c** vestigical अवशिष्ट, आद्यांगिक. **~s** रू'डिमॅन्ट्स *n.* (the pl.) (of) **a** basic principle मूल तत्व, मूल सिद्धान्त; **b** elementary knowledge प्रारंभिक ज्ञान; **c** primary प्रारम्भिक अवस्था^{F}, सूत्रपात.

rue रू I *v.t.* (old use and humour) पछताना, अनुताप करना. **~the day (when one did something)** के कारण पश्चाताप करना; II *n^{u}*. tree ब्राह्मी, सदाव; **2** syrian~ हर-मल (पौधा). **~ful** *a.* **a** sorrowful उदास, विषादमय; **b** pitiable दयनीय; **~fully** *adv.* उदासी^{F} से, दयनीयता^{F} से.

rufescent रूफ़ें 'सॅन्ट *a.* आरक्त.

ruff रॅफ़ I *n.* **1** झालरदार गुलूबंद; **2** ring of feathers झालरदार पंखों का कंठा (पशुओं के लिए); **3** cutting तुरुप की मार^{F}, तुरुप की काट^{F}; **4** sandpiper गेहवाला; II *v.* तुरुप^{F} मारना. **~le**

लेना. ~**into** *v*. **a** push (knife) into भोंकना, गड़ा देना; **b** *v.t.* reach तक पहुँचना, तक फैल जाना; **c** meet संयोग से मिल जाना. ~**off** *v*. **a** *v.t.* allow to flow out बहने देना, बहा देना; **b** *v.t.* (for, d.) print छपवाना; **c** write लिख डालना; **d** *v.i.* melt पिघल जाना; **e** boast बघारना. ~**off with** *v*. के साथ भाग जाना; ~**on** *v*.**a** continue शुरू रहना, जारी रहना; talk लगातार बोलते रहना; **c** *v.i.* join (sentences, or words) से मिलाना, जोड़ना; **d** *v.t.* (no pass.) (of thoughts or conversation) be concerned with से सम्बन्धित होना. ~**out** *v.i.* come to an end समाप्त हो जाना या करना; *v.i.t.* (esp. of a rope) unwind ढीलना; drive out निकाल देना, खदेड़ना; advance आगे बढ़ाना. ~**out of** *v*. **a** *v.t.* (of a person) spend सब खर्च कर देना; **b** (infml.) force to leave छोड़ने के लिए बाध्य करना. ~**over** *v*. **a** *v.i.* (of liquids) over flow के ऊपर से बहना; **b** *v.t.* (of a vehicle or its driver) pass over के ऊपर से निकल जाना; **c** touch lightly छू जाना, पर हाथ फेरना; **d** review सिंहावलोकन करना; **e** recapitulate दोहराना. ~**through** *v.t.* **a** *v.t.* spend (money) लापरवाही^{F} से पैसा खर्च करना; **b** repeat दुहराना (अभ्यास के लिए); **c** *v.t.* (no pass.) pervade व्याप्त होना; **d** pierce भोंकना, घुसेड़ना; **e** cut काटना; **f** go right तक पहुँचना; **g** continue जारी रहना. ~**to** *v.t.* **a** reach तक पहुँचना; **b** be enough पर्याप्त या काफी होना; **c** be able योग्य होना; **d** have the tendency towards झुकाव होना. ~**up** *v.t.* **a** raise (flag) झडा उठाना, ऊपर करना; **b** (not fml.) make शीघ्रता^{F} से बनाना; **c** force up (prices, bids) बढ़ाना. ~**up against** *v.t.* **a** strike धक्का मारना, टक्कर^F मारना; **b** meet by chance संयोग से मिल जाना; **c** (infml.) meet difficulties विपत्तियों^{F} का सामना पड़ना. ~**upon** be busy में लग जाना; concerned से सम्बन्ध रखना; meet संयोग से मुलाकात^F होना; II *n*. **1** n^c. action of running दौड़^{F}; धावन; **2** journey यात्रा^{F} सफर; **3** (sing.) distance सफर की गई दूरी^{F}; **4** time (taken in travelling) सफर (की अवधि^{F}); **5** n^c. enclosed area बाड़ा, घेरा; **6** (sing. on) demand मांग^F; **7** (in game) point won अंक, रन^F; **8** n^c. (Am.) stream झरना, धारा^{F}; **9** movement गति^{F}, चाल^F; **10** direction दिशा^{F}; **11** trend रुख, ढंग; **12** spread विस्तार, अंश; **13** average औसत; **14** trough नाँद, कुण्ड; **15** track लीक^F; **16** circle क्रम, चक्र; **17** ware माल; **18** drove (पशुओं का) झुण्ड. **a** (good) ~**for one's money** get some enjoyment etc. out of one's expenditure or effort अपना पैसा खर्च करके या कोशिश करने के फलस्वरूप सुख पाना; **b** (not fml.) satisfaction किए गए परिश्रम के प्रति संतोष. **a** ~**on the bank** बैंक से पैसा वापस निकालने की बहुत से व्यक्तियों द्वारा मांग^F; ~**at** हमला करना; टूट पड़ना; **be on the** ~ try to escape (esp. from police) भाग निकलने की कोशिश^F करना; in a hurry जल्दी^{F} में; शीघ्रता^{F} में. **in the long**~ अन्त में, अन्ततोगत्वा; **in the short**~ नजदीक भविष्य में, **on the** ~ दौड़ता हुआ, हड़बड़ी^{F} में; **the common/ordinary**~(of) सामान्य ढंग की, सामान्य प्रकार की; **the**~ **of** (a place) (स्थान में) जाने की या प्रयोग करने की स्वतंत्रता ~**-about** *n*. **a** car छोटी कार^F; b wanderer घुमक्कड़, आवारागर्द. ~**-around** *n*. (the) पूं आवश्यक जानकारी न देकर दूसरों के पास घुमाना give the ~**-away** *n*. **a** horse बेलगाम घोड़ा; **b** person भगोड़ा; **c** act of running away पलायन. ~**-down** *n*. **a** (the, sing. of) dilapidated टूटा-फूटा, गिरा-पड़ा; b n^c. (not fml.) report रिपोर्ट^F, विवरण; ~-in *n*. a n^c. (Am.) quarrel झगड़ा, अनबन^F; b (geol.) अंतःप्रवेशी जल. ~**-off** *n*. **a** race अन्तिम दौड़^{F}; **b** (of water) अपवाह. ~**-on matter** *n*. जो सामग्री^{F}; ~**-through** *n*. पूर्णाभ्यास; ~-up *n*. a n^c. (to) (esp. Br.) period of time समयावधि^{F}; **b** n^c. (in sports) दौड़-क्षेत्र. ~**way** *n*. **a** area of aeroplane दौड़ पथ, धावन पथ; **b** grove खांचा; **c** of animal लीक^F; III *a*. **1** melted गला हुआ, गलित; **2** molten पिघला हुआ; **3** cast ढला हुआ. ~**-away** *a* (no c.s.) a out of control अनियंत्रित, उच्छृंखल; b easy बहुत सहज. ~**-down** *a* **a** (of a person) tired थका हुआ; **b** (of a thing) old and broken जीर्ण-शीर्ण, टूटा-[illegible]. ~**-of -the mill** *a*. मामूली, साधारण; ~**ner** रॅ'नॅर *n*. **a** one who runs दौड़ाक, धावक; **b** messenger दूत, हरकारा; **c** (bot.) उपरिभूस्तारी; **d** mill-stone घूमने वाला पाट; **e** (mech.) पटरी^{F}; **f** (journ.) घत्री^{F}; g number of lines पंक्ति संख्या^{F}; **h** agent दलाल; **i** smuggler तस्कर व्यापारी. ~**ner beam** *n*. (also) **scarlet** ~**ner** चढ़ने वाली सेम^F; ~**ner up** *n*. ~*ners up* प्रतियोगिता^{F} में द्वितीय, ~**ning** रॅ'निङ्ग *n*. **a** act धावन, दौड़^{F}; b

परिचालन. **in the ~ning** विजय^F की कुछ आशा^{F}; **out of the ~ning** विजय^F की थोड़ी भी आशा^{F} नहीं; **make the ~ning** के साथ दौड़ना; **~ning board** *n.* पाद पटल; **~ning commentary** *n.* चल विवरण; **~ning cost** परिचालन-व्यय; **~ning fight** *n.* पलायन युद्ध; **~ning hand** *n.* घसीट; **~ning knot** *n.* सरक^F गाँठ^F; **~ning mate** *n.* **a** (in U.S. politics) सह-साथी; **b** less important (दो साथियों में) कम महत्वपूर्ण साथी. **~ning number** *n.* सतत क्रमांक; **~ning stich** *n.* सादा टांका; **~ning story** *n.* धारावाही कथा^{F}; **~ning time** *n.* कार्यावधि^{F}; **~ning total** *n* चालू जोड़; **~ning water** *n.* (i) प्रवाही जल; (ii) **a.** (no c.s.) (water) flowing बहनेवाला; **b** continuous निरन्तर, लगातार **c** prevalent प्रचलित; **d** in operation चालू, चलता; **e** runner दौड़नेवाला. **in ~ning order** (of a machine) ठीक से काम करती हुई चालू हालत^F में; **take a ~ning jump** निशान पर पहुँच कर उछाल^F मारना; (iii) *adv.* (after a pl. noun with a number) लगातार, एक के बाद दूसरा; **~ny** रॅ'नि *a.* (infml.) **a** more liquid अधिक द्रव; **b** (of the nose or eyes) producing liquid पानी बहाती हुई; **~s** रॅन्ज़ *n.* (the pl.) (क्रिकेट) रन. **-runner** *comb.* -तस्कर.

rune रून *n.* **1** charm जादुई मंत्र; **2** letter प्राचीन जर्मनिक वर्णमाला^{F} का अक्षर. **runic** रू'निक *a.* (no c.s.) जादुई मंत्र सम्बन्धी.

rung रॅङ्ग *n.* **1** bar डंडा; **2** bar of ladder सीढ़ी^{F} का डंडा. **3** संगठन, समाज या पेशा. **the highest (top/lowest/bottom) ~of the ladder** पेशे का सबसे ऊँचा/नीचा तलका पद.

rung देखिए ring

runt रॅन्ट n^c. नाटा बैल.

rupee रूपी' *n.* रुपया.

rupture रॅप्'चॅर I *n.* **1** n^{uc}. sudden breaking फटन^F, फूटन^F, भंग; **2** n^c. lump अंत्रवृद्धि^{F}, हर्निया^{F}; **3** gap दरार^F; II *v.* **1** cause to burst (esp. of a muscle) फोड़ना, तोड़ना; **2** cancel भंग करना.

rural रु'अॅरॅल *a.* (often apprec.) **1** like country side देहाती, ग्राम्य, ग्रामीण; **2** agricultural कृषि^{F}. **~dean** *n.* ग्रामीण डीन; **~economy** ग्राम्य अर्थव्यवस्था^{F}; **~uplift** *n.* ग्राम-सुधार; **~ize** रुअॅ'रलाइज़ *v.* **a** make rural ग्राम्य बनाना; **b** make residence गांव में बस जाना. **~ity** रुअॅरै'लिटि n^u. देहातीपन; **~ly** *adv.* ग्राम्यता^{F} से, देहातीपन से.

ruse रूज़ *n.* **ruse** रूज़ *n.* छल, चाल.

rush रॅश I *n.* **1** plant भादा, जलबेंत, नड़, सरपत; **2** n^c. hasty movement झटपट^F, धावा, चढ़ाई^F; **3** n^u. haste हड़बड़^{F}, दौड़^{F}, रेल-पेल^F; **4** demand मांग^F. **~hour** *n.* (the) व्यस्त समय; **~hour traffic** *n.* भीड़^{F} के समय यातायात; **~-light** *n.* (also) **~candle** हल्की रोशनी^{F}; II *v.* **1** *v.i.* hurry शीघ्रता^{F} करना, जल्दी^{F} करना; **2** do hastily शीघ्रता^{F} से करना; **3** *v.t.* (into) force to act hastily शीघ्रता^{F} से करने के लिए बाध्य करना; **4** attack आक्रमण करना; झपटना; **5** flow तेजी^{F} से बहना; **6** spread फैल जाना. **~into** *v.t.* की तरफ^F दौड़ना; **~into print** शीघ्रता^{F} से छपवाना; **~out** *v.t.* से प्रचुर मात्रा^{F} में छापना; **~through** *v.t.* शीघ्रता^{F} से कार्य पूरा करना. **~es** रॅ'शिज़ (n. pl.) तुरत प्रति; **~y** रॅ'शि *a.* जल्दीबाज़

rusk रॅस्क *n.* रस, बिस्कुट.

Russell's viper रॅसॅल्सवाइ'पॅर *n.* दुबोइया.

russet रॅ'सिट *n.* **1** fruit रसिट-ललाई तथा भूरे रंग के सेब की एक किस्म; **2** n^u. (sing.) (esp. lit.) गेरुआ रंग.

Russian रॅ'शॅन *a.* (no c.s.) रूसी.

Russian roulette रॅ'शॅनरुलेट n^u. I बहादुरी का खतरनाक काम; II रिवाल्वर में एक गोली भर कर गोलियों की चर्खी को घुमाना और फिर अपने ही सिर में एक बार रिवाल्वर चलाना.

Russo- रसो *comb.* रूसी.

rust रॅस्ट I n^u. **1** oxide जंग, मोरचा; **2** (bot.) किट्ट, रतुआ (रोग); **3** (usu. in comb.) colour मोरचे का रंग; **4** figure बिगाड़, विकार. **~proof** *n.* जंग रोक; II *v.i.t.* **1** rust मोरचा लगाना; जंग लगाना; **2** make bad बिगाड़ना. **~away** *v.t.i* जंग लगने से नष्ट होना; **~proof** *v.t.* जंग रोक करना; **~less** *a.* (no c.s.) जंग रहित; **~y** रॅस्'टि *a.* **a** covered with rust जंग लगा हुआ, मोरचेदार; **b** n^{uc}. (often pl.) (of one knowledge) mostly forgotten विस्मृत प्राय, भूला हुआ; **c** (of black cloth) brown (पुराना होने से) भूरा; **d** (bot.) रतुआ लगा हुआ; **e** impaired कमजोर, निस्तेज. **~iness** n^u. मोरचापन.

rustic रस्'टिक I *a* **1** rural देहाती, ग्राम्य; **2** (not apprec.) simple सीधा, साधारण; **3** (no c.s.) (of furniture and wooden objects) roughly made अनगढ़, अपरिष्कृत; II *n.* देहाती, ग्रामवासी, कृषक. **~ate** रॅस्'टिकेट *v.* **a** *v.i.* (esp.

humour or pomp) live in the village देहात में बस जाना; **b** become rustic देहाती बन जाना; **c** *v.i.* send away (from a university) (विद्यार्थी को) विश्वविद्यालय से बाहर निकालना (दण्ड के रूप में); **d** *v.t.* (usu. pass.) (in building) form the blocks of stone ऊंची-नीची चिनाई^F करना. ~**ation** रॅस्टिके'शन *n.* **a** rusticating ग्राम-निवास; **b** banishment वहिष्कार; **c** ruralness देहातीपन. ~**ity** रॅसटि'सिटि n^u. **a** unsophistication सीधापन, भोलापन; **b** ruralness देहातीपन.

rustle र'सॅल I **1** *v.t.* (of paper, dry leaves, silk, etc.) make soft sound सरसराना, खरखराना; **2** move खरखराते हुए चलना; **3** *v.t.* (esp. Am.) steal चुराना. ~**up** *v.t.* के लिए प्राप्त करना; II *n.* (the sing.) सरसराहट, खरखराहट^F. ~**r** रॅस्'लॅर *n.* (esp. Am.) पशुचोर; **rustling** रॅस्'लिङ्ग *n.* **a** n^u. sound खरखराहट^F, सरसराहट^F; **b** n^u. (esp. Am.) crime पशुचोरी^{F} का अपराध.

rut रॅट I n^u. (tech.) season of sexual exictement (esp. of male dear) मदकाल, मस्ती^{F}; 2 track लीक. **be in a**~ रोजमर्रा के कामों में व्यस्त रहना; **get into a**~ रोजमर्रा के कामों मे व्यस्त रहने से मौलिकता^{F} का ह्रास करना; II *v.t.* 1 form a track लीक^F बनाना; 2 be sexual मस्ताना, मदमस्त होना. ~**ting** रॅ'टिङ्ग *a.* (no c.s.) (also) ~**tish** मस्त.

ruthless रूथ'लॅस *a* **1** cruel निष्ठुर, बेरहम, क्रूर; 2 firm दृढ़, अटल. ~**ly** *adv*. निष्ठुरतापूर्वक, क्रूरता से, दृढ़तापूर्वक; ~**ness** n^u. निष्ठुरता^{F}, क्रूरता^{F}, कठोरता^{F}.

Rx *abbr.* (tech.) Recipe.

-ry -रि *suffix* **-ery** जैसे machinery.

rye राइ *n.* राई^F, (घास^F, धान्य, मदिरा^{F}). ~bread *n.* राई^F की रोटी^{F}; ~**grass** *n.* राइ घास; ~**whisky** *n.* राइ ह्विस्की^{F}.

ryot राइ'अॅट (Hindi) *n.* रैयत^F, भारतीय किसान

S s

S, s ऍस अंग्रेज़ी वर्णमाला का उन्नीसवां अक्षर स, ज़

S *abbr.* South(ern).

-s -ज़, -स **1** pl. of a noun संज्ञा^{F} को बहुवचन (बनाता है); **2** forms the sing. of verb of present tense प्रथम पुरुष की वर्तमान काल की क्रिया^{F} को एक बचन बनाने में प्रयुक्त होता है; *as* speak का speaks; **3** (esp. Am.) (forms an adverb to describe a period of time) during के दौरान.

's -ज', -'स I *contr.* **1** is है; **2** has पूर्णकाल में; **3** (in questions after, who, what, wher etc.) does; **4** *suffix cont.* of us (only in the phrase let's हमें, हम लोगों को. poss. 1 (forms the poss. case of sing. nouns and of pl. nouns that do not end in -s) -का, -के, -की. **2** (Br.) (forms) -का, -के, -की.

-s' *suffix* (forms the poss. pl. of most c. nouns.) -का, -के, -की.

sabaism से'बॅइज़्म *n.* नक्षत्र पूजा^{F}.

Sabbath सै'बॅथ n^c. (the) **1** Saturday शनिवार (विश्रामदिवस); **2** Sunday इतवार (विश्राम दिवस विशेषतया चर्च में); **3** day of rest विश्राम दिवस. **keep the** ~ विश्राम दिवस के धार्मिक नियम का पालन करना; **break the**~ विश्राम दिवस के धार्मिक नियम को तोड़ना; **sabbatize** सैबॅटाइज़ *v.* **a** rest विश्राम दिवस मनाना; **b** form sabbath विश्राम दिवस बना देना. **sabbatarian** सैबॅटें'अॅरिअॅन *a.* (often cap.) विश्राम-दिवस माननेवाला; **sabbatical** सॅबै'टिकॅल (i) *a* विश्राम दिवस से सम्बन्धित; (ii) n^{uc}. (on) प्रति सप्तवर्ष

sable से'बॅल I *n.* सैबेला चितराला (जानवर); II *a.* काला.

sabot सै'बो *n.* काठ का जूता.

sabotage सै'बॅटाज़ I *n.* गुप्त तोड़-फोड़^{F}, ध्वंस; II *v.t.* **1** ruin तोड़-फोड़^{F} करना, बिगाड़ना; 2 make useless बेकार कर देना. **saboteur** सैबॅटॅर *n.* तोड़फोड़^{F} करने वाला, विध्वंसक.

sabra सॅब्रॅ *n.* (infml.) (esp. Am.) मूल इज़

sabre से'बॅर I n^c (Am. usu.) **saber** तलवार, तेग^F. ~**-toothed tiger** तलवार जैसे वाले दांत रखने वाला चीता. ~**-rattling** सैन्य नोक-झोंक^F; II *v.t.* (Am. usu.) saber तलवार^F चलाना, तलवार^F से मार-काट^F करना
~**tache** सै'बॅटैश *n.* झोला.

sabulous सै'ब्युलॅस *a.* **1** sandy बलुआ; **2** gritty कंकड़ीला.

sac सैक *n.* (tech.) **1** (biol.) कोष, थैली^{F}, गोणी^{F}; **2** membrane झिल्ली^{F}. **~catea** सै'केट *a.* **a** like sac पुटाकार; **b** contained in sac पुटित. **~ciform** सैक्'सिफा'म (also) **~cular** *a.* पुटाकार, कोषाकार; **~cule** सै'क्यूल *also* **~culum** *n.* अनुकोषक, लघुकोषक, गोणिका^{F}.

saccharin सै'कॅरिन n^{u}. सैकरीन. **~e** सै'कॅरीन *a.* **1** sweet शर्क़रीय, सुमधुर; **2** nice सुन्दर. **saccharate** सै'कॅरिट, सैकरिक एसिड का अम्ल सैकरेट **saccharify** सै'कॅरिफ़ाइ *v.* शर्करीकृत करना; **saccharic** सॅकै'रिक *a.* शर्करा का; **sacchariferrous** सैकॅरि'फॅरस *a.* शर्करामयः **saccharimeter** सैकरि'मिटर *n.* शर्करामापी; **saccharold** सै'कॅरॉइड *n.* शर्कराभ; **saccharose** सै'कॅरोस *n.* ईख-शर्करा^{F}.

sacerdotal सैसॅडो'टल *a.* (no. c.s.) पुरोहिती, याजकीय, पुरोहितवादी. **~ism** सैसॅडो'टॅलिज्म *n.* (usu. derog.) **a** belief पुरोहितवाद; **b** priesthood पुरोहिताई^{F}; **c** system पुरोहित तंत्र. **~ist** सैसडोटॅ'लिस्ट *n.* पुरोहितवादी.

sachem से'चॅम *n.* **a** head (उ० अमरीकी आदिवासियों का) मुखिया; **b** great man बड़ा आदमी.

sachet सै'शे *n.* (सुगंध का) फुटक, थैली^{F}.

sack सैक I *n.* **1** n^{c}. bag बोरा, बोरी^{F}; **2** **~ful amount** एक बोरे में आने वाली राशि^{F}; **3** (the) (infml.) (esp.Am.) bed बिस्तर; **4** n^{u}. wine अंगूरी शराब^{F}; **5** (the) dismissal काम से निष्कासन; **6** **looting** लूटपाट^{F}, लूट^{F}; **7** loose garment ढीला-ढीला कुर्ता. **hit the** ~(infml.) सोने जाना; **in~and ashes** टाट ओढ़े एवं भस्म^{F} रमाये; **~-but** *n.* बीन^{F} वाद्य यंत्र; **~cloth** *also* **~ing** n^{u}. टाट; **~cloth and ashes** शोक भाव; **~race** *n.* बोरा दौड़^{F}; II *v.* **1** *v.t.* (Br.) dismiss (नौकरी^{F} से) निष्कासित करना; **2** *v.t.* (esp of an army in former times) attack and loot आक्रमण करके लूट लेना; **3** put in sac बोरे में रखना.

sacrament सै'क्रॅमॅन्ट *n.* (used. esp. in the Catholic church) **1** (ethics) संस्कार; **2** eucharist परम संस्कार, परम प्रसाद; **3** mystery रहस्य; **4** symbol प्रतीक; **5** oath शपथ^{F}. **~al** सैक्रॅमेन्'टल (i) *a.* सांस्कारिक; (ii) *n.* उपसंस्कार. **Sacrament** *n.* (the cap.) *also* **the Blessed** ~(in Catholic church) पवित्र संस्कार; **~alist** सैक्रॅमेनटॅलिस्ट *n.* संस्कारवादी; **~ary** सैक्रॅमॅन्'टरि *n.* संस्कार-ग्रंथ.

sacrarium सॅक्रे'अॅरिअॅम (L.) *n.* **1** ethics पूजागृह; **2** वेदिका; **3** home गर्भगृह.

sacred से'क्रिड *a.* **1** (no c.s.) religious धार्मिक; **2** holy पवित्र, पावन, पुण्य;**3** solemn पूज्य, परमपावन; **4** (no c.s.) (to) for the honour of के सम्मान के लिए; **5** dedicated समर्पित. **~cow** *n.* सम्मानित संस्था, परंपरा आदि; ~ **thread** *n.* जनेऊ, यज्ञयोपवीत; ~ **vessels** *n.* (pl.) यज्ञ-पात्र; ~ **vestment** *n.* यज्ञ परिधान; **sacral** से'क्रॅल *a* (tech.) धर्मानुसार; **~ly** *adv.* पवित्रतापूर्वक, धार्मिकता^{F} से; **~ness** n^{u}. **a** religiousness धार्मिकता^{F}; **b** purity पवित्रता^{F}.

sacrifice सै'क्रिफ़ाइस I *n.* **1** n^{uc}. offering चढ़ावा; **2**n^{c}. rite बलि^{F}, यज्ञ, याग; **3** n^{uc}. loss बलिदान, उत्सर्ग, त्याग, न्योछावर. **sell (something) at a~** खरीदे हुए मूल्य से कम मूल्य पर बेचना; II *v.* **1** make offering अर्पित करना, उत्सर्जित करना; **2** rite बलिदान चढ़ाना, यज्ञ करना, **3** give up उत्सर्ग करना, छोड़ देना, त्याग देना; **4** sell (at loss) हानि^{F} पर बेच देना. **~r** सै'क्रिफ़ाइसॅर *n.* **1** (ethics) याजक; **2** pain taker बलिदानी, उत्सर्गी; **3** seller खरीद मूल्य से कम मूल्य पर बेचने वाला. **sacrificial** सैक्रिफ़ि'शॅल *a.*यज्ञीय, बलि^{F} संबंधी; **sacrificially** *adv.* यज्ञीयता^{F} से, यज्ञभाव से.

sacrilege सै'क्रिलिज n^{uc}. अपवित्रीकरण. **sacrilegious** सैक्रिलि'जॅस *a.* देवद्रोही, धर्मविरोधी, अपवित्र करने वाला; **sacrilegiously** *adv.* देवद्रोही ढंग से, धर्मविरोधिता से.

sacristan सै'क्रिस्टॅन *n.* गिरजाघर सेवक, मन्दिर-परिचर. **sacristy** सै'क्रिस्टि *n.* **a** (religion) पूजा सामग्री-गृह; **b** cloth house (मन्दिर का) वस्त्रालय.

sacroiliac सैक्रोइ'लिऐक *n.* (zool) त्रिक श्रेणि फलक.

sacrosanct सै'क्रोसैङ्क्ट *a.* **1** pure परमपावन, अतिपवित्र; **2** inviolable अलंघनीय, अलंघ्य.

sad सैड *a.* **1** unhappy उदास, खिन्न; **2** sorrowful दुःखद; **3** bad बहुत बुरा; **4** (of bread) भारी. **~der but wiser** कठिन परिस्थितियों^{F} से अनुभव प्राप्त. **~to say** (usu. at the beginning of a sentence) दुर्भाग्य से; **~-iron** इस्तरी^{F}; **~den** सै'डन *v.t.i* दुःखी करना, दुःखी होना; **~ly** *adv.* **a** gloomy उदासी^{F} से; **b** badly बुरी तरह^{F} से; **c** unfortunately दुर्भाग्यवश. **~ly mistaken** गलतफहमी^{F} होना; **~ness** n^{u}. उदासी^{F}, विषाद; **~ism** से'डिज़म n^{u}. सादवाद, परपीड़नरति^{F}; **~ist** से'डिस्ट *n.* परपीड़क,

परपीड़न-रतिक; ~**istic** सॅडिस्'टिक *a.* परपीड़क.; ~**isticaly** *adv.* परपीड़कता^{F} से.

saddle सै'डल I *n.* **1** n^c. seat काठी^{F}, ज़ीन^F, चारजामा पल्याण; **2** back पीठ^F; **3** n^{uc}. meat पीठ^F का पारचा; **4** of camel कजावा; **5** n^c. (of bicycle, motor cycle etc.) गद्दी^{F} आसन; **6** stretch अवतल प्रदेश. **in the** ~ sitting on a ~ काठी^{F} पर बैठा हुआ; (infml.) in control. नियंत्रण. ~ **back** *n.* **a** roof काठी-छत^F; **b** hill अवतल पर्वत. ~**backed** *a.* **a** of horse गहरी पीठ^F वाला; **b** concave अवतल. ~**-bag** *n.* खुरजी^{F}; ~**-bow** *n.* काठी^{F} का आगा; ~**-cloth** *n.* काठी के नीचे का कपड़ा; ~ **girth** *n.* ज़ीन की पेटी; ~**-horse** *n.* सवारी^{F} का घोड़ा; ~**-sore** *a.* (सवारी^{F} करने से) रगड़ा हुआ^F; ~**stich** *n.* बिचली सिलाई^F; II *v.t.* (up.) put a~ जीन^F बाँधना; **2** (with, up, on) (d.) give unpleasant duty के सिर मढ़ना, के गले बाँधना; ~**up** *v.i.* ज़ीन^F बाँधना; ~**r** सै'डलॅर *n.* जीनसाज़; ~**ry** सै'डलॅरि **a** n^c: skill ज़ीनसाज़ी^{F}; **b** n^c. shop जीन साज़ की दुकान^F; **c** n^u. goods घोड़े का साज़-सामान.

Sadducee सै'ड्युसि *n.* सदूसी (यहूदियों का एक सम्प्रदाय).

sadhu साधु *n.* सन्त.

s.a.e. *abbr.* stamped addressed envelope

safari सॅफ़ारि *n.* **1** n^{uc}. (on) trip यात्रा^{F} (usu. for hunting); **2** n^c. tripper (people, vehicles, animals etc.) भ्रमणकारी; **3** caravan कारवाँ. ~**park** *n.* आखेट यात्रा पार्क.

safe सेफ़ I *a.* **1** (from) out of danger सही-सलामत, सकुशल; **2** secure सुरक्षित, निरापद; **3** unfailing निश्चित, सुलभ; **4** (in baseball) successful सफल; **5** reliable विश्वसनीय, विश्वस्त. **on the** ~ **side** (not, fml.) सुरक्षित मार्ग अपनाना; **play it**~ जोखिम न लेना; II *n.* **a** box तिजोरी^{F}; **b** cuboard जालीदार आलमारी^{F}. ~**-breaker** *n.* (esp. Am.) ~**-cracker** तिजोरी^{F} तोड़ने वाला; ~ **conduct** *n.* अभयपत्र; ~ **custody** *n* सुरक्षा^{F}; ~**deposit** n^u. तिजोरी^{F}; ~**guard** (i) *n.* **a** protection रक्षा^{F}, सुरक्षा^{F}, बचाव, परित्राण; **b** safe conduct अभयपत्र; **c** pass पारपत्र; **d** precaution रक्षोपाय, पूर्वोपाय; **e** guard रक्षक; **f** (mech.) रक्षा कवच; (ii) *v.t.* बचाना, सुरक्षित करना. ~**-keeping** n^u. सुरक्षण ~**ty** सेफ़्'टि n^u. सुरक्षा^{F}, क्षेम, बचाव, ~**ty-belt** *n.* सुरक्षा पेटी^{F}; n^u. ~**ty curtain** *n.* अग्निसह पर्दा; ~**ty-device** *n.* सुरक्षा-साधन; ~**ty-fence** *n.* बचाव-जंगला; ~**ty-glass** n^u. सुरक्षा-कांच, निरापद कांच; ~**ty island** *n.* (Am.) शरणस्थल^F; ~**ty lamp** *n.* निरापद दीप; ~**ty match** *n.* दियासलाई- ~**ty-pin** *n.* सुरक्षापिन^F ~**ty-valve** *n.* सुरक्षा वाल्व; ~**ty zone** *n.* निरापद क्षेत्र.

safflower सै'फ्लाउॲर *n.* कुसुम, कुसुम्भ.

saffron सै'फ्रॅन I *n.* केसर, कुंकुम, ज़ाफ़रान; II *a* केसरिया; III *v* केसर से रंगना. ~y सै'फ्रनि *a.* केसरिया, ज़ाफ़रानी.

sag सैग I *v.* **1** (down) bend. downward धसकना, धसकाना, झुक जाना; **2** lessen घटना, कम्म होना; **3** (of a book, performance, etc.) become uninteresting (बीच में ही) अरुचिकर हो जाना; **4** hang down ढलकना, ढलकाना, लटकना; **5** drift बह जाना; II n^u. (sing.) (in) **1** sinking धसकन; **2** decline घटाव; **3** bending अवनमन, झोल. ~**gar** सै'गॅर *n.* *also* ~ger आवां, आपाक, भट्टी^{F}; ~**ging** सै'गिङ्ग *n.* **a** (com.) भाव गिरावट^F; **b** झोल.

saga सा'गॅ *n.* वीरगाथा^{F}, गाथा^{F}.

sagacious सॅगे'शॅस *a.* (lit.) बुद्धिमान, विचक्षण, दूरदर्शी. **sagacity** सॅगै'सिटि n^u. (lit.) विचक्षणता^{F}, दूरदर्शिता^{F}; ~ly *adv.* विचक्षणतापूर्वक, दूरदर्शिता^{F} से.

sagamore सै'गॅमॉर *n.* मुखिया.

sage सेज I *a.* (esp. lit.) बुद्धिमान, विवेकी; II *n.* **1** n^u. pandit मनीषी, पंडित; **2** n^u. herb सेज. **wild** ~ *n.* तानतानी^{F}. **Bengal** ~ *n.* कपूर का पत्ता.

Sagitta सॅजि'टॅ *n.* सजिता, बाण. ~rius सैजिटें'आरिॲस *n.* धनु; ~**l** सॅजि'टॅल *a.* सममिताधी; ~**ry** सै'जिटरि *n.* **a** centaur किन्नर **b** archer तीरन्दाज, धनुर्द्धर. ~te सै'जिटेट, *a.* बाणाकार; **sago** *n.* साबूदाना, सागू; ~palm *n.* सागूताड़, मरी^{F}

sahib साब *n.* (Ind. & Pak.) (usu. capital) साहिब.

said सैंड I *a.* (no c.s.) उक्त, कथित, उपर्युक्त; II *v.* देखिए say

sail सेल I *n.* **1** n^{uc}. cloth पाल बादबान; **2** (tech.) boat पाल-नाव^F, पाल जहाज; **3** (sing.) trip पाल-नौका यात्रा^{F}, जलविहार; **4** n^u. (sing.) distance दूरी (पाल नौका^{F} द्वारा तय की गई). **in** ~ पाल चढ़ाए. **set** ~ **a** travel प्रस्थान करना, रवाना होना; **b** set cloth पाल लगाना, पाल चढ़ाना. **strike** ~ पाल उतारना; **take the wind from/out of someone's**~**s** (infml.) लाभ से

वंचित करना, हरा देना. **under** ~ पाल द्वारा चालित; **~-arm** *n*. (पवन चक्की^{F} का) पंखा; **~-axle** *n*. धुरी^{F}; **~-boat** पाल-नाव^{F}; **~-cloth** n^{u}. पाल बनाने का कपड़ा; **~-loft** *n*. पालघर. **~-maker** *n*. सिलमाकुर; **~-plane** *n*. ग्लाइडर; II *v*. **1** travel जलयात्रा^{F} करना; **2** direct (नाव) साधना, घुमाना; **3** *v.i.* begin a voyage साहसिक अभियान शुरू करना; **4** make a trip पाल-नौकायन में भाग लेना; **5** make easily आसानी^{F} से चलना; **6** glide मँडराना, तिरना, चलना. **~able** से'लॅबॅल *a* नौगम्य, नाव्य; **~ing** से'लिङ्ग (i) *n*. **a** n^{u}. skill नौचालन; **b** sport पाल नौकायन खेल; **c** voyage (समुद्री) अभियान. **~ing-boat** *n*. पालनाव^{F}; **~ing date** *n* चलने की तिथि^{F}; **~ing-master** *n*. पाल-कप्तान; **~ing orders** *n*. चालन आदेश; (ii) *a*. बादवानी, जहाजी. **~or** से'लॅर *n*. **a** boatman मल्लाह, नाविक; **b** member of navy नेवी व्यक्ति. **~or-suit** नीली या सफेद पोशाक (विशेषतया बच्चों के लिए).

vowel वाउ'अल I *n.* **1** (lings.) स्वर; **2** speech स्वर की बोली^{F}. **back**~ पश्च स्वर; **cardinal** ~ मान स्वर; **close** ~ संवृत स्वर; **consonant** ~, **front**~ अग्र स्वर; **open** ~ विवृत स्वर; **pure** ~ मूल स्वर; **~gradation** *n.* (lings.) अवश्रुति^{F}; **~mutation** *n.* अभिश्रुति^{F}; II *a.* स्वरीय. **~ize** व़ाउ'इलाज़ *v.* स्वर अंकित करना.

vox pop वॉक्स पॉप, **vox populi** वॉक्स पॉप्युलाइ *n.* (the. cap.) आम विचार; **vox populi, Vox Dei** जनता^{F} की अवाज़^{F}, ईश्वर की आवाज़^{F}; 'जनवाणी^{F}, प्रभुवाणी^{F}.

voyage व़ॉइ'इज I *n.* **1** journey by water समुद्र यात्रा^{F}, जलयात्रा^{F}; **2** progress प्रगति^{F}, उन्नति^{F}; II *v.i.* (lit. fml.) समुद्र यात्रा^{F} करना, जलयात्रा^{F} करना. **~r** वॉइ'इजर *n.* समुद्र यात्री; **~s** वॉइ'जिज़ *n.* (the, pl. of) यात्रा विवरण.

voyeur व्वायॅर one who dervics gratification from surreptitiously watching sexual acts *n.* दृश्यरतिक. **~istic** व्वायॅरिसटिक *a.* दृश्यरतिक; **~ism** (phy.) *n.* दर्शन रति^{F}; **~istically** व्वयायॅरिस'टिकलि *adv.* दृश्यरतिकता^{F} से.

vraisemblance ब्रेसाम्ब्लांस' *n.* **1** possibility संभाव्यता^{F}; **2** सत्याभास.

vs. = Am. *v.*

VTOL *n.* vertical takeoff and landing of an aircraft वायुयान का ऊर्ध्वाधर (लंब रूप से) उड़ना और उतरना.

Vulcan वॅल्'कन *n.* रोमन अग्नि देवता. **vulcanology** *n.* ज्वालामुखी विज्ञान.

vulcanite वल्'कनाइट *n*^{u}. रसायनिक .(गंधक

आदि द्वारा) प्रक्रिया द्वारा कठोर बनाई गयी रबर, बल्केनाइट; **vulcanize, vulcanise** व़ल्कनाइज़ *v.t.* वल्कनित करना; **vulcanization** वल्कनाइजे'शन n^{u}. वल्कनीकरण.

vulgar वल्'गर *a.* **1** (of a person) rude गंवारू, अशिष्ट, ग्राम्य; **2** ordinary, common आम, सामान्य. ~**fraction** *n.* (maths.) साधारण भिन्न; ~**tongue** *n.* गँवारू बोली^{F}, अशिष्ट भाषा^{F} **the** ~ *n.* (pl.; अशिष्ट लोग; ~**ian** वलगें'अरिअन *n.* (fml.) **a** गंवार लखपती, धनी गँवार; **b** new rich कल का नवाब. ~**ism** व़ल्'गरिज़म *n.* **a** n^{c}. vulgar expression ग्राम्य प्रयोग, ग्राम्य शब्द; **b** vulgarity ग्राम्यता^{F}. ~**ize, -ise** वल्'गराइज्ञ *v.t.* **a** spoil बर्बाद कर देना; **b** make rude गवांर बना देना; **c** make common सामान्य बना देना. ~**ization** वल्गराइज़े'शन n^{uc}. **a** uncivilization असम्यकरण, ग्राम्यकरण; **b** generalization सामान्यकरण. ~**ity** वलगै'रिटि *n.* **a** rudeness गंवारूपन, अभद्रता^{F}, असभ्यता^{F}; **b** (lit.) ग्राम्य दोष; **c** usage ग्राम्य प्रयोग; **d** bad taste कुरुचि^{F}. ~**ly** *adv.* अभद्रता^{F} से, गवांरूपन से, ग्राम्यत्वतापूर्वक.

Vulgate वल्गेट, वल्गिट *n.* (the. cap.) प्रचलित लातीनी बाइबिल^{F}; **vulgate** *n.* प्रचलित पाठ.

vulnerable वल्'नॅरॅबल *a.* **1** (of a place or thing) weak सुभेद्य, पराजेय; **2** not well protected असुरक्षित; **3** (of a person, or his feelings) sensitive नाजुक, अति संवेदनशील; **4** (lit.) आलोच्य. दोषपूर्ण. **vulnerability** वल्नॅरॅवि'लिटि n^{u}. (to) **a** vulnerableness छेद्यता^{F}, भेद्यता^{F}; **b** sensitivity कोमलता^{F}, नाजुकपन, faultiness दोषपूर्णता^{F}. **vulnerably** *adv.* छेद्यतापूर्वक, भेद्यता^{F} से, नजाकत^{F} से.

vulnerary वल्नॅररि I *a.* घाव भरनेवाला; II *n.* घाव भरनेवाला लेप.

vulpine वल्'पाइन *a.* **1** like a fox लोमड़ी जैसा; **2** of fox लोमड़ी^{F} का; **3** cunning धूर्त, चालाक.

vulture वल'चर *n.* **1** bird गीध, गिद्ध; **2** cruel person निर्दयी, कसाई व्यक्ति, खसोटा. **facked**~ चमर गिद्ध; **king**~ राज गिद्ध; **scavenger**~ गोबर गिद्ध; **vulturine** वॅल्'चराइन *a.* **a** like vulture गीध का, गीध जैसा; **b** rapicious लूटनेवाला, खसोटनेवाला.

vulva वल्'वॅ *pl.* **vulvae, vulvas** *n.* भग^{F}, चूत^{F}.

vying वाइ'इङ्ग *pres. p.* of vie I *n.* होड़, प्रतिस्पर्धा^{F}; II *a.* प्रतिस्पर्धी, होड़^{F} लगानेवाला.

W w

W, w ड'बॅल्यू *n.* अंग्रेज़ी वर्णमाला^{F} का 23 वाँ वर्ण.

W *abbr.* **1** west (ern); **2** watt.

wabble देखिए wobble. डगमगाते हुए (चलना).

WAC वैक *n. abbr.* Women's Army Corps.

wacky वै'कि *a.* (esp. Am.) crazy सनकी, चिड़चिड़ा. **wackiness** वै़'किनेस n^{u}. सनकीपन, चिड़चिड़ापन.

wad वॉड I *n.* (of) **1** soft mass of material गद्दी^{F}; **2** pile गद्दी^{F}; **3** large amount of paper money रुपयों का ढेर; II **wadd** *v.* **1** make a wad गद्दी^{F} बनाना, गद्दी^{F} लगाना; **2** (with) fill रूई^{F} भरना; **3** stop up डाट^{F} लगाना. ~**ding** वॉ'डिङ्ग *n.* **a** cotton रूई^{F}; **b** भराव.

wadable वे़'डबल *a.* पांझ, सुगाध (जिसकी थाह सहज में मिल सके).

waddle वॉ'डल I *v.i.* (along) to walk like a duck बत्तख^{F} की तरह^{F} चलना; II *n.* (usu. sing.) बत्तख-चाल^{F}

wade वेड *v.i.* to walk through water (पानी में) पैदल पार करना. ~**in** *v.i.* (कठिन काम को) दृढ़तापूर्वक शुरू करना; ~**into** *v.i.* **a** begin (कठिन काम को) दृढ़तापूर्वक शुरू करना; **b** attack आक्रमण करना; **c** criticise घोर आलोचना^{F} करना. ~**through** *v.t.* (infml.) बड़ी मेहनत^{F} से पूरा करना; ~**through slaughter** (blood) मारकाट^{F} कर आगे बढ़ना; ~**r** वे'डर *n.* **a** person (जल को) पैदल चलकर पार करनेवाला; **b** rubber boots जलसह जूते; **c** bird जल में चलनेवाला पक्षी. **wading bird** *n.* जल में चलनेवाला (लंबी टांगों वाला) पक्षी.

wadge व़ॉज *n.* (of) (Br.) गट्ठर.

wadi, wady वा'डि *n.* river valley वादी.

wafer वे'फ़र *n.* **1** thin crisp biscuit पतला बिस्कुट; **2** thin bread पतली रोटी^{F}; **3** paste लेई^{F} की टिकली^{F}.

waffle वॉफ़ेल *n.* a kind of batter-cake पतली

मीठी रोटी^{F}. ~**iron** *n.* पकाने का यंत्र.

waft वाफ़्ट, वॉफ़्ट I *v.t.i.* (along) to convey, to float, to pass through बिखेरना, बहा देना, उड़ा ले जाना; II (fml.) **1** smell सुगन्ध^{F}, महक^{F}, गमक^{F}; **2** (fml.) current of air झकोरा, झकोला; **3** (lit.) movement of the hand हाथ का झकोला; **4** sensation बोध.

wag वैग I *v.i.t.* to oscillate, to move हिलना, हिलाना, डोलना, डुलाना. **tail** ~**s** (infml.) ऐसा कार्य-व्यापार जिसमें अनुकरण कर्त्ता अपने नेता को नियंत्रित करते हैं; **their tongues wagged** (infml.) उन लोगों ने बहुत देर^{F} तक बातचीत^{F} की (विशेषतः विस्मयकारी, एवं आश्चर्यजनक); II *n.* **1** (usu. sing.) shaking हिलाना, संचालन; **2** (infml.) amusing talker ठट्ठेबाज, दिल्लगीबाज. **play**~ नागा करना; **waggery** वै'गरि *n.* **a** n^{u}. jokes मज़ाक, परिहास; **b** prank शरारत^{F}, नटखटपन; ~**gish** वै'गिश *a.* विनोदी, मज़ाकिया; **waggishness** वै'गिशनेस n^{u}. मज़ाकियापन; **waggishly** वै'गिशलि *adv.* मज़ाकिया ढंग से.

wage वेज I *v.t.* to engage in में लगा रहना. ~**war** युद्ध करना; II *n.* **1** wages मजदूरी^{F}, वेतन, तनख्वाह^{F}; **2** (usu. pl.) revenge बदला; **3** reward प्रतिदान, इनाम. **daily**~ रोज़ीना वेतन; **family**~ परिवारिक वेतन; **living**~ निर्वाह वेतन; **piece of** ~ उजरत^{F}; ~**-earner** *n.* वेतनभोगी मजदूर; ~**freeze** *n.* (Br.) (also) ~**s freeze** *n.* वेतन-स्थिरीकरण; ~**scale** *n.* वेतनक्रम; ~**slave** *n.* (humour or derog.) वेतनभोगीः ~**statistics** *n.* मजदूरी आंकडे; ~**s** वज़िज *n.* (pl.) वेतन, मजदूरी^{F}.

wager वे'जर I *v.t.* (on) to stake बाजी^{F} लगाना, दांव पर रखना; II n^{u}. (fml.) बाजी^{F}, पण, शर्त^{F}.

waggery देखिए wag.

waggle वै'गल I *v.t.i.* to wag हिलना, हिलाना, डुलना, डुलाना; II *n.* (sing.) हिलाना, संचालन **waggly** वैग'लि *a.* डांवाडोल, अस्थिर.

waggon वै'गन n^{uc}. (Am.) **wagon** **1** four wheeled vehicle चौपहिया गाड़ी^{F}; **2** (Br.) goods wagon माल डिब्बा. **hitch one's** ~**to a star** अपने से शक्तिशाली का सहारा लेना; ~**er** वै'गनर *n.* (Am.) **wagons driver** गाड़ीवान; waggon auriga प्रजापति; सप्तऋषि (तारा) ~**ette** वैगॅनेट' *n.* (in former times) चौपहिया घोड़ागाड़ी; ~**lit** वैगॉन्‌ली' *n.* (also) ~**lits** (French.) शयनिका^{F}.

wagtail वैग्'टेल *n.* a bird that constantly wags its tail खंजन पक्षी.

waif वेफ़ *n.* (esp. lit.) **1** uncared child परित्यक्त शिशु; **2** homeless person बेघर व्यक्ति; **3** animal बिना स्वामी का जानवर; **4** property लावारिस सम्पत्ति^{F}. ~**s and strays** *n.* homeless child बेघर शिशु; stray items फुटकर सामान.

wail वेल I *v.* **1** *v.i.* (for, with) lament बिलखना, रोना; **2** *v.t.* (out) cry चिल्लाना, चीखना; **3** *v.i.* (over, about) complain शिकायत^{F} करना; **4** of wind सांय-सांय करना.

wain वेन *n.* (old use) a wagon for agricultural produce कृषिगाड़ी^{F}.

wainscot वेन्'स्कॅट (also) ~**ing** *n.* panelling तख्तबन्दी^{F}.

wainwright वेन्'राइट *n.* one who constructs wagons शकटकार.

waist वेस्ट *n.* **1** middle part कमर^{F}, कटि^{F}, मध्य भाग; **2** waist line कंमर^{F} का घेरा, कटि विस्तार; **3** (tech.) middle part of ship (पोत का) मध्य भाग. ~**band** *n.* कटिबंध; ~**belt** *n.* मेखला^{F}, कटिबन्ध; ~**cloth** *n.* धोती^{F}, लुंगी^{F}; ~**-coat** *n.* (Am.) (usu.) **vest** फतूही^{F}; ~**-girdle** *n.* मेखला^{F}, करधनी^{F}; ~**line** *n.* कटि-विस्तार; ~**string** *n.* कटिसूत्र, कमरबन्द.

wait वेट *v.* **1** *v.i.* (for, about, around) stay in expectation की प्रतीक्षा^{F} करना, का इन्तज़ार करना, की राह^{F} देखना; **2** *v.i.* (for) (usu. in -ing form) be ready तैयार रहना; **3** *v.i.* delay स्थगित होना; **4** v.t. to look for eagerly उत्सुकता से देखना; **5** serve परोसना. ~**and see** के समय तक स्थगित करना; ~**at table** परोसना; ~**on,** (also) ~**upon** *v.t.* **a** attend as servant का परिचर होना, की सेवा-टहल करना; **b** (rare) visit से भेंट^{F} कर लेना; **c** (lit.) follow का अनुगमन करना. ~**on someone hand and foot** विनम्रता^{F} से सेवा^{F} करना; ~**up** *v.i.* (for) सोने में देरी^{F} करना; II *n.* **1** act of waiting इन्तज़ार प्रतीक्षा^{F}, इन्तज़ार; **2** period of waiting इन्तज़ार का समय; **3** ambush घात. **lie in** ~ (**for someone**) घात^{F} में बैठना, की घात^{F} में रहना; ~**er** वे'टर n^{c}. (fem. ~**ress**) **a** attendant बैरा, परिवेषक; **b** salver 'ट्रे' या तश्तरी किश्ती^{F}; **c** one who waits प्रतीक्षक. ~**ing** वे'टिङ्ग *n.* **a** staying प्रतीक्षा^{F}, इन्तजार; **b** attendance हाजिरी^{F}, दरबारदारी^{F}; **c** serving परोस, परिवेषण; **d** act of waiter बैरे का काम; **e** expectation प्रत्याशा^{F}. ~**ing list** *n.* प्रत्याशी-सूची^{F}; ~**ing**

room *n.* प्रतीक्षालय; ~**ress** वे'ट्रिस *n.* परिवेषिका^{F}; ~**s** वेंट्स (the. cap.) (Br.) भाट, घूम-घूमकर गानेवाले.

waive वेव *v.t.* (esp. fml. tech.) give up छोड़ देना, त्याग देना; **2** cast off दूर करना, हटाना. ~**r** वे'वर *n.* **1** (law) अधित्याग; **2** document बाज़दावा. **waiving** वेविंग *n.* छूट^F.

wake वेक़ I *v. pa.t.* **woke,** ~**d,** *pa.p.* **woken,** ~**d** **1** *v.t.i.* (up) awake जागना, जगाना; **2** *v.i.* (lit.) remain awaken जगा रहना; **3** *v.t.i.* (up, to) be conscious सचेत रहना, सावधान रहना; **4** *v.i.t.* excite उत्तेजित करना, भड़काना; **5** *v.t.i.* (lit.) cause moving हिलाना, दोलित करना; **6** *v.t.* (lit.) spoil the silence शान्ति^{F} भंग करना, गुंजित करना, गूँजना. ~**up!** सुनो! ध्यान दो; II *n.* **1** track रास्ता, अनुजल (esp. of ship); **2** vigil जागरण, रतजगा (किसी व्यक्ति की मृत्यु^{F} पर). **in the** ~**of** close behind के पीछे; as a result of के परिणाम स्वरूप. ~**ful** *a.* **a** sleepless उन्निद्र, विनिद्र; **b** cautious सजग, सचेत, जागरूक. ~**fulness** -फुलनेस *n*^{u}. **a** उन्निद्रता; **b** awareness जागरूकता^{F}, सावधानी^{F}. ~**fully** *adv.* उन्निद्रतापूर्वक, जागरूकता^{F} से; ~**n** वे'कन *v.t.i.* जगाना, जाग्रत करना; **waking** वे'किन्ग *a.* (no c.s.) जागना.

wale वेल *n.* **1** plank पट्टी^{F}; **2** weal बद्धी^{F}, सांठ^F, (कपड़े पर उभरी बुनत).

walk वॉक I *v.* **1** *v.t.i.* go on foot चलना, टहलना; **2** *v.t.* pass over पैदल पार करना; **3** measure कदम से मापना; **4** (lit.) follow a course of life (किसी निश्चित) जीवन दिशा^{F} पर चलना; **5** follow a course of action (कोई) व्यापार, पेशा करना; **6** *v.t.* cause to move चलाना; **7** *v.t.* exercise (चलने की) कसरत^F करना; (विशेषतया कुत्ते इत्यादि को) टहलाना; **8** *v.i.* (in cricket) स्वयं मैदान से चला जाना; **9** wander मारा-मारा फिरना; **10** accompany के साथ चलना. ~**(someone) off his/her feet/legs** पैदल चलाकर थकाना; ~**the boards** अभिनेता होना; ~**away** *v.* आसानी^{F} से पीछे छोड़ देना; ~**away with** आसानी^{F} से जीत लेना; ~**into** *v.t.* **a** obtain (a job) आसानी^{F} से नौकरी^{F} पा जाना; **b** attack आक्रमण करना; **c** scold डांटना, फटकारना. ~**off with,** (also) ~**away with** *v.t.* आसानी^{F} से जीत लेना; ~**of life** *n.* (fml.) **a** rank स्तर, सामाजिक स्थिति^{F}; **b** employment रोज़गार, व्यवसाय. ~**-on** *n.* **a** person मूक अभिनेता; **b** part मूक अभिनय. ~**out** *v.t.* (of) **a** strike हड़ताल^F करना; **b** leave suddenly शीघ्र त्याग देना. ~**out** *n.* **a.** strike हड़ताल^F. **b** leaving परित्याग. ~**up** *n.* (esp. Am.) बिना लिफ्ट की बहुमंजिली इमारत^F; ~**up** *v.i.* (usu. imper.) प्रवेश करना; II *n.* **1** moving चाल, चलन; **2** (of creatures with four legs) चाल^F, ठवन^F; **3** (usu. short) journey पदयात्रा^{F}, भ्रमण; **4** path पथ, रास्ता, पगडण्डी^{F}; **5** distance पदयात्रा^{F} की दूरी^{F}; **6** style of walking चलने का तरीका; **7** low speed धीमी गति^{F} **cock of the**~ अगुवा, मुखिया; ~**er** वॉ'कर *n.* पैदल चलनेवाला; **walkie talkie** वॉकिटॉकि *n.* (infml.) सुवाह्यरेडियो-प्रेषित; ~**ing** वॉ'किंग (i) (no c.s.) **a** human चलने वाला; **b** moving चलना. ~**ing papers** *n.* (Am.) बर्ख़ास्त करने का परवाना; (ii) *n.* **a** short journey पैदल सैर^F, भ्रमण; **b** moving चलन, चाल^F. ~**ing stick** *n.* छड़ी^{F}.

wall वॉल I *n.* **1** upright surface दीवार^F, भित्ति^{F}; **2** side of a room भित्ति^{F}; **3** upright mass खड़ा खंड, बिल्कुल सीधी वस्तु^{F}; **4** barrier रोक^F, परिध; **5** (of tent) कनात^F. **bang/run one's head against a (brick)**~ **a** try to do the impossible असम्भव कार्य करने की कोशिश^F करना; **b** (literal) पत्थर से सिर फोड़ना. **(Even) (the)** ~**s have ears** दीवार^F के भी कान होते हैं; **go to the**~ हार जाना, दिवाला निकालना; **to the** ~ निराशाजनक स्थिति^{F}; **see through a brick**~ दिव्य दृष्टि^{F} रखना; **up the**~ क्रोध या पागलपन की स्थिति^{F} में; **with one's back to the**~ विकट स्थिति में; **baffle**~ थामक दीवार^F; **blank**~ पूरी दीवार^F, **partition**~ विभाजक दीवार^F; **retaining** ~ पुश्ता दीवार^F; ~**-clock** *n.* दीवार घड़ी^{F}; ~**enclosure** *n.* चारदीवारी^{F}; ~**-flower** *n.* **a** flower भित्ति पुष्प; **b** observer नृत्यदर्शक (महिला^{F} जो नृत्य हेतु संगी नहीं पाती). ~**-map** *n.* भित्ति-मानचित्र; ~**painting** *n.* **a** picture भित्ति चित्र; **b** painting भित्ति चित्र कला^{F}, भित्ति चित्रकारी^{F}. ~**paper** *n*^{u}. दीवारी कागज़; ~**paper** *v.t.i.* दीवारों^{F} पर दीवारी कागज लगाना; ~**-plate** *n.* दासा, दाब वितरण पट्टी^{F}; **Wall Street** *n.* (Am.) chief financial centre in New York सट्टा बाज़ार; ~**to**~ *a.* पूरे फर्श पर. II *v.* **1** *v.t.* (in) surround दीवार^F से घेरना; **2** *v.t.* (up, in) enclose दीवार^F में बन्द करन

~off *v.t.* **a** (from) separate दीवाल^F बनाकर अलग करना; **b** (into) shape कोठरी^{F} बनाना. **~up** *v.* **a** enclose दीवार^F से बन्द करना; **b** make wall दीवार^F बनाना, दीवार^F लगाना.

wallaby वॉ'लबि *n.* small kangaroo छोटा कंगारू **wallaroo** वॉलॅरु *n.* बड़ा कंगारू.

wallet वॉ'लिट *n.* **1** leather case पेटी^{F}; **2** purse बटुआ, थैली^{F}; **3** bag थैला, झोला.

walloping वॉ'लपिङ्ग *a.* (no c.s.) very big or large बहुत बड़ा; प्रहार करने वाला.

wallow वॉ'लो I *v.* **1** *v.i.* (in) (of a ship) roll लुढ़कना, थपेड़े खाना; **2** move (in mud) (कीचड़) में लोटना; **3** अश्लील मज़े उड़ाना; **4** बुरी जिन्दगी^{F} बिताना; **~in** *v.* (humour) भोग विलास करना, गुलछर्रे उड़ाना; II *n.* **1** (in) लुढ़कन^F, लोट^F; **2** place कीचड़ युक्त स्थान (जहाँ पशु लोटते हैं).

walnut वॉल्'नट *n.* **1** nut अखरोट; **2** plant अखरोट वृक्ष; **3** n^u. colour लाल-भूरा रंग; **4** (East Indian) शिरीष (वृक्ष).

walrus वॉल्'रस n^c. sea animal वालरस, दरियाई घोड़ा. **~moustache** लंबी तथा झूलती हुई मूँछ^F.

waltz वॉल्स I *n.* **1** n^c. (the cap.) a kind of German dance नाच, नृत्य; **2** music नृत्य संगीत; II *v.* **1** *v.i.* dance नाचना; **2** (infml.) advane easily आसानी^{F} से आगे बढ़ जाना. **~off with** *v.t.* चुरा ले जाना.

wampum वॉम्'पम n^u. (उत्तरी अमरीकी इंडियनों में मुद्रा^{F} के रूप में प्रचलित) सीप के मनके.

wan वॉन *a.* (esp. lit.) **1** ill बीमार; **2** dim मन्द, धुंधला; **3** pale पीला; विवर्ण. **~ness** n^u. **1** paleness पीलापन, पांडुरता^{F}; **b** illness बीमारी^{F}; **c** dimness धुंधलापन. **~ly** *adv.* पाण्डुरता^{F} से, बीमारी^{F} से, धुंधलेपन से.

wand वॉन्ड *n.* stick छड़ी^{F}.

wander वॉन्'डर *v.* **1** *v.i.t.* (about) move without aim घूमना, मटरगश्ती^{F} करना; **2** *v.i.* (esp. of streams, roads etc.) follow इधर-उधर होते हुए बहना; **3** *v.i.* (off) move away (from the main idea) विषयान्तर करना; **4** *v.i.* (of people, thoughts) be confused बहकी-बहकी बातें^{F} करना **~lust** n^u. (sing.) भ्रमण लालसा^{F}; **~er** वॉन्'डरर *n.* परिभ्रमक; आवारागर्द; **~ing** वॉन'डरिङ्ग (i) *n.* **a** rambling भ्रमण, मटरगश्ती^{F}; **b** confused talk प्रलाप; (ii) **a** roving घुमन्तू, घुमक्कड़, भ्रमणशील; **b** (geog.) परिभ्रमी; **c** delirious प्रलापी. **~ing life** *n.* भ्रमणशील जीवन; **~ing star** *n.* ग्रह; **~ings** वान्'डरिङ्ज *n.* (pl.) भ्रमण.

wane वेन I *v.* **1** *v.i.* (away) diminish घटना, कम हो जाना; **2** (esp. in) become weak दुर्बल हो जाना, ह्रास होना; II *n.* **a** घटाव, ह्रास, क्षय; **b** अंवनति^{F}. **on the~** कमजोर होना, क्षीण होना; **waning** वे'निङ्ग (i) *a.* क्षीयमाण; (ii) *n.* क्षय.

want वान्ट I **1** *v.t.* (to be) desire चाहना; **2** (neg.) be against के विरुद्ध होना; **3** *v.t.* need की जरूरत^F पड़ना, की आवश्यकता^{F} होना; **4** *v.t.* ought चाहिए; **5** *v.t.* be without का अभाव होना, से रहित होना; **6** *v.t.* (for, often, pass.) esp. of the police की खोजबीन^F करना, को फंसाना; **7** *v.t.* (it) lack की कमी^{F} पड़ना **8** *v.i.* lack necessities गरीब होना, दरिद्र होना. **~for** *v.t.* (usu. in future tenses and with no, not, etc.) की कमी^{F} महसूस करना; **~for nothing** (of a person) किसी चीज^F की कमी न होना; **~some doing** श्रम साध्य होना; II n^u. (the. of, sing.) **1** lack कमी^{F}, अभाव; **2** necessity ज़रूरत^F, आवश्यकता^{F}; **3** wish इच्छा^{F}; **4** poverty गरीबी^{F}, दरिद्रता^{F}; **5** expectation अपेक्षा^{F}. **in~ of** की आवश्यकता^{F} होना; **a long felt~** (humour) चिर अनुभूत आवश्यकता^{F}; **~ad** *n.* (esp. Am.) "आवश्यकता^{F} है" विज्ञापन; **~ed** वान्'टिड "आवश्यकता^{F} है" विज्ञापन; **~ing** वॉन्'टिङ्ग (i) *a.* (no c.s.) **a** deficient कम, अपर्याप्त; **b** absent अविद्यमान्, गायब, अनुपस्थित; **c** required अपेक्षित; **d** foolish बुद्धू. **be found (to be) ~ing** कम होना, अयोग्य होना; (ii) *prep.* without से रहित, से कम. **~s** वान्ट्स *n.* (pl.) आवश्यकतायें^{F}.

wanton वॉन्'टन I *a.* **1** (lit.) full of fun विनोदी, खिलाड़ी; जिन्दादिल; **2** uncontrolled अनियंत्रित; **3** (of a woman more than of a man) lustful लम्पट, व्यभिचारी; **4** unprovoked अकारण; **5** arbitrary मनमाना; II *n.* कुलटा^{F}; पुंश्चली^{F}; III *v.* उछल-कूद^F करना, आमोद प्रमोद करना. **~ness** n^u. **a** capriciousness विनोद, खिलवाड़^{F}; **b** uncontrolledness अनियंत्रिता; **c** lustfulness लम्पटता^{F}; **d** arbitrarity मनमानापन. **~ly** *adv.* विनोदपूर्वक; अनियंत्रिता^{F} से, लम्पटतापूर्वक; मनमानेपन से.

war वॉर I *n.* n^u. armed fighting युद्ध, समर, संग्राम; **2** n^c. period of fighting युद्ध अवधि^{F}; **3** n^{uc}. struggle संघर्ष; **4** enmity शत्रुता^{F}, दुश्मनी^{F} **~(with)** युद्ध स्थिति^{F} में, युद्ध में;

carry the ~into the enemy's camp संभावित आक्रमणकारी के ऊपर आक्रमण करना; **go to ~ (against)** के विरुद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ना; **make/wage war (on/upon/against)** के विरुद्ध युद्ध छेड़ना; struggle से संघर्ष करना (**having been in the ~s** (infml.) क्षतिग्रस्त, नष्ट-भ्रष्ट; **civil~** गृह युद्ध; **cold~** शीत युद्ध; **open~** खुला संघर्ष; **sinews of ~** युद्ध साधन; **world~** महायुद्ध; **~baby** *n.* युद्ध के समय उत्पन्न बालक; **~bride** *n.* युद्ध सक्रिय सैनिक दुल्हन; **~cloud** *n.* (usu. pl.) युद्ध की आशंका^{F}; **~crime** *n.* युद्धकालीन अपराध; **~cry, (also) battle cry** *n.* **a** slogan नारा; **b** cry युद्ध घोष, रणनाद. **~dance** *n.* युद्ध नृत्य; **~god** *n.* युद्ध का देवता कार्तिकेय; **~fare** *n.* **a** fighting युद्ध; **b** conflict संघर्ष **~head** *n.* स्फोटक शीर्ष; **~horse** *n.* **a** (esp. in former times) horse जंगी घोड़ा; **b** veteran पुराना सिपाही; **c** man of struggles संघर्ष प्रिय व्यक्ति; II *v.i.* (with, against, for) **1** (lit.) direct war युद्ध करना; **2** struggle संघर्ष करना. **~-like** *a.* **a** ready for war सामरिक युद्ध; **b** bellicose युद्ध प्रिय; रण प्रिय; **c** valiant शूरवीर, बहादुर; **d** skilled in war रण कुशल. **~-lord** *n.* (usu. derog.) युद्ध नेता; **~-memorial** युद्ध स्मारक; **~monger** *n.* युद्धोत्तेजक; **~of nerves** *n.* आतंक युद्ध; **~paint** *n*^{u}. **a** paint (युद्ध से पहले शरीर पर लगाया जानेवाला) रंग द्रव्य; **b** (of actor) भेस; **c** finery तड़क-भड़क^{F}; **d** costume रस्मी पोशाक^{F}. **~path** *n.* (pl. rare) **a** course of action अभियान; **b** path रणमार्ग. **be on the ~path** संघर्ष में लगा होना; **go on the~** संघर्ष पर उतारू होना; **~ring** वॉ'रिङ्ग *a.* **a** (pol. sc.) युद्धरत; **b** conflicting परस्पर विरोधी; **c** inconsistent असंगत; **d** rival प्रतिस्पर्धी, प्रतिद्वन्दी. **~rior** व़ॉ'रिअर (i) *n.* **a** (lit.) soldier सैनिक; **b** योद्धा; (ii) *a.* **a** war loving युद्ध प्रिय; **b** brave शूरवीर, बहादुर. **~-ship** जंगी जहाज, युद्ध पोत; **~song** युद्धगीत^{F}. **~time** (i) *a.* युद्ध कालीन; (ii) *n.* युद्ध-काल. **~weary** *a.* युद्ध क्लान्त; **~-whop** *n.* चिल्लाहट^{F}; **~worn** experienced युद्ध कुशल; damaged युद्ध क्षति ग्रस्त; tired युद्ध-परिश्रान्त.

warble वार्'बल I *n.* (the) (sing.) **1** chirping चहचहाहट^{F}; **2** lump (घोड़े की पीठ पर) सूजन^{F}, घट्टा; **3** larva of fly डांस का डिंभक; II *v.i.t.* (away, out) **1** (esp. of birds) chirp कूजना; **2** (of people, esp. woman) sing गाना; **3** trill गिटकिरी^{F} भरना; **4** compose पद्य में वर्णित करना. **~r** वॉर्'ब्लर *n.* **a** birds फुदकी^{F}; **b** singer (esp. woman) गायिका^{F}. **Indian wren~** पिटा-पिटी फुदकी^{F}; **streaked fantail~** टुनटुनी फुदकी^{F}; **warbling** वॉर्'ब्लिंग *n.* **a** chirping कूजन; **b** trill गिटकिरी^{F}.

ward वॉर्ड I *n.* **1** division of hospital रोगी कक्ष; **2** (of city) हलका; **3** (of prison) बंदी कक्ष; **4** minor आश्रित; **5** guardianship संरक्षकता^{F}; **6** protection अभिरक्षा^{F}; बचाव. **~room** *n.* (जंगी जहाज पर) अफ़्सरों का कमरा; II *v.* **1** guard रक्षा^{F} करना; **2** be guardian अभिभावक होना. **~off** *v.t.* **a** prevent निवारण करना, से बचाव करना; **b** vacate खाली कर देना. **~en** वॉर्'डन *n.* **a** guard रक्षक; **b** officer रक्षक कर्मचारी; **c** (Br.) (educ.) छत्रपाल; **d** warder जेलर, कारापाल. **~er** वॉर्'डर *n.* (Br.) (also) (fem.) **~ress** कारापाल, जेलर.

-ward -वर्ड *suffix* (esp. Am.) **-wards** *as* towards -तरफ, -ओर^{F}. **northward** उत्तर की तरफ^{F}.

wardrobe वॉर्'ड्रोब *n.* **1** room for containing clothes तोशाखाना; **2** collection of clothes कपड़े; **3** closet आलमारी^{F}.

-ware वी'अर *comb.* -बर्तन जैसे ironware लौह-बर्तन.

ware वेँअर I *n.* **1** (pl.) sale article सौदा, माल; **2** pottery मिट्टी^{F} के बर्तन, मृण्पात्र. **~house, ~houses** *n.* गोदाम, माल-गोदाम; II *v.* **1** avoid से दूर रखना; **2** (be) caution सावधान. **~s** वेँ'अर्ज़ *n.* (pl.) (lit.) माल, सौदा; **warily** *adv.* खबरदारी^{F} से, सावधानी^{F} से; **wariness** *n*^{u}. खबरदारी, सावधानी^{F}; सतर्कता^{F}.

warm वॉर्म I *a.* **1** thermal गरम, तप्त, **2** of clothes गरम; **3** hearty हार्दिक; **4** zealous उत्साही, जोशीला; **5** excited उत्तेजित; **6** bad tempered क्रोधी; **7** fresh ताज़ा; **8** close to the right one समीप, बिल्कुल नजदीक; **9** (of colour) bright चमकीला; **10** affectionate स्नेही; **11** emotional संवेदनशील; **12** dangerous खतरनाक; **13** difficult कठिन; **14** wealthy धनी. **~-blooded** *a.* (no c.s.) **a.** (of birds, mammals etc.) नियततापी (प्राणी); **b** emotional भावप्रवण. **~-bloodedness** *n*^{u}. **a** (of birds) नियततापिता^{F}; **b** ardency भावप्रवणता^{F}. **~-bloodedly** *adv.* नियततापिता^{F} से, भाव प्रवणता^{F} से; **~-hearted** *a.* स्नेही, संवेदनशील; **~-heartedness** *n*^{u}.

स्नेह, संवेदनशीलता^{F}; ~**heartedly** *adv.* स्नेहशीलता^{F} से; II *v.* **1** *v.t.i.* make warm गरमाना, गरम करना; **2** *v.i.* become warm गरम होना; **3** cheer प्रसन्न होना; **4** animate में जोश दिलाना, में प्राण डालना; **5** be enthusiastic को जोश आना; **6** be kind पिघल जाना; **7** arouse उत्तेजित करना; **8** thrash पीटना. ~**over** *v.t.* (usu. derog. esp. Am.) **a** warm गरम करना; **b** use the same arguments फिर-फिर उसी तर्क का सहारा लेना. ~**to** *v.t.* (pass. rare) (also) ~**towards** begin to like पसन्द करने लगना; be interested in में रुचि^{F} लेना. ~**up** *v.* **a** *v.t.i.* make warm गरमाना; **b** (esp. of things) गरम होना; **c** *v.t.i.* (Am.) ~**over** (खाना) गरम करना; **d** *v.t.i.* rehearse पूर्वाभ्यास करना; **e** *v.t.i.* (to) be excited उत्तेजित होना; **f** *v.t.* make ready भीड़^{F} को कार्यक्रम देखने के लिए शांत करना. ~**-up** *n.* गर्माहट^F; III *n.* **1** (the. cap.) warm place गरम स्थान; **2** (sing.) warming तापन. ~**ing** वॉर्'मिङ्ग *n.* **a** heating तापन; **b** thrashing पिटंत, पिटाई^F. ~**ing pan** *n.* (बिस्तर को गरमाने की) अँगीठी^{F}; ~**th** वार्मथ n^u. गर्मी; ~**ish** *a* कुनकुना, नीम गरम; ~**ness** n^u. **a** luke warmness तप्तता^{F}; **b** heartiness हार्दिकता^{F}; **c** zealousness जोशीलापन; **d** freshness ताज़गी^{F}; **e** closeness सामीप्यता^{F}. ~**ly** जोशीलेपन से, उत्साह से, हार्दिकतापूर्वक.

warn वॉर्न *v.* **1** *v.t.i.* (of, against, d.) premonish सावधान करना, सचेत करना; **2** *v.t.* inform सूचना^{F} देना, जताना, बतलाना; **3** advise चेतावनी^{F} देना. ~**colouration** (mimicry) भयसूचक रंग (अनुहरण); ~**off** *v.t.* चेतावनी^{F} देकर जाने से मना करना; **take**~ सावधान होना, खबरदार होना; ~**ing** वॉर्'निङ्ग (i) n^u. **a** n^{uc}. (of) caution चेतावनी^{F}; **b** n^c. (of) example of caution चेतावनी^{F} का जीता जागता उदाहरण; n^c. (old use) notice to leave छोड़ने की पूर्व सूचना^{F}; (ii) *a.* चेतानेवाला.

warp वॉर्प I *n.* **1** (the. cap.) (tech.) threads ताना; **2** *n.* (sing.) twist संवलन; **3** n^c. rope रस्सी^{F}; **4** defect विकृति^{F}, विकार; **5** silt गाद^F, रेग; II *v.t.i.* **1** twist (of wood) संवलित हो जाना; **2** spoil विकृत करना; **3** pull रस्सी^{F} से खींचना; **4** fertilize खाद^F से उपजाऊ बनाना.

warrant वॉ'रन्ट I *n.* **1** n^u. proper reason उचित कारण; **2** n^c. written order अधिपत्र, आज्ञापत्र; **3** writ समादेश लेख **4** appointment letter नियुक्ति पत्र; **5** proof प्रमाण; **6** foundation आधार. ~**officer** *n.* वारंट अधिकारी; II **1** *v.t.* justify औचित्य प्रमाणित करना; **2** *v.t.* (to be) guarantee का आश्वासन देना; निश्चयपूर्वक कहना; **3** declare निश्चयपूर्वक घोषणा^{F} करना; **4** authorise प्राधिकार कर देना, प्राधिकृत करना. ~**able** वॉरॅन्टबॅल *a.* न्याय संगत, उचित; ~**ee** वारन्टी *n.* (tech.) समाश्वित; ~**or** वॉ'रन्टर, वॉरन्टॉर' *n.* (tech.) समाश्वसक, समाश्वास्री; ~**y** वॉ'रन्टि n^{uc}. (under) **a** guarantee आश्वासन, समाश्वासन; **b** authorization प्राधिकरण, अनुज्ञप्ति^{F}; **c** justification उचितकरण; **d** proof प्रमाण.

warren वॉ'रन *n.* **1** a piece of ground where rabbits, hares etc are kept confined खरगोशों का बाड़ा; **2** (usu. derog.) thickly populated area घनी आबादी वाला क्षेत्र, भूल-भुलैया^{F}.

warring देखें war; **warrior** देखें war; **warship** देखें war.

wart वॉर्ट *n.* **1** n^c. fungous growth मस्सा; **2** n^c. (bot.) कीलक, किणक. ~**hog** *n.* खांगदार जंगली सुअर. ~**y** वार्'टि *a.* **a** मस्सेदार; **b** (bot.) किणकी.

wary वें'अ़रि *a.* (of) चौकन्ना, सावधान. **wariness** n^u. चौकन्नापन, सावधानी^{F}; **warily** *adv.* चौकन्नेपन से, सावधानीपूर्वक.

was वॅ़ज़, वॉज़ *past t.* of is था, थी.

wash वॉश I *v.* **1** *v.t.* (down, off, out, with) clean धोना, साफ करना; **2** *v.i.* (with) clean oneself प्रक्षालित करना, स्नान क़रना; **3** *v.i.* (with) (non-assertive) be believable जांच में खरा उतरना, युक्ति-युक्त होना; **4** (esp. away, off) carry away बहा ले जाना; **5** *v.t.* (out) make hole छेद बना देना, तोड़ देना; **6** moisten भिगोना, तर करना; **7** *v.t.i.* (for) pour के लिए उड़ेलना; **8** ore पानी में छानना; **9** touch स्पर्श करना; **10** cover पतला लेप चढ़ाना; **11** purify साफ करना. ~**away** *v.t.* remove हटा देना, मिटा देना; ~**clean** अच्छी तरह^F साफ करना; ~**dirty linen in public** दूसरों के सामने घरेलू झगड़ा करना; ~**one's hands of** (infml.) **a** (की) जिम्मेदारी^{F} लेने से इन्कार करना; **b** give up छोड़ देना. ~**down** *v.t.* **a** clean धो डालना; **b** swallow (with liquid) पीकर निगलना, पीकर उतारना. ~**out** *v.* **a** *v.t.* (of) clean धो डालना; **b** *v.t.i.* (of) खंगालना; **c** *v.t.* destroy नष्ट करना, मिटा देना. ~**up** *v.* (infml.) **a** (Br.)

wash the dishes बर्तन-भाड़े और छुरी कांटे घोना, मांजना; **b** *v.i.* (Am.) clean (hand and mouth) हाथ मुँह धोना; **c** *v.t.* (of waves) बहाकर किनारे कर देना; II *n.* **1** (sing.) washing धुलाई^F, प्रक्षालन, धावन; **2** bath स्नान, नहान; **3** (the. sing.) laundry धोया जानेवाला सामान, धुलाई^F के कपड़े; **4** (the. sing.) the flow, the sound लहरों^{F} की आवाज^F; **5** n^u. (sing.) rough-waves पोत-तरंग^F; **6** n^u. waste liquid धोवन; **7** lotion घोल; **8** thin covering पतला, लेप, कलई^F; **9** silt गाद^F; **10** thin drink पतला पेय; **11** twaddle बक-बक. **come out in the~** (of something shameful) become known फैल जाना; **in the~** धुलाई^F किया जाता हुआ. **~-basin** *n.* (Am.) चिलमची^{F}, धावन-कुण्ड; **~board** *n.* प्रक्षालन पट्ट; **~-bowl** *n.* (Am.) धावन पात्र; **~-cloth** *n.* (Am.) धावन वस्त्र; **~-day** n^u. (cap.), **~ing day** *n.* सफाई^F का दिन; **~drawing** *n.* **a** n^c. तरल-चित्रण; **b** n^u. art तरल-चित्रण कला^{F}. **~house** n^u., **houses** *n.* धोबीखाना; **~-leather** n^{uc}. पांडु चर्म, भेड़ चर्म; **~-room** *n.* (Am.) (euph.) शौचघर; **~sale** *n.* (com.) दिखावटी बिक्री^{F}; **~stop** *n.* मंद ढाल; **~-stand** *n.* मुंह-हाथ धोने की मेज^F; III **a** (no c.s.) धुलाई-सह. **~able** वॉ'शवॅल *a.* धुलाई-सह; **~ed-out** *a.* **a** faded निर्जीव, निस्तेज; **b** tired थका-मदा; **c** demoralized हतोत्साह, निराश. **~ed-up** *a.* तबाह; **~er** वॉ'शर *n.* **a** person धोनेवाला, धावक; **b** machine धावित्र; **c** ring छल्ला. **~er-man**, *pl.* **~er men** *n.* धोबी; **~er-woman**, *pl.* **~er-women** *n.* धोबिन^F; **~ing** वॉ'शिङ्ग n^u. **a** cleaning धुलाई^F, प्रक्षालन; **b** clothes धुलाई^F के कपड़े. **~ing machine** *n.* धावित्र; **~ing soda** n^u. धोने का सोडा; **~ing up** n^u. (Br.) (infml.) मार्जन, बर्तनों की धुलाई^F; **~y** वॉ'शि *a.* (rare) **a.** watery पतला, पनिहा; **b** (of colour) फीका, मलिन; **c** spiritless निस्तेज.

wasn't वॉ'ज़न्ट *contr.* of was not.

wasp वॉस्प *n.* kinds of hymenopterous insects बर्रे, ततैया^{F}, भिड़ **~-waisted** *a.* (now rare) (esp.) of a woman) क्षीण कटि^{F}; **~ish** वॉस्'पिश *a.* चिड़चिड़ा, क्रोधी; **~ishness** वॉस्'पिशनेस n^u. चिड़चिड़ापन; **~ishly** वास्'पिशलि *adv.* चिड़चिड़ेपन से.

wassail वॉ'सेल *n.* **1** merry feasting मद्यपान गोष्ठी^{F}; आपान; **2** (shout) "good health" "चिरंजीवी रहो" की आवाज^F. **go ~ing** क्रिसमस के अवसर पर गाते हुए घर-घर जाना; II *v.* रंगरेलियां^{F} मनाना. **~er** वॉ'सलर *n.* मौज^F उड़ाने वाला.

wast वस्ट, वॉस्ट *v.* (old use) past tense of be.

waste वेस्ट I *n.* **1** n^c. (often pl.) (often lit.) waste land बंजर; परती^{F}; **2** desert ऊसर; **3** n^u. loss क्षति^{F}, हानि^{F}; **4** n^{uc}. (often pl.) remanent matter रद्दी, कूड़ा-करकट; **5** useless remains अवशेष; **6** scene सुनसान दृश्य; **7** of wrong use दुरूपयोग, अपव्यय; **8** (geog.) बंजर; **9** (zool.) उत्सर्ग. **go/run to~** व्यर्थ व्यय हो जाना, बिगड़ जाना; II *v.* **1** *v.t.i* (on) use wrongly गलत ढंग से प्रयोग करना; अपव्यय करना; **2** *v.t.* (esp. of a disease) ruin बर्बाद करना; **3** *v.t.* (often pass.) make useless (farming land) निरर्थक कर देना, बंजर कर देना; **4** *v.t.* (rare) (of a supply of something) बेकार का खर्च होना; **5** wear घिस जाना, छीजना; **4** ravage उजाड़ना, तबाह करना. **~not, want not** (infml.) यदि अभी सब फूंक दोगे, तो अन्त में तबाह हो जाओगे; **~one's breath** (infml.) व्यर्थ बोलना; **~away** *v.i.* (esp. of a person or a part of the body) दुर्बल होना, क्षीण होना; III *a.* (no c.s.) **1** (of land) empty बंजर; **2** unproductive ऊसर; **3** ruined निर्जन; उजाड़; **4** worthless रद्दी, अपशिष्ट; **5** monotonous नीरस. **~-bin** *n.* कूड़ाधानी^{F}; **~book** *n.* अस्थायी खाता; **~field** *n.* परती^{F}; **~paper** n^u. रद्दी कागज; **~paper basket** (esp. Am.) **~basket** *n.* रद्दी कागज की टोकरी^{F}; **~pipe** *n.* निकास नली^{F}; **~products** *n.* अपशिष्ट उत्पाद; **~matter** *n.* अपशिष्ट द्रव्य; **wastage** वेस्'टिज n^u. (sing) **a** loss क्षति^{F}, हानि^{F}; **b** (econ.) अपव्यय; **c** (admn.) छीजन^F. **~ful** -फुल *a.* **a** extravagant फजूलखर्ची; अपव्ययी; **b** destructive विनाशकारी. **~fulness** -फुल्नेस n^u. **a** extravagance फिजूलखर्च^F, अपव्ययता^{F}; **b** destructiveness विनाशकारिता^{F}. **~fully** *adv.* अपव्ययितापूर्वक; **~r** वेंस्टर *n.* **a** extravagant अपव्ययी; **b** (lit.) destroyer विनाशक; **c** article सदोष सामान. **wasting** वेस्टिङ्ग *a.* **a** destructive विनाशकारी, क्षयकारी; **b** extravagant अपव्ययी. **~ing disease** *n.* क्षय रोग; **wastrel** वेस्'ट्रल *n.* **a** waster अपव्ययी; **b** abandoned child परित्यक्त शिशु.

watch वॉच I *v.* **1** *v.t.* look at देखना, अवलोकन करना; **2** *v.t.* gaze ध्यान से देखना, ताकना; **3** *v.t.*

expect की आशा^{F} करना; **4** *v.t.* wait की राह^{F} देखना, की प्रतीक्षा^{F} करना; **5** *v.t.* take care of की देख रेख^{F} करना; **6** guard रक्षा करना; **7** keep watch पहरा देना; **8** *v.i.* (at, by) (lit.) stay awake जागरण करना, जागना. **~it** (infml.) सावधान रहो; **~one's step** (infml.) सावधानीपूर्वक करना; **~the clock** कार्य पर ठीक से ध्यान न देकर केवल समय समाप्त का इन्तज़ार करना; **~for** *v.t.* की ताक^{F} में रहना, उत्सुकता^{F} से प्रतीक्षा^{F} करना; **~out** *v.t.* (infml.) (esp. in giving or reporting order) सर्तक रहना; **~out for** *v.t.* का इन्तज़ार करना; II *n.* **1** n^{c}. (often in comb.) घड़ी^{F}, जेबघड़ी^{F}; **2** (the, sing.) body of men पहरा; **3** n^{u}. (the) (also) **night~** रखवाली^{F}, चौकी^{F}, पहरा; **4** n^{uc}. (on) (sailors who have to be on guard/watch only) पहरा; **5** ~s of the night पहर, याम. **keep (a) close/careful ~on** पर निगरानी^{F} रखना, पर नजर^{F} रखना; **on the ~ for** चौकस, सतर्क; **~-case** *n.* घड़ी दान; **~-band,** (also) **~strap, ~-chain** *n.* घड़ी की चेन^{F}, सिकड़ी^{F}; **~-dog** *n.* **a** रखवाला कुत्ता; **b** guard हितप्रहरी. **~-guard** *n.* घड़ी-कवच; **~-key** *n.* चाबी^{F}; **~-maker** *n.* घड़ी-साज; **~-man, -men** चौकीदार, पहरेदार; **~-night** *n.* रतजगा; **~-tower** *n.* बुर्ज, गरगज; **~-word** *n.* **a** (military) संकेत शब्द; **b** slogan नारा; **c** (pol. sc.) आदर्श वाक्य. **~er** वॉ'चर *n.* **a** observer दर्शक; **b** guard पहरेदार, चौकीदार, रक्षक. **in the ~s of the night** (lit.) सुनसान रात्रि^{F} में; **~ful** *a.* (for) चौकन्ना, सावधानी; **~fulness** n^{u}. चौकन्नापन, सावधानी^{F}; **~fully** *adv* सावधानी^{F} से.

water वॉ'टर I *n.* **1** n^{u}. पानी, जल, नीर, सलिल; **2** supply जलापूर्ति^{F}; **3** liquid पानी मिला हुआ द्रव्य (दाल^{F} इत्यादि); **4** tide ज्वार; **5** (मुंह की लार); **6** (of diamonds etc.) पानी, चमक^{F}; **7** urine पेशाब; **8** (pl.) tank जलाशय; **9** sea समुद्र, lake झील^{F}; river नदी. **boiled~** पक्का पानी^{F}; **in deep~** कठिनाई^{F} में; **hard~** भारी पानी; **high~** ज्वार; **holy~** अभिमंत्रित जल; **low~** भाटा; **mineral ~** खनिज (स्वास्थ्यकर) जल; **salt~** खारा पानी; **soft~** हल्का पानी; **unboiled~** कच्चा-पानी; **above~** निश्चिन्त, संकट से मुक्त; **by~** जलमार्ग से; **cast one's bread upon the ~s** निःस्वार्थ परोपकार करना; **hold~ a** जलावरोधी होना; **b** be reasonable तर्कसंगत होना. **in/into deep waters** विपत्ति में, मुसीबत में; **keep one's head above~ a** ऋण से बचना; **b** डटे रहना. **like~** पानी की तरह, अधिक मात्रा में; **make/pass~** (old euph.) पेशाब करना; **of the first~** पक्का, उत्कृष्ट; **open~** तैराकी के लिए उपयुक्त जल; **The ~(s) closed over my head** मैं डूब गया; **throw cold~ on** से असहमति प्रकट करना; की उपेक्षा करना. **~on the brain/knee/etc.** मस्तिष्क/घुटनों इत्यादि में पानी आना (रोग के कारण); **written in~** क्षणभंगुर, पानी का बुलबुला; **~bearer** *n.* **a** पनहारा; **b** पनहारिन. **~bed** *n.* पनगद्दा; **~-beetle** जलभौंरा; **~-bellows** *n.* पनधौंकनी; **~bird** *n.* जलचिड़िया; **~biscuit** *n.* मैदे को पानी में सानकर बनाया गया बिस्कुट; **~blister** *n.* फफोला; **~borne** *a* **a.** वाहित; **b** disease जल संक्रामक. **~bottle** *n.* पानी की बोतल; **~bound** *a.* जलबद्ध, पानी से घिरा हुआ; **~buffalo** *n.* भैंस; **~-butt** *n.* (वर्षा में पानी एकत्रित करने का) पीपा; **~cannon** *n.* पानी की तोपनुमा पिचकारी; **~carriage** *n.* जलपरिवहन; **Water Carrier** *n.* कुंभ राशि; **~cart** *n.* (esp. Am.) **~waggon** पनगाड़ी; **~chestnut** *n.* सिंघाड़ा; **~clock** जलघड़ी; **~closet** *n.* शौचघर; **~colour,** (Am.) **~color** *n.* **a** n^{uc}. (usu. pl.) colours जलरंग; **b** art जलरंग चित्रकला; **c** n^{c}. picture (जलरंग) तस्वीर. **~course** *n.* **a** passage जलमार्ग; **b** stream, of water नदी, नहर; नाला इत्यादि. **~cress** *n.* जलकुंभी; **~cure** *n.* जल चिकित्सा; **~diviner** *n.* पानी का पता लगाने वाला; **~-drinker** मद्य त्यागी; **~-fall** *n.* **a** जल प्रपात; **b** large quantity ढेर, राशि. **~fly** *n.* जुलाहा; **~-fowl** n^{c}. (usu. pl.) (fowls) जलकुक्कुट; **~-front** *n.* तटीय नगर भाग; **~-gas** *n.* भाप^{F}-अंगार-गैस^{F}; **~-gate** *n.* जलद्वार; **~gauge** *n.* जलमापी; **~glass** *n.* सोडियम-सिलिकेट; **~hen** *n.* जलमुरगी^{F}, **~-hole** *n.* जल विवर, जल गड्ढा, गर्त; **~jacket** *n.* जलधानी^{F}; **~-joint** *n.* जलरोधी; **~jump** *n.* जल कुदान; **~-level** *n.* **a** instrument जल स्तर मापक यंत्र, पाणशाल; **b** surface जलपृष्ठ. **~lily** *n.* कुमुद, नीलकमल; **~line** *n.* जल-रेखा^{F}; **~logged** *a.* (no c.s.) जलाक्रान्त; **~logging** *n.* जलाक्रान्ति^{F}; **~main** *n.* जल प्रणाल; **~-man** *n.*, **-men** केवट, नाविक; **~-mark** *n.* जलांक; **high/low~ mark** उच्च/निम्न जलांक; **~meadow** *n.* जल सिंचित घास स्थली^{F}; **-melon** *n.* तरबूज; **~-mill** *n.* चक्की^{F}; **~-mint** *n.* हरा पुदीना; **~-nymph** *n.* जलपरी^{F}; जलदेवी^{F}; **~ordeal** *n.* जल

परीक्षा^{F}; ~**pipe** *n.* नल, कल^F, हुक्का, गुड़गुड़ी^{F}; ~**pool** *n.* जलकुंड; ~**polo** *n.* जलपोलो; ~-**power** *n.* जलशक्ति^{F}; ~**proof** (i) *a.* (no c.s.) जल सह; (ii) *n.* बरसाती^{F}; (iii) *v.* जल सह बना देना. ~**rate** *n.* (in Britain) जल कर; ~**resistant** *n.* जल प्रतिरोधी; ~**scorpion** *n.* पन बिच्छू; ~**shed** *n.* **a.** जल विभाजक; **b** जल-संभर; ~**side** n. (the. cap.) तट; ~**skin** *n.* मशक; ~**softner** *n.* पानी का भारीपन दूर करने की मशीन^F; ~**softening** *n.* जल मृदकरण; ~**spout** *n.* घूर्णमेघस्तंभ; जलस्तंभ ~**supply** *n.* जल आपूर्ति^{F}, जल का प्रबन्ध; ~**table** *n.* (जमीन^F के अन्दर) पानी की सतह^F; ~**tank** *n.* जलटंकी^{F}; ~**tap** *n.* जल नल^F; ~**tight** *a.* (no c.s.) **a** जलरोधी; **b** unchangeable अपरिवर्तनीय. ~**tower** *n.* जल मीनार^F; ~**tube** *n.* जलनलिका^{F}; ~**vapour** n^u. जलवाष्प; ~**way** *n.* जलमार्ग; ~**weed** *n.* जल वनस्पति^{F}; ~**wheel** *n.* पनचक्की^{F}; ~**wings** *n.*, ~**works** *n.* (pl.) जल कल; **turn on the~ works** (i) चिल्लाना शुरू करना (ध्यानाकर्षित करने हेतु); (ii) *v.* **1** *v.t.i.* pour पानी उड़ेलना; पानी देना; **2** irrigate सींचना; **3** *v.t.* supply water (esp. animals) पानी दिखाना; **4** *v.i.* (esp. of the eyes or mouth) डबडबाना, पानी भर आना; मुहँ से लार^F टपकना; **5** *v.i.* (esp. of a ship) get water पानी प्राप्त करना; **6** *v.t.* (often pass.) (esp. of rivers) flow) बहना; **7** *v.t.* (rare) ~**down** (esp. of food) पतला करना; **8** *v.t.* increase the value कीमत^F बढ़ाना. ~**down** *v.t.* (often pass.) कम कर देना; ~**ed silk** *n.* लहरियादार सिल्क; ~**age** वॉ'टॅरिज *n.* जलपरिवहन (शुल्क); ~**ing** वॉ'टॅरिङ्ग *n.* **a** sprinkling छिड़काव, छिड़काई^F; **b** irrigating सिंचाई^F; **c** supply जल-भरन. ~**ing can** *n.* (also) ~**ing pot** हजारा; ~**ing of capital** n. (econ.) पूंजी^{F} फुलाना; ~**ing place** *n.* पानी बहने का सुराख; ~**ish** वॉ'टरिश *a.* **a** जलीय; **b** as taste जलसोह; **c** thin पतला, पनिहा; **d** (of style) निस्तेज; निर्जीव. ~**s** वॉ'टर्ज *n.* (pl.) **a.** sea (देश के नजदीक का) समुद्र; **b** river (समीपीय) नदी^{F}; **c** (the pl.) water of growing पृथ्वी^{F} के अन्दर का जल. **still ~s run deep** शान्त जल गहरा होता है, ज्यादा न बोलने वाले व्यक्ति गहन भावनाओं^{F} से ओत-प्रोत एवं चतुर होते हैं; ~**y** वॉ'टॅरि *a.* **a** thin पनिहा, पतला; **b** of water जलीय; **c** full of water (of eyes) डबकौहा; **d** (no c.s.) (lit.) pale फीका, मलिन.

a ~y grave डूब जाने की दशा^{F}.

water -वॉ'टर *comb* **1** liquid -पानी, -जल. **rose-water** गुलाब जल; **2** for the purpose क लिए जल; **bath-~** स्नान के लिए जल.

watt वॉट *n.* (एक मात्रक) ~**age** n^u. (sing.) वाट संख्या^{F}; ~**hours** *n.* वाट-घंटा; ~**meter** *n.* वाटमापी ~**less** *n.* वाट हानि^{F}, कार्यहानि^{F}.

wattle वॉ'टेल *n.* **1** hurdle टट्टर^F, ठाठ, नरकुल; **2** n^c. of birds लोलकी^{F}, चचुंश्रृंग; **3** of fish स्पर्शक. ~**and daub** *n.* नरकुल और मिट्टी^{F}; ~**work** *n.* टट्टी^{F}, टट्टर; *v.* ठाठना, टट्टर लगाना.

waul वॉल *v.* cry like cat ऑऊँ-ऑऊँ करना.

wave वे़'व़ I **1** *v.t.* move झूमना, हिलाना, डुलना; **2** *v.t.i.* (at) signal संकेत करना; इशारा करना; **3** *v.t.* (d.) (to) express (हाथ हिलाकर) व्यक्त करना; **4** *v.t.* make curly घुंघराला बनाना, लहरियादार बनाना; **5** *v.i.* undulate लहराना, तरंगित होना. ~**aside** *v.* टाल देना, की उपेक्षा^{F} करना; II *n.* **1** undulation लहर^F, तरंग^F, हिलोर^F; **2** movement of the hand हिलन; **3** curved hair घूंघर; **4** (phy.) तरंग; **5** feeling आवेग, लहर^F; **6** छल्ला. ~**band** *n.* तरंग-पट्टी^{F}; ~**front** *n.* तरंगाग्र; ~**guide** *n.* तरंगपथ-निर्धारित्र; ~**length** *n.* तरंग-दैर्घ्य; ~**meter** *n.* तरंगमापी; ~**train** *n.* तरंगावलि^{F}; ~**d** वेण्ड *a.* लहरदार; ~**let** वेव़'लिट *n.* तरंगिका^{F}; ~**r** वे'वर *v.* **a** *v.i.* be unsteady हिचकिचाना; **b** अनिश्चित होना; **c** fluctuation अस्थिर होना, बदलता रहना. ~**rer** वे'वरर *n.* हिचकनेवाला, आगापीछा करनेवाला; ~**rising** तरंगों का उठना; ~**ringly** वे'वरिंगलि *adv.* हिचकिचाते हुए, आगा पीछा करते हुए; **wavy** वे'वि़ *a.* **a** undulating तरंगित, उर्मिल; **b** of surface लहरदार; **c** curvy घुंघराला, छल्लेदार; **d** swaying डांवाडोल, दोलायमान. **waviness** वे'वि़निश n^u. **a** undulatingness उर्मिलता^{F}, तरंगिता^{F}; **b** curviness घुंघरालापन; **c** swayingness दोलायमानता^{F}.

wax वैक्स I n^u. मोम, शमा^{F}. **ear~** खूँट, कान की मैल^F; **sealing~** लाह, लाख; ~**candle** *n.* मोमबत्ती^{F}; ~**cloth** *n.* मोमजामा; ~**light** *n.* मोमबत्ती^{F}; ~**paper** n^u. (also) ~**ed paper** मोम कागज; ~**works** *n.* (same in sing. and pl.) (often pl. with sing. meaning) मोम का सामान, मोम की मूर्ति^{F}; II *v.* **1** *v.t.* **put wax on** मोम लगाना; **2** *v.t.* (esp. of the moon) grow बढ़ना; **3** become बनना. बन जाना. ~**en**

वैक्'सन *a.* (no c.s.) **a** made of wax मोमी; **b** pale पीला; **c** smooth चिकना. ~**y** वैक्'सि *a.* मोमी, मोम की तरह^F पीला; ~**iness** वैक'सिनें स n^u. पीलापन^F.

way वे I *n.* **1** n^c. (rare) (except in names and comb.) road. path मार्ग, रास्ता; **2** n^c. (esp. to) right road (गति की) दिशा; **3** n^c. (in) direction दिशा^{F}, ओर^F; **4** (sing.) distance दूरी^{F}, फासला; **5** n^c. method तरीका, ढंग; **6** means साधन; **7** device युक्ति^{F}; **8** condition स्थिति^{F}, हालत^F; **9** n^u. progress प्रगति^{F}, उन्नति^{F}; **10** n^c. (to) degree पैमाना, मात्रा^{F}; **11** trade व्यवसाय; **12** sphere क्षेत्र; **13** custom रिवाज़, प्रथा^{F} ~**of the cross** क्रास का रास्ता; **earths**~ भूगर्भीय कोण; **illuminative** ~ बोधन मार्ग; **Milky Way** आकाशगंगा^{F}; **permanent**~ पक्का रेल पथ; **purgative** ~ शोधन मार्ग; **unitive**~ संयोजक; **a little**~ थोड़ी दूर^F; **be in a bad**~ सख्त बीमार होना; **be (stand) in the** ~ रुकावट^F डालना; **be on the**~ आ रहा होना; **be under**~ चलना, बढ़ना; **both**~**s** दोनों तरफ^F; **by the**~ **a** while travelling मार्ग में, रास्ते में; **b** incidentally प्रसंगवश; **c** (used to introduce a new subject) सुनिए. **by** ~**of** by going through के मार्ग से, के रास्ते से; as a means of के रूप में, के तौर पर; with intention of के अभिप्राय से, के मतलब से. **clean the**~ रास्ता तैयार करना; **find one's** ~ पहुँच जाना, रास्ता निकाल लेना; **get out of the**~ हट जाना, हटा देना, से पिण्ड छुड़ाना; decide तय कराना. **get (house) one's own**~ अपनी बात^F मनवाना; **give**~ झुकना, हार^F मानना; **go out of the/one's way** (to do) के लिए विशेष प्रयास करना; **go the** ~**of all flesh** चल बसना, मर जाना; **have** ~**with one** आसानी^{F} से मना लेना; **have it both** ~**s** विरोधी विचारों से लाभान्वित होना; **in a** ~ एक तरह^F से, एक दृष्टि^{F} से; **in every**~ हर प्रकार से, बहरहाल; **in the family** ~ (euph.) गर्भवती^{F}; **lead the**~ पथ प्रदर्शन करना; **lose one's** ~ भटक जाना; **make one's** ~ फलना-फूलना, उन्नति^{F} करना; **mend one's** ~ आदतों^{F} को सुधारना; **out of/in the**~ रास्ते से हट कर/सामने या रास्ते से **on one's/the** ~ **(to)** की तरफ^F चलते हुए; **out of the** ~ **a** भटका हुआ; **b** unusual असाधरण, अनोखा; **c** not a commonly known दुर्गम, अगम्य. **pave the**~ **(for)** के लिए रास्ता बनाना; **pay one's**~ दूसरों के लिए कभी न खर्च करना; **parting of the** ~**s** महत्वपूर्ण निर्णय का समय या अवसर; **put someone in the**~ **(of) (doing) something** किसी को..... करने का अवसर देना; **put someone out of the** ~ **a** kill मार डालना; **b** get rid of हटा देना. **right of**~ मार्गाधिकार; **see one's**~ **(clear) to (doing)** ठीक समझना; के लिए तैयार होना. **set in one's** ~**s** (esp. of an old person) निश्चित आदतों^{F} वाला होना; **take one's**~ चला जाना; **to my** ~**of thinking** मेरे विचार में; **under**~ आगे बढ़ते हुए; ~**-bill** *n.* **a** यात्री सूची^{F}; **b** माल सूची^{F}. ~**-farer** *n.* (esp. old use) राही, पथिक, राहगीर; ~**-faring** *n. a.* (no c.s.) पदयात्रा करना, भ्रमण; ~**lay** *v.t.* (pa.t.) **-laid,** (pa.p.) **-lain** की घात^F में बैठना, की घात^F में रहना; ~**-leave** *n.* दूसरे की भूमि पर से जाने का मार्गाधिकार; ~**-side** *n.* (the. cap.) रास्ते का किनारा; **fall by the** ~**side** असफल होना एवं छोड़ देना; ~**-worn** *a.* मार्ग-श्रांत, रास्ते का थका मादा; II *adv.* **1** esp. (Am.) far दूर; **2** near नजदीक. ~**above** से काफी ऊँचा; **from** ~**back** से बहुत पहले; ~**s** वेज़ *n.* **a** (n. pl.) customs रीति-रिवाज; **b** (Am.) distance दूरी^{F}. ~**s and means** *n.* (pl.) **a** method तरीका; **b** tricks युक्ति^{F}; **c** (Am.) means धन कमाने के साधन.

wayward वे'वर्ड *a.* **1** wilful निरंकुश; **2** obstinate ज़िद्दी, अड़ियल; **3** capricious मौजी, तरंगी; **4** crazy सनकी, झक्की.

Wc *abbr. n.* water-closet (फ्लशवाला) शौचघर.

we वि, वी *pron.* **1** (pl. of I) हम लोग, हम; **2** (fml.) used by a king or a queen I मैं; **3** (used in writing) (used by a writer who does not give his name) मैं.

weak वीक *a.* **1** feeble दुर्बल, कमजोर, निर्बल; **2** defenceless सुरक्षाहीन; **3** waterish पनिहा, फीका; **4** (no c.s.) (of a verb) स्वराघात-हीन; **5** delicate कोमल, नाजुक; **6** of voice क्षीण, धीमा; **7** few अल्पसंख्यक; **8** irresolute शिथिल, अदृढ़; **9** (log.) अप्रत्यायक. **a** ~**brother (sister, vessel)** अविश्वसीनय व्यक्ति; ~**-eyed** *a.* मन्द दृष्टि^{F}; ~**form** *n.* दुर्बल उच्चारण; ~**headed** *a.* मन्द बुद्धि, अल्प बुद्धि; ~**hearted** *a.* डरपोक; ~**-kneed** *a.* ढुलमुल; ~**-minded** *a.* कमसमझ; ~**noun** नियमित संज्ञा^{F}; ~**-sighted** मन्द दृष्टि; ~**-spirited** *a.* दब्बू; ~**-verb** नियमित क्रिया^{F}; ~**en** वी'कन *v.*

a *v.t.i.* make weak दुबला कर देना; दुबला हो जाना; **b** *v.i.* become less determined अदृढ़ हो जाना. ~**er sex** *n.* (the.cap.) (euph. and pomp.) नारी जाति^{F}; ~**ling** वी'क्लिङ्ग *n.* कमजोर व्यक्ति; ~**ness** *n.* **a** weakliness अस्वस्थता^{F}; कमजोरी^{F}; **b** defect दोष; दुर्गुण; **c** inadequacy कमी^{F}, अपर्याप्तता^{F}; **d** n^c. (for) strong liking चस्का, शौक. ~**ly** (i) *n.* अस्वस्थ रोगी; (ii) *adv.* कमजोरी^{F} से, दोषपूर्वक, अपर्याप्ततापूर्वक, -असमर्थता^{F} से.

weal वील n^u. **1** wellbeing कल्याण, हित; **2** happiness सुखशान्ति^{F}; **3** mark (on the skin) निशान; **4** wale बद्धी, साँट **public**~ जन-कल्याण, जनहित; ~**and woe** सुख-दुख.

wealth वेॅल्थ *n.* **1** n^u. money and possessions धन-सम्पत्ति^{F}, धन दौलत^F; **2** *n.* (sing. of) a large number बहुतायत^F, बहुलता, प्रचुरता^{F}. ~**tax** *n.* संपत्ति कर; ~**y** वेल्'थि *a.* धनी, धनवान, दौलतमंद; ~**ily** वेॅल्'थिलि *adv.* धनाढ्यता^{F} से, सम्पन्नतापूर्वक.

wean वीन *v.t.* **1** *v.t.* put from the breast दूध छुड़ाना, छाती^{F} छुड़ाना; **2** detach की आदत^F छुड़ाना. ~**from** *v.* (d.) (away) की आदत^F छुड़ाना; से अलग कर देना; ~**ing** वी'निङ्ग *n.* दूध-छुड़ाई^F; ~**ling** *a.* दूध छुड़ाया बच्चा.

weapon वेॅ'पन *n.* material things which are used for inflicting bodily harm शस्त्र, हथियार, आयुध. ~**ed** वेॅ'पन्ड *a.* सशस्त्र; ~**less** *a.* निरस्त्र, निहत्था; ~**ry** वे'पनरि n^u. आयुध, शस्त्र.

